श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 23 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 345, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

न्यूट्रान तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद 18

सिंघम के प्रदर्शन के 13 साल सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी 17

मोदी ने कहा- विपक्ष ने स्वार्थ के लिए संसद का दुरुपयोग किया, कांग्रेस बोली- प्रधानमंत्री ने 10 साल तक देश का गला घोंटा

संसद सत्र के पहले ही दिन ठनी

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के पहले दिन ही लोकसभा में भाजपा और विपक्षी दलों के बीच गहमागहमी देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर नकारात्मक राजनीति करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संसद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया तथा कहा कि संसद किसी दल के लिए नहीं बल्कि देश के लिए है। इस पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि मानसून सत्र की शुरुआत के मौके पर विपक्ष को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की गई है, जबकि उन्होंने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज दबाई जिसकी सजा जनता ने हालिया लोकसभा चुनाव में उन्हें दी।

संसद सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मंगलवार को पेश होने वाला केंद्रीय बजट अगले पांच वर्षों में सरकार की यात्रा की दिशा तय करेगा और 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने की नींव रखेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद के पिछले सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष ने ढाई घंटे तक देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का प्रयास किया। मोदी ने कहा कि लोगों ने लोकसभा चुनाव में अपना फैसला दे दिया है और अब सभी राजनीतिक दलों को अगले पांच साल देश के लिए मिलकर लड़ना होगा। वहीं कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को मोदी सरकार शब्द के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए। संसद के मानसून सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा ने कहा जिस व्यक्ति ने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज़ दबाई, वो आज प्रतिपक्ष के आवाज उठाने पर रुदन करता हुआ बेहद कमजोर दिख रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिपक्ष पर अशोभनीय टिप्पणी के साथ आज मानसून सत्र की शुरुआत की।

राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ व अमित शाह।

बिहार को विशेष दर्जे की मांग, सरकार ने नकारा

नयी दिल्ली। संसद के दोनों सदनों में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठाये जाने के बीच सरकार ने 2012 में तैयार एक अंतर-मंत्रालयी समूह की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सोमवार को कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई मामला नहीं बनता है। वहीं राज्यसभा में विशेष दर्जा और पैकेज की मांग उठाई।

पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड न बनाए जाएं : अखिलेश

नई दिल्ली। लोकसभा में प्रश्न काल में सपा के अखिलेश यादव ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर कहा कि सरकार क्या पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड बनाएगी। यादव ने कहा कि अनेक परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं, पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड न बनाये जाएं। नीट पेपर लीक मामले को लेकर पूरे देश के विद्यार्थी आंदोलित हैं।

नीट मुद्दे को लेकर राहुल और धर्मेंद्र प्रधान आमने-सामने

नई दिल्ली। लोकसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान नीट मुद्दे पर बोलने की अनुमति न दिए जाने का विरोध करते हुए विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। प्रश्न काल की कार्यवाही के दौरान सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपनी जगह पर खड़े होकर नीट पेपर लीक का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान अपने को छोड़कर इससे जुड़े प्रत्येक व्यक्ति पर आरोप लगा रहे हैं। परीक्षाओं को लेकर क्या चल रहा है, उसे मंत्री महोदय समझ नहीं रहे हैं। नौकरियों और प्रवेश परीक्षाओं के पेपर लीक होने से लाखों विद्यार्थी प्रभावित हो रहे हैं। विद्यार्थी बहुत चिंतित हैं कि यह क्या हो रहा है। विद्यार्थी मान बैठे हैं कि देश में परीक्षा प्रणाली में धोखाधड़ी होती है। इस पर प्रधान ने कहा कि उन्हें ओडिशा के उनके निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं ने चुनकर यहां भेजा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्री बनाया है। उन्हें किसी से प्रमाण-पत्र नहीं चाहिये। इसके बाद गांधी सहित अन्य विपक्षी सदस्य कुछ कहना चाहते थे, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अनुमति नहीं दी।

- **शिक्षा मंत्री बोले- कोर्ट में है मामला, जो निर्देश होगा हम उसे मानेंगे**

आर्थिक सर्वेक्षण में जीडीपी ग्रोथ 7.0% रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत और वैश्विक उठापटक को झेलने में सक्षम बताते हुए आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 की तस्वीर पेश की। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है। वहीं भारत में बढ़ते कार्यबल की रोजगार की जरूरत पूरी करने के लिए गैर कृषि क्षेत्र में 2030 तक प्रति वर्ष 78.5 लाख नौकरियों के अवसर बनाने की जरूरत है।

सीतारमण ने कहा कि आर्थिक दृष्टि के लिहाज से जोखिम काफी हद तक संतुलित हैं और बाजार में उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। अनेक तरह की विदेशी चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 में हासिल की गई भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की तेज गति वित्त वर्ष 2023-24 में भी बरकरार रही। वृहद आर्थिक स्थिरता पर फोकस करने से यह सुनिश्चित हुआ कि विदेशी चुनौतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा। वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत रही, वित्त वर्ष 2023-24 की चार तिमाहियों में से तीन तिमाहियों में विकास दर आठ प्रतिशत से अधिक रही।

- **सर्वेक्षण में दिखी अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर, वित्त मंत्री आज पेश करेंगी बजट 78.5 लाख नौकरियों की जरूरत**

आर्थिक समीक्षा अर्थव्यवस्था की ताकत को दिखाती है : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद में पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को रेखांकित करता है और सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा यह आगे के विकास और प्रगति के क्षेत्रों की भी पहचान करता है क्योंकि हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रह हैं।

एक नजर

अखिलेश कुमार संयुक्त निर्वाचन आयुक्त बने

लखनऊ। राज्य सरकार ने सोमवार को तीन आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ अखिलेश कुमार मिश्र को राज्य निर्वाचन आयोग में संयुक्त निर्वाचन आयुक्त बनाया गया है। रीजनल फूड कंट्रोलर मुरादाबाद मनोज कुमार के पद पर तैनात रहे मनोज कुमार को अपर आयुक्त बरेली मंडल बनाया गया है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार को रीजनल फूड कंट्रोलर मुरादाबाद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शासन के सूत्रों ने बताया कि पंचायतों के उप चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग में संयुक्त निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति की गई है। अभी तक यह पद खाली चल रहा था।

मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया को उनकी पूर्व में दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया था, उस दौरान ही विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश पारित किया। अदालत ने 30 अप्रैल को जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

निपाह : संपर्क में आए 350 लोगों में संक्रमण का खतरा

कोझिकोड। दुर्लभ संक्रमण से जान गंवाने वाले 14 वर्षीय लड़के के संपर्क में आने के कारण निपाह वायरस से संक्रमित होने के खतरे का सामना करने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 350 हो गई है, जिनमें से 101 से भी ज्यादा लोग उच्च जोखिम की श्रेणी में हैं। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने सोमवार को यह जानकारी दी। केरल का स्वास्थ्य विभाग 13 लोगों के परीक्षण के परिणामों की प्रतीक्षा कर रहा है, जिनके नमूने परीक्षण के लिए कोझिकोड मेडिकल कॉलेज की विषाणु विज्ञान प्रयोगशाला और तिरुवनंतपुरम के एडवांस्ड वायरोलॉजी इंस्टीट्यूट में भेजे गए थे।

आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग, नाविक लापता

मुंबई। पोतगाह में नौसेना के बहुउद्देशीय युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग लगने के बाद एक नाविक लापता है। एक आधिकारिक ने जानकारी दी कि भारतीय नौसेना के बहुउद्देशीय युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में 21 जुलाई की शाम उस समय आग लग गई थी, जब नौसेना के मुंबई स्थित पोतगाह में उसकी मरम्मत की जा रही थी। इसमें कहा गया जहाज के चालक दल ने अग्निशमनकर्मियों की मदद से 22 जुलाई सुबह तक आग पर काबू पा लिया।

कांवड़ मार्गों पर नाम प्रदर्शित करने के आदेश पर रोक

सुप्रीम कोर्ट ने उप्र, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस किया जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने भाजपा शासित उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों द्वारा जारी उन निर्देशों पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी, जिनमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकारों के इन निर्देशों का उद्देश्य धार्मिक भेदभाव को बढ़ावा देना है।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी किया और उनसे निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने को कहा। मध्य प्रदेश में उज्जैन नगर निगम ने भी दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर नाम और मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने का शनिवार को निर्देश दिया था। पीठ ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी करने के साथ ही कहा कि भोजनालयों के लिए यह प्रदर्शित करना आवश्यक किया जा सकता है कि वे किस प्रकार का भोजन परोस रहे हैं, जैसे कि वे शाकाहारी हैं या मांसाहारी। पीठ ने इस मामले पर आगे की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी।

सिंघवी ने कहा- परोक्ष रूप से आदेश पारित किया गया

पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या इस मामले में कोई औपचारिक आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में एक परोक्ष आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने संबंधी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड का आदेश पहचान के आधार पर बहिष्कार है और यह संविधान के खिलाफ है। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह ने कहा कि राज्य के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि आदेश का अनुपालन स्वैच्छिक है, लेकिन इसे बलपूर्वक लागू किया जा रहा है।

नीट-यूजी: कोर्ट ने टीम बनाकर प्रश्न के सही उत्तर पर रिपोर्ट सौंपने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने विवादों में घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई शुरू की और आईआईटी-दिल्ली के निदेशक से तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने को कहा, जो इस परीक्षा में पूछे गए एक विशेष प्रश्न पर विचार करेगी और मंगलवार दोपहर तक सही उत्तर पर एक रिपोर्ट पेश करेगी।

शीर्ष अदालत ने कुछ अभ्यर्थियों की उस दलील पर गौर किया कि परमाणु और उसकी विशेषताओं से संबंधित एक प्रश्न के दो सही उत्तर थे और परीक्षार्थियों के एक समूह, जिन्होंने दो सही उत्तरों में से एक विशेष उत्तर दिया था, उन्हें चार अंक दिए गए। याचिकाकर्ताओं ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष दलील दी कि इसका सफल उम्मीदवारों की अंतिम मेधा सूची पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

व्यापक स्तर पर पेपर लीक का रिकॉर्ड नहीं

पीठ ने नीट-यूजी 2024 को रद करने का अनुरोध कर रहे याचिकाकर्ताओं से यह दर्शाने को कहा कि परीक्षा आयोजित करने में व्यवस्थागत विफलता हुई थी। पीठ ने कहा कि अब तक रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जो यह दर्शाए कि प्रश्नपत्र लीक व्यापक स्तर पर हुआ था। उसने कहा कि पटना और हजारीबाग में कुछ गलत कृत्यों के उदाहरण हैं, लेकिन वे व्यवस्थागत विफलता को दर्शाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

पूर्व सैनिक ने परिवार के छह सदस्यों की हत्या की

अंबाला, एजेंसी

हरियाणा में अंबाला जिले के नारायणगढ़ में एक पूर्व सैनिक ने भूमि विवाद के चलते अपनी मां और भतीजे-भतीजी समेत अपने परिवार के छह सदस्यों की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात नारायणगढ के रटोर गांव में हुई।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने शवों को जलाने की भी कोशिश की। हमले में गंभीर रूप से घायल हुई पूर्व सैनिक की भतीजी की बाद में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त जवान भूषण कुमार ने परिवार के सदस्यों की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हत्या कर दी और अपने पिता को भी घायल कर दिया। वारदात के समय पीड़ित सो रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दो भाइयों के बीच कथित भूमि विवाद के कारण यह घटना हुई। मृतकों की पहचान कुमार की मां सरूपी देवी (65), भाई हरीश कुमार (35), हरीश की पत्नी सोनिया (32) और उनके तीन बच्चों - सात वर्षीय परी, पांच वर्षीय यशिका और छह माह के मयंक के रूप में हुई है।

- **वारदात को अंजाम देने के बाद शवों को जलाने की भी कोशिश**

1500 करोड़ से रेलवे बना रहा ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद-गाजियाबाद रेलखंड को स्मार्ट बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। 110 किलोमीटर के इस रेलखंड में हर किलोमीटर पर एक सिग्नल लगाया जाएगा। जिससे ट्रैक पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने में आसानी हो जाएगी। इससे ट्रेनों की गति और समय पालन में भी सुधार होगा।

जिसके लिए रेलवे ने जगह-जगह नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य पूरा कर लिया है। 1500 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के तैयार होने पर मुरादाबाद से गाजियाबाद व रोजा तक ऑटोमेटिक सेक्शन तैयार हो जाएगा। फिलहाल पहले चरण में मुरादाबाद- गाजियाबाद रेलखंड के बीच गाजियाबाद-हापुड़ के बीच कार्य शुरू हो चुका है।

- **ट्रैक पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने में होगी आसानी, हर एक किलोमीटर पर खुद लगेगा सिग्नल**

मुरादाबाद-गाजियाबाद रेलखंड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग का काम शुरू हो गया है। इस वित्तीय वर्ष में यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अगले वर्ष मुरादाबाद-बरेली- शाहजहांपुर सेक्शन में काम कराया जाएगा।

– **आदित्य गुप्ता**, सीनियर डीसीएम

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बने सपा के लाल बिहारी

लखनऊ। विधान परिषद में सपा सदस्य लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। सदन में सपा सदस्यों की संख्या 10 होने के बाद सपा को यह पद मिला। सपा प्रमुख अखिलेश की ओर से विधान परिषद के सभापति को नेता प्रतिपक्ष पद के लिए लाल बिहारी, मुख्य सचेतक के लिए किरनपाल कश्यप, सचेतक के लिए आशुतोष सिन्हा, उप नेता पद के लिए मोहम्मद जासमीन अंसारी का नाम पेश किया गया। इसके बाद परिषद की ओर से इनको नियुक्त किये जाने के आदेश जारी हुए।

मिलक थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर हादसा

जनरथ व निजी बस भिड़ीं चार की मौत, 50 घायल

हादसे के बाद हाईवे से क्षतिग्रस्त बसें हटवाती पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मिलक

अमृत विचार: मिलक थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर सोमवार तड़के रोडवेज की जनरथ बस और निजी वॉल्वो बस की भिड़ंत हो गई। हादसे में बस चालक और तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि 50 यात्री घायल हो गए। पांच बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जान गंवाने वालों में मेरठ,बरेली और श्रावस्ती के रहने वाले लोग हैं। इनके अलावा घायलों में श्रावस्ती, सीतापुर, बहराइच और दिल्ली के यात्री शामिल हैं।

बताया जाता है कि रविवार को गुरु पूर्णिमा पर जिला श्रावस्ती के लोग निजी वॉल्वो बस से शांतिकुंज ,हरिद्वार गए थे। रविवार तड़के साढ़े चार बजे बरेली की ओर से आ रही रोडवेज की जनरथ बस और वॉल्वो मिलक में हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के सामने आमने- सामने टकरा गईं। दोनों बसों में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे के बाद बसों के यात्रियों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। पुलिस और लोगों ने किसी तरह बसों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में मेरठ जिला के सरधना थाना क्षेत्र के गांव छुर्र निवासी रोडवेज बस चालक कवींद्र सिंह (55), यात्री जगदीश की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घायल यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद श्रावस्ती के गांव सुजानडीह निवासी हरिराम विश्कर्मा और बरेली के थाना मीरगंज निवासी राम मनोहर पुत्र स्वामी देवल ने भी दम तोड़ दिया। उधर, हादसे की सूचना के बाद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ आरएस परिहार व पुलिस कर्मियों ने हाईवे से मलबा हटवाकर वाहनों का संचालन शुरू कराया।

- **घायलों में पांच बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही**
- **मरने वालों में मेरठ, बरेली और श्रावस्ती के रहने वाले**

कवायद

प्रदेश की ग्राम पंचायतें जल्द शहरों की तरह होंगी विकसित, जीपीएस से होगी मैपिंग

मास्टर प्लान से होगा ग्राम पंचायतों का विकास

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश की ग्राम पंचायतें जल्द शहरों की तरह मास्टर प्लान के अनुसार विकसित होंगी। इसकी शुरुआत पंचायती राज विभाग पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लखनऊ की ग्राम पंचायत बक्कास और गौतमबुद्ध नगर की कलौंदा से करने जा रहा है।

नई व्यवस्था को ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान (जीपीएसडीपी) नाम दिया है। इसमें गांवों का जीपीएस से सर्वे करके सड़क, पंचायत भवन, तालाब, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र आदि सरकारी निर्माण के लिए जगह आरक्षित की जाएगी, मैपिंग करके डिजिटल नक्शा बनाया जाएगा। इसी आधार पर निर्माण व अन्य कार्य कराये जाएंगे। इसे लागू करने का मकसद आगे होने वाले निर्माण बेहतर प्लान बनाकर करना है।

- **पायलट प्रोजेक्ट में लखनऊ की बक्कास और गौतमबुद्ध नगर की कलौंदा चयनित**

पायलट प्रोजेक्ट में दो ग्राम पंचायत चयनित की है। जहां ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान के तहत कार्य होंगे। इसके बाद अन्य ग्राम पंचायतों में लागू करेंगे। मकसद गांवों का बेहतर तरह से नियोजित विकास करना है।

– **अटल कुमार राय**, निदेशक, पंचायती राज विभाग

रुकेगा अवैध निर्माण, गुम भूमि की होगी जानकारी:

मास्टर प्लान से जहां गांव का नियोजित विकास होगा वहीं अवैध निर्माण व भूमि पर कब्जा पर लगाम लगेगी। जीपीएस से जो डिजिटल मानचित्र बनेगा उसमें गाटा समेत भूमि का पूरा ब्योरा दिखेगा। यदि तालाब, चरागाह या ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा है तो मैप में दिखने पर कार्रवाई करके खाली कराई जाएगी। बहुत सी ऐसी भूमि ग्राम पंचायतों के अभिलेखों में दर्ज हैं, जबकि हकीकत में गुम हैं।

5 वर्ष के लिए प्लान, पंचायतों का हो चुका सर्वे

केंद्र सरकार के निर्देश पर पूर्व में पायलट प्रोजेक्ट में चयनित दोनों ग्राम पंचायतों का सर्वे और परीक्षण संबंधित कार्य हो गए हैं। यहां मास्टर प्लान भी बन गया है। अब विकास कराया कराया जाएगा। ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान 5-5 वर्ष के लिए बनेगा। लेकिन, शुरुआत में 1 वर्ष के लिए बनाया जाएगा। इसमें पुरानी व्यवस्था के तहत अब तक गांव के विकास के लिए बनाई जाने वाली ग्राम पंचायत डेवलपमेंट योजना (जीपीडीपी) को भी जोड़ा जाएगा।

एक नजर

शारदा सहायक नहर में मिला महिला का शव

रुदौली अयोध्या। अमृत विचार : थाना पटरंगा के ग्राम रानीमऊ के निकट सोमवार को शारदा सहायक नहर में अज्ञात महिला का शव देखा गया।लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। आसपास के लोगों से शिनाख्त कराने का हर सम्भव प्रयास किया परन्तु शिनाख्त नहीं हो पाई। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेजा गया है।

बकाया मांगने पर चाय विक्रेता की पिटाई

अयोध्या, अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र में बकाया मांगने पर चाय विक्रेता बड़ा रमना रीडगंज निवासी दीपक यादव की पिटाई का मामला प्रकाश में आया है। उसकी वजीरगंज जप्ती में चाय की दुकान है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि ओमपुरम कॉलोनी निवासी शशांक पाण्डेय और अमर कपूर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन कराई जा रही है।

सप्ताह में एक दिन गांव में कैंप करें अधिकारी

सोहावल में जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं, 23 साल से नहीं हुई दाखिल खारिज की शिकायत पर जांच के निर्देश

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: नवागत जिला अधिकारी चंद्र विजय सिंह ने सोमवार को सोहावल में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आम लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने एक दिन गांव में कैंप कर जनता की समस्याओं को सुनकर मौके पर निस्तारण के लिए कहा।

सोहावल प्रतिनधि के मुताबिक जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर के साथ पहुंचे थे। शिकायत सुनने के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिला और ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारी, कर्मचारी समन्वय बनाएं। समय तय कर एक दिन गांव में कैंप करें, जनता की सुनें समस्याओं का मौके पर निदान करें। इसमें शिक्षा, विकास, स्वास्थ, आंगनबाड़ी आदि विभाग शामिल रहे। समाधान दिवस में ड्योढी बाजार के उदयराज, राम नारायन के साथ करीब 12 महिलाओं ने पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जेदार से निर्माण की शिकायत की। डीएम ने टीम बनाकर निस्तारण का निर्देश दिया। 23 साल से दाखिल खारिज न होने की शिकायत रौनाही की फिरदौश खान ने की तो मंगलसी के राम गनेश वर्मा ने अपने बैनामे की भूमि पर जबरन विपक्षियों से कब्जा करने की शिकायत की। इसकी जांच का निर्देश दिया। यहां कुल 150 शिकायतें आई, इनमें आठ का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील प्रांगण में डीएम ने दो पौधे भी रोपित किए। सोहावल चौराहा, रेलवे फाटक का सड़क जाम समाप्त कराने का भरोसा दिया है। दिवस में उपजिला अधिकारी अशोक कुमार सैनी, तहसीलदार विनोद चौधरी, नायब तहसीलदार, सीएमओ डाक्टर संजय जैन सहित अन्य अफसर थे। सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 63 शिकायतें आई। इनमें से पांच का मौके पर निस्तारण किया गया।

सोहावल तहसील दिवस में सोमवार को शिकायतें सुनते जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह और एसएसपी आरके नैय्यर।

मिल्कीपुर प्रतिनिधि के मुताबिक एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 63 शिकायतें आई। दो शिकायतों का ही निस्तारण किया गया। मौके पर उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, तहसीलदार मिल्कीपुर प्रदीप कुमार सिंह, नायब तहसीलदार आनंद प्रकाश राय, उपखंड अधिकारी विद्युत मिल्कीपुर अमित कुमार सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे। रूदौली प्रतिनिधि के मुताबिक समाधान दिवस में कुल 126 शिकायतें आई। इनमें 12 का निस्तारण कर दिया। समाधान दिवस में विधायक रामचंद्र यादव, उप जिलाधिकारी प्रवीण यादव, नायब तहसीलदारी रेशू जैन, क्षेत्राधिकारी आशीष निगम, खंड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

रोज लगाते थे गोता, आज हो गए हादसे का शिकार

अयोध्या कार्यालय

घटना

▸▸ स्टूडियो संचालक की मौत कैंट थाने के गुप्तारघाट पर हुआ हादसा

अमृत विचार। कैंट थाना क्षेत्र के गुप्तारघाट पर एक स्टूडियो संचालक सोमवार को स्नान के दौरान हादसे का शिकार हो गया। गोताखोरों की मदद से शव को खोजवाया गया। परिवार ने जमथरा घाट पर शाम को अंतिम संस्कार किया है।

नगर कोतवाली के रिकाबगंज क्षेत्र निवासी स्टूडियो संचालक विष्णु गुप्ता (65) रोज सुबह भ्रमण के लिए छावनी क्षेत्र जाते थे। कैंट थाना क्षेत्र स्थित गुप्तारघाट पर स्नान करते थे। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि वह रोज सरयू में गोता लगाकर नहाते थे। स्नान के लिए सोमवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे उन्होंने सरयू में छलांग लगाई तो पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गए और डूबने लगे। माजरा देख जल पुलिस और गोताखोरों ने तलाश शुरू की तो वह लगभग 50 मीटर दूर क्रूज के ठहराव के लिए बने प्लेटफार्म के नीचे फंसे मिले। पुलिस ने उनको जिला अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद बिना पोस्टमार्टम कराए शव को परिवार के हवाले कर दिया। हादसे की जानकारी पर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, व्यापारी नेता सुशील जायसवाल, केमिस्ट-ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अवि आनंद मन्नू, प्रभाकर मिश्र, सुप्रीत कपूर, रतन गुप्ता समेत अन्य ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना जताई है।

ड्राइवर पहनेंगे खाकी शर्ट व फुल पैंट

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड टेस्टिंग इंस्ट्रीयूट में सोमवार को परिवहन विभाग ने कार्यशाला का आयोजन किया। सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ऋतु सिंह की देखरेख में इसमें मॉक ड्रिल कराकर वाहन चालकों से ड्राइविंग ट्रैक पर वाहनों के पार्क करा, संकेतक के बारे में पूछकर नियमों की जानकारी आंकी। कार्यक्रम स्कूली वाहनों के चेंकिंग अभियान के मद्देनजर किया गया।

सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ऋतु सिंह ने बताया कि स्कूली वाहनों में संचालित वाहनों के पूर्णतः जाँच को लेकर अभियान चल रहा है। स्कूली वाहन चालकों के नियमों के प्रति गंभीरता, जागरूकता और सख्ती से अनुपालन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मौजूद वाहन चालकों / परिचालकों, ट्रांसपोर्ट नोडल, शिक्षक/मैनेजर जागरूक को निर्देश दिया कि वाहनों का फिटनेस कराते रहें, बच्चों को वाहन में चढाते व उतारते समय विशेष सावधानी बरतें। बीच सड़क पर कभी न उतारें। वाहन संचालन के समय सही संकेतों का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि विद्यालय बस के ड्राइवर खाकी बुशशर्ट, खाकी पैंट विद्यालय बस के परिचर नेवी ब्लू बुश शर्ट, नेवी ब्लू फूल पैंट पहनना होगा।विद्यालय से जारी पहचान पत्र और मोबाइल नम्बर सहित नेम प्लेट लगाना होगा। महिला परिचर को नेवी ब्लू साड़ी पहननी होगी। विद्यालय बैन के ड्राइवर को स्लेटी शर्ट, स्लेटी फुल पैंट पहनना होगा। बताया कि 22 जुलाई तक जनपदों के 3498 वाहनों को चेक किया गया। इसमें 3346 वाहन फिट और 182 वाहनें अनफिट पाए गए।126 का चालान या बंद किया गया। कार्यक्रम में भवदीय पब्लिक स्कूल, उदया पब्लिक स्कूल, अवध इण्टर नेशनल स्कूल आदि के चालकों / परिचालकों के साथ कर्मचारी मौजूद थे।

ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड टेस्टिंग इंस्ट्रीयूट में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करतीं संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ऋतु सिंह व बैठक में मौजूद लोग।

▸▸ सम्भागीय परिवहन अधिकारी की मौजूदगी में वाहन चालकों से ड्राइविंग ट्रैक पर कराई पार्किंग, पूछे संकेतक

आईजीआरएस पोर्टल पर फर्जी रिपोर्ट लगाने पर भड़के डीपीआरओ

मिल्कीपुर, अयोध्या

पंचायत सचिव को फटकार

अमृत विचार : मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी जनसुनवाई पोर्टल पर हुई शिकायतों के निस्तारण में कर्मचारियों की गैर जिम्मेदाराना कृत्यों की वजह से शिकायत कर्ताओं को समस्या समाधान के लिए अधिकारियों की चौखट पर बार-बार दौड़ना पड़ रहा है

अमानीगंज ब्लॉक के ग्राम जोरिया पूरे भीखी का पुरवा में शिकायत कर्ता ने आईजीआरएस के माध्यम से चकमार्ग पर खड़न्जा लगाने की मांग की थी। जिस पर ग्राम पंचायत सचिव घनश्याम वर्मा ने ना जांच किया ना ही शिकायतकर्ता से सम्पर्क किया और मामले में हर बार फर्जी रिपोर्ट लगाते रहे। शिकायतकर्ता को जैसे ही फर्जी रिपोर्ट लगाए जाने की जानकारी हुई। उसने असंतुष्ट का फीडबैक पोर्टल पर दर्ज करा दिया। असंतुष्ट का फीडबैक मिलते ही मामले को डीपीआरओ अवनीश कुमार ने संज्ञान में लिया और मौके पर स्वयं टीम के साथ जांच करने पहुंच गए।जांच में शिकायतकर्ता का कथन सत्य निकला। फर्जी रिपोर्टिंग पर डीपीआरओ ने पंचायत सचिव की जमकर क्लास ली और कहा कि कल से खड़ंजा का निर्माण शुरू हो जाना चाहिए, नहीं तो कार्रवाई होनी तय है। पंचायत सचिव घनश्याम वर्मा ने आश्वासन दिया कि कल से खड़ंजा निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। डीपीआरओ ने प्रधान प्रतिनिधि से पूछा कि सुलभ शौचालय का मानदेय कितना देते हो। उन्होंने बताया कि छह हजार रुपए। इतना सुनते ही प्रधान प्रतिनिधि पर भी नाराज हुए डीपीआरओ ने कहा कि जब शासनादेश नौ हजार रुपए देने का है, तो उतना ही पैसा मिलना चाहिए।

28 शहरों से आए भक्तों ने किए रामलला के दर्शन

श्रद्धालुओं के साथ राम मंदिर का दर्शन करने जाते शहजादा साईं मोहनलाल साहिब व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : देश के चार राज्यों के 28 शहरों से सोमवार को आए सिंधी समाज के 150 लोगों ने जयश्रीराम और जय झूलेलाल के उद्घोष के साथ राममंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन किया।

लखनऊ शिव शांति संत आसूदाराम आश्रम के शहजादा साईं मोहनलाल साहिब की अगुवाई में

▸▸ शहजादा साईं मोहनलाल के नेतृत्व में पहुंचे लोग,

▸▸ जय श्री राम के साथ किया जय झूलेलाल का उद्घोष

श्रद्धालु सावन के पहले सोमवार को यहां पहुंचे। सिंधी भजन गाते हुए रामलला के दर्शन किए और आशीर्वाद मांगा। सखी बाबा युवा मंडल के संरक्षक ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि जत्थे में महिलाएं, पुरुष व बच्चे शामिल रहे। मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र खत्री की अगुवाई में साईं मोहनलाल का लखनऊ बाईंपास पर माला पहनाकर व रामनानी दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर साईं मोहनलाल ने कहा कि राममंदिर का दर्शन की व्यवस्था बहुत सुंदर व सरल है। इस मौके पर भजनलाल कालानी, उमेश तोलानी, नवीन मध्यान, जीतू माखेजा, रोहित माखेजा, अनिल मध्यान, यश मध्यान, पावन माखेजा आदि मौजूद रहे।

रोजगार सेवकों ने प्रदर्शन कर कार्यालय में जड़ा ताला

तारुन ब्लॉक पर सोमवार को प्रदर्शन करते रोजगार सेवक। अमृत विचार

तारून अयोध्या।

अमृत विचार: ग्राम रोजगार सेवकों ने बकाया मानदेय को लेकर सोमवार को तारुन ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और सभी कार्यालय में अपना ताला लगा दिया।

संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि सभी रोजगार सेवकों का मानदेय मार्च माह से बकाया है। संघ के संरक्षक सुनील कुमार ने बताया कि दिनांक 20 जुलाई को शासन द्वारा बकाया मानदेय की धनराशि उपलब्ध कराए जाने के बावजूद मनमानी पूर्ण रवैया अपनाते हुए मानदेय भुगतान नहीं किया गया। जिससे हम सभी के सामने रोटी रोजी का संकट खड़ा हो गया है। ज्ञापन लेने पहुंचे सहायक विकास अधिकारी पंचायत उमाशंकर सिंह, संयुक्त विकास अधिकारी उमेश कुमार कौशल ने समझा बुझाकर जल्दी भुगतान कराने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में शैलेंद्र तिवारी, अमित कुमार, जितेंद्र कुमार, कांति वर्मा, पार्वती, गंगा सागर, सुनील कुमार, किरन, अमरावती आदि रोजगार सेवक शामिल रहे।

मारपीट में डॉक्टर समेत पांच लोग नामजद

अयोध्या, अमृत विचार। अयोध्या कोतवाली के सहनवां क्षेत्र स्थित मेडिसिटि हास्पिटल में 18 जुलाई को हुई मारपीट और बवाल के मामले में आईजी से फरियाद के बाद सोमवार को अयोध्या कोतवाली पुलिस ने दूसरे पक्ष की भी रिपोर्ट दर्ज कर ली है। यह रिपोर्ट सहनवां निवासी पूर्व सैनिक अब्दूल सलीम (60) के पुत्री की तहरीर पर दर्ज की गई है। तहरीर में युवती ने आरोप लगाया है कि वह गुर्दे की बीमारी के चलते दर्द से तड़प रहे अपने पिता को मेडिसिटि हॉस्पिटल दिखाने गई थी। पहले से नंबर लगवाने के बावजूद जल्दी देख लेने की बात कहने पर अस्पताल स्टाफ रंजीत कुमार, आदित्य कुमार यादव, सोनम, ममता और प्रबंधक डॉ.सर्वेश कुमार तथा अन्य ने बदतमीजी और गाली गलौच की। प्रतिवाद करने पर लात-घुसों से पिटाई की। बीच-बचाव करने पर उसको भी मारा-पीटा गया तथा आबरू पर हमला किया गया। परिवार वालों की भी पिटाई की गई और डॉक्टर ने पिस्टल निकाल परिवार को जान से मारने की धमकी दी। स्टाफ से सीसीटीवी कैमरे और वाहनों में तोड़फोड़ कराई गई और फर्जी रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर पर डॉक्टर समेत पांच को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जांच कराई जा रही है। प्रकरण में डॉक्टर की तहरीर पर पूर्व फौजी समेत 25 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट में आठ का चालान किया जा चुका है।

▸▸ आईजी से फरियाद के बाद दर्ज हुई दूसरे पक्ष की रिपोर्ट

पैंट और पूरी बांह की कमीज पहन कर स्कूल आएं बच्चे

अयोध्या कार्यालय

दिये निर्देश

▸▸ डेंगू एवं मलेरिया समेत अन्य वायरस जनित रोगों के बढ़ते प्रकोप के बचाव के लिए उठाया कदम

अमृत विचार : बरसात और जलभराव की वजह से डेंगू एवं मलेरिया समेत अन्य वायरस जनित रोगों के बढ़ते प्रकोप के कारण परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को अब पैंट और फुल बांह की शर्ट पहनकर स्कूल आना होगा।

इस संबंध में बेसिक शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि सभी स्कूलों में खंड शिक्षा अधिकारी और प्रधानाध्यापक यह सुनिश्चित करें कि आदेश का पूरा पालन हो। इसके अलावा अभिभावकों को भी प्रेरित करें कि वह सावधानी के साथ बच्चों को विद्यालयों में भेजें। घर में भी सफाई और खानपान का विशेष ध्यान रखें। हालांकि जिले में शासन से अभी तक केवल 80 हजार बच्चों के अभिभावकों के खाते में ड्रेस और जूते मोजे की धनराशि ही भेजी गई है जबकि यहां के परिषदीय विद्यालयों में ढाई लाख से अधिक बच्चे पंजीकृत है। ऐसे में शासन के इस आदेश को अमल में लाना मुश्किल दिखाई दे रहा है।

जारी निर्देश की खास बातें-

- स्कूलों के साथ-साथ उसके आसपास भी वेक्टर जनित रोगों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाए।
- छात्र-छात्राओं को रोगों से बचाव के लिए पर्यावरणीय एवं व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित करें।
- रोगों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों की भी अधिक से अधिक सहभागिता करायें।

> शिक्षा निदेशक के आदेश का पालन कराया जाएगा। एक सप्ताह में शेष बच्चों के अभिभावकों के खाते में डीबीटी हो जायेगी।
> – संतोष कुमार राय, बीएसए

सार-संक्षेप


मया कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह को ज्ञापन देते शिक्षामित्र।

शिक्षामित्रों ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : शिक्षामित्रों ने आदर्श समायोजित /शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन की ब्लॉक अध्यक्ष किरन श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव को सौंपा। मया ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष एहसान उल हक के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह को, नगर अध्यक्ष दीपिका निगम के नेतृत्व मे तारकेश्वर पांडे को, जिलाध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व में मवई, प्रेम द्विवेदी के नेतृत्व में मिल्कीपुर और अंजनी पांडे के नेतृत्व में पूरा खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इससे पूर्व जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों पर शिक्षामित्र एकत्रित हुए और अपनी मांगों को पूरा करने के संबंध में नारे लगाए। खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में अध्यादेश के जरिए समान कार्य समानवेतन, महिला शिक्षामित्र को ससुराल में और पुरुषों को मूल विद्यालय में स्थानांतरण, कैशलेस इलाज, महिला शिक्षामित्रों को बाल्य देखभाल अवकाश, 14 आकस्मिक अवकाश देने के साथ 62 वर्ष की नियमित सेवा देने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

प्रवेश कराने आए छात्र को अगवा कर पीटा, घायल

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित एक विद्यालय में सोमवार को प्रवेश लेने आए 12 वीं के छात्र को अगवा कर बर्बरता पूर्वक पिटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। लोगों ने घायल छात्र को संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया। पीड़ित छात्र अभिषेक सिंह पुत्र तरुन भान सिंह ने छह युवकों के खिलाफ पिस्टल की बट, हॉकी व डंडों से पीटने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक थाना कुमारगंज रतन सिंह ने बताया कि पीड़ित युवक की तहरीर पर आरोपी युवकों आदर्श सिंह, शुभम मिश्रा, विकास सिंह, पुष्पेंद्र सिंह निवासीगण डोभियारा, शिवम सिंह निवासी जरई कला के खिलाफ केस दर्जकर गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन, मिला आश्वासन

साकेत महाविद्यालय में प्राचार्य का घेराव करते परिषद के कार्यकर्ता।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : साकेत महाविद्यालय प्रशासन की ओर से ज्ञापन और चेतावनी के बावजूद समस्याओं का निस्तारण न होने के चलते सोमवार को विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्राचार्य प्रो अभय सिंह ने 15 दिन के भीतर समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया। परिषद के साकेत इकाई अध्यक्ष मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि समस्याओं का निस्तारण न होने के चलते प्राचार्य कार्यालय का घेराव तथा प्रदर्शन-नारेबाजी करनी पड़ी। बुद्धि शुद्धि यज्ञ भी किया गया। प्राचार्य ने छह सूत्रीय माँग पत्र पर बिंदुवार कार्यकर्ताओं को समस्याओं के निस्तारण का भरोसा दिलाया है। शौचालय, पेयजल एवं जर्जर भवन के विषय में अतिशीघ्र समिति बनाकर 5 दिन के भीतर निस्तारण कराने, छात्रावास ख़ाली कराने को लेकर मुख्यमंत्री, राज्यपाल व जिला प्रशासन से फिर से पत्रचार करने, शुल्क वापसी के संबंध में सभी का डेटा फीडिंग के बाद अतिशीघ्र शुल्क वापसी की प्रक्रिया शुरू होने, टेबलेट एवं स्मार्टफ़ोन वितरण के लिए विश्वविद्यालय की ओर से निरस्त डेटा को फिर से फीड करवा शासन को भेजवाने और जल्द वितरण शुरू कराने की बात कही है। उन्होंने बताया कि समस्याएं दूर न हुई तो संगठन फिर से आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस दौरान महानगर संगठन मंत्री राजवर्धन, भूपेंद्र शुक्ला, रत्नेश शिवम मिश्रा, किशन सिंह, अंशुमान सिंह, राणा आशुतोष, शशांक विद्यार्थी, दुर्गेश, प्रियांशु, आदित्य, कुंदन, शिवम, अनुराग, आंनद, प्रखर, अभिषेक, यश पाठक, आदर्श, गौरव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कवायद गांवों को प्रदूषण मुक्त बनाने की पहल, शहरों की तर्ज पर होगी गांव की सफाई व्यवस्था

जल्द मॉडल बनेंगी जिले की 176 ग्राम पंचायतें

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार: जिले की 176 ग्राम पंचायतें जल्द मॉडल बनेंगी। इनमें सफाई व्यवस्था शहरों की तर्ज पर होगी। घरों से निकलने वाले ठोस और तरल कचरे को अलग-अलग करके इनका निस्तारण किया जाएगा। हालांकि मॉडल गांवों के संचालन में दिक्कतें भी कई बताई गई हैं।

गांवों को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए दो साल पहले ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना जिले में लागू की गई। इसके तहत गांवों में ठोस और तरल कचरे के एकत्र करने से लेकर उनके निस्तारण तक की व्यवस्था है। गांव में कई कूड़ा संग्रहण, कूड़ा ढोने के लिए ठेला गाड़ी, नाली, सोख्ता, खाद बनाने के लिए गांव के बाहर नाडेप बनाने की व्यवस्था है। एकत्र ठोस और तरल कचरे को अलग-अलग करके निस्तारण की व्यवस्था है। ब्लॉक स्तर पर संयत्र लगाए जा रहे हैं। इसमें पालीथिन सहित अन्य कचरे की रिसाइकलिंग की व्यवस्था भी है।

बीकापुर के मजरुद्दीनपुर में बनाया गया कूड़ा संग्रहण केंद्र।

कैसे बनता है मॉडल गांव

विभाग के लोगों के मुताबिक पहले चरण में गांवों चयन और ठोस कचरे की व्यवस्था की जाती है। इसे एस्पायरिंग कहते हैं। दूसरे चरण में ठोस और तरल कचरे के संग्रहण के साथ ही इसके निस्तारण की व्यवस्था की जाती है। इसकी पूरी जियो टैगिंग की जाती है। वेबसाइट से अनुमोदन और ग्राम पंचायत की बैठक के बाद गांव को तीसरे चरण में मॉडल बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाती है। जिले के 176 गांवों को करोड़ों रूपये खर्च करके मॉडल ग्राम पंचायत बनाने की तैयारी है। इन गांवों में लोगों को नई व्यवस्था के लिए जागरुक किया जाएगा। कचरा एकत्र करने के लिए आदमी के साथ संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। ठोस और तरल कचरे को अलग-अलग करके फिर इसका निस्तारण होगा। इससे गांव प्रदूषण मुक्त होगा।

ब्लॉकवार प्रस्तावित ग्राम पंचायतों की संख्या

ब्लॉक	ग्राम पंचायत
अमानीगंज	16
बीकापुर	08
हैरिंग्टनगंज	13
मवई	12
मयाबाजार	6
मिल्कीपुर	23
पूराबाजार	15
रुदौली	19
सोहावल	30
तारून	16

मॉडल गांव के संचालन में दिक्कतें भी कई

शहरों की तर्ज पर ग्राम पंचायतों में कूड़ा निस्तारण व्यवस्था के संचालन में दिक्कतें भी कई है। एक तो गांव के लोग इसके लिए अभी अभ्यस्त नहीं हैं। दूसरे एक बार संसाधनों की व्यवस्था के बाद ग्राम पंचायतों को इसके संचालन के लिए शुल्क लेना पड़ सकता है। ऐसे में दिक्कत पेश आएगी। ऐसा कई ग्राम प्रधान चर्चा करते हैं। विभाग के लोग कहते हैं कि संचालन शुरू होने के बाद आगे बढ़ाने का प्रयास होगा।

> जिले में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के तहत 176 ग्राम पंचायतों को मॉडल गांव बनाने की तैयारी अंतिम चरण में है। इसके बाद इन गांवों में योजना को लेकर लोगों को जागरुक किया जाएगा। फिर इसका संचालन शुरू किया जाएगा। –अविनाश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी।

नहीं है जिले में हॉकी की स्कूली टीम, नहीं हुई प्रतियोगिता

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार: खेलों को बढ़ावा देने की हुंकार और जिला विद्यालय निरीक्षक का निर्देश जिले के स्कूलों पर कोई प्रभाव नहीं कर रहा है। नतीजा यह है कि जनपदीय विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता में कभी एक टीम तो कभी दो टीमें ही पहुंच पाती हैं। जिले में लगभग साढ़े चार सौ माध्यमिक विद्यालयों में से किसी प्रतियोगिता में चार या छह टीम का भी अकाल पड़ा है। किसी तरह जिला क्रीड़ा समिति प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने की जुगत लगा रहे हैं।

सोमवार को मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कालेज के संयोजन में जनपदीय अंडर-14, 17 व अंडर19 बालक व बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में किया गया। प्रतियोगिता के बालक व बालिका वर्ग में कुल छह स्पर्धाएं होनी थी। लेकिन जिले के किसी भी विद्यालय से कोई टीम प्रतिभाग करने नहीं पहुंची। जिला क्रीड़ा समिति के सचिव धमेन्द्र सिंह ने बताया कि किसी भी विद्यालय की टीम पूरी न होने के कारण प्रतियोगिता नहीं हो सकी। मंडलीय प्रतियोगिता के लिए सोमवार को प्रतिभाग करने पहुंचे खिलाड़ी व अधूरी टीमों के खिलाडियों का ट्रायल लेकर जिला टीम चयनित की जाएगी। बताते चलें कि कुछ एक ही प्रतियोगिता को छोड़ कर लगभग सभी जनपदीय प्रतियोगिताओं का यही हाल है। जबकि जिला स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता टीम मंडल में तथा मंडल की विजेता प्रदेशीय प्रतियोगिता में और प्रदेशी की विजेता टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती है। ऐसे में जिले के स्कूलों के खेल का हाल बेहद चिन्तनीय है।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोन: 05278- 352045

आज का मौसम

24 घंटे में मध्यम बादल छाए रहने और हल्की वर्षा होने की संभावना है।

34.5° अधिकतम तापमान | 28.5° न्यूनतम तापमान

नागेश्वर नाथ मंदिर के गलियारे में उमड़ पड़े श्रद्धालु। अमृत विचार

अयोध्या

सावन का पहला सोमवार

अयोध्या में कांवरियों का आना शुरू, जयकारों के साथ भोले का किया जलाभिषेक

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गूंज रहा है बोल बम, रामलला के दर्शन को भी जुटी भीड़

अयोध्या के नागेश्वर नाथ मंदिर पर बम-बम भोले के जयकारों के साथ जलाभिषेक के लिए पहुंचे श्रद्धालु।

नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

50 हजार से अधिक कांवरिया पहुंचे अयोध्या धाम

01 माह तक चलेगा कुबेर टीला पर रुद्राभिषेक

एक नजर

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बरौली के सामने रविवार रात बाइक और पिकअप की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक की मौत हो गई। पूरा बाजार चौकी प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि देवगढ़ निवासी घायलों अंकुश पांडेय, वैभव जायसवाल व रोनित पांडेय को सीएचसी लाया गया। जहां स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान अंकुश पांडेय (22) की मौत हो गई। वैभव जायसवाल को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। रोनित पांडेय का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : रौनाही थाना अंतर्गत सलोनिया तिराहे के निकट माइनर से लगी गाड़ियों में सोमवार सुबह खंडासा के पूरे बोध तिवारी पुरवा निवासी युवक सुरेंद्र कुमार (28 वर्ष) पुत्र धर्मराज का संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद हुआ। परिजनों के मुताबिक थाना क्षेत्र पूरे सुखराम बिसुनपुर सारा में युवक की ससुराल थी। वह वहां से रविवार को घर के लिए निकला था, लेकिन पहुंचा नहीं। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया शव के पास कुछ सामान मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

हर-हर महादेव से गूंजी रामनगरी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : श्रावण मास के पहले सोमवार पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ अयोध्या पहुंची। वहीं बड़ी संख्या में कावरियों का आगमन भी शुरू हो गया है। चौतरफा हर-हर महादेव के बीच रामनगरी श्रद्धालु और कावारियों से गुलजार है।

सरयू नदी में स्नान कर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों के साथ नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर राम मंदिर और हनुमानगढ़ी पर भी दर्शन पूजन किया। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। पूरे अयोध्या क्षेत्र की सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रही है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद का पहला श्रावण मास है और इस वर्ष पांच सोमवार भी पड़ रहे हैं। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं ने पवित्र सरयू नदी में डुबकी लगाई और शिव की भक्ति में सराबोर जयकारा लगाते हुए श्रद्धालुओं ने नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया हैं। इसके साथ ही क्षीरेश्वर नाथ, कोटेश्वर नाथ सहित नगर के एक दर्जन से अधिक शिव मंदिर में शिव भक्तों ने अभिषेक पूजन संपन्न किया।

हर-हर महादेव के जयकारों के साथ रामनगरी पहुंचने लगे कांवरिया। अमृत विचार

पहले सोमवार को पचास हजार से अधिक कावरियों का हुआ आगमन

सावन के प्रारंभ होने के साथ ही अयोध्या के सड़कों पर कांवरियों की बोल बम और हर-हर महादेव की भी गूंज हो रही है। अनुमान है कि 50 हजार से अधिक काँवरिया अयोध्या पहुंचे और मठ मंदिर में दर्शन पूजन कर बाबा धाम के लिए रवाना हुए। गोरखपुर से अयोध्या आये काँवरिया राहुल गुप्ता ने बताया कि आज हम लोग अयोध्या में दर्शन पूजन करने के बाद बाबा धाम के लिए जा रहे हैं।

कुबेर टीला पर पूरे श्रावण माह चलेगा रुद्राभिषेक

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राचीन कुबेर टीला पर तीन दशक के बाद श्रावण माह प्रारम्भ होने के साथ राम जन्मभूमि परिसर में स्थित कुबेर टीला पर विराजमान कुबेश्वर महादेव मंदिर में उत्सव भी प्रारम्भ हो गया है। सावन के पहले सोमवार पर वैदिक आचार्य के द्वारा रुद्राभिषेक अनुष्ठान प्रारंभ हुआ है। इस दौरान शिवालय को फूलों से सुसज्जित किया गया है। जहां श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुमति के बाद प्रमुख लोग दर्शन पूजन के लिए भी पहुंचे हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के व्यवस्थापक गोपाल जी राव ने बताया कि रुद्राभिषेक अनुष्ठान प्रारंभ हुआ है जो पूरे श्रावण माह तक चलेगा। प्रतिदिन वैदिक आचार्य के द्वारा सुबह अनुष्ठान किया जाएगा और शाम को भी पूजन होगा।

कुबेर टीला पर विराजमान भोलेनाथ।

रामलला के दरबार में भक्तों की भीड़

सावन के पहले सोमवार को रामलला के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ रही। पूरा परिसर जयकारों से गूंज रहा था। अयोध्या के नागेश्वर नाथ, क्षीरेश्वर नाथ में भगवान भोले के जलाभिषेक के बाद भक्तों का का कारवांव अयोध्या के अन्य मठ-मंदिरों में दर्शन पूजना के लिए निकल रहा था। राम मंदिर में राम लला का दर्शन उनका पहला लक्ष्य था। दर्शन करने के लिए मंदिर के गेट से परिसर के अंदर तक भक्तों का रेला था। यह रेला सुबह से शाम तक चलता रहा।

बेहतर रखें शुद्ध पेयजल, बिजली सहित अन्य व्यवस्थाएं

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : मंडलायुक्त गौरव दयाल और पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने सोमवार को अयोध्या धाम में कांवड़ यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। नयाघाट, राम की पैड़ी, कच्चा घाट सहित प्रमुख पथों, मठ मंदिरों के साथ अन्य स्थलों का निरीक्षण किया। सभी घाटों पर समुचित लाइटिंग का निर्देश दिया। इसके बाद बूथ नंबर चार से अंबेडकरनगर की ओर से आने वाले कावड़ियों के मार्ग को देखा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से पंचकोसी परिक्रमा मार्ग को कावड़ियों के लिए सुगम बनाने का निर्देश दिया। नगर निगम के अधिकारियों से मेला क्षेत्र में पर्याप्त टैंकर शुद्ध पेयजल, सभी शुलभ शौचालयों की सफाई, पानी, रेटलिस्ट और मोबाइल टायलेट की पर्याप्त व्यवस्था के लिए निर्देश दिया। मेला अवधि में अनवरत विद्युत आपूर्ति के लिए कहा। उनके साथ जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय, अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी, एसपी सिटी, अपर नगर आयुक्त सहित अन्य अधिकारी थे।

श्रावण मास को लेकर निरीक्षण करते आईजी प्रवीण कुमार, कमिश्नर गौरव दयाल, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह व एसएसपी।

पुजारियों की नाराजगी पर ट्रस्ट ने पुरानी व्यवस्था की बहाल

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा पुजारियों के समूह को अलग-अलग स्थान पर लगाई गई ड्यूटी को तत्काल प्रभाव से रोक लगा कर पुरानी व्यवस्था को बहाल कर दिया है। अब राम मंदिर में पुजारी अपने निर्धारित समय से पूजन पद्धति को संपन्न कर रहे हैं। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने सोमवार को बताया कि सभी पुजारियों के द्वारा ट्रस्ट को दिए गए पत्र के बाद अपने निर्णय को वापस ले लिया है। सभी पुजारी पहले के समय पर राम मंदिर में सेवा देंगे। श्रावण माह को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने पुजारी के साथ बैठक कर चार समूह में पुजारियों को विभक्त कर दी गई थी। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में स्थित राम मंदिर, कुबेर टीला और यज्ञशाला स्थल पर 10 घंटे की सशर्त ड्यूटी लगाई थी। जिसमें बताया गया कि जिन पुजारी की ड्यूटी जिस स्थान पर लगाई गई है वह अगले 15 दिन तक वह दूसरे स्थान पर नहीं जा सकेंगे। यानी कि कुबेर टीला और यज्ञशाला पर तैनात पुजारी अगले 15 दिन तक राम मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। जिसको लेकर सभी पुजारियों ने आपत्ति जताई थी। जिस पर पुरानी व्यवस्था बहाल कर दी गई है।

▸▸ अलग-अलग स्थानों पर लगी ड्यूटी रोकी

36 पदों के लिए दाखिल किए गए 40 नामांकन पत्र

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव में अलग-अलग 36 पदों के लिए सोमवार को कुल 40 नामांकन पत्र दाखिल गए। इनमें क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत सदस्य के 33 पदों के लिए एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन पत्रों की जांच के बाद इनका निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है।

जिले में प्रधान पद के दो, क्षेत्र पंचायत पद के तीन और ग्राम पंचायत पद के 31 रिक्त पदों के लिए उपचुनाव कराए जा रहे हैं। ब्लॉक मुख्यालयों पर सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किए गए। बीकापुर की ग्राम पंचायत चौरे चंदौली में ग्राम प्रधान के निधन से रिक्त हुई सीट पर उप चुनाव कराया जा रहा है। यह पद अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। प्रधान पद के लिए सोमवार को चार उम्मीदवारों अच्छे लाल, प्रियंका राणा, प्रवेश कुमार राणा और संतोष कुमार ने अपने नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी के सामने दाखिल किया। मलेथू कनक ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 14 में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए एकमात्र नामांकन पत्र नीलम पत्नी मनीराम ने दाखिल किया।

बीकापुर के ब्लॉक में निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपता प्रत्याशी।

निर्वाचन अधिकारी जय नाथ गुप्ता ने बताया कि चौरे चंदौली ग्राम पंचायत में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित प्रधान पद के उपचुनाव में चार लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जबकि मलेथू कनक ग्राम पंचायत में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित एक सदस्य पद के लिए एकमात्र नामांकन हुआ है।

तारून प्रतिनिधि के मुताबिक ग्राम पंचायत पारागरीबशाह में ग्राम प्रधान के आकस्मिक निधन से रिक्त हुए पद पर चुनाव में तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार व उपनिर्वाचन अधिकारी अंकित ने बताया कि ग्राम प्रधान के उपचुनाव में लक्ष्मण, रघुवीर व नंदू राम ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जबकि दौदहा अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित ग्राम पंचायत सदस्य के चुनाव के लिए एकमात्र विनीता ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिला निर्वाचन कार्यालय पंचायत एवं नगर निकाय के वरिष्ठ लिपिक ओम प्रकाश ने बताया कि मिल्कीपुर के एक सीट को छोड़ ग्राम पंचायत सदस्य के 31 में से 30 पदों पर एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया। रुदौली ब्लॉक की क्षेत्र पंचायत सीच महमूद मऊ के लिए शिवकुमारी, सराय मुगल के लिए शबनम मवई ब्लॉक की हुबल्ली अशरफनगर के क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए सीमा देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव

▸▸ क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत के 33 पदों के लिए एक-एक नामांकन

नामांकन पत्रों की जांच आज

23 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 24 जुलाई को नाम वापसी और चुनाव चिह्न आवंटन होगा। छह अगस्त को सुबह सात से पांच बजे तक मतदान और आठ अगस्त को सुबह आठ बजे से मतगणना होगी।

साथी का शव मिलने पर अधिवक्ताओं में आक्रोश

रूदौली, अयोध्या। रूदौली के अधिवक्ता अवनीश श्रीवास्तव का बाराबंकी के कोटवा सड़क के निकट संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने पर अधिवक्ताओं ने आक्रोश और शोक जताया है। मीरमऊ निवासी अधिवक्ता अवनीश श्रीवास्तव (44) पुत्र भवानी सहाय पत्नी के साथ बाराबंकी शहर मे रहते थे तथा रुदौली तहसील मे वह प्रैक्टिस करते थे।शनिवार को शाम लगभग चार बजे वह रुदौली तहसील से बाइक से बाराबंकी जाने के लिए निकले थे।शाम लगभग छह बजे उनका शव राम सनेही कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कोटवा सड़क के निकट काका ढाबे से कुछ दूरी पर सड़क किनारे से मिली थी। इसे लेकर सोमवार को तहसील के बार सभागार में शोक सभा का आयोजन कर तीन दिवसीय शोक प्रस्ताव पारित किया गया। अध्यक्ष गोरखनाथ तिवारी, महामंत्री रविन्द्र तिवारी, हरि नारायण यादव, संतोष पांडे, डीके श्रीवास्तव,रमेश तिवारी, लालमणि आदि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

800 में से केवल 200 स्कूलों में अब तक हुई बोरिंग

अयोध्या, अमृत विचार : जिले में संचालित 1788 परिषदीय विद्यालयों में 800 में से अभी तक केवल 200 स्कूलों में ही बोरिंग कराई जा सकी है। जिसके चलते परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को शुद्ध पेयजल की मंशा बेकार साबित हो रही है। बोरिंग लगाने का काम कई एजेंसियों को दिया गया है। जिन विद्यालयों में बोरिंग की जा चुकी है। वहां अब तक इसे चालू नहीं किया गया है। जिससे छात्र- छात्राओं को शुद्ध पेयजल का लाभ नहीं मिल पा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि संबंधित एजेंसी विद्यालय के प्रधानाध्यापक से सीधे सम्पर्क स्थापित कर बोरिंग कर रही है। इसलिए स्थिति की वास्तविक जानकारी नहीं मिल पा रही है। जल्द ही शेष बचे विद्यालयों में बोरिंग लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

सीएचसी में खामियों पर नाराज हुए सीएमओ

सोहावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. संजय जैन।

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : सीएमओ डॉ. संजय कुमार जैन ने सोमवार को सीएचसी का निरीक्षण किया। खामियों मिलने पर स्वास्थ कर्मियो को फटकार लगाई और चेतावनी भी दी। प्रभारी डॉक्टर प्रेम चंद ने एक्स-रे मशीन से निकलने वाली रेडिएशन से खतरा बताया। सीएमओ ने उसे दो मीटर की दूरी से चलाने का आदेश दिया। पैथोलॉजी की अन्य इकाइयों को भी बेहतर तरीके से न चलाए जाने पर नाराजगी दिखाते हुए कहा पांच लाख की धनराशि प्रभारी को किस कारण हमेशा मिलती है इसका उपयोग क्यों नहीं किया गया। एएनएम और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए। कहा कि किसी भी कीमत पर मरीज को बाहर की दवाई न दी जाए। एक भी पर्चा मिला तो कार्रवाई कठोर होगी।

शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती आज

अयोध्या। अमृत विचार : अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान मंगलवार 23 जुलाई को शहीद शिरोमणि चंद्र शेखर आजाद की जयंती मनाएगा। संस्थान के सेक्रेटरी विश्व प्रताप सिंह ने बताया कि दोपहर बाद दो बजे सिविल लाइंस स्थित एक सभागार में शहीद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

किसान दिवस का आयोजन कल

अयोध्या, अमृत विचार : जिले के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए 24 जुलाई बुधवार दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन होगा। इसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह करेंगे। उक्त जानकारी उप कृषि निदेशक कार्यालय ने दी।

धमकी और वीडियो रिकार्डिंग की शिकायत

अयोध्या, अमृत विचार। अयोध्या कोतवाली के सहनवां क्षेत्र स्थित एक निजी नर्सिंग होम में विवाद और मारपीट के मामले में डॉ. सर्वेश कुमार वर्मा ने एक और तहरीर पुलिस को दी है। डॉक्टर का कहना है कि उनकी ओर से दर्ज कराए गए मामले में आठ आरोपियों का पुलिस ने चालान किया है। सोमवार को एक दुकान का संचालक उनके मेडिसिटी अस्पताल में घुस आया और दर्ज मामले के गवाहों की फोटो और वीडियो बनाने लगा। विरोध करने पर कर्मियों तथा उनको जान से मारने की धमकी दी। सुरक्षा में लगाए गए पुलिसकर्मी ने किसी तरह उसको बाहर किया। अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा ने बताया कि शिकायत की जाँच कराई जा रही है।

तालाब में मिला अधेड़ का शव

अयोध्या। अमृत विचार : नगर कोतवाली के जप्ती वजीरगंज मोहल्ला स्थित तालाब में सोमवार को एक अधेड़ का शव मिला है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि स्थानीय लोगों से उसकी पहचान नहीं हो पाई, जिसके चलते शव को शिनाख्त और पीएम के लिए रखवाया गया है।

बिजली संकट | बारिश के बाद अब उमस में में भी बाधित हो रही है बिजली आपूर्ति, 10-10 मिनट पर होती कटौती

फिर ट्रिपिंग की ट्रिन-ट्रिन, दावे हुए छिन्न-भिन्न

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : बारिश में डगमगाने वाली बिजली आपूर्ति अब भीषण उमस में बुरी लड़खड़ा गई है। चौबीस घंटे के दौरान लगातार ट्रिपिंग और कटौती के कारण नगर क्षेत्र के आठ उप केन्द्रों से जुड़े उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि बिजली 10-10 मिनट पर कट रही है। यही नहीं देवकाली रोड स्थित शक्तिनगर कॉलोनी में रविवार रात करीब आठ बजे से रात साढ़े दस बजे तक बिजली गुल रही। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जिले में 20 दिनों से बारिश की एक बूंद नहीं गिरी है वहीं सापेक्षिक आर्द्रता लगातार 90 से 92 प्रतिशत चल रही है। इसके कारण भीषण उमस से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश में लगातार बिजली संकट झेलने के बाद अब उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग का दंश झेलना पड़ रहा है। शनिवार से लेकर रविवार तक चौबीस घंटे के दौरान चौक विघुत उप केन्द्र के चौक, रीडगंज, हैदरगंज, तरंग रोड, आवास विकास कॉलोनी, ठठहरिया, राठहवेली, खुर्द महल आदि मोहल्लों में लगातार कटौती की जा रही है। बताया जाता है चौक इन कमिंग फीडर में लगातार गड़बड़ी के कारण ट्रिपिंग हो रही है लेकिन सुधार के कोई उपाय अभी तक नहीं किए गए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि उप केन्द्र में शिकायत के बाद एक ही जवाब मिलता है उमस के कारण तकनीकी दिक्कतें आ रहीं हैं। वहीं लालबाग विघुत उप केन्द्र समेत अमानीगंज, नियावां, सिविल लाइंस आदि उप केन्द्रों से भी इसी तरह से आपूर्ति की जा रही है। बताया जाता है कि शनिवार रात इन इलाकों में आठ घंटे कटौती हुई तो रविवार को यह कटौती बढ़ कर नौ घंटे तक हो गई। इसके अलावा सोमवार सुबह आठ बजे से 11 बजे तक और कटौती हुई। फाल्ट की यह स्थिति है कि इन उपकेंद्रों के अधीन संचालित फीडर और ट्रांसफार्मरों में लगातार 10-10 बार फाल्ट हुआ। जिसे सुधारने में ही आठ घंटे लग गए। नगर क्षेत्र में कुल 34 उप केन्द्रों में से यह आठ उप केन्द्रों द्वारा आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं की जा रही है। वहीं बिल वसूली के लिए गठित टीमों द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा है।

विद्युत उप केन्द्र में फीडर लोड चेक करता बिजली कर्मी। अमृत विचार

> उमस के कारण बिजली आपूर्ति कुछ प्रभावित हो रही है। डिमांड कम नहीं हो रही है और लाइन लॉस के कारण विभाग को नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। शीघ्र सुधार किए जायेंगे।
> **- प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड, प्रथम।**

खून से लथपथ मिला युवक का शव

अयोध्या, कार्यालय

आलोक कुमार (फाइल फोटो)

अमृत विचार। सावन झूला मेला और पहले सोमवार पर सुरक्षा की तैयारी के बीच अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के बाबू बाजार मोहल्ले में सड़क किनारे एक युवक का खून से लथपथ शव मिला है। मृतक की पहचान नगर कोतवाली के हैदरगंज मोहल्ला निवासी के रूप में हुई है। वह नयाघाट क्षेत्र स्थित एक भोजनालय पर काम करता था।

अयोध्या कोतवाली पुलिस को रविवार देर रात जानकारी मिली कि बाबू बाजार मोहल्ले में खून से लथपथ एक युवक पड़ा हुआ है। युवक के नाक पर गंभीर चोट के निशान थे और काफी खून निकला हुआ था। शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट के निशान थे। पुलिस ने युवक को श्रीराम अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नगर कोतवाली के हैदरगंज मोहल्ला निवासी आलोक कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्याम के रूप में हुई। युवक की मां गीता देवी का कहना है कि आलोक उनका इकलौता पुत्र था। अपने रिश्तेदार ऋषभ के अयोध्या कोतवाली के नयाघाट स्थित सियाराम भोजनालय एवं नाश्ता भंडार पर काम करता था। वो रविवार सुबह वह घर से दुकान पर जाने के लिए निकला था,लेकिन रात में वापस घर नहीं लौटा। उनका कहना है कि बेटे की हत्या की गई है। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक के मां के अनुरोध पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार है।

सार-संक्षेप

गायत्री माता मंदिर सरायरासी में यज्ञशाला का उद्घाटन

सरायरासी में यज्ञशाला का उद्घाटन करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व मौजूद लोग।

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : गायत्री माता मंदिर सरायरासी में सोमवार को यज्ञशाला का उद्घाटन समारोह हुआ। यज्ञशाला डॉ. आर बी सिंह एवं उनके मित्र मंडली के सहयोग से निर्मित की गई है। मुख्य अतिथि अयोध्या नगर के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व उनके साथ ब्लॉक प्रमुख पूरा बाजार के प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह, पूर्व प्राचार्य शीतला प्रसाद सिंह, प्रधान प्रतिनिधि रणधीर सिंह लल्ला और प्राचार्य अविचल सिंह भी उपस्थित रहे। व्यवस्था अभिषेक सिंह और संदीप सिंह ने संभाली। इस अवसर पर यज्ञ और भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया।

नहर में दिखी बड़ी मछली, डॉल्फिन की चर्चा

शारदा सहायक नहर लालपुर में दिखी बड़ी मछली।

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : मवई ब्लाक क्षेत्र के शारदा सहायक नहर लालपुर गांव के समीप सोमवार दोपहर को ग्रामीणों को नहर में बड़ी मछली दिखी। कौतूहलवश उसे नजदीक जाकर देखने लगे तो डाल्फिन की चर्चा होने लगी। आशंका व्यक्त की गई कि कहीं से नदी से बहकर नहर में आई होगी।वहां मौजूद ग्रामीणों ने मछली को छलाँग लगाते हुए अपने मोबाइल में कैद कर लिया। नहर विभाग के एक कर्मचारी ने बताया कि उच्च अधिकारियों को नहर में बड़ी मछली होने की सूचना दे दी गई है। वन क्षेत्राधिकारी जेपी गुप्ता ने बताया कि मामला संज्ञान में है मौके पर कर्मचारियों को भेजा गया है। कौन सी मछली है यह अभी नहीं पता चल पाया है। पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

अवध विवि : संयुक्त संयोजन में सीता अशोक पौधों का रोपण

अवध विश्वविद्यालय में पौधरोपण करतीं कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल व मौजद लोग।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आईईटी परिसर में अदम्य चेतना बेंगलुरु व अवध विवि के संयुक्त संयोजन में सस्याग्रह के अन्तर्गत सोमवार को सीता अशोक का पौधरोपण किया गया। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल व अदम्य चेतना की अध्यक्ष डॉ. तेजस्विनी अनंत कुमार, अनंत कुमार प्रतिष्ठान के अध्यक्ष व उड़ीसा केन्द्रीय विश्वविद्यालय कुलाधिपति प्रो. पीबी कृष्णन माथुर ने परिसर में सीता अशोक के पौधों का रोपण किया। कुलपति प्रो. गोयल ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। अदम्य चेतना की अध्यक्ष डॉ. तेजस्विनी कहा कि यह अयोध्या में पौधरोपण गतिविधियों का आयोजन किया है जिसमें सीता अशोक के लगभग 300 पौधे लगाने है। कार्यक्रम में प्रो. पूर्णन प्रज्ञान, डॉ. राजेन्द्र हेगड़े, मुख्य नियंता प्रो. संत शरण मिश्र, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ आदि मौजूद थे।

सावन के पहले सोमवार पर किया गया प्रसाद वितरण

प्रसाद वितरण करते दुर्गा पूजा समिति केअध्यक्ष मनोज जायसवाल।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : नाका तिराहा स्थित श्री मरी माता मंदिर में सावन के प्रथम सोमवार हलुवा प्रसाद का वितरण किया गया। पहले मंदिर को फूलों में सजाया गया। मंदिर के पुजारी चंचल दास ने भगवान भोलेनाथ व माता का श्रंगार का हवन पूजन किया। भोलेनाथ का जयकारे गूंजे। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने भगवान भोले की आरती कर भक्तों को प्रसाद बांटा। कार्यक्रम में वेद सिंह, उग्रसेन मिश्रा, रामजी पाण्डेय, झन्नू पंडित, रोहिताश चन्द्र, मोहन संगतानी आदि शामिल थे।

एरा ने अवध विश्वविद्यालय के साथ किया एमओयू

छात्रों को अनुसंधान, प्रशिक्षण व अन्य गतिविधियों से परिचित होने का मिलेगा मौका

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में सोमवार को विश्वविद्यालय व एरा विश्वविद्यालय लखनऊ के बीच शैक्षिक गतिविधियों के लिए एमओयू किया गया।

कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल व एरा विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो. अब्बास एम मेंहदी के मध्य अनुबंध का आदान-प्रदान किया गया। दोनों के बीच तीन वर्ष का करार होने से विद्यार्थियों व शिक्षकों को एक-दूसरे के यहां हो रहे अनुसंधान, प्रशिक्षण व अन्य गतिविधियों से परिचित होने का मौका मिलेगा। इससे इनके लिए रोजगार के अवसर बनेंगे।

अवध विश्वविद्यालय में समझौते के साथ अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल एवं एरा विवि कुलपति प्रो. अब्बास एम जैदी।

कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने कहा कि परिसर के बायोकमेस्ट्री, बायोटेक्नोलॉली व अन्य साइंस के विभागों के छात्र-छात्राओं सीखने का मौका मिलेगा। विद्यार्थियों में कौशल विकसित होने के साथ वे कॅरिअर का चुनाव आसानी से कर सकेंगे। एरा विश्वविद्यालय,

▸▸ अनुसंधान व प्रशिक्षण से विद्यार्थी कॅरिअर का चुनाव करेंगे: कुलपति

लखनऊ के कुलपति अब्बास एम मेंहदी ने कहा कि दोनों संस्थानों के मध्य एमओयू होने से शैक्षिक गतिविधियों में तेजी आयेगी। अनुबंध से पहले एरा विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. अनु चन्द्रा व अविवि के कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने समझौता-पत्र पर हस्ताक्षर किए। मौके पर प्रो. नीलम पाठक, डॉ. पीके द्विवेदी, डॉ. तबरेज जफर, डॉ. एम सलमान खान, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ. मणिकांत त्रिपाठी मौजूद रहे।

आईईटी परिसर में कुलपति ने कैंटीन का किया उद्घाटन

अयोध्या। अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय के आईईटी परिसर में कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने सोमवार को कैंटीन का उद्घाटन किया। परिसर में कैंटीन हो जाने से छात्रों को परिसर के बाहर नहीं जाना होगा। विश्वविद्यालय के अभियंता आरके सिंह ने बताया कि कुलपति के सद्प्रयास से परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए कैंटीन की सुविधा मिली है। शीघ्र ही मुख्य परिसर में भी कैंटीन की सुविधा मिलेगी। इस कैंटीन को खोलने में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा टेण्डर की प्रक्रिया अपनाई गई। उद्घाटन के समय आईईटी के निदेशक प्रो. संत शरण मिश्र, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. गंगाराम मिश्र, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो. शैलेन्द्र वर्मा, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी व अन्य मौजूद रहे।

सड़क पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

रामनगर, बाराबंकी। थाना क्षेत्र के सड़क मार्ग पर पड़े शव को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करने की कोशिश की, लेकिन कुछ भी पता नही चल सका। सूरतगंज महादेवा मार्ग स्थित पिपरी महार मोड़ व जौरौंडा गांव के मध्य सोमवार को एक अज्ञात शव मिला। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान करने के लिए आसपास पूछताछ की, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के जिला मुख्यालय भेजा। सूरतगंज चौकी इंचार्ज सत्येंद्र कुमार ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई।

डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में मौजूद समन्वयक व प्राचार्य। अमृत विचार

समर्थ पोर्टल से एक लाख प्रवेश का लक्ष्य : प्रो. सत्यकाम

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : विश्वविद्यालय ने पहली बार समर्थ पोर्टल से प्रवेश शुरू किया है और इस बार हमने प्रथम वर्ष में एक लाख के प्रवेश लक्ष्य को सामने रखा है। जिसके लिए पूर्वांचल के विभिन्न जिलों में नामांकन बढ़ाने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गई। ये बातें उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत्यकाम ने सोमवार को कहीं। वो बीएनएसगर्ल्स डिग्री कॉलेज में आयोजित मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र अयोध्या के अंतर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना है। अयोध्या, अम्बेडकरनगर, अमेठी, सुल्तानपुर, गोंडा व बस्ती जिले में संचालित अध्ययन केन्द्र के प्राचार्य एवं समन्वयकों ने एक दिवसीय नामांकन अभिप्रेरण एवं प्रतिपुष्टि विषय पर हुई कार्यशाला में कई सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यशाला में परीक्षा नियंत्रक डीपी सिंह व प्रवेश प्रभारी प्रो. जे पी यादव ने समन्वयकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

प्रथम तिमाही में यूको बैंक का रहा शानदार प्रदर्शन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: प्रथम तिमाही में बैंक का कुल कारोबार वर्ष-दर-वर्ष 11.46% बढ़कर 4,61,408 करोड़ रुपये हो गया है। सकल ऋण वर्ष-दर-वर्ष 17.64% बढ़कर 1,93,253 करोड़ रुपये तथा कुल जमा वर्ष-दर-वर्ष 7.39% बढ़कर 2,68,155 करोड़ रुपये हो गई। तिमाही में बैंक का वर्ष-दर-वर्ष शुद्ध लाभ 147.09% की बढ़ोतरी के साथ जून 2023 के 223 करोड़ से बढ़कर जून 2024 में 551 करोड़ रुपये हो गया। ये बातें सोमवार को यूको बैंक के प्रबंध निदेशक व सीईओ अश्वनी कुमार ने कहीं। वो प्रधान कार्यालय कोलकाता से वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में बैंक के वित्तीय परिणामों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर रहे थे। इसमें यूको बैंक के समस्त अंचल कार्यालयों ने भाग लिया। अंचल कार्यालय अयोध्या भी अंचल प्रमुख एवं समस्त स्टाफ सहित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़ा रहा।

अश्वनी कुमार सीईओ, यूको बैंक

▸▸ सीईओ बोले- वीडियो क्रॉन्फ्रेसिंग से समस्त अंचल कार्यालयों से हुए रू-ब-रू

उन्होंने बताया कि परिचालन लाभ वर्ष-दर-वर्ष 9.81% बढ़कर 1321 करोड़ रुपये हो गया और नेट एनपीए 40 बीपीएस घट कर 0.78% रह गया। बैंक ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए पिंक बास्केट श्रेणी के अंतर्गत महिला विशिष्ट बचत खाता, चालू खाता तथा आवर्ती जमा खाता के लिए विविध योजनायें शुरू की हैं। जिसमें अपराजिता योजना में एक करोड़ रूपये तक के बीमा कवर का प्रावधान है। महिलाओं के लिए यूको बैंक कार व आवास ऋण में भी ब्याज दर पर विशेष छूट दे रहा है। यूको उड़ान के तहत प्रीमियर शिक्षा संस्थानों में पढ़ने वाली महिला छात्राओं के लिए बैंक 40 लाख रुपये तक के कोलैटरल रहित एजुकेशन लोन की सुविधा दे रहा है। वहीं यूको उत्कर्ष के अंतर्गत प्रीमियर शिक्षा संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए बैंक 40 लाख रुपये तक के कोलैटरल रहित एजुकेशन लोन की सुविधा दे रहा है।

बैंक खेलेगा आठ नई शाखाएं

यूको बैंक के प्रबंध निदेशक व सीईओ अश्वनी कुमार ने बताया कि बैंक वित्त वर्ष 2024-25 में 125 नई शाखाएं खोलेगा। जिसमें अयोध्या अंचल में आठ नई शाखाएं खुलेंगी। उन्होंने बताया कि अंचल अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करने जा रहा है और देवकाली व सिद्धार्थनगर शाखाएं अगस्त 2024 से कार्यरत हो जाएंगी।

गंदे पानी से होकर मंदिर में पूजा के लिए जाने को महिलाएं मजबूर

मिल्कीपुर, अयोध्या

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के अमानीगंज ब्लॉक की स्थानीय बाजार में सड़क के दोनों तरफ की नालियां चोक हो गई हैं। जिसके चलते नालियों का दूषित पानी सड़क पर बह रहा है। नालियों की साफ-सफाई न होने के कारण यहां की नालियां दुर्गंध आ रही हैं।

अमानीगंज बाजार में मुख्य मार्ग पर बहता गंदा पानी।

सावन सोमवार व्रत रहने वाली श्रद्धालु महिलाएं अपने आराध्य को जल अर्पित करने इसी रास्ते मंदिरों को जाती हैं। दुर्गन्ध भरे रास्ते व दूषित जल भराव से होकर गुजरने को मजबूर महिलाओं में काफी रोष देखने को मिला। दुकानदारों ने बताया अमानीगंज बाजार में कभी सफाई कर्मी नहीं आते न ही कभी चूना, ब्लीचिंग आदि का छिड़काव किया जाता है। यही नहीं सड़क किनारे फुटपाथ पर बैठकर सब्जी बेचने वाले दुकानदारों ने बताया नालियों का पानी सड़क पर बहने से बहुत दुर्गंध उठती है, ग्राहक रुकते ही नहीं। बीडीओ अमानीगंज अखिलेश गुप्ता ने बताया कि जल्द ही नालियों की साफ सफाई करवा दी जाएगी।

अपहरण का आरोपी नाबालिग के साथ गिरफ्तार

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी। पुलिस ने 13 वर्षीय नाबालिग के अपहरण के आरोपी युवक को लड़की के साथ गिरफ्तार कर जेल रवाना किया है। शनिवार को थाना लोनीकटरा क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री के अपहरण की सूचना पुलिस को देकर एक युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। सोमवार की सुबह लोनीकटरा पुलिस ने लड़की को उस युवक के साथ हुसेनाबाद चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक को जेल भेजा दिया। जबकि लड़की का मेडिकल करवाकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

राष्ट्रीय किक बाक्सिंग के लिए संजय व अंकित चयनित

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: गोवा में 24 से 28 जुलाई तक आयोजित हो रही नेशनल किक बाक्सिंग चैंपियनशिप में अयोध्या जिले के दो खिलाड़ी संजय रावत व अंकित कुमार उप्र टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। अयोध्या जिला किक बॉक्सिंग संघ के सचिव हरिओम रावत ने बताया कि वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में गोवा के मापुसा सिटी में आयोजित सीनियर नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अयोध्या के खिलाड़ी संजय रावत 75 किग्रा भारवर्ग में तथा अंकित कुमार 63 किग्रा भारवर्ग में उप्र टीम की ओर हिस्सा लेगें। राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए चयनित इन खिलाड़ियो ने अप्रैल में गाजीपुर में हुए स्टेट किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया था। उन्होने चैम्पियनशिप में हिस्सा ले रहे खिलाडियों को शुभकामना देते हुए पदक की प्राप्त करने की पूरी उम्मीद जताई। खिलाड़ियों के चयन पर डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी नरेन्द्र पाल, जिला क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव अभिषेक ने हर्ष व्यक्त किया।

राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में चयनित खिलाड़ी।

भाई को गायब कर हत्या का आरोप

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : शहर के मोहल्ला काशीपुर के सीता देवी ने अपने भाई पवन को एक सप्ताह से गायब कर हत्या करने की आशंका मोहल्ले के एक पिता पुत्र पर लगाई है। कोतवाली में दी गई शिकायत में कहा कि भाई पवन कुमार को एक सप्ताह मोहल्ले के ही दो लोगों ने गायब कर दिया। कीमती जमीन बेचवाकर हत्या कर गायब कर देने का आरोप लगाया गया है। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

सरयू का पानी घटने से बढ़ी कटान की मुसीबत

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : सोमवार को सरयू नदी के जलस्तर में तेजी से गिरावट आई, तो इससे हेतमापुर बाढ़ग्रस्त इलाके में बाढ़ का पानी भी नदी में खिसक गया। पानी घटने के साथ कटान से मुसीबत बढ़ गई है। घाघरा नदी तटीय क्षेत्रों में तेजी से कटान कर रही है। कटान के चलते बबुरी, हेतमापुर, केदारीपुर, सरसंडा व कचनापुर गांव का अस्तित्व अब खतरे की ओर बढ़ रहा है। उधर सुंदरनगर, हेतमापुर, बलाईपुर, बाबापुरवा और क्योलीपुरवा आदि गांवों के किनारे भरा हुआ पानी भी वापस नदी में खिसक रहा है। पानी खिसकने के बाद गांवों में हर तरफ कीचड़ ही कीचड़ नजर आ रहा है। इन क्षेत्रों में सबसे बड़ी समस्या मच्छरों का प्रकोप बनकर सामने आ रही है, तो उधर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांवों में एंटीलार्वा, ब्लीचिंग पाउडर छिडकवाने में जुट गई है।

पूर्वोत्तर रेलवे अधिसूचना

श्री प्रणजीव सक्सेना, रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल, लखनऊ, नागरिक एवं विमानन मंत्रालय, भारत सरकार, **दिनांक 23.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे से मण्डल रेल प्रबंधक, कार्यालय (डी.आर.एम. मीटिंग हाल), अशोक मार्ग, लखनऊ** में गाड़ी सं. 15904 डा0 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस का मोतीगंज-झिलाही रेलवे खण्ड पर दिनांक 18.07.2024 को पटरी से उतर जाने के प्रकरण की जॉच करेंगें। यदि कोई नागरिक उपरोक्त दुर्घटना के सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी या साक्ष्य देना चाहते है, तो वह उपरोक्त दिनांक को जाँच के समय उपस्थित होकर पूर्ण साक्ष्य दे सकते हैं अथवा नीचे दिये गये मोबाइल नम्बरों पर दे सकते हैं। मोबाइल नं. **9794842876, 9794842946**

मुजाधि/संरक्षा-02 **मण्डल रेल प्रबंधक (संरक्षा), लखनऊ**

"मोबाईल पर बात करते हुए मानवरहित समपार पार न करें"

ज्वाला प्रसाद सिंह महाविद्यालय
महादेव नगर ,नानेमऊ सुलतानपुर

में आवश्यकता है–
प्राचार्य पद हेतु।
योग्यता एवं वेतनमान – यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार ।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने अन्दर अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं दो स्वः पता लिखा लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

प्रबंधक
मो0नं0– 9792630538

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY

STAFF REQUIRED

Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)

Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)

Receptionist-2
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge good Typing Speed (Female Candidate)

PRO
Qualification: Graduation

Accountant
Qualification: B.Com., M.Com. Exp. 1 year

Salary No Bar for Deserving Candidates

How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.

HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

कार्यालय ग्राम पंचायत इक्काताजपुर, विकासखण्ड-शुकुल बाजार, जनपद - अमेठी

पत्रांक मेमो / मनरेगा/पंचम वित/पन्द्रहवां वित/ 2023–24 दिनांक – 23/07/2024

अल्पकालीन निविदा/ कोटेशन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मनरेगा/पंचम वित/पन्द्रहवा वित्त योजनांतर्गत 2024–25 वर्ष में स्थानीय पंजीकृत फर्मो से निम्नलिखित कायों पर मुहरबंद निविदाएं व कोटेशन दिनांक 22/07/2024 से 29/07/2024 तक दिन में ग्राम पंचायत के अस्थायी सचिवालय में प्राप्त कराएं। सभी प्राप्त निविदाएं/कोटेशन दिनांक 29/07/2024 को दिन में 3 बजे ग्राम पंचायत के अस्थायी सचिवालय पर खोले जाएंगे। न्यनूतम दरदाता के पक्ष में आपूर्ति आदेश जारी किया जाएगा। किसी भी निविदा व कोटेशन को स्वीकार करने व अस्वीकार करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	माप/मात्रा	अनुमानित लागत लाख में	आपूर्ति की जाने वाली सामाग्री काम नाम
1	पंचायत घर से राजाराम के घर तक नाली निर्माण	70 मीटर	1.500	सीमेन्ट, मौरंग, बालू, प्रथम श्रेणी ईंट, आदि
2	राजाराम के घर से तालाब तक नाली निर्माण	80 मीटर	1.800	सीमेन्ट, मौरंग, बालू, प्रथम श्रेणी ईंट, आदि
3	पंचायत भवन से मालिकराम के घर तक इण्टरलांकिग निर्माण कार्य	70X3.30 मी0	2.800	सीमेन्ट, मौरंग, बालू, प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टरलाकिंग ईंट आदि
4	साईदीन के घर से लखन के घर तक इण्टरलांकिग निर्माण कार्य	70X3.30 मी0	2.800	सीमेन्ट, मौरंग, बालू, प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टरलाकिंग ईंट आदि

प्रधान श्रीमती कलावती
ग्राम पंचायत–इक्काताजपुर
विकास खण्ड–शुकुल बाजार
जनपद–अमेठी

ग्राम पंचायत सचिव
सुरेश कुमार मिश्रा
विकास खण्ड–शुकुल बाजार
जनपद–अमेठी

कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी हाटा, कुशीनगर

पत्रांकः जर्जरभवन / नीलामी/216–23/2024–25 दिनांकः 22.07.2024

सार्वजनिक नीलामी सूचना

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कुशीनगर के पत्रांकः जर्जर भवन/7525–28/2024–25 दिनांक 20–07–2024 के अनुक्रम में एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड–हाटा, कुशीनगर के परिषदीय विद्यालय संविलयन वि0 परसौना बुजुर्ग तथा संविलयन वि0 कछुईया सोमाली के जीर्ण–शीर्ण विद्यालय भवन की निलामी ब्लाक संसाधन केन्द्र, हाटा के परिसर में दिनांक 24.07.2024 को पूर्वाहन 11: 00 बजे खुली बैठक कराकर किया जाना है। निलामी लेने के इच्छुक व्यक्ति बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। निमाली प्रक्रिया का वितरण निम्नवत् है।

क्र. सं.	विद्यालय का नाम	भवन का प्रकार	तकनीकी समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम धनराशि	निलामी की तिथि
1	संविलयन वि0 परसौना बुजुर्ग	मूल भवन	43473.69	24.07.2024
2	संविलयन वि0 कछुईया सोमाली	मूल भवन	53000.00	24.07.2024

(अमितेष कुमार)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
हाटा, कुशीनगर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मैं **वीरपाल सिंह पुत्र बहादुर सिंह, निवासी–ग्राम–विश्रामपुर, पोस्ट व थाना–कागारोल, जिला–आगरा उ0प्र0** मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश पुत्री का नाम प्रतीग्या व जन्म तिथि 01–01–2008 अंकित हो गया है जबकि मेरी पुत्री के हाईस्कूल प्रमाण–पत्र में उसका नाम प्रतिभा कुमारी व जन्मथि 09–07–2008 अंकित है। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम प्रतिभा कुमारी है, एवम् उसकी वास्तविक जन्मतिथि 09–07–2008 है। अतः मेरी पुत्री के आधार कार्ड पर उसका सही नाम प्रतिभा कुमारी व जन्मथि 09–07–2008 अंकित किया जाय।

सूचना

यह कि मेरे भाई मनोज उर्फ रूकसार पुत्र अख्यतार अली का चाल चलन सही न होने के कारण उससे संबध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी भी कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वह अपने कार्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा। **– इस्माद अली पुत्र अख्यतार अली नि. फकिरपुरा, मो. बहोसी, थाना इंदरगढ़, कन्नोज।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **मरियम रफी पुत्री मो. रफी** Mohd Rafi **542 /के. बी. 21 गेट नंबर 2 किशोर बिहार कालोनी कैम्पबेल रोड लखनऊ** की हूँ। मेरे आंधार कार्ड, स्कूल की मार्कशीट व अन्य दस्तावेजों में पिता का नाम त्रुटिवश मलिक मो. रफी (Malik Mohd Rafi) व रफी मलिक (Rafi Malik) दर्ज हो गया है जोकि गलत है। यह कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र पर पिता का नाम मो0 रफी (Mohd Rafi) दर्ज है जोकि सत्य व सही है। मेरे पिता का नाम त्रुटिवश मलिक मो. रफी (Malik Mohd Rafi) मार्कशीट में दर्ज हो गया है। उसको मो0 रफी (Mohd Rafi) किया जाय।

सूचना

सूचित हो कि मै **राधिका सिंह पत्नी स्व0 किरन शंकर सिंह, निवासी–213 महाजनीटोला अयोध्या थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,** मेरी एक विवाहित पुत्री व चार पुत्र है जिनमें से तीसरे नम्बर के पुत्र एवं पुत्रवधू श्रीमती दुर्गेन्द्र पत्नी वैभव सिंह, निवासी– 18 हरदासपुर थाना हंसवर अम्बेडकनगर से काफी मानसिक रूप से हैरान व परेशान रहती हूँ इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मैं व मेरी पुत्री व मेरे अन्य पुत्रों से कोई वास्ता व सरोकार नही है न होगा।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **शरीफउद्दीन पुत्र स्व फजल अहमद निवासी ग्रा0 पो0– कम्हरिया, थाना– मोदहा जनपद हमीरपुर** का मूल निवासी हूँ। मेरे पासपोर्ट पर त्रुटिवश शरीफउद्दीन निजामी अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड और समस्त दस्तावेजों में शरीफउद्दीन दर्ज है। शरीफउद्दीन और शरीफउद्दीन निजामी दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मुझे इन दोनों नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना

मेरा गाटा संख्या (39मि0) स्थित ग्राम बालापुर रतनपुर के बैनामे का मूल दस्तावेज 5 जुलाई 2024 को बालापुर से तुलसीपुर जाते समय रास्ते में वानपुर चौराहे के पास कहीं गिर कर खो गया है। **– उग्रसेन यादव पुत्र घिराऊ ग्राम निश्चलपुर (चैनपुर) कोतवाली –जरवा जिला– बलरामपुर**

सूचना

सूचित हो कि मैं छोटे लाल पुत्र घरसू निवासी मो0 मिर्जापुर पो0 मल्लावां तहसील बिलग्राम जिला हरदोई का हूँ। मेरे पुत्र स्व0 नारेन्द्र की मृत्यु हो चुकी है। मेरे पुत्र स्व0 नारेन्द्र और बहू मीना से दो बच्चे सुमित व नैंसी है जो अभी नाबालिग है। एक सप्ताह पूर्व बहू मीना ने मनोहर पुत्र राजेंद्र गौतम निवासी ग्राम नसीरपुर पो0 बखौरा थाना मल्लावां, हरदोई से अपनी मर्जी से विवाह कर लिया है। बहू मीना द्वारा अपनी मर्जी से विवाह कर लेने से मैं अपनी चल –अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किये गए कार्यो से मेरा कोई वास्ता नहीं रह गया है। उक्त दोनों बच्चे नाबालिग होने के चलते स्वंय संरक्षक रहूंगा, मीना का कोई वास्ता नहीं रहेगा।

सूचना

मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे तीन पुत्र व एक पुत्री है किंतु मेरा सबसे बड़ा लड़का धर्मेंद्र जो नशा करना मारपीट झगड़ा लड़ाई के साथ अनैतिक कार्य लगातार करता रहता है हमारी सेवा व देखभाल भी नहीं करता है तथा परिवार से उसका कोई लेना–देना नहीं है। जिसके चलते मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं उसके द्वारा किए करावे से मेरा आज से कोई लेना देना नहीं है। **– श्रीपाल सरोज पुत्र रामदयाल रायपुर फुलवारी जनपद अमेठी**

सूचना

सूचित हो कि मैने अपना नाम FATIMA QIDWAI से बदलकर FATIMA ARSHAD रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/O-ARSHAD ALI QIDWAI, Add: 266/736 BAGIYA, HABIB BEG BHADEWAN RAJENDRA NAGAR, LUCKNOW-226004

सूचना

सूचित हो कि मैं **मुन्ना पुत्र स्व0 नबी अहमद, निवासी– मो0 कटरा शहाबपुर, पोस्ट– शहाबपुर, थाना मसौली, तहसील नवावगंज, जनपद बाराबंकी** मेरा पुत्र मो0 हसनैन पुत्र मुन्ना व उसकी पत्नी नारीन बानो पत्नी मो0 हसनैन जो कि मेरा कहना नही मानते है और अपनी मन–मर्जी करते है। उनका चाल–चलन अच्छा नहीं है तथा कुछ कहने पर उल्टे मुझे व उसकी पत्नी को मारता भी है। उससे काफी परेशान, हताश व हैरान होकर अपनी चल–अचल सम्मत्ति से बेदखल करता हूँ। उक्त से अब मेरा व उसके परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं रह गया है। अगर उक्त दोनो मो0 हसनैन व बहू नसरीन बानो अगर कोई कृत्य घटना घटित करते है तो उसके वह स्वयं के जिम्मेदार होगें।

एक नजर

पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जनपद के थाना बसखारी क्षेत्र में पुलिस ने विभिन्न मुकदमों में वारंटी अभियुक्त फूलचन्द तिवारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बसखारी पुलिस टीम ने सोमवार को थाना स्थानीय पर पंजीकृत विभिन्न मुकदमों में वारंटी अभियुक्त फूलचन्द तिवारी पुत्र रामवदन निवासी हजियापुर थाना बसखारी को हजियापुर अभियुक्त के घर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल रवाना कर दिया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अनुराग गौतम, हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह शामिल रहे।

मजलिस का आयोजन आज

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। अलहाज अशफाक हुसैन इब्न मोहम्मद हसन असकरी मरहूम की मजलिस-ए-सोएम फातेहा आगामी 23 जुलाई को जाफराबाद स्थित हैदरी इमाम बाड़ा मोहल्ला दयार-ए-हैदरी में शाम 4 बजे आयोजित होगी। मजलिस को मौलाना जैगम अब्बास बाकरी खिताब करेंगे। कुरान ख्वानी का सिलसिला सुबह 6 बजे से शुरू हो जाएगा। मजलिस से पूर्व जोहैर अब्बास व उनके हमनवा मर्सिया ख्वानी करेंगे। इब्ने अली जाफरी ने बताया कि अलहाज अशफाक हुसैन का बीती 21 जुलाई को लम्बी बीमारी बाद निधन हो गया था।

मंदिरों व शिवालयों में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। जनपद में सावन के पहले सोमवार को जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मंदिरों और शिवालय हर-हर महादेव व बम भोले के जयकारे से गूंज उठे। सुबह से ही शिवभक्तों का शिवालयों में तांता लग गया जो देर शाम तक चला। प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मियों की भी तैनाती रही।

महिलाओं और पुरुषों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक कर मन्नतें मांगी। मंदिरों और शिवालयों में बज रहे भक्ति गीतों से माहौल और भी भक्तिमय हो गया। जिला मुख्यालय से सटे पवित्र शिवबाबा धाम में न सिर्फ अकबरपुरनगर, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने पहुंचकर जलाभिषेक के साथ-साथ विशेष पूजन-अर्चन किया। जिला मुख्यालय के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में शिवमंदिरों व शिवालयों पर पहुंचकर लोगों ने जलाभिषेक किया। वहीं कांवडियों का जगह-जगह लोगों ने आगे बढक़र स्वागत किया। अकबरपुर नगर के मीरानपुर स्थित शिवालय, शहजादपुर स्थित शिवालय, कलेक्ट्रेट के निकट स्थित शिवमंदिरों पर भी बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने पहुंचकर जलाभिषेक कर विशेष पूजन अर्चन किया।

वहीं जलालपुर क्षेत्र में श्रावण माह के प्रथम सोमवार को शिवालयों में पूजा-अर्चना करने के लिए भक्तजनों की भीड़ उमड़ी रही। साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई। कलश यात्रा और मंदिरों पर पुलिस प्रशासन द्वारा सतर्कता के लिए पुलिस का पहरा लगा रहा। सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा-अर्चना का विशेष फल प्राप्त होता है। मान्यता है कि इस दिन जो भी माता पार्वती और भगवान भोलेनाथ की आराधना करता है, उसे सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान भोलेनाथ को अपने पति के रुप मे पाने के लिए माता पार्वती ने कठोर तपस्या की थी। इसके फलस्वरूप महादेव ने माता पार्वती जी को अपनी पत्नी के रूप मे स्वीकार करने का वर दिया था। मान्यता है कि जो भी सावन के सोमवार मे भगवान भोलेनाथ की पूरी श्रद्धा के साथ पूजा करता है। उसे मनचाहा वर या वधू प्राप्त होता है। इसके अलावा सावन के सोमवार का व्रत रखने से कूंडली में चन्द्रमा की स्थिति मजबूत होती है और इसके अलावा राहु केतु का अशुभ प्रभाव दूर होता है।

शिवबाबा धाम में भक्तों की लगी भीड़। अमृत विचार

शिवबाबा धाम में पूजा-अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

झारखंड बाबा स्थान पर पूजा करते भक्त।

सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य। अमृत विचार

निकाली गई कलश यात्रा

सावन माह की प्रथम सोमवार को नगर स्थित मठिया मंदिर और शिवाला घाट पर पूजा-अर्चना करने के लिए भक्त जनों की भीड़ उमड़ी रही। इसी प्रकार से मालीपुर थाना के बाबा झारखंड देवस्थान पर व जलालपुर कोतवाली के पारा में पूजा-अर्चना करने के लिए महिलाओं व पुरुषों की कतार लगी रही। नगर में महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकली गई। जिसमें महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य, कोतवाल संतोष कुमार सिंह दलबल के साथ लगे रहे।

संदिग्ध हालात में युवक लापता

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। मित्रों के संग शाहगंज गया युवक संदग्धि परिस्थितियों में लापता हो गया। जबकि युवक की बाइक लावारिस हालत में एक बाग में पड़ी मिलने से परिजन किसी अनहोनी को लेकर परेशान हैं।

मामला कटका थाना क्षेत्र के बड़ाहखुर्द गांव का है। जहां के बखेडू ने पुलिस से शिकायत किया है कि उसके पुत्र मूलचंद को गांव के ही सलाहुद्दीन और अकरम अपने साथ बकरी पहुंचाने के लिए शाहगंज ले गए। देर रात जब मूलचंद वापस घर नहीं लौटा तो मोबाइल से संपर्क करने के बाद उस ने बताया कि वह रास्ते में हैं, वापस आ रहा हूं। उसके बाद उसकी मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। इसी बीच देर रात सम्पर्क करने के बाद किसी अज्ञात ने फोन रिसीव करके बताया कि मूलचंद बंदीपुर पुल के दक्षिण बेहोश पड़ा है। घबराए परिजन जब वहां पहुंचे तो मूलचंद वहां मौजूद नहीं था। जब कि उसकी बाइक बंदीपुर पुल के पास बाग में पड़ी मिली। जिसके बाद से परिजनों में तरह-तरह के सवाल पैदा हो रहे हैं। इस संबंध में एसओ कटका ने बताया कि गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर छानबीन जारी है।

केशव हत्याकांड के दोषी को आजीवन कारावास

विधि संवाददाता, अंबेडकरनगर

फैसला

अमृत विचार। विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट परविन्द कुमार ने हत्या और जानलेवा हमला के आरोपी को आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनायी है। न्यायाधीश ने अभियुक्त को गैंगेस्टर एक्ट में साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। वहीं जानलेवा हमले के मामले में सात वर्ष की सजा और पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाया है और हत्या के मामले में दोषी पाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायाधीश ने स्पष्ट किया है कि दोषी को दी गई दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

कोतवाली टांडा क्षेत्र के सुलेमपुर निवासी केशव वर्मा और राजेश को 23 जून 2022 को जमीनी विवाद में लाठी-डंडा और असलहे से विवादित जमीन पर ही छज्जापुर निवासी अजय कुमार अग्रवाल, परसावां कला निवासी देव प्रभाकर मिश्र और गुड्डू उर्फ हेमन्त कुमार ने हमला कर दिया था। जिसमे दोनों लोगों को गोली लग गई और केशव वर्मा की मौके पर ही मौत हो गयी थी। मृतक केशव वर्मा के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। बाद सभी आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी की गई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद सभी आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय पर प्रेषित किया। दौरान मुकदमा आरोपी अजय कुमार अग्रवाल और देव प्रभाकर मिश्र की मौत हो गई। न्यायालय में सत्र परीक्षण के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुभाष चन्द्र वर्मा ने गवाहों को परीक्षित कराते हुए आरोपी को सजा दिए जाने के पक्ष में तर्क दिया। मामले की संपूर्ण सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट ने आरोपी गुड्डू उर्फ हेमन्त कुमार को गैंगेस्टर एक्ट में दोषमुक्त कर दिया। वहीं हत्या और जानलेवा हमले के आरोप में दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनायी है।

उपचुनाव के लिए सपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के तहत कटेहरी प्रथम जिला पंचायत सदस्य सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में सोमवार को सपा समर्थित प्रत्यशी कांति देवी पत्नी राजित राम गौतम ने अपना नामांकन दाखिल किया। जिला पंचायत कटेहरी प्रथम सीट पर निर्वाचित सपा समर्थित प्रत्याशी श्यामकली का बीते दिनों निधन हो गया था। जिसके बाद इस सीट पर उपचुनाव की घोषणा के बाद नामांकन हो रहा है।

जिला पंचायत कटेहरी प्रथम सीट श्यामकली के निधन से हुई थी खाली

समाजवादी पार्टी की समर्थित उम्मीदवार कांति देवी पत्नी राजितराम ने सोमवार को जिलाध्यक्ष जंगबहादुर यादव, पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा के कलेक्ट्रेट के बगल स्थित अंबेडकर प्रतिमा के पास पहुंची। डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट में जाकर नामांकन किया। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष जंगबहादुर यादव ने कहा कि सपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य श्याम कली के निधन से ये सीट खाली हुई है। उनके परिवार की सहमति से सपा ने कांति देवी को अपना उम्मीदवार बनाया है। उपचुनाव में भी जनता सपा समर्थित उम्मीदवार को जिताएगा। जनता भाजपा की नीतियों से परेशान है। अब इनसे छुटकारा पाना चाहती है। उन्होंने कहा कि उनको पूर्ण विश्वास है कि जनता सपा समर्थित उम्मीदवार को जिताएगा।

पुलिस कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते एसपी डॉ. कौस्तुभ। अमृत विचार

समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें : एसपी

संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

सोमवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई के दौरान एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन और वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर फरियादियों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सार-संक्षेप

शिक्षामित्र 25 को मनाएंगे काला दिवस

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जनपद में प्राथमिक स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षा मित्र 25 जुलाई को काला दिवस मनाएंगे। कलेक्ट्रेट के निकट धरना देकर मृतक शिक्षा मित्रों को श्रद्धांजलि देंगे। शिक्षा मित्रों का 25 जुलाई 2017 को समायोजन रद्द हो गया था। संघ के अध्यक्ष ने बताया कि समायोजन रद्द होने से लोगों की परेशानी बढ़ी है। कई शिक्षा मित्र अवसाद में अपनी जान गंवा चुके हैं। प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष विजय दीप सिंह ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षा मित्र 25 जुलाई को काला दिवस मनाएंगे। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई का दिन शिक्षा मित्र के जीवन का काला दिन है। इसी दिन 25 जुलाई 2017 को शिक्षामित्र का समायोजन रद्द हुआ था। रद्द होने के कारण शिक्षा मित्र और उनका परिवार आर्थिक तंगी से जूझने लगा और रद्द होने के बाद उत्तर प्रदेश में लगभग 12 हजार शिक्षा मित्र आत्म हत्या व अवसाद में आकर जान दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस काला दिवस 25 जुलाई को शिक्षा मित्र जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर मृतक शिक्षा मित्रों को श्रद्धांजलि देंगे। उन्होंने बताया कि काला दिवस मनाने के बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन देंगे।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। शादी का झांसा देकर कई वर्ष से शारीरिक सम्बंध बनाने के बाद शादी से इन्कार करने पर पीडिता ने पुलिस से शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म की धारा मे मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दिया है। मामला जलालपुर कोतवाली थानाक्षेत्र के एक गांव का है। युवती ने पुलिस से शिकायत करते हुए कहा कि टांडा कोतवाली क्षेत्र के अमेरा सरैया गांव निवासी विनय कुमार का मेरे गांव मे ननिहाल था, जो अक्सर आया जाया करता था। जिससे हमारा सम्पर्क हो गया और शादी का झांसा देकर लगभग 4 .5 वर्षों से सम्बंध बनाता रहा। लेकिन अब शादी करने से इन्कार कर रहा है। आहत युवती ने जलालपुर कोतवाली पहुंच कर पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म की धारा मे मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

दिव्यांग से मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जनपद में राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के कस्तूरीपुर में स्थित लल्लन जी ब्रह्मचारी पेट्रोल पंप से तेल भराने के बाद उसकी गुणवत्ता की शिकायत करना एक दिव्यांग को भारी पड़ गया। मामले से गुस्साए पेट्रोल पंप संचालक और उनके कर्मचारियों ने पहले दिव्यांग को जमकर पीटा और उसके बाद उसके बीच-बचाव के लिए आए युवकों की पिटाई की। दिव्यांग की पिटाई का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है। मामला राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के कस्तूरीपुर में स्थित लल्लन जी ब्रह्मचारी पेट्रोल पंप से जुड़ा हुआ है। पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर निवासी जसवीर सिंह पुत्र विवेक सिंह का आरोप है कि वह 19 जुलाई को पेट्रोल पंप पर तेल भरा रहा था और फोन पर पेट्रोल पंप मालिक रमाशंकर मिश्र से खराब तेल की शिकायत किया। इसी दौरान हिमांशु पुत्र रमाशंकर मिश्रा ने गाली-गलौज देना शुरू कर दिया और विवाद शुरू हो गई। मारपीट में दिव्यांग जसवीर सिंह को दर्जन भर लोगों ने लाठियों से जमकर पीटा। इसके अलावा दिव्यांग के बचाव में अभिजीत सिंह और अभिषेक यादव पुत्र सुरेंद्र यादव की पिटाई की। मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने रमाशंकर मिश्र, हिमांशु मिश्र, भगवान प्रसाद मिश्र, कुंदन समेत 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर की चर्चा

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। अटेवा पेंशन बचाओ मंच की अकबरपुर ब्लॉक इकाई की बैठक अकबरपुर नगर में आयोजित हुई। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आगामी दिनों में होने वाले आंदोलन को सफल बनाने पर चर्चा की गई। जिला संयोजक रामबली त्रिशरण ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जब भी आवाज बुलंद की जाती है तो सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है, इससे आगे प्रक्रिया नहीं बढ़ती है। पुरानी पेंशन बहाल न होने से सेवानिवृत्त होने के बाद कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। उनका भविष्य असुरक्षित हो गया है। नई पेंशन नीति कर्मचारियों के हित में कतई सही नहीं है। ऐसे में नई शिक्षा नीति को वापस लिया जाए साथ ही पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए। प्रदेशीय मंत्री संजय उपाध्याय, कोषाध्यक्ष अनुज वर्मा, ब्लॉक संयोजक रंजीत, रश्मि वर्मा, अवधेश कुमार, महेंद्रए दिलीप कुमार, प्रमोद वर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आगामी दिनों में एक बार फिर से आंदोलन छेड़ा जाएगा।

मछलीगांव में जुलूस-ए-अजा आज

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जलालपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम मछलीगांव में अंजुमन असगरिया द्वारा जुलूस-ए-अजा का वार्षिक कार्यक्रम तालिब अब्बास और अब्बास मेहदी के संचालन में आगामी 23 जुलाई मंगलवार को सुबह 9 बजे से आयोजित होगा। अंजुमन असगरिया के सचिव शीबू रिजवी ने बताया कि उक्त अवसर पर नौहोमातम के लिए विभिन्न मातमी दस्ते मौजूद रहेंगे। जिनमें प्रमुख रूप से अंजुमन जीनते अजा बाराबंकी, अंजुमन पंजतनी तुराबखानी सुल्तानपुर, अंजुमन जवानाने हुसैनी अमिलो आजमगढ़, अंजुमन जाफरिया जलालपुर, अंजुमन सफीरे नासिरुल अजा कटघरकमाल, अंजुमन मोईनुल अजा दाऊदपुर और अंजुमन असगरिया मछलीगांव है। जबकि मौलाना कासिम अली ईरान तथा मौलाना नूरुलहसन रिजवी मछलीगांव अजादारों को संबोधित करेंगे।

विवाद सुलझाकर साथ रहने को राजी हुए चार जोड़े

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थानाध्यक्ष प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र प्रियंका पाण्डेय और महिला कांस्टेबल प्रिया मिश्रा, महिला आरक्षी सोनी द्वारा पति-पत्नी के चार जोड़ों के बीच पारस्परिक परिवारिक विवाद को सुलझाकर उन्हें राजी-खुशी विदाई कराई गई। महिला थानाध्यक्ष प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र प्रियंका पाण्डेय और महिला कांस्टेबल प्रिया मिश्रा, महिला आरक्षी सोनी द्वारा पति-पत्नी के कुल 4 जोड़े, जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसके बाद पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

महिलाओं व छात्राओं को बताए उनके अधिकार

मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिसकर्मियों ने चौपाल लगाकर किया जागरूक

संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत थानों की एंटीरोमियों टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को चौपाल लगाकर नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन और नारी सम्मान के लिए विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण के तहत जनपद के थानों पर पुलिस की पाठशाला चौपाल लगाकर महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन और नारी सम्मान की दिशा में जनपद की एंटीरोमियो टीम द्वारा उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर वर्तमान में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड के संबन्ध में जागरुक करते हुए बताया गया कि किसी अन्जान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें। यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

छात्राओं को जानकारी देती महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

बारिश न होने से खेतों में पड़ीं दरारें

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। मानसून की कमजोर रफ्तार किसानों को बीच सफर में ही मुसीबत में डाल दिया है। अच्छे मानसून की उम्मीद पर किसानों ने धान की रोपाई का काम तीव्र गति से किया किंतु विगत लगभग 12 दिन से आसपास के क्षेत्र में वर्षा की एक बूंद भी नहीं टपकी धान के खेतों में दरारें पड़ गई हैं और तेज धूप के कारण पौधे भी सूख रहे हैं। किसानों द्वारा अपने निजी साधनों से जैसे तैसे फसल को जीवित रखने का प्रयास किया जा रहा है। मानसून की इस बेरुखी से अन्नदाता के माथे पर चिंता की लकीरें साफ साफ दिख रही हैं।



किसान संग्राम यादव, जगदंबा त्रिपाठी, शिवनाथ गौड़, धीरेंद्र सिंह, दिनेश यादव, राम तीरथ त्रिपाठी आदि का कहना है कि इस प्रकार यदि मानसून द्वारा धोखा मिलेगा तो धान पैदा करना टेढ़ी खीर हो जाएगा। उसमें लगाई गई पूंजी बेकार चली जाएगी और किसानों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा।

संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 360 शिकायतें, सिर्फ 26 का निस्तारण

पुलिस अधीक्षक और एडीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए जनपद के समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल मिलाकर 360 शिकायतें आईं, जिनमें से सिर्फ 26 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं शेष बची हुई शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता और अपर पुलिस अधीक्षक श्यामदेव की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 115 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 06 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया और शेष 109 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील अकबरपुर में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान प्रार्थना पत्र को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीनी विवाद सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए। तहसील अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 55 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 03 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण करा दिया गया तथा शेष 52 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए है। तहसील भीटी में संपूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी भीटी के समक्ष कुल 60 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमे से 06 शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारित कर दिया गया और शेष 54 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी टांडा के समक्ष 45 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 06 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारित करा दिया गया। वहीं शेष 39 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। तहसील जलालपुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी जलालपुर के समक्ष कुल 85 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई। जिसमें से 05 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष 80 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के लिए प्राप्त करा दिया गया।

आलापुर तहसील में फरियादियों की समस्याएं सुनते एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता व साथ में एएसपी श्यामदवे। अमृत विचार

अकबरपुर तहसील में फरियादियों की समस्याएं सुनते पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ व साथ में अन्य अधिकारी। अमृत विचार

एक नजर

1.25 करोड़ का ऋण वितरित

गोंडा : 1 जुलाई से अब तक प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा आर्य नगर ने शिक्षा, पंचायत व रेल्वे विभाग के कर्मचारियों को मिलाकर 11 कर्मचारियों को एक करोड़ 25 लाख रुपये का व्यक्तिगत ऋण वितरित किया है। शाखा प्रबंधक अंबुजमणि त्रिपाठी ने बताया कि व्यक्तिगत ऋण के लिए प्राप्त अन्य कर्मचारियों के प्रार्थना पत्रों की जांच सहायक प्रबंधक राजीव कुमार द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद उन सभी कर्मचारियों को भी व्यक्तिगत ऋण वितरित कर दिया जाएगा।

सरयू नहर पर पुल निर्माण की मांग

रुपईडीह : ब्लॉक की ग्राम पंचायत भटपी के रखौना पुरवा गांव के निकट सरयू नहर की शाखा पर पुल का निर्माण न होने से अधिकांश किसानों को नहर के उस पर खेतों तक पहुंचाने के लिए दिक्कते उठानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान काली प्रसाद शुक्ल ने बताया कि उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराये जाने की मांग कई बार सरयू नहर खंड चार के अधिशासी अभियंता से की गई। इसके बावजूद आज तक पुल का निर्माण नहीं हो सका है।

भूमि विवाद में मारपीट

धानेपुर : थाना क्षेत्र के दुंदापुर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई है। दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है। हालांकि पुलिस ने एक पक्ष का मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम पंचायत डेबरी कला के मजरा दुंदापुर के रहने वाले राजित राम के मुताबिक भूमि विवाद को लेकर गांव निवासी विपक्षियों ने मारपीट की जिससे उन्हें उनकी पत्नी सुंदरी व उनके पक्ष के अमरनाथ को चोटें आई हैं। दीपनरायन, चिंताराम, कपिल देव व सचिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

शिव मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, गूंजा हर-हर महादेव

सावन के पहले सोमवार को विभिन्न शिव मंदिरों में लाखों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर किया जलाभिषेक

खरगूपुर के ऐतिहासिक बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक करते शिवभक्त। अमृत विचार

शहर के दुखहरननाथ मंदिर के बाहर जलाभिषेक के लिए लगी शिवभक्तों की कतार। फोटो : अमृत विचार

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : पवित्र श्रावण माह के पहले सोमवार पर आज शिव मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। ऐतिहासिक बाबा दुखहरननाथ मंदिर, खरगूपुर के बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर, मनकापुर के बाबा करोहानाथ, वजीरगंज के बाबा बालेश्वर नाथ समेत जिले के विभिन्न शिव मंदिरों में लाखों की संख्या में शिवभक्तों ने पहुंचकर जलाभिषेक किया और भगवान शिव का पूजन अर्चन किया। इस दौरान हर हर महादेव के जयघोष से शिव मंदिर गूंजते रहे। शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन की तरफ से मंदिर परिसर से लेकर बाहर सड़क तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

सावन के पहले सोमवार पर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला आधी रात से ही शुरू हो गया था। शहर के ऐतिहासिक बाबा दुखहरननाथ मंदिर पर जलाभिषेक के लिए हजारों श्रद्धालु लाइन में खड़े दिखे भोर में 4 बजे से जलाभिषेक शुरू हुआ तो 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' के नारों से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ को जल, बेलपत्र, अक्षत, पुष्प, भांग व धतूरा अर्पित कर उनका पूजन किया और सुख समृद्धि की कामना की। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर में

दुखहरननाथ मंदिर में जलाभिषेक करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतार लगवाई गई। जिला अभिषेक में कोई परेशानी न हो इसके लिए मंदिर के दोनों दरवाजों को खोला गया था। एक दरवाजे से पुरुष श्रद्धालु तो दूसरे दरवाजे से महिला श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। महिलाओं की सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती रही। खरगूपुर स्थित ऐतिहासिक बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों का तांता लगा रहा। यहां पर श्रद्धालुओं ने करीब 2 किलोमीटर की लंबी लाइन में लगकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और पूजा अर्चन किया। मनकापुर के करोहानाथ शिव मंदिर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक व रुद्राभिषेक किया। बंदरहा गांव स्थित मोटेनाथ शिव मंदिर, श्री बानगढ मंदिर में मनोकामना पूर्ण शिव मंदिर, कस्बा के मोहल्ला रफी नगर के नारदेश्वर शिवमंदिर जिगना के पंचमुखी शिव मंदिर, झिलाही के कटेश्वर नाथ शिव मंदिर पर जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों का तांता लगा रहा। करनैलगंज के कटरा घाट स्थित सरयू नदी से जलभर कर शिवभक्तों ने क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक किया। सबसे ज्यादा भीड़ बरखंडी नाथ महादेव मंदिर में रही, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। कटरा घाट स्थित मनकामेश्वर मंदिर सहित सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

एसपी ने किया जलाभिषेक देखी सुरक्षा व्यवस्था

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सोमवार को शहर के दुखहरननाथ मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के बाद उन्होने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।

प्रतिबंधित रहा यातायात

अमृत विचार : शिवभक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने रूट डायवर्जन भी कर रखा था। गुरु नानक चौराहे से बड़गांव चौराहे तक यातायात प्रतिबंधित रहा और इस रूट पर चार पहिया वाहन से जाने की मनाही रही। दोनों चौराहों पर बैरिकेडिंग को साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। हालांकि दोपहर आवागमन को लिए खोल दिया गया।

तालाब में डूब कर दो बच्चों की मौत

एक को बचाया गया, वजीरगंज के करदा गांव में हुआ हादसा

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : वजीरगंज थाना क्षेत्र के करदा गांव के रहने वाले दो बच्चों की सोमवार को तालाब में डूब कर मौत हो गयी। बच्चे तालाब में नहाने गए थे। नहाते वक्त वह गहरे पानी में चले गए। बच्चों की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एक बच्चे को जीवित बचा लिया। घटना के बाद गांव में कोहराम मचा है।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के करदा गांव के रहने वाले विजय चौहान का बेटा शुभम (12), उदयराज चौहान का बेटा आकाश (10) व जिलई चौहान का बेटा राज (10) तीनों सोमवार को गांव के बाहर स्थित तालीब में नहाने गए थे। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए। बच्चों की चीख पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और डूब रहे तीनों बच्चों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर वजीरगंज एसओ अभय सिंह भी मौके पर पहुंच गए उन्होंने तत्परता दिखाते हुए सभी बच्चों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया लेकिन डाक्टरों ने शुभम व राज को मृत घोषित कर दिया। आकाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि बच्चों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

हादसे के बाद बेहोश आकाश को इलाज के लिए ले जाते एसओ।

5वीं पास कर चुका था शुभम, चौथी का छात्र था तिलकराज

शुभम

अमृत विचार : हादसे में जान गंवाने वाला शुभम वजीरगंज के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ता था। इसी वर्ष उसने 5वीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। दूसरा मृतक तिलक राज गांव के बगल स्थित एक निजी स्कूल में चौथी का छात्र था। हादसे में जीवित बचा आकाश भी प्राथमिक विद्यालय करदा में चौथी कक्षा में पढ़ता है। सोमवार को तीनों स्कूल नहीं गए थे। सुबह परिवार के लोग मजदूरी करने चले गए तो तीनों बच्चे गांव के बाहर तालाब में नहाने चले गए।

गैंगरेप पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही पुलिस

संवाददाता, परसपुर

अमृत विचार : परसपुर थाना क्षेत्र के रहने वाली एक गैंगरेप पीड़िता रिपोर्ट दर्ज करने के लिए एक सप्ताह से थाने का चक्कर लगा रही है, लेकिन पुलिस उसकी रिपोर्ट नहीं लिख रही है। पीड़िता ने जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की फरियाद की है।

परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत में कहा है कि 16 जुलाई को रात्रि करीब 12:30 बजे चौक पर रक्खी ताजिया देखने के लिए वह अपनी सहेली के साथ अपने दरवाज़े से बाहर निकली ही थी कि उसके गांव के ही निवासी दो युवक उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर जबरन बाइक पर बैठा ले गए। कुछ दूर जाने के बाद दोनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। सुबह होते ही एक तिराहे पर छोड़कर फरार हो गए। वह किसी तरह पैदल अपने घर जा रही थी कि उसे ढूंढ़ते हुए उसके पिता उसके पास पहुंच गए। पीड़िता के अनुसार उसने सारी कहानी अपने पिता को बतायी, जिस पर वह उसे थाने ले गए लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। दूसरे दिन वह एसपी से भी मिली फिर भी उसकी रिपोर्ट नहीं दर्ज हुई। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस उसके पिता पर सुलह करने का दबाव बना रही है। इस सम्बध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है। यदि इस तरह की घटना हुई है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

मवेशी के हमले से किसान की मौत

रामसंवारे

बेलसर, गोंडा, अमृत विचार : कोतवाली देहात क्षेत्र के वीरसिंहपुर के बालेश्वर दुबे पुरवा निवासी 50 वर्षीय राम संवारे पर रविवार शाम को मवेशी ने हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने बताया कि वह खेत में काम कर रहे थे तभी अचानक मवेशी ने हमला कर दिया। जान बचाने के लिए भागने लगे लेकिन मवेशी ने उन्हें उठा कर पटक दिया और मारने लगा। खेत में काम कर रहे अन्य लोगों ने लाठी डंडे से किसी तरह मवेशी को भगाया और उन्हें इलाज के लिए जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज लाए।

अबैध कब्जा हटवाने पर लेखपाल को मिली धमकी

संवाददाता, परसपुर, अमृत विचार : जलजीवन मिशन योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी को जाने वाले रास्ते से अवैध कब्जा हटवाने पर लेखपाल को धमकी मिली है। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बहुवनमदार माझा के लेखपाल विनय कुमार यादव ने बताया गांव में बंजर खाते की जमीन को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पानी टंकी निर्माण के लिए आवण्टित किया गया है। उसी गाटे से होकर निर्माणाधीन टंकी को जाने के लिए रास्ता भी चिन्हित किया गया था। चिन्हित किए गए रास्ते को बलराज पुत्र अमरनाथ निवासी ग्राम बहुवनमदार माझा ने छप्पर व बांस बल्ली गाड़ कर कब्जा कर लिया था। इस कब्जे को 13 जुलाई को पुलिस टीम के साथ जाकर खाली करा दिया गया था। टीम के वापस आते ही फिर से कब्जा कर लिया गया तथा फोन पर धमकी दी। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि कि उपजिलाधिकारी करनैलगंज के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

टीसी देने में की आनाकानी तो होगी कड़ी कार्रवाई : डीआईओएस

बेलसर, गोंडा, अमृत विचार। सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय सभागार में कर्नलगंज तहसील के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो की बैठक आयोजित की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर रामचंद्र ने कहा प्रधानाचार्य विद्यालय की धुरी होता है। उसके ऊपर बेहतर शैक्षिक गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी होती है। कहा, विद्यालय में साफ सफाई बेहतर होनी चाहिए। मेरे निरीक्षण में यदि कही गंदगी मिली तो सीधे कार्रवाई की जायेगी। छात्रवृति, इंस्पायर अवार्ड, परीक्षा फार्म, पंजीकरण सहित अन्य कार्य समय पूरे किए जाने चाहिए। बच्चों को टीसी देने में हीलाहवाली करने वाले की शिकायत मिलने पर सीधे कार्रवाई की जायेगी। दिनेश वर्मा, रवि यादव, सुनील कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

रिक्त राजस्व गांव में सफाई कर्मियों की तैनाती की मांग

गोंडा, अमृत विचार : ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष उमापति त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र देकर रिक्त पड़े राजस्व गांव में सफाई कर्मियों को तैनात किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि कई राजस्व गांव में सफाई कर्मी के न होने से सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ग्राम पंचायत सचिवालय, प्राथमिक विद्यालय व आरआरसी केंद्रों की सफाई का कार्य नहीं हो पा रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में संचारी रोग नियंत्रण माह चल रहा है, लेकिन गांव की स्थिति पहले जैसी बनी हुई है। जबकि शासन स्तर से रिक्त पड़े राजस्व गांव में सफाई कर्मियों को तैनात किए जाने का आदेश जारी किया गया है।

कटरा बाजार थाने पर बंदर का आतंक

संवाददाता, करनैलगंज

अमृत विचार : इन दिनों कटरा बाजार थाने पर एक बंदर का आतंक चल रहा है। उस बंदर ने पुलिस कर्मियों सहित थाने में रह रहे उनके परिवार व आने जाने वाले लोगों पर भारी है। बंदर अब तक दरोगा सिपाही सहित एक दर्जन से अधिक लोगों को घायल कर चुका है। नतीजन अब आम लोगों को छोड़ो पुलिस वाले भी बंदर के खौफ से परेशान है।

थाना कटरा बाजार के पुलिस कर्मियों ने बताया कि उक्त बंदर के हमले से अब तक दरोगा राम आशीष मौर्या, अवनीश राजपूत सहित आसपास के व आनेजाने वाले करीब एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। बंदर का खौफ इतना है कि थाने का कोई भी कर्मचारी बंदर देखते ही भयभीत हो जाता है। बंदर द्वारा घायल किये गये सभी लोग अस्पताल से एंटीरैबीज का इंजेक्शन ले रहे हैं। पीड़ित पुलिस कर्मियों ने बताया कि बंदर घूमता रहता है, जिससे आसपास के और लोग भी उसका शिकार बन रहे हैं। इस विषय में वन दरोगा अबरार खान ने बताया कि घटना के बारे में सूचना मिली है। लेकिन बंदर पकड़ने का काम नगर पालिका या ग्रामपंचायत स्तर पर होता है। फिर भी वन विभाग पूरा सहयोग करेगा।

अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : भाकपा (माले) के कार्यकर्ता से अभद्रता कर उसे कार्यालय से भगाना अपर सांख्यिकी अधिकारी को भारी पड़ गया है। भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं ने अपर सांख्यिकी अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सोमवार को प्रदर्शन किया और उपायुक्त उद्योग देवीपाटन मंडल को मांगपत्र सौंप कर कार्रवाई की मांग की है।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के जिला प्रभारी जमाल खान की अगुवाई में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि अपर सांख्यिकी अधिकारी के भ्रष्टाचार तथा पार्टी कार्यकर्ता से बदसलूकी को गंभीरता से लिया जाए। पूरे मामले की जांच करते हुए एक सप्ताह के अंदर कार्यवाही की जाए, यदि ऐसा नहीं होता है तो कार्यालय के समक्ष पार्टी के कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। दो सूत्रीय मांग पत्र में माले के कार्यकर्ताओं ने कहा है कि पार्टी के रामबहोर विश्वकर्मा से उपयुक्त उद्योग के कार्यालय के अंदर अपर सांख्यिकी अधिकारी ने बदसलूकी की है। जिस पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा अपर सांख्यिकी अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। बिना सुविधा शुल्क के कोई कार्य नहीं करते हैं। उनकी संपत्ति की जांच कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में राजीव सिंह, घनश्याम, राजेश यादव, रामनिवास मौर्या, श्री राम, राम बहोर विश्वकर्मा, सत्यनारायण, राम तेज, रिजवान, कल्लू शाह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

उपायुक्त उद्योग देवीपाटन मंडल को मांगपत्र सौंपते भाकपा (माले) के कार्यकर्ता।

फुल आस्तीन यूनिफार्म के निर्देश पर अमल नहीं

चार प्रतिशत बच्चे ही फुल यूनिफार्म पहनकर जा रहे स्कूल, समीक्षा में खुलासा

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : जिले के परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए बेसिक शिक्षा निदेशक ने स्कूल में फुल शर्ट पैंट पहनकर आने का निर्देश दिया था लेकिन जिले के स्कूलों में नामांकित करीब तीन लाख बच्चों में से महज 4 प्रतिशत बच्चे ऐसे हैं, जो फुल आस्तीन की यूनिफार्म पहनकर स्कूल जा रहे हैं। दस्तक व संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा में यह जानकारी सामने आई है।

बीएसए व खंड शिक्षा अधिकारियों को यह जिम्मेदारी दी गयी थी कि है कि वह बरसात के दिनों में बच्चों को पूरी आस्तीन की शर्ट व पैंट पहनकर स्कूल आने के लिये प्रेरित करें लेकिन इस निर्देश का अमल होता नहीं दिखाई दे रहा है। ऐसे में एक बार फिर से बीएसए, बीईओ व स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को यह जिम्मेदारी दी गयी है कि वह संक्रामक रोगों के प्रति अभिभावकों को जागरूक करें और उन्हें अपने बच्चों को फुल शर्ट पैंट वाला यूनिफार्म पहना कर स्कूल भेजने को लिए प्रेरित करें।

वजीरगंज ब्लाक के मॉडल प्राइमरी स्कूल डल्लापुर में यूनिफार्म में बैठे छात्र।

1.66 लाख अभिभावकों के खाते में भेजी गई धनराशि

अमृत विचार : जिला समन्वयक सामुदायिक शिक्षा प्रेम शंकर मिश्र का कहना है कि स्कूल यूनिफार्म खरीदने के लिए सरकार की तरफ से बच्चों को 12 सौ रुपये दिए जाते हैं। यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे अभिभावकों के खाते में भेजी जाती है। इस सत्र में डीबीटी को पहले चरण में 1.66 बच्चों के अभिभावकों के खाते में स्कूल यूनिफार्म खरीदने के लिए धनराशि भेजी जा चुकी है। दूसरे चरण में 70 हजार अभिभावकों के खाते में धनराशि भेजे जाने की तैयारी है। सभी अभिभावकों को बच्चों के लिए स्कूल यूनीफार्म, जूता मोजा व स्कूल बैग खरीदने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

अधिकांश बच्चों के पास नहीं है स्कूल यूनिफार्म

अमृत विचार : पिछले शैक्षिक सत्र में लगभग 3 लाख अभिभावकों के खाते में स्कूल यूनिफॉर्म खरीदने के लिए धनराशि भेजी गई थी, लेकिन ज्यादातर अभिभावकों ने यूनिफॉर्म खरीदने के बजाय उसे पैसे का उपयोग अपने निजी खर्च में कर लिया। ऐसे में तमाम छात्र-छात्राएं यूनिफॉर्म से वंचित रह गए।

> बच्चों को संक्रामक रोगों से बचाने के लिए फुल बाजू की शर्ट व पैंट पहन कर आने का निर्देश मिला है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों कोई इस संबंध में निर्देशित किया गया है। स्कूल के प्रधानाध्यापकों को भी बच्चों के अभिभावकों से समन्वय स्थापित कर उन्हे जागरुक करने का निर्देश दिया गया है।
>
> – अतुल तिवारी, बीएसए

कागजों में चल रहा संचारी रोग अभियान

गोंडा कार्यालय

- जगह-जगह जलभराव से पनप रहे मच्छर, बीमारियों से जूझ रहे लोग
- स्वास्थ्य समेत 12 विभाग मिलकर चला रहे अभियान, व्यवस्था में नहीं हो रहा सुधार

अमृत विचार : जलजनित बीमारियों से बचाव और जागरूकता को लेकर चलाया जा रहा संचारी रोग अभियान धरातल से दूर कागजों पर चल रहा है। जगह-जगह जलभराव से पनप रहे मच्छर लोगों को बीमारी बांट रहे हैं और स्वास्थ्य मकहमा सबकुछ ठीक होने का दावा कर रहा है। स्वास्थ्य के अलावा अन्य 12 विभाग भी इस अभियान में सहयोग कर रहे हैं, लेकिन व्यवस्था जस की तस है।

1 जुलाई से संचारी रोग नियंत्रण व दस जुलाई से दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य समेत 12 विभाग संचारी रोगों से बचाव के इंतजाम में लगे हैं लेकिन शहर से लेकर गांव तक जलभराव व गंदगी से मच्छरों को पनपने का मुफीद वातावरण मिल रहा है। लोग बुखार व खांसी जैसे बीमारियों से परेशान हो रहे हैं। अधिकारी कागजों में अभियान चला रहे हैं, लेकिन अब तक कितने बुखार रोगी मिले हैं, इसका सही तथ्य ही सामने नहीं आ पा रहा है। नगर से सटे भार्गव कॉलोनी व गरीबीपुरवा में मोहल्ले में मच्छरों का आतंक है। लोगों को मच्छर काटने से संचारी रोग फैलने की आशंका है। यही हाल बूढ़ा देवर का भी है। गलियों में कीचड़ व पानी भरा है। दोनों तरफ घर बने हैं। मच्छर का लार्वा पनप सकता है, लेकिन प्रशासन गंभीर नहीं है। यह हाल तब है, जब जलजमाव न करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बावजूद अधिकारी खुद कोई प्रयास नहीं करना चाहते हैं। केवल शहर से सटे ही गांवों की स्थिति ही खराब नहीं है। यही हाल अधिकतर जगहों पर है। बारिश के बाद जगह-जगह पानी भरा है। बीमारी फैलने की आशंका है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सीके वर्मा ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। 12 विभाग संयुक्त रूप से अभियान चला रहे हैं। रोगियों की पहचान की जा रही है। साफ-सफाई के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा गया है।

शहर से सटी भार्गव कालोनी में भरा गंदा पानी। अमृत विचार

ऐसे करें जलजनित बीमारियों से बचाव

- बरसात का पानी घर के अंदर या बाहर कहीं भी एकत्र न होने दें।
- दरवाजों और खिड़कियों को मच्छर जाले से ढककर रखें।
- पूरी बाजू के कपड़े पहनें।
- मच्छरों के काटने से कई बीमारियां हो सकती हैं, जिसमें मलेरिया, डेंगू, पीला बुखार (पीत ज्वर), जापानी इंसेफेलाइटिस, जीका, चिकनगुनिया, वेस्टनाइल वायरस आदि हैं।
- लक्षण के नजर आने पर बिना ज्यादा देर किए चिकित्सक को दिखाएं।

एक नजर

परिजनों से मिलेगा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

परसपुर, अमृत विचार : सपा नेता की हत्या के मामले में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पीडित के घर जाकर परिजनों से मुलाकात करेगा। जानकारी देते हुए कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने बताया कि परसपुर के राजा टोला निवासी सपा नेता ओमप्रकाश सिंह की नृशंक हत्या के मामले मे कांग्रेसजनों का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को राजाटोला परसपुर आ रहा है। उन्होंने ने बताया कि प्रतिनिधि मण्डल में सुशील पासी प्रदेश उपाध्यक्ष, मुकेश सिंह चौहान महासचिव, सुभाष राजवंशी सचिव, त्रिलोकी नाथ तिवारी सचिव के साथ जिले के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहेंगे।

सर्पदंश से महिला की मौत

उमरीबेगमगंज, अमृत विचार : क्षेत्र के सोनौली मोहम्मदपुर नौशहरा निवासिनी एक महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। मृतका के देवर ओमप्रकाश की सूचना के बाद पुलिस ने शव को पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है। सोनौली मोहम्मद पुर निवासिनी महिला सोना देवी पत्नी रामतेज यादव 40 की सांप काटने से मौत हो गई। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक उमरी बेगमगंज नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

मारपीट में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

परसपुर, अमृत विचार : जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट में पांच घायल हो गये। पुलिस ने चार पर मुकदमा दर्ज किया है। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चोप पुरवा निवासी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर उनके गांव के ही निवासी राघवेन्द्र सिंह, मानवेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह तथा देवेन्द्र सिंह बीते सोमवार को अपशब्द कहते हुए मारने लगे, शोर करने पर पिता व भाई दिव्यांस सिंह व चाचा सुधाकर सिंह व सतेन्द्र सिंह तथा बहन साक्षी बचाने आये तो उनको भी मारने पीटने लगे। कुछ देर बाद गांव के लोग आकर बीच-बचाव जान-माल की धमकी देते हुए चले गये। इस सम्बध में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

राशनकार्ड धारकों को जबरन साबुन व चायपत्ती बेच रहे कोटेदार

शासन सख्त, प्रमुख सचिव ने जिलाधिकारी व डीएसओ को पत्र भेजकर कार्रवाई के दिए निर्देश

संवाददाता, गोंडा

▸▸ **विभाग की जिम्मेदार अफसर ने नहीं की कार्रवाई, तब शासन स्तर पर की गई शिकायत**

अमृत विचार : कोटेदार राशन कार्ड धारकों को जबरदस्ती निरमा, साबुन चीनी, चाय पत्ती दे रहे हैं। जब राशन कार्ड धारक को लेने से मना करता है तो राशन न देने की धमकी दी जा रही है। शासन ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सभी जिलाधिकारी व पूर्ति अधिकारियों को जबरन सामान देने वाले कोटेदारों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है ।

शासन ने कोटेदारों की आय बढ़ाने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान पर दैनिक वस्तुओं को बेचने का आदेश जारी किया था। आदेश के मुताबिक जो राशन कार्ड धारक कोटे की दुकान से सामान लेना चाहे, वह सामान ले सकता है। यदि राशन कार्ड धारक खाद्यान्न के साथ सामान नहीं लेना चाहता है तो उसके साथ कोई जबरदस्ती नहीं की जाएगी। इस आदेश के बाद कोटेदारों ने अपनी दुकान पर राशन के साथ चायपत्ती, निरमा, साबुन ,नमक भी बेचना शुरू कर दिया। लेकिन जिले के कुछ कोटेदारों ने अचानक जबरदस्ती इन सामानों को राशनकार्ड धारकों पर थोपना शुरू कर दिया। कोटेदारों द्वारा कहा जाने लगा कि शासन ने इन सामानों को बेचने का आदेश जारी किया है। यदि राशन कार्ड धारक इन सामानों को नहीं लेगा तो उसको खाद्यान्न भी नहीं मिलेगा। पहले तो राशन कार्ड धारक अपनी क्षमता के अनुसार सामान लेने लगे, लेकिन इसी दौरान कोटेदार घटिया सामान लाकर प्रिंट रेट पर बेचने लगे। जिससे राशन कार्ड धारकों में आक्रोश हो गया। जब कोटेदारों ने देखा कि राशन कार्ड धारक सामान लेने में आनाकानी कर रहे हैं तो वह लोग सामान न लेने पर खाद्यान्न न देने की धमकी देने लगे। कहीं कहीं कोटेदारों ने इसकी शिकायत भी दबे जुबान से की, लेकिन विभाग की जिम्मेदार अफसर ने कोई कार्रवाई नहीं की। तब इसकी शिकायत शासन स्तर पर हुई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी करते हुए कहा कि कोटे की दुकान पर दैनिक वस्तुओं का रखने का उद्देश्य कोटेदारों की आय को बढ़ाना था, लेकिन यह सामान जबरन नहीं दिया जाना था। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि ऐसे कोटेदारों की जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

कोटेदारों को दी चेतावनी

जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि शासन की ओर से कोटेदारों द्वारा जबरन दैनिक उपयोग के वस्तुओं को दिए जाने को लेकर पत्र आया है। संबंधित पूर्ति निरीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जा रहा है। साथ उन्होंने कोटेदारों को भी चेतावनी दी है कि यह राशन कार्ड धारक पर निर्भर करता है कि कि वह चाहे तो सामान ले अन्यथा ना ले। उसे मजबूर नहीं किया जा सकता। यदि कोई कोटेदार ऐसा करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों को वितरित किए गए पौधे। अमृत विचार

ग्रामीणों को वितरित किए 3200 पौधे

करनैलगंज, अमृत विचार : विकासखंड करनैलगंज के ग्राम सभा दिनारी में सोमवार को मुख्यमंत्री जन कल्याणकारी योजना के देवीपाटन मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने ग्रामीणों को 3200 पौधे वितरित किए। राघवेंद्र ने कहा कि दिव्यांग के लिए बैसाखी जितनी उपयोगी होती है, पेड़ पौधे सभी प्राणियों के लिए उतने ही उपयोगी हैं। उन्होंने सभी ग्राम वासियों से 10-10 पौधे लगाने की अपील की एवं गांवों में खाली पड़ी जमीनों, खेतों की मेड़ों व तालाबों के किनारे छायादार और फलदार पौधों को रोपित करने की तरकीबें बताईं। इस मौके पर स्वयं सेवक संघ के मंडल कार्यवाहक करन, गंगेश, अविनाश, अनुज कुमार मांगलिक, हाशिम, मसूद के सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

नरायनपुर कला में अवैध कब्जा हटाते हुए रास्ते की जमीन को खाली कराया गया

संवाददाता, करनैलगंज,गोंडा

अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के नरायनपुर कला में बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जा हटाते हुए रास्ते की जमीन को खाली कराया गया। रास्ते पर लोगों ने शौचालय व मड़हा रखकर अतिक्रमण कर लिया था। इसे लेकर तहसील में वाद चल रहा था। आदेश के क्रम में नायब तहसीलदार हलधरमऊ संतोष यादव की अगुवाई में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर ढहाया गया।

नायब तहसीलदार ने बताया कि अजय कुमार आदि लोगों ने तहसीलदार न्यायालय पर वाद दायर किया था। जिसमें कहा गया कि राम मनोहर, मनोज, राधे ने घूर, मडहा व शौचालय आदि बनाकर कब्जाकर लिया था। जिसको हटाने के निर्देश पर कब्जा हटाया गया।इस दौरान राजस्व निरीक्षक रामबहादुर पाण्डेय, राम संवारे, राजेश गुप्ता उपस्थित रहे। साथ ही सुरक्षा के लिए माधव पुर पुलिस चौकी प्रभारी समेत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे।

जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाती टीम। अमृत विचार

जिपं सदस्य परसपुर चतुर्थ के लिए 6 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : भाजपा समर्थित प्रत्याशी के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य बिन्नू दुबे की पत्नी रेनू दुबे ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वही ओमप्रकाश मिश्रा सहित पांच अन्य ने भी निर्दलीय उम्मीदवारों ने तौर पर पर्चा भरा।

जनपद में कतिपय कारणों से रिक्त चल रहे पंचायत के विभिन्न पदों के लिए आगामी 6 अगस्त को होने जा रहे उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। सोमवार को नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन जिला पंचायत सदस्य परसपुर वार्ड चतुर्थ के लिए 6 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। यहां भाजपा समर्थित उम्मीदवार के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य बिन्नू दुबे की पत्नी रेणु दुबे ने भारी समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया तो वहीं उनके चिर प्रतिद्वंद्वी ओम प्रकाश मिश्रा सहित पांच अन्य उम्मीदवारों ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। 24 जुलाई को नाम वापसी के बाद यहां प्रत्याशियों की संख्या कमी आ सकती है।

गौरतलब है कि यह सीट विनय शंकर उर्फ बिन्नू दुबे के आकस्मिक निधन के उपरांत रिक्त हो गई थी जिसके चलते यहां उपचुनाव कराया जा रहा है। सोमवार को रेनू दुबे के साथ ही ओम प्रकाश मिश्रा, अवनीश दुबे, अशोक, विमल प्रकाश व अभिषेक सहित कुल 6 उम्मीदवारों ने 8 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा समर्थित उम्मीदवार रेनू दुबे के समर्थन में भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, कैसरगंज सांसद के प्रतिनिधि संजीव सिंह, कर्नलगंज विधानसभा प्रभारी डॉ परमेश्वर सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह, गुड्डू सिंह मसौलिया, खजूरी निधि के पूर्व प्रधान ओमप्रकाश पांडेय, चंद्रभान उपाध्याय, अरुण तिवारी, अधिवक्ता अशोक तिवारी, जीवन प्रकाश तिवारी, तुलसीपुर के प्रधान ओम दुबे, पूर्व प्रधान अवनीश दुबे, जगदंबा प्रसाद दुबे, बिन्नू दुबे के पुत्र अनंत दुबे, पंडित अवधेश तिवारी, संदीप पांडेय सहित सैकड़ो समर्थक मौजूद रहे, तो वही ओमप्रकाश मिश्रा के नामांकन में दुरगोड़वा के प्रधान प्रतिनिधि अजय तिवारी, नरेंद्र मिश्रा व अन्य समर्थक शामिल रहे।

13 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

रुपईडीह, अमृत विचार : ब्लॉक की ग्राम पंचायत पिपरा चौबे व कुरसहा में ग्राम प्रधान पद के लिए हो रहे उपचुनाव में 14 प्रत्याशियों तथा 11 ग्राम पंचायतों को मिलाकर 13 ग्राम पंचायत सदस्यों के लिए 13 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इन नामांकन पत्रों की जांच कल 23 जुलाई को की जाएगी। ब्लॉक के सहायक निर्वाचन अधिकारी रोशन लाल व सुनील सिंह राठी ने बताया कि ब्लॉक की ग्राम पंचायत पिपरा चौबे में ग्राम प्रधान पद के लिए पूनम देवी, प्रमोद कुमार, शशिबाला, ज्ञानेंद्र कुमार, जामवंती, सुनीता, चंद्रावती, जटाशंकर व गुड़िया देवी ने तथा ग्राम पंचायत कुरसहा में कंचन देवी, निधि पांडेय, मालती देवी, पूजा मिश्र व पूनम देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार से दोनों ग्राम प्रधान पदों के लिए कुल 14 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार से 11 ग्राम पंचायतो को मिलाकर 13 ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए 13 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। दाखिल किए गए सभी नामांकन पत्रों की जांच कल 23 जुलाई को सुबह 10 बजे से की जाएगी।

वजीरगंज में प्रधान पद के लिए 21 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

वजीरगंज : क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के उपचुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन प्रधान पद के लिए 21 पर्चे दाखिल किए गए। जबकि बीडीसी के एक पद के लिए 2 पर्चे दाखिल किए गए। ग्राम पंचायत मोहनपुर में प्रधान पद के लिए 3 पर्चे व सदस्य 11, सहिबापुर में प्रधान पद के 7पर्चे, व सदस्य के 13 पर्चे व बल्लीपुर में प्रधान पद 10पर्चे समेत 21पर्चे दाखिल किए गए।

प्रधान पद के लिए 12 लोगों ने दाखिल किया नामांकन

इटियाथोक : विकासखंड इटियाथोक के सीर बनकट ग्राम पंचायत में प्रधान पद के एक पद पर 13 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे थे। वहीं सोमवार को 12 लोगों ने अपने नामांकन पत्र जमा किए।लक्ष्मणपुर लालनगर क्षेत्र पंचायत सदस्य पद की एक सीट के लिए दो अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन खरीदे थे।दोनों अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। एडीओ आईएसबी अजय त्रिपाठी ने बताया कि सदस्य के पद पर रिक्त दस पदों के लिए 10 लोगों ने अपना नामांकन दाखिल किया है।

बाढ़ पीड़ितों के प्रति संवेदनशील नहीं प्रशासन : मनोज चौबे

संवाददाता, बेलसर, गोंडा

अमृत विचार : तरबगंज तहसील क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में सरयू-टेढी नदी के बाढ़ और जलभराव से हजारों नागरिकों के साथ मवेशियों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। बाढ़ पीड़ितों को राहत देने के लिए तैनात प्रशासनिक अमला महज कागजों में राहत की आपूर्ति कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज चौबे ने पिछले कई दिनों से विधानसभा क्षेत्र तरबगंज के दर्जनों बाढ़ ग्रस्त व जलभराव क्षेत्रों में भ्रमण कर प्रभावित नागरिकों को अपने स्तर से सहयोग देने के बाद आरोप लगाते हुए कहा है कि विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नागरिकों की दुश्वारियों को दूर करने के लिए प्रशासन गंभीर नहीं है। प्रशासन द्वारा पीड़ितों को दी जा रही मदद नाकाफी है।

चौबे ने प्रशासन से मांग की है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत केन्द्र की स्थापना कर पीड़ित नागरिकों को निर्धारित मानक के अनुसार समुचित सहायता दी जाए। एसडीएम तरबगंज विशाल कुमार ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए बाढ़ चौकियों बनाई गई ,जहां से लोगों को दवा सहित अन्य सामग्री वितरित की जा रही है।

शिक्षामित्रों ने सौंपा ज्ञापन

इटियाथोक, गोंडा

अमृत विचार : आदर्श समायोजित शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े शिक्षामित्रों ने कहा है कि वह 23 वर्षों से निरंतर निष्ठापूर्वक शिक्षण कार्य कर रहे हैं। 25 जुलाई 2017 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शिक्षामित्रों के समक्ष परिवार के भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है। लगातार 8 वर्षों से निरंतर मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति के लिए संघर्ष करने के बाद भी शिक्षामित्र के हितों में शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया। शिक्षामित्रों ने खंड शिक्षा अधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा है कि अध्यादेश के माध्यम से शिक्षामित्र को सहायक अध्यापक पद पर पद स्थापित किया जाए। समान कार्य का 12 माह का वेतन व अन्य सुविधा प्रदान की जाए। महिला शिक्षामित्र को उनकी ससुराल के जनपद में तैनात किया जाए। शिक्षामित्र को उनके मूल विद्यालय में वापस होने का अवसर पुनः प्रदान किया जाए ।चिकित्सा के अवकाश, कैशलेस, आयुष्मान योजना की सुविधा भी प्रदान की जाए। आकस्मिक अवकाश को बढ़ाया जाए और अर्धअवकाश भी दिया जाए। सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष कर बुढ़ापे के दौरान पेंशन भी उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष पृथ्वीराज सोनकर, जिला कोषाध्यक्ष देवेश तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश,आनंदघन तिवारी ,नरेंद्र कुमार पांडे ,ज्वाला प्रसाद जायसवाल ,धनंजय पांडे, राममगन सहित तमाम शिक्षामित्र मौजूद रहे।

शिवमहापुराण कथा से पहले निकाली गई कलश यात्रा के दौरान नाचते गाते भक्त। अमृत विचार

धूमधाम से निकली कलश यात्रा

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : श्रावण मास मे शिवमहापुराण कथा एवं सवा लाख पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक के आयोजन कार्यक्रम पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा तिवारी बाबा गोलागंज विनोद टॉकीज से निकलकर चौक बाजार, दुखहरण नाथ मंदिर,स्टेशन रोड होते हुए शारदा लान बड़गांव पुलिस चौकी पर जाकर समाप्ति हुई। रथयात्रा में एक जत्था उज्जैन से शामिल हुआ।

कलश यात्रा में आगे घुड़सवारी पर प्रहरी चल रहे थे और फिर उज्जैन से शामिल भगवान महाकाल की रथ यात्रा थी, जिसमें भगवान महाकाल विराजमान रहे। यात्रा कार्यक्रम में मुख्य यजमान आरती सोनी एवं संतोष सोनी रहे। सवा लाख पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक सोमवार से प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 9 बजे तक होगा। इनके बाद शिव महापुराण कथा 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी। यह कार्यक्रम सवा लाख पार्थिव पूजन सेवा समिति की तरफ से आयोजित किया जा रहा है। यात्रा कार्यक्रम में शिव शंकर सोनी, संतोष सोनी,अमित सोनी,संदीप मल्होत्रा,रवि सोनी, दीपक मराठा,सूर्य प्रकाश सोनी, रवि रस्तोगी,दीपेंद्र मिश्रा , देवेंद्र सोनी, अंबिका कसौधन, राम शंकर कसौधन, रमेश गुप्ता, डाक्टर अमित गुप्ता सहित तमाम भक्त शामिल हुए।

यूनियन ने हत्याकांड की निंदा कर सौंपा ज्ञापन

करनैलगंज, अमृत विचार : परसपुर में हुए जघन्य हत्याकांड की निंदा करते हुए भारतीय किसान यूनियन भानू गुट ने उपजिलाधिकारी करनैलगंज को चार सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया है। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के प्रदेश संगठन मंत्री व तहसील के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी से मांग की है कि पीड़ित परिवार को अविलंब सुरक्षा, आर्थिक सहायता, अभियुक्तों की गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार के बच्चों को शिक्षा की जिम्मदारी प्रशासन करे। संगठन मंत्री ने ज्ञापन में कहा है कि दो दिनों के अंदर अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं की है तो पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए 25 जुलाई से परसपुर थाने के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

सार-संक्षेप

मारपीट के मामलों में महिला समेत छह पर केस दर्ज

मनकापुर, अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग-अलग मारपीट के मामले में पुलिस ने एक महिला सहित छह लोगों के खिलाफ मारपीट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमुआ जिगना बाजार निवासी सतीश वर्मा ने कोतवाली में दिए तहरीर में कहा है कि गांव के ही कृपा शंकर वर्मा व उनके बेटे रोहन वर्मा शराब का सेवन करते हैं। आरोपी रात 10 बजे अचानक दरवाजे पर आकर बेटी कुमकुम वर्मा को भद्दी-भद्दी गाली गुप्ता देते हुए मारा पीटा। जिससे बेटी के बाएं हाथ में काफी चोटें आई हैं। विपक्षी जान से मारने की धमकी भी दिए हैं। वहीं ग्राम करौंदी निवासी अब्दुल मजीद ने बताया कि रविवार शाम साढ़े चार बजे गांव के ही वसीम घर के सामने से जाते समय गांव वालों को अपशब्दों का प्रयोग करते हुए चला गया। इस बात को पूछने के लिए वह अपनी पत्नी सालिया बेगम के साथ उसके घर गया। तो वहां पर बैठे विपक्षी वसीम, सलीम, नसीम व शब्बीर ने अभद्रता करते हुए लाठी डंडे से पीटा। जिससे पति-पत्नी दोनों चोटिल हो गए। विपक्षियों ने धमकी देकर भगा दिया। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

मजदूरी न देने की शिकायत

धानेपुर, **अमृत विचार :** बिहार के रहने वाले एक मजदूर ने मजदूरी न देने का आरोप लगाते हुए धानेपुर पुलिस से शिकायत की है जिस पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है बिहार के बेतिया जिले के थाना जोगापटटी के रहने वाले आलिम अंसारी के मुताबिक वह करीब चार पांच साल से जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के याकूब गंज बाजार में रहकर मजदूरी का काम करता है। बताया कि वह मकान बनाने और शटरिंग का काम करता है। आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत उजैनी कला के मजरा निगेतियापुर के रहने वाले एक व्यक्ति के लिए चार साल पहले मकान के निर्माण में काम किया था। जिसकी 14 हजार रुपए मजदूरी बकाया है। विपक्षी चार साल से मजदूरी नहीं दे रहा है। धानेपुर पुलिस ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

पेड़ की डाल गिरने से थाने में खड़ी कार क्षतिग्रस्त

धानेपुर, **अमृत विचार :** धानेपुर थाने में विशालकाय आम के पेड़ की एक डाल अचानक टूटकर थाने में खड़ी कार पर गिर गयी। डाल गिरने कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं थाने की बिजली लाइन को भी क्षति पहुंची है। जिसे दुरुस्त कर बहाल किया गया है। धानेपुर थाने में कई आम,कटहल व अन्य पेड़ काफी पुराने हैं।

मांगों को लेकर धरना देंगे शिक्षक

बेलसर, गोंडा, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के कार्यकारिणी की बैठक जिला एवं मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि आगामी 25 जुलाई 2024 को शिक्षको की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया जाएगा।

टीएलएम दिवस पर बच्चों ने बनाए मॉडल

गोंडा, अमृत विचार : परसपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेलवा नोहर सोमवार को टीएलएम दिवस मनाया गया। इस मौके पर कक्षा 6, 7, 8 के बच्चों को टीएलएम निर्माण के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कुलदीप विश्वकर्मा ने गत्ते व पाइप के माध्यम से संख्याओं के वर्ग ज्ञात करने का मॉडल, भानु प्रताप ने घड़ी के मॉडल का निर्माण कर कोण की व्याख्या करने का मॉडल, सुहानी दुबे व रिमझिम तिवारी ने रचनात्मक कौशल के अंतर्गत फाम से गुलदस्ता बनाया।

आक्रोश | कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बनी घटनाएं, पुलिस हलकान

हत्या की ताबड़तोड़ वारदातों से कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : पिछले दो दिनों में जिले के तीन अलग अलग थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ हुई तीन हत्याओं ने जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। इन हत्याओं से जहां जिले में दहशत का माहौल है वहीं पुलिस भी घटनाओं से हलकान है। लगातार हो रही हत्या जैसी वारदातें पुलिस के लिये चुनौती बनी हैं।

पिछले सप्ताह में शुक्रवार और शनिवार का दिन पुलिस विभाग के लिए ब्लैक डे साबित हुआ है। इन दो दिनों में हुई तीन हत्याओं से पुलिस सकते में है। परसपुर में जिस तरीके से सत्ता पक्ष के एक सभासद और परिजनों द्वारा सपा कार्यकर्ता की दिनदहाड़े निर्मम हत्या की गयी उससे यह साबित हो गया कि अपराधियों के मन से पुलिस का खौफ खत्म हो चुका है। इस हत्याकांड को लेकर स्थानीय लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। लोग स्थानीय पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठा रहे हैं। सामाजिक संगठनों ने भी घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी का अल्टीमेटम दिया है। हालांकि दबाव को देखते हुए पुलिस ने एक नामजद आरोपी चंदन सिंह को गिरफ्तार किया है लेकिन हत्या का मुख्य आरोपी पुलिस पकड़ से दूर है। पुलिस उसकी की गिरफ्तारी के लिए हाथ पांव मार रही है। वहीं नवाबगंज और मनकापुर में हुई हत्याओं के मामले में पुलिस अभी पूरी तरह से खाली हाथ है।

सेवानिवृत्त रेलकर्मी के हत्यारों का नहीं लगा सुराग

मनकापुर, अमृत विचार : मनकापुर में शुक्रवार की रात सोते समय रिटायर्ड रेल कर्मी पाटेश्वरी चौहान (80) की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गयी थी। पाटेश्वरी का शव घर में पड़ा मिला था। वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम उदयपुरग्रंट के रहने वाले पाटेश्वरी चौहान (80) सेवानिवृत्त रेल कर्मी थे और मनकापुर कस्बे के नजदीक भरहूं गांव के पास स्थित सरस्वती स्कूल के पास मकान बनाकर रहते थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से खून से सनी कुल्हाड़ी व मच्छरदानी बरामद किया था। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मौके का निरीक्षण कर घटना के खुलासे का निर्देश दिया था लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी हत्यारे का सुराग तक नहीं लगा सकी है।

बाइक सवार युवक की हत्या में भी पुलिस खाली हाथ

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात एक बाइक सवार युवक की धारदार हथियार से नृशंस हत्या कर दी गयी थी। हत्यारों ने उसकी आंख भी निकाल ली थी और शव सड़क के किनारे खेतों में फेंक कर फरार हो गए थे। पुलिस ने घटनास्थल से मृतक की बाइक बरामद किया था। बाइक के आधार पर पुलिस उसकी शिनाख्त की बात कर रही थी। छानबीन में पता चला कि बाइक बस्ती जिले के थाना रुदौली क्षेत्र के शादीकला रुद्रपुर गांव के रहने वाले सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक रामलगन चौधरी पुत्र भगवानदीन के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस ने रामलगन चौधरी को थाने लाकर पूछताछ भी की लेकिन वह यह नहीं बता सके कि बाइक किसे बेचा था। इस पर पुलिस ने उन्हे हिदायत देकर छोड़ दिया। हत्यारों का पता लगाना तो दूर पुलिस अब तक मृतक की शिनाख्त ही नहीं कर कर

> परसपुर मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। नवाबगंज में मृतक के शिनाख्त की कोशिश की जा रही है, जबकि मनकापुर के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही सभी मामलों का खुलासा किया जाएगा।
>
> – विनीत जायसवाल
> पुलिस अधीक्षक

स्काउट गाइड प्रशिक्षण में विद्यार्थियों ने सीखा अनुशासन

5 दिन का प्रशिक्षण लेकर पास किया तृतीय सोपान, शिविर में लखनऊ संकुल एक के 10 विद्यालयों की 74 गाइड हुए थे

संवाददाता, बलरामपुर।

अमृत विचार। जवाहर नवोदय विद्यालय घुघुलपुर में लखनऊ संकुल एक का भारत स्काउट गाइड तृतीय सोपान के पांच दिवसीय शिविर का समापन हुआ। शिविर में लखनऊ संकुल एक के 10 विद्यालय की 74 गाइड ने प्रतिभाग किया। विद्यालय की प्राचार्य

गीता मिश्रा ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जीवन में स्काउट का बहुत बड़ा मूल्य है। विद्यालयों में स्काउट गाइड के माध्यम से बच्चों का चरित्र निर्माण जीवन जीने की कला है। विभिन्न परिस्थितियों में हम कैसे अपनी स्थिति श्रेष्ठ रखकर सामंजस्य स्थापित करके हमेशा खुश रह सकते हैं इसका ज्ञान होता है।

जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रशिक्षण के दौरान मौजूद स्काउट गाइड। अमृत विचार

शिविर में प्रवेश से लेकर तृतीय सोपान के कई प्रशिक्षण एवं परीक्षण कार्य हुआ। मुख्य आकर्षण का केंद्र प्रदर्शनी और कैंप क्राफ्ट था। बच्चों ने शिविर को लाठी एवं चद्दर से लगाया था। बिना बर्तन के भोजन का परीक्षण, लिट्टी चोखा का कार्यक्रम था। सभी गाइड्स ने श्रावस्ती ऐतिहासिक स्थल एवं धरोहर का भ्रमण कर जानकारी हासिल किया। भारत स्काउट गाइड के नियम एवं प्रतिज्ञा झंडे की संपूर्ण जानकारी ली। प्रार्थना सभा में कई प्रकार की गांठे ,प्राथमिक चिकित्सा, 16 दिशाओं की जानकारी का अनुमान लगाना, मानचित्र का निर्माण करना आदि प्रकार के क्रियाकलापों का आयोजन शिविर के दौरान किया गया। कार्यक्रम में पीलीभीत, लखीमपुर, सीतापुर फर्स्ट, सीतापुर सेकंड, बहराइच, श्रावस्ती अयोध्या, लखनऊ, बाराबंकी बलरामपुर के गाइड ने हिस्सा लिया। मुख्य परीक्षक अर्चना ओझा ,संगठन आयुक्त लखनऊ संकुल ए गाइड कैप्टन सीतापुर फर्सट, सहायक परीक्षक एवं प्रशिक्षक सरोज रानी तिवारी, प्रशिक्षण आयुक्त लखनऊ संकुल ए गाइड कैप्टन जेएनवी बलरामपुर एडवांस ने हिस्सा लिया।

एक नजर

बिजली कटौती को लेकर विधायक से मिले ग्रामीण

बलरामपुर, अमृत विचार। क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चौपट होने से उपभोक्ताओं का भीषण गर्मी और उमस से बुरा हाल हो गया है। रोस्टर के नाम पर घंटो बिजली कटौती से आमजनमान्स में रोष व्याप्त है ग्रामीणों ने इसकी शिकायत क्षेत्रीय विधायक कैलाशनाथ शुक्ल से की है ग्रामीणों ने शिकायत में कहा है कि भीषण गर्मी में बिजली कटौती ने जीना मुहाल कर दिया है, ग्रामीण बजरंगी ,राकेश, दिनेश, बाबूलाल आदि ने बताया कि रोस्टर के ना पर घंटो तक बिजली गायब रहती है। जिससे लोग रात को भी आराम से सो नहीं पाते हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विभाग से भी की है लेकिन इसका कोई भी असर दिखाई नहीं पड़ रहा।

विश्वास में लेकर काम करें जल निगम व ठेकेदार

बलरामपुर, अमृत विचार। आदर्श नगरपालिका परिषद अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के निर्देशन में नगर क्षेत्र में चल रहे सीवर लाईन एंव जल लाईन निमार्णाधीन में कार्यदायीसंस्था के द्वारा घोर लापरवाही की जा रही है। जिससे तुलसीपार्क में जन सुनवाई में काफी आक्रोश को देखते हुए अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने जल निगम के सहायक अभियंता वैभव पटेल, जूनियर इंजीनियर भगवान दास के साथ नगरपालिका सभागार में बैठक की। अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस के बीच लम्बी चर्चा करते हुए नगर क्षेत्र में चल रहे सीवर लाईन के कारण गड्ढों को भरने एंव सड़क निर्माण की मांग तुलसीपार्क में जन सुनवाई के दौरान समस्याओं के निस्तारण के लिए मुहल्ले के वासियों एंव सभासद को विश्वास में लेकर तथा आने वाली कठिनाईयों का तत्काल समाधान साथ-साथ करा दिया जाए।

शिवालयों में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

सावन के पहले सोमवार पर लोगों ने की पूजा -अर्चना, बोल बम के जयकारों से भक्तिमय रहा वातावरण

संवाददाता, बलरामपुर।

अमृत विचार। सावन के पहले सोमवार को छोटी काशी के रूप में जाने जाने वाले बलरामपुर जिले के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। श्रद्धालु पूजा अर्चना कर महादेव से सुख शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना कर रहे थे। वहीं कांवड़िया रविवार रात्रि करीब 1:00 बजे राप्ती नदी से जल भरकर कल्पेश्वर नाथ मंदिर राजापुर भरिया में अभिषेक किया। शिवालय शिवभक्तों से पूरा भरा रहा।

श्रावण माह में पहले सोमवार पर सिंगारजोत घाट से जल भरकर आए कावड़ यात्रियों का श्री दुःखहरण नाथ मंदिर परिसर उतरौला में पहुंचने पर बाबा श्री दुःखहरण नाथ मंदिर सेवा समिति के संरक्षक मयंक गिरि महाराज के मार्गदर्शन में समिति के व्यवस्थापकों और सदस्यो द्वारा कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा किया गया।

जिसमें मंदिर के पुजारी पिंटू गिरि, त्रिपुरारी गिरि उर्फ शानू और समिति के व्यवस्थापक राजेश कुमार उर्फ मोनू और गोवर्धन गुप्ता उर्फ बबलू एवं समिति के सदस्य आर्यन गुप्ता, अर्पित गुप्ता, अरुण शाहू, अंकुर गुप्ता, शिवम कौशल व अन्य भक्तगण मौजूद रहे। इसी बलरामपुर नगर के झारखंडी महादेव मंदिर, देवीपाटन शक्तिपीठ स्थित शिव मंदिर सहित जिले के प्रमुख शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही। पचपेड़वा स्थित शिवगढ़ धाम में लक्ष्मी जयसवाल और उनके पति कमलेश जायसवाल सहित हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

उतरौला नगर स्थित दुखहरण नाथ मंदिर में जुटी कांवड़ियों की भीड़। अमृत विचार

पचपेड़वा स्थित शिवगढ़ धाम में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

सावन के कृष्ण पक्ष की उदयातिथि सोमवार 22 जुलाई शुरू हो गई है। वैदिक पंचांग के अनुसार सावन का पवित्र महीना सोमवार से आरंभ हो रहा है, इसका समापन 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा पर होगा। इस साल सावन की शिवरात्रि 2 अगस्त शुक्रवार को मनाई जाएगी। भगवान शिव को सावन का महीना अति प्रिय है। हिंदू धर्म में श्रावण माह का विशेष स्थान है। इस माह के पूरे दिन बड़े ही भक्ति भाव से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। शिव भक्तों को इस महीने के बेसब्री से इंतजार रहता है। इस बार सावन पर अद्भुत संयोग बन रहा है।सावन महीने की शुरुआत सोमवार से हो रही सावन महीने की गणना दो तरीके से होती है। एक संक्रांति और दूसरा पूर्णिमा के अनुसार। पूर्णिमा तिथि के अनुसार सावन महीना का 22 जुलाई से शुरू , वहीं संक्रांति के अनुसार सावन का महीना 16 जुलाई से सूर्य के कर्क राशि में प्रवेश करने के साथ ही शुरू हो चुका है।

कल्पेश्वर नाथ राजापुर भरिया स्थित शिवालय में कतारबद्ध श्रृद्धालुओं की भीड़।

पूर्णिमा के अनुसार सावन में 5 सोमवार होंगे। वहीं, संक्रांति के हिसाब से 4 सोमवार होंगे। मूल रूप से लोग पूर्णिमा के हिसाब से ही सावन का व्रत करते हैं। पूर्णिमा के अनुसार वाले सावन का आरंभ सोमवार से होगा और समापन भी सोमवार को ही होगा।

सावन मंगला गौरी व्रत की तिथियां

सावन माह में मंगला गौरी व्रत का भी विशेष महत्व है। सावन महीने के हर मंगलवार को मां पार्वती के लिए मंगला गौरी व्रत रखा जाता है। इस बार सावन के महीने में 4 मंगला गौरी व्रत होंगे। पहला मंगला गौरी व्रत 23 जुलाई, दूसरा 30 जुलाई, तीसरा और चौथा मंगला गौरी व्रत 6 और 13 अगस्त को मनाया जाएगा।

सावन के सोमवार

22 जुलाई	पहला सोमवार
29 जुलाई	दूसरा सोमवार
5 अगस्त	तीसरा सोमवार
12 अगस्त	चौथा सोमवार
19 अगस्त	पांचवा सोमवार

लापरवाही पर लेखपाल निलंबित

संवाददाता, बलरामपुर।

अमृत विचार। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं शिकायतों एवं समस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।

डीएम ने वरासत में जानबूझकर लापरवाही करते हुए विलंब किए जाने की शिकायत सही पाए जाने पर बढ़या पकड़ी के क्षेत्रीय लेखपाल विवेक गौतम को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। बताते चले की संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम द्वारा जनसुनवाई के दौरान प्रार्थी अनिल कुमार मिश्र पुत्र बद्री प्रसाद मिश्र द्वारा निवासी ग्राम देवरिया मैनहा ने प्रार्थना पत्र दिया गया कि उसके द्वारा हल्का लेखपाल को 08 माह पूर्व वरासत के लिए कागजात व अन्य अभिलेख दे दिया गया था, किंतु लेखपाल द्वारा आजकल करते हुए आठ माह बाद भी वरासत नहीं किया गया जिससे कि प्रार्थी के कई जरूरी कार्य फंसे पड़े हैं। डीएम द्वारा सभी तथ्यों पर शिकायत की जांच पड़ताल की गई , शिकायत सही पाए जाए पर डीएम ने हल्का लेखपाल विवेक गौतम को वरासत में जानबूझकर लापरवाही करते हुए विलंब किए जाने पर निलंबन एवं विभागीय कार्यवाही का निर्देश एसडीएम को दिया। डीएम ने प्रार्थी अनिल कुमार मिश्र पुत्र बद्री प्रसाद मिश्र की शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कराते हुए , वरासत की प्रक्रिया पूरी कराया।उन्होंने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सरकारी कार्यालय में किसी कार्य के लिए आने वाले जनमानस का कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर किया जाए। किसी भी व्यक्ति को कार्यालय के बेवजह चक्कर कटवाए जाने की शिकायत पर जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायत सुनते डीएम व एसपी।

युवतियों पर हमला करने वाले नौ पर केस, छह को जेल

नानपारा, बहराइच, अमृत विचार। कोतवाली नानपारा क्षेत्र की तीन युवतियां बाइक से सावन माह का कपड़ा खरीदने के लिए बाजार जा रही थी। बोधवा चौराहे पर मांस काट रहे एक चिकवा ने गलत इशारा किया, जिसका युवतियों ने विरोध किया तो मांस काट रहे लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें युवतियों समेत पांच घायल हुई हैं। पुलिस ने नौ लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर छह को गिरफ्तार कर लिया है।नानपारा कोतवाली क्षेत्र की तीन युवतियां बाइक से सावन माह में कांवड़ यात्रा के लिए कपड़ा खरीदने के लिए बाजार आ रही थीं। रविवार शाम चार बजे सभी बाइक से बोधवा चौराहा पहुंची तो एक चिकवा ने गलत इशारा किया। जिस पर बाइक रोक कर सभी ने विरोध किया तो मौजूद समुदाय विशेष के लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया।

जिले में शिक्षकों ने सेल्फी का भी किया विरोध

संवाददाता, बहराइच।

अमृत विचार। दो सप्ताह बीतने के बाद भी शिक्षकों का बहिष्कार जारी है। महानिदेशक बेसिक शिक्षा के आदेश का 8 जुलाई से ही शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक अनुचर सभी विरोध कर रहे हैं। अब उनके दिए गए आदेश प्रार्थना सभा की सेल्फी का भी विरोध किया जा रहा है। सोमवार को भी किसी भी शिक्षक ने ऑनलाइन कोई कार्य नहीं किया ना ही प्रार्थना सभा की सेल्फी भेजी।

जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक विद्या विलास पाठक ने कहा की मोर्चे के नेताओं की महानिदेशक बेसिक शिक्षा से वार्ता हुई है। उसके क्रम में जब तक बैठक की कार्यवाही जारी नहीं की जाती। तब तक महानिदेशक कार्यालय पर 29 जुलाई कोहोने वाला अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन स्थगित नहीं किया गया है। जब जो वार्ता हुई है, उसके क्रम में कार्यवृत जारी करते हुए कार्य किया जाएगा। तभी हम 29 तारीख का धरना स्थगित करेंगे। 8 तारीख से चल रहा विरोध बहिष्कार आज भी जारी रहा। शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया और परिषद के अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे आदेश जारी किए जा रहे हैं जो पूर्ण रूप से व्यावहारिक नहीं है। भौगोलिक स्थितियां, मौसम व क्षेत्र की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर ही आदेश जारी किए जाने चाहिए।शिक्षकों का मन बन चुका है आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

हंगामा सीएचसी तुलसीपुर अधीक्षक पर आशा ने लगाया था छेड़खानी का आरोप, ओपीडी बंद कर अधीक्षक के समर्थन में उतरे कर्मी

सीएचसी अधीक्षक के समर्थन में स्वास्थ्य कर्मियों का प्रदर्शन

संवाददाता, बलरामपुर।

अमृत विचार। आशा द्वारा सीएचसी तुलसीपुर अधीक्षक पर छेड़खानी का आरोप लगाने से चिकित्साधीक्षक के समर्थन में आशा और सभी स्वास्थ्यकर्मी एकजुट हो गए। सोमवार सुबह सभी ने ओपीडी बंद कर चिकित्सक, आशा, सीएचओ सहित अस्पतालकर्मियों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया।

इसकी सूचना सीएमओ को मिली तो उन्होंने दूरभाष पर चिकित्साधीक्षक से बात कर एक जांच कमेटी गठित कर इसकी सत्यता का पता लगाने की बात कही। ओपीडी तुरंत शुरू करने का निर्देश दिया तथा पारदर्शिता के साथ जांच करने का आश्वासन दिया। इसके बाद चिकित्सक व अस्पतालकर्मी काम पर लौट आए। आशा मंजू का कहना है कि काम का दबाव होता है तो हम लोगों को भी डॉ साहब कभी कभार डांट-फटकार देते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम उन पर गलत आरोप लगाकर दबाव बनाएं। कहा कि ऐसी स्थिति रही तो हम लोगों के घर वाले निर्भय होकर काम पर ही नहीं जाने देंगे। "दबाव की राजनीति नहीं चलेगी, नहीं चलेगी" आशाओं ने जोर-जोर से नारेबाजी भी की। चिकित्साधीक्षक डॉ सुमंत सिंह ने बताया कि आरोप लगाने वाली आशा को काम करने के लिए लगातार पत्र लिखते रहे। 30 जनवरी 24, 11, 12 तथा 15 जून 24 को लगातार रजिस्टर बनाने तथा नियमित फील्ड में रहकर काम करने के लिए चेतावनी दी गई। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को प्राइवेट अस्पतालों में प्रसव के लिए न ले जाने को लिए भी दबाव बनाया। जिससे वह बिफर गई और धमकी देते हुए चली गई। इसके बाद उसने मुझ पर छेड़खानी का आरोप लगा दिया। सभी कर्मियों ने समवेत स्वर में डॉक्टर पर गलत आरोप लगाए जाने की बात कहते हुए विरोध किया है। इस मौके पर चिकित्साधीक्षक डॉ. सुमंत सिंह चौहान, डॉ सौम्या नायक, डॉ सौरभ सिंह, आशा मंजू, मंजू मिश्रा, किरन, सीता, निथिलेश, सुनीता मिश्रा, उर्मिला संगिनी, गुड़िया मिश्रा, शशि श्रीवास्तव, उर्मिला गिरी, बड़का, मंजू यादव, मंजू पांडे सहित 80 आशाओं व 30 सीएचओ सहित अस्पतालकर्मी मौजूद रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर में अधीक्षक के समर्थन में प्रदर्शन करते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

सर्पदंश से बालिका की मौत

गौरा चौराहा बलरामपुर अमृत विचार। सर्पदंश से बालिका कांती (9 वर्ष) पुत्री नंदे वर्मा निवासी ग्राम शेखा गुलरिया अहिरौली थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर को सोमवार को बीती रात 8:30 बजे सीएचसी नंदनगर लाया गया जो मेडिकल परीक्षण उपरांत मृत पायी गई। मृतका की मां सुनीता द्वारा बताया गया की कांती घर के अंदर अंधेरे में कुछ सामान लेने गई थी उसी समय उसके दाहिने हाथ के अंगूठे में कुछ काट लिया। मृतका के दाहिने हाथ के अंगूठे में दो निशान पाया गया तथा वहां की जगह नीला कलर मिला डॉक्टरों के अनुसार मृत्यु संभवतः सर्पदंश से हुई है। थाना प्रभारी तेज नारायण गुप्ता ने बताया कि सूचना दर्ज कर आज सुबह पंचायतनामा भरवाकर पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी हाउस बलरामपुर भेजा गया है।

सार-संक्षेप

नगर को हरा-भरा करेगी नगरपालिका, अध्यक्ष ने रोपे पौधे

नगर क्षेत्र में वृक्षारोपण करते नगर पालिका अध्यक्ष।

बलरामपुर अमृत विचार। आदर्शनगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के नेतृत्व में नगरपालिका के सभासदों एंव कर्मचारियों के द्वारा वृहद पौधारोपण किया जा रहा हैं। इसी क्रम में तुलसी पार्क, बड़ा परेड ग्राउंड एवम दीक्षित चौराहे के पास वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर बहुत सारे पौधे लगाए गए। नगर पालिका नगर को हरा भरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। पौधों को संरक्षित करने का भी प्रयास किया जाएगा।अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि नगर में पौधारोपण के लिए कर निरीक्षक हर्षित मिश्र के मोबाइल नं.9670007700 पर सम्पर्क कर पौधरोपण करना चाहते है पौधा प्राप्त कर सकते है।

अड़ार पाकड़ में छात्रों को मिलेगी कॉन्वेंट की सुविधा

स्मार्ट क्लास कक्षा का फीता काटकर उद्घाटन करते अतिथिगण। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। वृक्षारोपण जन अभियान के लिए नामित नोडल अधिकारी , प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर डीएम पवन अग्रवाल, विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम , विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि द्वारा प्राथमिक विद्यालय अड़ार पाकड़ में अति अत्यधिक स्मार्ट क्लास एवं कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में वाटर कूलर का भी उद्घाटन किया। इस दौरान छात्रों ने अतिथियों को स्वयं बनाई गई पेंटिंग भेंट की। अतिथियों ने छात्रों की पेंटिंग की सराहना की तथा विद्यालय में बेहतर पठन पाठन का निर्देश दिया। डीएम ने बताया की प्राथमिक विद्यालय अड़ार पाकड़ में सीएसआर फंड से स्मार्ट क्लास एवं कंप्यूटर लैब का कार्य कराया गया है। स्मार्ट क्लास एवं कंप्यूटर से छात्र बेहतर तरीके से पढ़ाई कर सकेंगे एवं उनकी शैक्षिक गुणवत्ता में और सुधार होगा।

14 किसानों को दिया गया उड़द बीज की मिनीकिट

उड़द की मिनी किट प्राप्त करते किसान। अमृत विचार

बलरामपुर अमृत विचार। दलहनी फसलों की बोआई के लिए कृषि विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। किसानों को बीज मुहैया कराया जा रहा है। सोमवार को उतरौला कृषि बीज भंडार में 14 किसानों को उड़द बीज का चार-चार किलोग्राम का मिनिकिट वितरित किया गया। किसानों को दलहनी फसलों की बोआई के बारे में जानकारी भी दी गई। उप निदेशक कृषि नरेंद्र कुमार ने कहा कि दलहनी फसलों से भूमि उपजाऊ होती है। दाल में प्रोटीन की प्रचुर मात्रा होती है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। उन्होंने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जुड़ने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने की भी सलाह दी। कृषि बीज भंडार के प्रभारी जुगुल किशोर वर्मा ने बताया कि किसान यहां से उड़द का मिनिकिट प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा बीज भंडार में ज्वार व बाजार का बीज भी किसानों को निश्शुल्क देने के लिए लाया गया है। ज्वार व बाजारा की खेती करने के लिए इच्छुक किसान बीज प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर मेलाराम वर्मा, जनकराम मौर्य, मनेश्वर, मुकेश कुमार, पिंटू कुमार, राजेंद्र पांडेय, विजय नरायन, उत्तम यादव व राम प्रताप आदि मौजूद रहे।

जलजनित बीमारियों के बारे में लोगों को किया जागरूक

जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अधिकारी। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। जल जीवन मिशन के तहत सोमवार को श्रीदत्तगंज ब्लॉक में जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में लोगों को प्रदूषित जल से उत्पन्न होने वाली बीमारियों के बारे में जागरुक किया गया। इस अवसर खंड विकास अधिकारी की अगुवाई में जागरुकता रैली भी निकाली गई। खंड विकास अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि स्वजन फाउंडेशन की तरफ से आयोजित गोष्ठी में लोगों को जल के महत्व के बारे में बताया गया। इसके साथ ही दूषित जल पीन से होने वाली संक्रामक बीमारियों के बारे में अवगत कराया गया। संस्था के जिला समन्वयक राजवर्धन सिंह ने लोगों को जल जीवन मिशन के उद्देश्यों के बारे में बताया। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए पानी टंकियों का निर्माण कराया जा रहा है। सहायक जिला समन्वयक शिवकुमार ने हर घर नल योजना के जरिए पानी टंकी से कनेक्शन आदि लेने की प्रक्रिया बताई। कार्यक्रम में वंदना पाठक, गरिमा, सुनील कुमार सिंह व शिवाजी आदि मौजूद रहे।

रिश्वत मांगने पर लिपिक निलंबित

बलरामपुर, अमृत विचार। सीएचसी श्रीदत्त गंज के लिपिक का पैसा मांगने का पुराना वीडियो वायरल होने के बाद सोमवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया है। उन्होंने पूरे मामले की रिपोर्ट तलब करते हुए निदेशक प्रशासन को संबंधित कर्मी को निलंबित करने का आदेश दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदतगंज पर तैनात लिपिक सौरभ दूबे का एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी से जीपीएफ निकलवाने के नाम पर बीस हजार रुपये की मांग से संबंधित पुराना वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो पर हालांकि सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने पहले ही जांच बैठा दी थी लेकिन, अब इस मामले में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सीएमओ से रिपोर्ट मांगी है। इस मामले में जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। वहीं, निदेशक प्रशासन को संबंधित कर्मी को निलंबित करने का निर्देश दिया है। अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. जयंत कुमार ने बताया कि संबंधित कर्मी को श्रीदत्तगंज से हटाकर रेहरा बाजार में तैनात किया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सड़क हादसे में दो किशोरों की मौत

बलरामपुर, अमृत विचार। सिद्धार्थनगर जिले के ढ़ेबरुआ थानाक्षेत्र के अकरहरा गांव के पास डीडी रोड पर गैस एजेंसी के सामने मोड़ पर ट्रक व बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।जो पीएचसी बढ़नी ले जाते हुए रास्ते में मृत हो गया। पुलिस ने दोनों लाशों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बलरामपुर जिले के पचपेड़वा थानाक्षेत्र के बिजुवा कलां के रहने वाले महेशराम (21) पुत्र मुरली अपने साले किशोरी(30) पुत्र बेचन बस्ती बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वह डीडी रोड पर ढ़ेबरुआ थानाक्षेत्र के अकरहरा में गैस एजेंसी के सामने मोड़ पर पहुंचे। वहां सामने से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। जिससे वाहन चालक किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई और उसका बहनोई महेशराम गंभीर रूप से घायल हो गया और पीएचसी बढ़नी ले जाते वक्त रास्ते में ही उसकी मौत हो

बाइक में ट्रक ने मारी टक्कर, युवक की मौत

हुजूरपुर, बहराइच, अमृत विचार। जिले के हुजूरपुर थाना क्षेत्र में ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि महिला समेत दो घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के सिरौला गांव निवासी अमरजीत (20) पुत्र मोलहे बाइक से अपने गांव जा रहे थे। बाइक पर गांव निवासी विनीत (24) पुत्र शंकर और सरस्वती भी बैठे थे। सोमवार शाम 4:00 बाइक सवार हुजूरपुर थाना क्षेत्र के चौराहे से थोड़े आगे पहुंचे। अभी कैसरगंज की ओर से आ रही ट्रक संख्या यूपी 40 टी 7193 ने टक्कर मार दी मौके पर ही अमरजीत की मौत हो गई। जबकि महिला समय दो घायल हो गए।

एक नजर

नर्सिंग कॉलेजों में मानकों की होगी जांच

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में उच्च गुणवत्तायुक्त नर्सिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए नर्सिंग कॉलेजों पर शिकंजा कसता जा रहा है। कॉलेजों को बताना होगा कि उनके संस्थान में क्या मानक पूरे हो रहें हैं। नर्सिंग छात्र कहां पढ़ाई करेंगे और कहां इंटर्नशिप करेंगे। स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने आधा दर्जन बिंदुओं पर कॉलेजों से जानकारी मांगी है। स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ आलोक कुमार ने बताया कि मिशन निरामया के तहत नर्सिंग सेवाएं गुणवत्ता पूर्ण बनाई जा रही हैं।

चार कर्मी गैरहाजिर स्पष्टीकरण मांगा

अमृत विचार, लखनऊ : एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सोमवार सुबह 11:45 बजे मुख्य अभियंता कैम्प कार्यालय, वित्त एवं लेखा, अधिष्ठान, रजिस्ट्री सेल व सम्पत्ति अनुभाग का निरीक्षण किया। मुख्य अभियंता कार्यालय में कनिष्ठ लिपिक ज्योति सिंह, लेखा अनुभाग में डाटा इंट्री ऑपरेटर रजा अली खान, अधिष्ठान में प्रवर वर्ग सहायक एजाज खान व कनिष्ठ लिपिक रितेश श्रीवास्तव पटल से गैर हाजिर मिले। उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए संबंधित से स्पष्टीकरण तलब किया है। कार्यालय में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई और सुधार न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

डॉ. सुरेश बने केजीएमयू के चिकित्सा अधीक्षक

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू में जनरल सर्जरी विभाग के डॉ. सुरेश कुमार को संस्थान का नया चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त किया गया है। उन्हें डॉ. डी. हिमांशु की जगह तैनाती दी गई है। इससे पहले डॉ. सुरेश को जुलाई की शुरूआत में कार्यवाहक चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त किया गया था। डॉ. सुरेश ने कहा कि केजीएमयू में प्रदेश भर से मरीज आ रहे हैं। इन मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। डॉक्टर नियमित राउंड लें। दिक्कत होने पर मरीज मुझसे कभी भी बात कर सकते हैं। मैं 24 घंटे मरीजों के लिए उपलब्ध रहूंगा।

पहली तिमाही में बढ़ गए सवा लाख दिव्यांग पेंशनर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 9,79,478 से बढ़कर 11,04,703 हो गई लाभार्थियों की संख्या

▸▸ कुष्ठावस्था के लाभार्थियों की संख्या 11,208 से बढ़कर 12,400 हुई

अमृत विचार: जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल सके इसके लिए समाज कल्याण विभाग प्रचार-प्रसार कराने से लेकर सर्वे तक करा रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में दिव्यांगों की संख्या लगभग सवा लाख प्रदेश में बढ़ गई।

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित दिव्यांग पेंशन योजना के तहत एक हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। पेंशन योजना का लाभ तभी मिलता है जब दिव्यांगता 40 प्रतिशत से अधिक हो। वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल से जून) तक 9 लाख 79 हजार 478 को पेंशन योजना का लाभ मिला। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 11 लाख 4 हजार 703 को लाभ मिला। दिव्यांग पेंशनरों की संख्या में 1 लाख 25 हजार 225 की बढ़ोतरी हुई। वहीं कुष्ठावस्था पिछले वित्तीय वर्ष में 11208 लाभार्थी थे जबकि इस वित्तीय वर्ष में संख्या 12 हजार 400 हो गई। विभागीय अधिकारियों की मानें तो सर्वे कराकर और प्रचार-प्रसार कर पात्रों को योजना का लाभ दिया गया। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि दिव्यांग को एक हजार रुपये प्रतिमाह और कुष्ठजनों को तीन हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाती है।

जेल में मृत्यु पर मुआवजा देने का आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बाराबंकी के रामधन को साढ़े तीन लाख तो बागपत के शाकिर के परिजन को दो लाख

अमृत विचार: जेल में विचाराधीन बंदी की मृत्यु पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। आदेश मिलते ही प्रदेश की राज्यपाल ने मुआवजे की संस्तुति कर दी है। एक प्रकरण बाराबंकी का है तो दूसरा प्रकरण बागपत का है।

बाराबंकी में विचाराधीन बंदी रामधन उर्फ हंटरी की जेल में 21 जून 2019 को मृत्यु हो गई थी। इस दौरान इनके परिजनों ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का रुख किया। तमाम सुनवाई के बाद आयोग ने रामधन के परिजनों को साढ़े तीन लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश प्रदेश सरकार को दिया। उधर, बागपत में विचाराधीन बंदी शाकिर की मृत्यु 26 जनवरी 2019 को हो गई थी। शाकिर के प्रकरण पर भी लंबी सुनवाई के बाद आयोग ने दो लाख रुपए देने के आदेश दिए हैं। इस आदेश के बाद राज्यपाल की संस्तुति मिलते ही शासन के संयुक्त सचिव शिवगोपाल सिंह ने महानिदेशक कारागार को पत्र लिखकर तत्काल परिजनों को मुआवजा देने को कहा है।

हर पात्र को दिया जाएगा पक्का मकान: मुख्यमंत्री

योगी ने जनता दर्शन में सुनीं तीन सौ लोगों की समस्याएं

गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में युवती से शिकायती पत्र लेते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, गोरखपुर

▸▸ जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के दिए निर्देश

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर पात्र को पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा। सभी लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री सोमवार को गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने तीन सौ लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निस्तारण कराने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मामले में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिनके पास पक्का आवास नहीं है, उन्हें पीएम-सीएम आवास योजना से मकान मिलेगा, जिन्हें इलाज की आवश्यकता है, उनके समुचित इलाज की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने लोगों से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। साथ ही, अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज के लिए 'एस्टीमेट' की प्रक्रिया शीघ्रता से पूरा कर शासन में उपलब्ध कराया जाय। एस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त किया जाय। उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए कि सभी जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को सबक सिखाया जाए।

शिव की पूजा-अर्चना की

जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए आशीर्वाद दिया। सावन के पहले सोमवार को मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में शिव की पूजा-अर्चना की।

लोहे के रेलिंग से सुरक्षित होगी श्रीकृष्ण जन्मभूमि

अमृत विचार, लखनऊ: मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि/ शाही ईदगाह परिसर का उत्तरी भाग लोहे की रेलिंग से लैश होगा। यह कार्य सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से किया जा रहा है। गृह विभाग ने इसके लिए साढ़े 66 लाख की धनराशि देने की स्वीकृति प्रदान की है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि के उत्तरी भाग में गोविंदनगर गेट-3 से केशव मंदिर के पार्क में लोहे की रेलिंग का निर्माण लंबे समय से प्रस्तावित था। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से ऐसा निर्णय लिया गया है।

टर्मिनल पर पीएनजी प्रयोग करने वाला चौ. चरण पहला एयरपोर्ट बना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ टैपिंग पॉइंट का मुख्य एयरपोर्ट अधिकारी ने किया उद्घाटन

अमृत विचार: चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल (सीसीएसआई) एयरपोर्ट ने सोमवार को टर्मिनल 3 (टी3) पर पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) टैपिंग पॉइंट का उद्घाटन किया गया। टी3 उत्तर प्रदेश में खाना पकाने के लिए पीएनजी का उपयोग करने वाला पहला एयरपोर्ट टर्मिनल बन गया है। ग्रीन गैस लिमिटेड (जीजीएल), गेल (इंडिया) लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का एक संयुक्त उद्यम एयरपोर्ट को पाइपलाइन के माध्यम से पीएनजी की आपूर्ति करेगा, जिसे फिर टी-3 पर एफएंडबी आउटलेट्स में वितरित किया जाएगा।

इसका उद्घाटन मुख्य एयरपोर्ट अधिकारी दर्शन सिंह और ग्रीन गैस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक गिरिजा शंकर ने किया।

मंडलाधिकारी कार्यालय के लिए पौने तीन करोड़ जारी

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या में नवसृजित पद पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय) मंडलाधिकारी विशेष शाखा के लिए जल्द ही भव्य कार्यालय बनेगा। इसके लिए शासन ने पौने तीन करोड़ रुपए की संस्तुति कर दी है।

अभी मंडलाधिकारी वैकल्पिक व्यवस्था में अपने कार्यालय का संचालन कर रहा है। बताया जा रहा है कि शासन ने जल्द ही मंडलाधिकारी के लिए कार्यालय तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

चार नवनिर्वाचित विधायकों ने ली शपथ

अमृत विचार, लखनऊ: विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सोमवार को नवनिर्वाचित चार विधायकों को पद की शपथ दिलाई।

नवनिर्वाचित विधायकों में शाहजहांपुर की ददरौल सीट से अरविंद कुमार सिंह, लखनऊ पूर्व सीट से ओपी श्रीवास्तव, बलरामपुर की गैसड़ी सीट से राकेश कुमार यादव और सोनभद्र की दुद्धी सीट से विजय सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने उन्हें संविधान व विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली 2023 की प्रति भेंट की।

विधान सभा के लिए जल्द तय होगा नेता प्रतिपक्ष का नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: विधान परिषद में सपा नेता लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बाद अब विधानसभ में नेता प्रतिपक्ष का नाम तय होगा। 29 जुलाई से शुरू हो रहे विधानमंडल सत्र के पहले नाम तय होना है।

अभी तक सपा प्रमुख अखिलेश यादव विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष थे, पर कन्नौज से सांसद बन जाने के बाद उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया। इस कारण नेता प्रतिपक्ष का पद खाली चल रहा है। सपा प्रमुख के इस पद से इस्तीफा दिये जाने के बाद पूर्व मंत्री शिवपाल यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने की चर्चा चल रही थी, पर विधान परिषद में लाल बिहारी यादव के नेता प्रतिपक्ष बनने से उनका नेता प्रतिपक्ष बनाया जाना मुश्किल बताया जा रहा है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि दोनों सदनों में नेता विरोधी दल एक ही बिरादरी को बनाये जाने से पार्टी बच रही है, इसलिए विधान सभा में इंद्रजीत सरोज और राम अचल राजभर में किसी एक को नेता प्रतिपक्ष बनाया जा सकता है।

परिषद में खाली था नेता प्रतिपक्ष का पद

विधान परिषद में अभी तक नेता प्रतिपक्ष का पद खाली चल रहा था। लाल बिहारी यादव परिषद में सपा दल के नेता थे, पर सदन में सपा सदस्यों की पर्याप्त संख्या नहीं थी, इसलिए नेता प्रतिपक्ष का पद रिक्त था।

धर्म दर्शन

सतोगुण प्रधान देव श्री हरि विष्णु

मनुस्मृति के अनुसार सृष्टि में सर्वप्रथम परमात्मा ईश्वर ही नर के रूप में उत्पन्न हुआ। महाभारत एवं परवर्ती साहित्य में वैदिक विष्णु की उपासना के अभिन्न अंग बन गए -वासुदेव कृष्ण और नारायण। इन पर अलग स्वतंत्र ग्रंथ रचनाएं अस्तित्व में है। पौराणिक साहित्य में विष्णु को सतोगुण प्रधान देव माना गया है। सृष्टि के संचालन और रक्षण का प्रमुख दायित्व इन्हीं का माना गया है। इसी कारण वह विभिन्न युगों में मानवीय अवतार ले दुष्टों का दमन और पृथ्वी का पालन करते हैं। पुराणों में उनको चतुर्हस्त (चार हाथों वाला) एवं शंख, गदा, चक्र एवं पद्म (कमल) धारणकर्ता कहा गया है। पीतांबर, वनमाला, किरीट, कुंडल तथा श्रीवत्स इनके प्रिय आभूषण हैं। वैकुंठ इनका निवास स्थल और पत्नी लक्ष्मी हैं। उनको छीर सागर में शेषशायी भी कहा गया है। आगम साहित्य के सिद्धांतानुसार वैकुंठ सबसे ऊंचे स्वर्ग का नाम है। कोई भी जीवात्मा ईश्वरीय कृपा के बिना, ज्ञान लाभ और मोक्ष नहीं पा सकता है और न तो उसे वैकुंठ में ईश्वर का सायुज्य ही मिल सकता है। वैष्णव मत भगवान विष्णु के उपासकों का मार्ग है। इसके अन्य लोकप्रिय नाम भागवत मत और पंचरात्र मत भी हैं। कुछ लोग नामांत में संप्रदाय शब्द का प्रयोग करते हैं। महाभारत काल में कृष्णावतार की मान्यता के साथ ही पूर्व के ही सात्वमत में पंचरात्र समाहित हो गया। सात्वमत ही भागवत मत का एक अन्य नाम है। इस मत के अनुसार हरिभजन ही परम पुनीत कर्तव्य और मुक्ति का साधन है।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

चराचर जगत के स्वामी शिव

बिंदु शक्तिः शिवो नादः शिवशक्त्यामकं जगत्। नादाधारमिदं बिंदुर्बिन्द्वाधारमिदं जगत्।। सारा चराचर जगत बिंदु व नादस्वरूप है। बिंदु शक्ति है और नाद शिव। इस तरह यह जगत शिव शक्ति स्वरूप ही है। नाद बिंदु का और बिंदु इस जगत का आधार है। यह बिंदु और नाद (शक्ति और शिव) संपूर्ण जगत के आधार रूप से स्थित हैं। बिंदु और नाद से युक्त सबकुछ शिव स्वरूप है। शिवलिंग भी बिंदु नादस्वरूप है। बिंदुरूपा देवी उमा माता हैं और नादस्वरूप भगवान शिव पिता। इन माता-पिता के पूजित होने से परमानंद की प्राप्ति होती है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

अकार, उकार, मकार, बिंदु, नाद और ध्वनि के रूप मे लिंग के छह भेद हैं। संपूर्ण प्रणव को ध्वनिलिंग कहते हैं।/ यो हि प्रकृतिजातस्य संसारस्य महोदधेः।/ नवं नावांतरमिति प्रणवं वै विदुर्बुधाः।। प्र का अर्थ है प्रकृति से उत्पन्न संसार रूपी महासागर। प्रणव इससे पार करने के लिए 'नव' अर्थात् नाव है, इसलिए इस ओंकार को 'प्रणव' की संज्ञा देते हैं। 'प्रणव' ओंकार का जप करने वाले साधकों से कहता है कि 'प्र' अर्थात् प्रपंच नहीं है, तुम लोगों के लिए। यह प्रणव अपने सभी उपासकों को बलपूर्वक मोक्ष तक पहुंचा देता है। इस अभिप्राय से भी इसे ऋषि मुनि 'प्रणव' कहते हैं। समस्त कर्मों का नाश करके दिव्य नूतन ज्ञान देने के कारण भी यह प्रणव कहा जाता है। उन मायारहित महेश्वर को ही 'नव' अर्थात् नूतन कहते हैं। वे परमात्मा प्रकृष्ट रूप से 'नव' अर्थात् शुद्ध स्वरूप हैं, इसलिए 'प्रणव' कहलाते हैं। प्रणव साधक को नव अर्थात् नवीन (शिवस्वरूप) कर देता है। एक अक्षर रूप जो 'ॐ' है, उसे सूक्ष्म तथा 'नमः शिवाय' पांच अक्षर वाले मंत्र को स्थूल प्रणव समझना चाहिए।

भगवान शिव ने अपने शरीर पर अपने लिए श्रृंगार, आभूषण स्वरूप भस्म को धारण किया है। यह भस्म, राख या विभूति (भभूत) तीन प्रकार की बताई गई है। लोकाग्निजनित, वेदाग्नि जनित और शिवाग्निजनित। लौकिक भस्म (जली हुई लकड़ी ईंधन आदि की राख) को पूजा के पूर्व द्रव्यों व पात्रों की शुद्धि के लिए प्रयोग किया जाता है। वेदाग्निजनित जो भस्म है, उसको उन वैदिक कर्मों यज्ञ, अनुष्ठान आदि के अंत में धारण करना चाहिए। मंत्र और क्रिया से जनित जो होम कर्म है वह अग्नि में भस्म का रूप धारण करता है। उस भस्म को धारण करने से वह कर्म आत्मा में आरोपित हो जाता है। अघोर मूर्तिधारी शिव का जो अपना मंत्र है उससे अभिमंत्रित अग्नि को शिवाग्नि कहा गया है। भस्म को समय-समय पर कांति या शोभा वृद्धि के लिए धारण किए जाने का विधान है। जैसे राजा अपने राज्य में सारभूत कर(टैक्स) को ग्रहण करता है, जैसे मनुष्य विभिन्न प्रकार के अनाज को जलाकर, पकाकर उसका सार ग्रहण करते हैं, जैसे जठराग्नि नाना प्रकार के भोज्य पदार्थों को जलाकर उसके सारतत्व को ग्रहण करता है, उसी प्रकार प्रपंच कर्ता परमेश्वर शिव ने भी अपने में विद्यमान सांसारिक प्रपंच को जलाकर भस्म रूप से उसके सार तत्व को ग्रहण किया है।

भवं भास्वरं भस्मना भूषिताङ्गं। संसार के प्रपंच को दग्ध करके शिव ने उसके भस्म को अपने शरीर में लगाया है। इस प्रकार भस्म के बहाने उन्होंने जगत के सार को ही ग्रहण किया है। जन्म और मरण रूप द्वंद भगवान शिव की माया द्वारा ही दिया गया है। माया चक्र के निर्माता भगवान शिव ही हैं। वह अपनी माया के दिए हुए द्वंद्व का स्वयं ही परिमार्जन करते हैं। अतः शिव के द्वारा कल्पित हुआ द्वंद उन्हीं को समर्पित कर देना चाहिए, जो अपने जन्म और मरण रूप द्वंद्व को शिव को ही समर्पित कर देता है, वह फिर शरीर के बंधन में नहीं पड़ता है।

वर्ग पहेली-139

बाएं से दाएं

1. विवाहित स्त्रियों के लिए प्रयोग किया जाने वाला सम्मानजनक संबोधन, श्रीमती।
4. जो सुगमतापूर्वक या आसानी से पढ़ा जा सके।
6. वह कपड़ा या चादर जिसपर शिव का नाम छपा हो।
8. मोहक चाल में चलने वाला, सुंदर गति वाला, मंजुगमन।

ऊपर से नीचे

1. 1. विवाह की एक रस्म 2. उक्त रस्म में कन्या पक्ष वाले वर पक्ष वाले से गले मिलते हैं और उपहार या रुपए आदि देते हैं।
2. 1. शुक्रवार 2. शुक्राचार्य 3. शुक्रग्रह 4. कृष्ण 5. शिव 6. परशुराम मुनि 7. जमदग्नि ऋषि 8. पहाड़ का खड़ा भाग।
3. 1. झपटने की क्रिया कराना 2. किसी को बलपूर्वक झपटने में प्रवृत्त करना।
5. एक प्रकार का पेड़ जिसकी लकड़ी इमारत और सजावटी सामान बनाने के कार्य में आती है, शीशम।
7. 1. बैठक, सभा 2. अधिवेशन, सम्मेलन 3. मुलाकात, भेंट।



वर्ग पहेली-138 का हल

	1 मँ		2 खु		3 भा
4 अं	ग	दे	श		रि
	वा		5 मि	थ	क
	ना		ज़ा		
6 ख़ो		7 व	ज	ह	
जा		द			
	8 ध	न	दि	शा	

सुडोकू-52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1	5		8					2
	4				3		9	
9				7	6			5
		9				7	2	
7		5				4		1
	2	8				6		
6			9	5				7
	7		2				6	
2					1		3	8

सुडोकू-51 का हल

1	4	8	7	3	9	6	2	5
6	3	5	4	2	1	7	8	9
9	2	7	5	8	6	4	3	1
7	1	4	3	6	2	9	5	8
2	9	6	1	5	8	3	4	7
8	5	3	9	7	4	1	6	2
4	7	2	8	1	3	5	9	6
5	6	9	2	4	7	8	1	3
3	8	1	6	9	5	2	7	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 10.23 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 20.18 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष — आज आप काफी सुखद अनुभव का आनंद लेंगे। अपने काम के प्रति निष्ठावान रहें। कारोबार में बड़ा ऑर्डर आपको मिल सकता है। सेहत को लेकर सावधान रहें। रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी होने के कारण मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

वृष — आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे। व्यवसाय में आकस्मिक धन हानि झेलनी पड़ सकती है। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। धर्म-कर्म से अरुचि हो अकती है। पिता के किसी निर्णय से आप नाराज हो सकते हैं।

मिथुन — आज मन में कई तरह के विचार एक साथ आएंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर उदासीन हो सकते हैं। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। आपको धन की कमी महसूस होगी। लोगों से ज्यादा सलाह न लें वरना अनावश्यक भ्रमित हो जाएंगे।

कर्क — आज आपके रुके हुए कार्य गतिशील होने की संभावना है। लेपटॉप व मोबाइल आदि की स्क्रीन के सामने ज्यादा समय न बिताएं। आंखों में परेशानी और सिरदर्द की समस्या हो सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें।

सिंह — आज आपको जॉब में पदोन्नति मिल सकती है। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। अचल संपत्ति की खरीदी का विचार मन में आएगा। व्यापार में प्रतिद्वंदियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

कन्या — आज आपकी दिनचर्या कुछ अव्यवस्थित हो सकती है। बच्चे माता-पिता के आदेश का सख्ती से पालन करें। दोपहर के बाद का समय आपके लिए बहुत सुखद रहने वाला है। आप लंबी दूरी की यात्रा कर सकते हैं। अटके हुए धन का लाभ आपको मिलेगा।

तुला — आज कृषि कार्यों से जुड़े लोगों को धन की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। मन में साहसिक कार्य करने की इच्छाशक्ति जागृत होगी। अहंकारी व्यवहार के कारण स्वजन आपसे नाराज हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग से अपना व्यवहार अच्छा रखें।

वृश्चिक — आज आपकी बातों से कुछ परिजन नाराज हो सकते हैं। दूरस्थ स्थानों की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। प्रियजनों के साथ आप काफी अच्छा समय बिताएंगे। नया व्यवसाय आप शुरू कर सकते हैं। उच्च शिक्षा में उत्तम सफलता मिलेगी।

धनु — आज आपकी लोग काफी प्रशंसा करेंगे। घर का माहौल सुखमय रहेगा। कड़वी भाषा का प्रयोग करना उचित नहीं है। विवाहेतर संबंधों से दूरी बनाकर रखें। आपको कठोर निर्णय लेने पड़ेंगे। शाम के समय आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

मकर — आज व्यापार में काफी व्यस्तता रहेगी। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। परिवार में सब आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। किसी मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे।

कुंभ — आज दिन की शुरुआत थोड़ी उबाऊ हो सकती है। किंतु व्यवसाय में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों को पर्याप्त समय देंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। प्रेमी जन के साथ मतभेद दूर होंगे। गलत बातों में अपना समय बर्बाद न करें।

मीन — आज स्वार्थी लोग आपका भावनात्मक शोषण कर सकते हैं। लोगों से सोच-समझकर ही अपनी बातें शेयर करें। घरेलू खर्च को लेकर आपका बजट गड़बड़ा सकता है। सरकारी मामलों में लापरवाही न करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- फर्ज — सुबह : 09.55
- गंगा तेरे देश में — रात : 07.00

&pictures
- बागी — सुबह : 10.46
- हमारी अधूरी कहानी — रात : 08.00

SONY PIX
- मॉन्स्टर हंटर — सुबह : 11.38
- द डार्क नाइट — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- ड्रीम गर्ल — दोपहर : 12.18
- डी ब्लॉक — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- चिराग — सुबह : 11.19
- गब्बर इज बैक — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पहला दोस्त दूसरे दोस्त से- यार मुझे और मेरी बीबी को तमिल सीखनी है।
दूसरा दोस्त - पर तुम दोनों को आखिर तमिल सीखनी क्यों है?
पहला दोस्त- यार हम दोनों ने एक तमिल बच्चा गोद लिया है, तो हम सोच रहे हैं कि उसके बोलना सीखने से पहले हम तमिल सीख लें।

गोलू -तेरा भाई क्या कर रहा है?
गप्पू-एक दुकान खोली थी, पर अब जेल में है।
गोलू-वो क्यों?
गप्पू-वो दुकान हथोड़े से खोली थी न।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

शीलं प्रधानं पुरुषे तद् यस्येह प्रणश्यति।
न तस्य जीवितेनार्थो न धनेन न बन्धुभिः॥

शील ही मनुष्य का प्रमुख गुण है। जिस व्यक्ति का शील नष्ट हो जाता है-धन ,जीवन और रिश्तेदार उसके किसी काम के नहीं रहते, अर्थात् उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है।

संपादकीय

वित्तीय क्षेत्र का भविष्य

आम बजट से एक दिन पहले संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में अनुमान जताया गया है वित्त वर्ष 2024 में देश की अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण में बैंकों के घटते नॉन-परफॉर्मिंग एसेट और आम आदमी को राहत पहुंचाने के लिए एलपीजी, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती का जिक्र किया । सर्वेक्षण में महंगाई को काबू करने के लिए सरकार के उठाए गए कदमों की सराहना की गई है। वैश्विक श्रम बाजार में व्यवधानों और चौथी औद्योगिक क्रांति के प्रभावों के बीच प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में भारत के कार्यबल के लिए आने वाले महत्वपूर्ण बदलावों को स्वीकार किया गया है। स्वीकारना होगा कि देश में पर्याप्त रोजगार सृजन की तत्काल आवश्यकता है। इसके लिए देखभाल अर्थव्यवस्था और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है। पिछले दो वर्षों से खाद्य मुद्रास्फीति एक वैश्विक घटना बनी हुई है। खराब मॉनसून की वजह से फसलों और खाने-पीने की चीजों की कीमतों पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

कुछ खाद्य पदार्थों की महंगाई दर ऊंची है। हालांकि मुख्य महंगाई दर काफी हद तक काबू में है। प्रमुख महंगाई दर 4 फीसदी के नीचे है। गौरतलब है कि खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.36 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मूल्य स्थिरता सुनिश्चित की गई। भारत की नीतियां चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपट पाईं। कहा जा सकता है कि निवेश में जो तेजी आई है वह सिर्फ पब्लिक सेक्टर (सरकार) में पूंजीगत खर्च से नहीं आई है बल्कि राज्य और केंद्र सरकारें, दोनों मिलकर भी पूंजीगत उत्पादन बढ़ा रही हैं। साथ ही प्राइवेट सेक्टर में भी पूंजीगत खर्च रिकवर हुआ है और लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वित्तीय क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रहा है, इसलिए इसे वैश्विक या स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली संभावित कमजोरियों के लिए तैयार रहना चाहिए। मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद और आयात कीमतों में नरमी से आरबीआई के मुद्रास्फीति अनुमानों को बल मिलता है। मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन ने भी कहा है कि 7 फीसदी की इकोनॉमिक ग्रोथ रेट का लक्ष्य हासिल करना संभव है लेकिन यह इस पर निर्भर करेगा कि मानसून की बारिश कैसी होती है। भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि तथा इसका प्रभाव आरबीआई की मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकता है। इसके बावजूद भारत के वित्तीय क्षेत्र का परिदृश्य उज्ज्वल है। वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत तथा स्थिर स्थिति में है, जो भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने में उसकी जुझारू क्षमता को दर्शाता है।

शोध पत्रों की अनुसंधान शैली पर उठते तकनीकी सवाल

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

आपत्ति के बाद से जर्नल से पेपर को रीट्रेक्ट करने या वापिस ले लेने की घटनाएं अनेक वर्ष से बढ़ी हैं। साइंस एडवांसेज के उक्त अध्ययन को खारिज करने से इसे संदर्भ हेतु सुरक्षित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

मेडिकल रिसर्च एंड एक्सपेरिमेंटल साइंस से ताल्लुक रखने वाली सामग्री को बिना जांच के प्रकाशित करना दुष्परिणाम लाता है। विदेश से प्रकाशित ख्यात और बहु-प्रसारित साइंटिफिक पत्रिकाओं में स्वास्थ्य प्रबंधन शोध या मेडिकल रिसर्च से संबधित रिपोर्ट, पेपर, पत्र को भारतीयों ने या विदेश में कार्यरत भारतीय मूल के शोध कर्मियों ने बेशक संयुक्त रूप से लिखा हो, परन्तु ऐसे प्रत्येक सर्वसुलभ प्रकाशित (ओपन एक्सेस) पेपर और रिपोर्ट को तीखी निगाह से देखने की आदत मीडिया कर्मियों को होनी चाहिए। भारत के संदर्भ में समझे बिना इसे इस्तेमाल करना सही नहीं। मीडिया में ऐसी रिपोर्ट्स की फ्रीक्वेंसी बढ़ गई है,जिनके बारे में भारत के स्वास्थ्य अनुसंधान तंत्र को आपत्ति रही है।

भारत में बैठे विदेशों के विज्ञान प्रकाशनों के कॉरेसपोंडेन्ट्स वर्नाक्युलर मीडिया से खबर या सामग्री उठाकर अंग्रेजी में रूपांतरण करके इसे अपनी पब्लिकेशन को कभी फीड नहीं करेंगे। वे अंग्रेजी में ही स्टोरी लिखेंगें। अंग्रेजी के कंटेंट में अगर त्रुटि है तो हिंदीकरण के बाद वह इसलिए बनी रहती है कि इसके कंटेंट के भीतर विचार, दृष्टिकोण, टिप्पणी या फैक्ट्स का पुनर्सत्यापन करने के लिए मीडिया की संबंद्ध मैकेनिज्म को जागृत करने में रुचि नहीं है। भारत के बारे में विदेश से न्यूज और साइंटिफिक मीडिया में से कंटेंट निकाल कर देश के मीडिया को जो सामग्री अरसे से फीड होती आ रही है या इसे सोद्देश्य भारत की ओर धकेला जाता रहा है उसका जस का तस भाषांतरण करने के बाद तरजीह देकर हमारे यहां नहीं छापा जाना चाहिए।

ताजा प्रसंग में हुआ यूं कि अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ़ साइंस संस्था के 'साइंस एडवांसेज' जर्नल के जुलाई 2024 के अंक में 'लार्ज एंड अनईक्वल लाइफ एक्स्पेक्टेंसी डिक्लाइन्स ड्यूरिंग द कोविड-19 पैंडेमिक इन इंडिया इन 2020' शीर्षक से प्रकाशित एक रिसर्च स्टडी में कहा गया कि भारत में सन 2020 के साल में कोरोना महामारी में संक्रमण से सामान्य संख्या से 12 लाख अधिक जनों की मृत्यु हुई थी जो कि सन 2019 के

भारत का सेंट्रल रजिस्ट्री सिस्टम सक्षम है और पक्षपात रहित होकर काम करता रहा है। कोविड महामारी के दौरान पंजीकरण करने पर मृत्यु के कारणों को दर्ज करने के बारे में विवादास्पद रिपोर्ट्स मीडिया में प्रकाशित हुई थीं,जिनका नोटिस स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया था और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।

दौरान इसी संक्रमण की वजह से हुई मृत्यु से संख्यात्मक रूप से और तुलनात्मक प्रतिशत आंकड़ों की दृष्टि से कहीं अधिक है। यह मात्र डेटा साइज़ और इंटरप्रिटेशन का खेल है। भारत में जन्म और मृत्यु की रजिस्ट्री के समय मृत्यु का कारण जरूर लिखा जाता है। यह सही है कि आम जागरूकता और मेडिकल एक्सपर्ट्स को सचेत करने के लिए जनसंदेशों के व्यापक प्रसारण और शासकीय आदेशों के बावजूद देहात और दूरस्थ क्षेत्रों में सन 2019-2020 में सिधार गए अनेक लोगों का दाह संस्कार करने से पहले मृत्यु का रजिस्ट्रेशन न हुआ हो या त्रुटिपूर्ण इन्द्राज किया गया हो, लेकिन डेटा में विशाल अंतर नहीं हो सकता। डेटा एनालिसिस में त्रुटियों को दुरस्त करने का मैकेनिज्म मौजूद होता है।

भारत का सेंट्रल रजिस्ट्री सिस्टम सक्षम है और पक्षपात रहित होकर काम करता रहा है। कोविड महामारी के दौरान पंजीकरण करने पर मृत्यु के कारणों को दर्ज करने के बारे में विवादास्पद रिपोर्ट्स मीडिया में प्रकाशित हुई थीं,जिनका नोटिस स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया था और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। भारत की सेन्ट्रल रजिस्ट्री और नेशनल फॅमिली हेल्थ सर्वे-5 से कोरोना संक्रमण से मरने वालों की गैर-मुकम्मल संख्या में से डेटा लेकर साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित उक्त शोध पत्र के दस ऑथर्स ने इस्तेमाल किया और जैसे नतीजे निकाले उनसे भारत सरकार में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव और आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने जबरदस्त आपत्ति की है। नीति आयोग में स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. विनोद कुमार पॉल ने इस शोधपत्र के लिए रिसर्चर्स द्वारा अधूरे डेटा-सेट के इस्तेमाल को गलत बताया है। इस बारे में हिंदी प्रिंट मीडिया में तकरीबन सभी समाचार पत्रों ने 21 जुलाई 2024 के अंक में इसे एक बड़ी खबर के रूप में प्रकाशित किया। इस बारे में हिंदी भाषा के कुछेक समाचार पत्रों में खबर के टेक्स्ट को सही से गठित नहीं किया और महत्व की जानकारी भी छूट गई या उक्त शोधपत्र को पढ़ने के बाद संशोधित नहीं की गई। इस शोधपत्र के विवादित हिस्सों को लिखने वाले सभी दस ऑथर्स भारतीय हैं, लेकिन इंग्लैंड, अमरीका, फ्रांस और जर्मनी के विभिन्न संस्थानों में विभिन्न कैपेसिटीज में करते हैं। एक रिसर्च पब्लिकेशन के बारे में बहुत से एथिकल इश्यूज उत्पन्न होते हैं। समाचार कहीं से भी पहुंचे इससे बाद इसका सत्यापन करने के मैकेनिज्म का सक्रिय किया जाना लाजिमी है। जर्नल्स के बारे में ऐसा करना अधिक मुश्किल नहीं, लेकिन प्रकाशन पूर्व सावधानी का यह अहम् हिस्सा है। इसलिए यह महत्वपूर्ण हो गया है कि विदेश मूल के जर्नल्स में प्रकाशित भारत संबंधी मेडिकल रिपोर्ट्स पर अपने देश के उच्च मेडिकल साइंटिस्ट्स की राय पहले जान ली जाए।

उक्त अध्ययन में इस्तेमालशुदा डेटा का सैंपल साइज़ अपर्याप्त बताया गया और कहा है कि कोविड संक्रमण की चपेट में आए हुए व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर इससे दीर्घकाल के प्रभाव के रूप में जीवनावधि का दो वर्ष और छः महीना कम होने की संभावना व्यक्त की गई। प्रयुक्त किए गए डेटा से अध्ययन की आधारभूत जरूरत पूरी नहीं होती और सैंपल साइज बेहद छोटा और महत्वहीन होने के कारण देश की एक अरब 35 करोड़ जनसंख्या के लिए इसकी एप्लीकेशन (एक्स्ट्रापोलेशन) से कोई नतीजा निकालना अन-एथिकल और अवैज्ञानिक है। डेटा के एक क्रिटिकल मास का ध्यान एक रिसर्चर को इसलिए रखना होता है कि स्टेटिस्टिकल तकनीकों से एनालिसिस करते समय गड़बड़ पेश न आए। मॉडर्न और ट्रेडिशनल मेडिसिन में भारतीय स्वास्थ्य एवं आयुर्वेज्ञानिक अनुसंधान अध्ययनों के बारे में शोधपर्चों में दर्शाए गए तथ्यों की प्रकाशन-पूर्व समीक्षा विद्वज्जनों की प्रतिभा और रिसर्च में लंबे अनुभव पर निर्भर होती है? स्वास्थ्य मंत्रालय की आपत्ति के चलते 'साइंस एडवांसेज' जर्नल के उक्त लेख की संदर्भ सूची में 84 लेखों की गिनती करवाना ऑथर्स के लिए अब खास मायने नहीं रखता। उद्धृत किए गए लेखकों को अपनी प्रतिष्ठा के बारे में सोचना पड़ सकता है। पिछले दो-तीन वर्ष से विदेशी मूल के ख्यात और लर्नेड जर्नल्स में पीयर रिव्यु के कमज़ोर पड़ने की बातें नेचर जर्नल के कुछ अंकों में प्रकाशित हुई हैं। आपत्ति के बाद से जर्नल से पेपर को रीट्रेक्ट करने या वापिस ले लेने की घटनाएं अनेक वर्ष से बढ़ी हैं। साइंस एडवांसेज के उक्त अध्ययन को खारिज करने से इसे संदर्भ हेतु सुरक्षित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। यह तय है कि किसी भी प्रकार की साइंस न्यूज़ की हैंडलिंग -खासतौर से अनुसंधानिक मिजाज़ वाली, में हिंदीभाषा के प्रिंट मीडिया में दक्षता बढ़ानी होगी।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने कोविड-19 पर जिस प्रकार से देश में रिसर्च स्टडीज को (एड-हॉक एंड इंस्टिट्यूशनल, दोनों) व्यापक समर्थन दिया और इनमें से अधिकांश को इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) के अंकों में प्रकाशित किया, उसकी पृष्ठभूमि में डॉ. बहल का यह कथन मायने रखता है 'साइंस एडवांसेज' में प्रकाशित की गई उक्त स्टडी को देख कर इस बारे चिंतन की जरूरत नहीं है। भारतीय स्टेटिस्टिकल एजेंसीज के अलावा भारत की रिसर्च एस्टाब्लिश्मेंट और जर्नल्स द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट्स में भारतीय मीडिया जनों की रुचि रूटीन के तौर पर बेहद कम है ऐसा अनुभव मैंने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् में अपने कार्यकाल में अर्जित किया। कोशिश के बावजूद मीडिया जन आईजेएमआर और अन्य भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान प्रकाशनों की ओर से सामान्यतः उदासीन ही बने रहे। इसलिए महसूस हो रहा कि विदेशी जर्नलों में प्रकाशित होने वाले भारत संबंधी शोध पर्चों की पुलिसिंग करने की भी अब जरूरत है।

प्रसंगवश

डिजिटल धोखेबाजों का शिकार बन रहे हैं सीनियर सिटीजन

डिजिटल धोखेबाजों का एक बड़ा शिकार सीनियर सिटीजन बन रहे हैं। खासकर नौकरी पेशा से निवृत्त हुए लोग। इसके कई कारण हैं। एक तो यही कि प्रायः उनके ज्यादातर आर्थिक सामाजिक दायित्व पूरे होते रहते हैं। उनके पास सरप्लस या यूं कहें कि पर्याप्त धन रहता है। शरीर भले निरंतर कमजोर जर्जर हो रहा हो,मगर मूलभूत जैविक इच्छाएं रह-रह कर उछाल मारती रहती हैं।

अकेलापन, एकरसता जीवन में तारी होने लगती है। उनमें एकालाप और सामीप्य की चाहत बलवती हो जाती है। वे नहीं चाहते कि उनकी उपेक्षा व्यक्ति और समाज करे। इसलिए कहीं से भी तनिक प्रशंसा,स्नेह और प्रेम के मीठे बोल उन्हें अपनी ओर खींच लेता है। मगर उनमें एक खामी भी आरंभ हो चुकी रहती है, याददाश्त कमजोर पड़ रही होती है। एक डिजिटल धोखेबाज के लिए ये सभी ऐसी कमजोरियां हैं,जिनके चलते वह उन्हें फांसने की जुगत करता है। एक पुलिस पद के ऊंचे ओहदे से रिटायर हुए और एक सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट मित्र अभी ऐसे ही एक स्कैंडल से किसी तरह उबर पाए हैं मगर लाखों का चूना लग गया है। जनाब कंचन और कामिनी के मोह में पड़ गए। अनावृत काया ने उन्हें अपने मधुपाश में लपेट लिया।

मेरे और समवयी मित्रों के वाट्सऐप पर अनजान और अचानक ऐसी कॉल आ आती हैं,फलाने मिस, फलाने कुमारी वाली। उन्हें बिना रिसीव करके तुरंत डिलीट करने में ही भलाई है। धोखेबाज दिन-रात सक्रिय हैं और नए-नए फांसने के तरीके आविष्कृत करते रहते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर को भी उन्होंने नहीं छोड़ा। अब तनिक इस वाट्सऐप संदेश को देखिए। किन्हीं मिस... सिंह का संदेश मिला जो न मेरे संपर्क सूची में हैं और न किसी समूह में। पहले संदेश पढ़िए -"मैं भाग्यशाली हूं कि आप मेरे गुरु हैं। आपने न सिर्फ ज्ञान दिया,बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाई। आपके सिखाए गए पाठ मेरे जीवन को हमेशा दिशा देते रहेंगे। आपको गुरु पूर्णिमा की ढेर सारी शुभकामनाएं! -... सिंह।" पढ़कर सुखानुभूति हुई। मगर छठी इंद्रिय सौभाग्य से सक्रिय हो गई और धन्यवाद देने से मैंने खुद को हठात रोक लिया। आशंकाएं बलवती हुईं। इन मोहतरमा की तो मुझे याद भी नहीं है। कमजोर मन ने प्रतिवाद किया, याद तो दुष्यंत को भी शकुंतला की नहीं थी। हो सकता है कोई मिस सिंह जान-पहचान की रही ही हों? और कृतज्ञता ज्ञापन का धन्यवाद भी न देना तो अशिष्टता ही होगी, मगर मन में द्वंद्व चलता रहा। आखिर तार्किकता ही जीती, इमोशन पीछे रहा।

मेरे और समवयी मित्रों के वाट्सएप पर अनजान और अचानक ऐसी कॉल आ आती हैं,फलाने मिस, फलाने कुमारी वाली। उन्हें बिना रिसीव करके तुरंत डिलीट करने में ही भलाई है। धोखेबाज दिन-रात सक्रिय हैं और नए-नए फांसने के तरीके आविष्कृत करते रहते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर को भी उन्होंने नहीं छोड़ा।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

आशंका यही है कि यह तरीका भी धोखे का वाला ही हो सकता है,जो आपके संपर्क सूची में नहीं है और आपको उसकी तनिक याद भी नहीं है काहें खतरा मोल लिया जाए। संदेश में आकर्षक फोटो है-बहुत संभव है वह क्लिकबेट हो। नाम याद रखने की भूल तो हो सकती है,मगर चेहरा भी पहचान नहीं पाया। हो सकता है याददाश्त सचमुच खेल कर रही हो।

बहरहाल इस उधेड़बुन में मैंने जवाब देना ही स्थगित कर दिया और सोचा कि इस पर अपने मित्रों की राय भी ले लूं। इधर जवाब दूं और उधर धोखेबाज अगले कदम को तैयार बैठे हों। डिजिटल फ्राड से बचने के लिए बहुत सजग रहने की आवश्यकता है,अगर आपके लिए खोने को बहुत कुछ हो। दौलत मान प्रतिष्ठा आदि। हां अगर इन सबसे आप निरे दरिद्र हैं तो फिर क्या फिक्र। धोखेबाज भी जान जाएगा कि किससे पाला पड़ गया।

संविधान की समीक्षा नहीं परीक्षा का समय

आजादी के बाद सत्ताधारी कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू के बाद 'कल्चर' शब्द का मजाक उड़ाते उसे 'एग्रीकल्चर' से हीनतर समझा। आजादी का संघर्ष गांधी के लिए सांस्कृतिक मूल्य-युद्ध भी था। अंग्रेजों से केवल निर्णायक राजनीतिक युद्ध करने से आजादी के बाद विचार की आजादी को लेकर एक और युद्ध लड़ना पड़ता। कांग्रेस में कई नेता हिंदूवादी ही थे।

नेहरू जैसे लोग पश्चिम के नए आकाश को भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता के स्पेस में लगना बनाना चाहते थे। राजनीतिक शब्दावली के अनुसार गैर प्रगतिशील गांधी हिंदुत्व की रूढ़, दकियानूस और बांझ मान्यताओं की खाल खींचने के बावजूद उस विरासत को संशोधित कर अपनी छाती से चिपकाए रखना चाहते थे। अल्पसंख्यकों के कठमुल्ला तत्वों ने भी कई सियासती खिलवाड़ें कीं। उन्हें चुप करने की रस्मअदायगी भी नहीं की गई। शाहबानो के प्रकरण में इसके बरक्स साहसी समाज सुधारकों को सहारा नहीं दिया गया। कूढ़मगज मुसलमानों की भड़काऊ गतिविधियों को शुरू से काबू नहीं किया था।

अयोध्या में राम मंदिर के नाम पर पूजागृह के ताले परिस्थितियों का जायजा लिए बगैर खुलवाए गए। मौजूदा समय संविधान की समीक्षा का नहीं,संविधान की परीक्षा का है। मुसलमान और ईसाई संकीर्ण हिंदुओं की हिट लिस्ट में हैं ही। एकल सांस्कृतिकता सांस्कृतिक बहुलतावाद से पिटती है। फासीवाद जब पनपता है तो वह अंतर्विरोधों की लहरें भी खुद उत्पन्न करता है। धुंध आक्रमणकारी के लिए ढाल और विक्टिम की पीठ के लिए तलवार

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

कई प्रदेशों के हिंदू और मुसलमान प्रादेशिक भाषाएं बोलते हैं। राजनीतिक संबंध और प्रतिबद्धताएं क्षेत्रीय सांस्कृतिक अहसास में ढूंढते हैं।

की तरह होती है। बाबरी मस्जिद, गोधरा और 9/11 की दुर्घटनाओं के बाद मुसलमान के लिए नागरिक समझ में बदलाव आया है। पारंपरिक वेषभूषा में वह पंथनिरपेक्षों तक के संदेह के घेरे में आ जाता है। दाढ़ी का मुखौटा लगाए कई बुद्धिजीवी, संस्कृतिकर्मी और कलाकार भी लोगों को मुसलमान दिखाई पड़ते हैं। भारत-पाक विभाजन को लेकर रचे साहित्य में सआदत हसन मंटो, इस्मत चुगताई और कृश्न चंदर जैसे लेखकों ने कई वास्तविक पेचीदा स्थितियों का खुलासा किया।

बुद्धिजीवी दिखता कोई मुसलमान या मुसलमान दिखता बुद्धिजीवी पहचाना नहीं जाए, तो उसे मुस्लिम आतंकवादी कह दिया जाता है। सांप्रदायिकता का यह नया शोध पंथनिरपेक्षता की एक-एक ईंट सरका रहा है। 'सभी मुसलमान आतंकवादी नहीं हैं,लेकिन सभी आतंकवादी मुसलमान हैं' के काफिया अर्थात् पुनरावृत्ति और उलटबांसी के आधार पर हर खाली स्पेस में सांप्रदायिकता ने अपनी वेबसाइट खोल ली है। कई प्रदेशों के हिंदू और मुसलमान प्रादेशिक भाषाएं बोलते हैं। राजनीतिक संबंध और प्रतिबद्धताएं क्षेत्रीय सांस्कृतिक अहसास में ढूंढते हैं। कई कारणों से पंथनिरपेक्षता का सामासिक एका और समन्वय अभी भी हासिल नहीं हुआ है। सुन्नी, सिया, सूफी, लोहरा और खोजा वगैरह उपजातियों में बंटे मुसलमान भी पूरी तौर पर एकीकृत कहां हैं? संप्रदायवाद के चश्मे से उनके वजूद को जांचना विस्फोटक काम है। तथ्यविरोधी, अवैज्ञानिक और सामाजिक संरचना के विरुद्ध उपजाए गए गोरे अंग्रेजों के कई निर्णयों ने इंसानियत की तमीज पर कालिख पोती। उस साजिश को समझकर फायदा उठाते कट्टर हिन्दुत्व की थीसिस ने उसे सहधर्मी सहोदर स्वदेशी विचार की तरह अपना लिया। इतिहास विकृत किया जा रहा है। मुसलमान को भारतीय जीवन के हाशिए पर धकेला जा रहा है। मंत्रिपरिषद में मुसलमानों को रखना गवारा नहीं समझा जा रहा।

शौर्य के लिए पहला सैनिक मरणोपरांत सम्मान अब्दुल हमीद को मिला। 1857 के जनयुद्ध में बहादुर शाह जफर, वहाबी, समुदाया अहमदुल्लाह शाह आदि ने अंग्रेज का दमदार मुकाबिला किया। यह भी उसके उलट सोचना होगा कि गणेश शंकर विद्यार्थी और स्वामी श्रद्धानंद का जातीय समरसता की कोशिश के बावजूद कत्ल किसने किया? कांवर यात्रा राष्ट्रीय बहस के हाशिए पर नहीं डाली जा सकती। मुसलमान ही डरे हों,वाचाल नहीं हो पाते हों,साहस नहीं दिखा पाते हों,लेकिन महान हिंदू कौम ने अपने उदार साहसी योद्धाओं के कारण नई राह पर चलने का फिलवक्त हौसला दिखाया है। उदार हिंदू ही मजहब की एकता की बुनियाद हैं।

सोशल फोरम

कृष्ण चंदर का तारीखी गधा

एक मुहावरे में हिदायत दी गई है कि गधे को गुलकंद, पूड़ी-हलवा, जाफरान और मीठे चावल जैसी चीजें खिलाने से परहेज किया जाना चाहिए। यह भी कहते हैं कि गधे को खिलाए का पुण्य लगता है न पाप। यानी सफल जीवन के लिए हर भले इंसान को गधों से दूर रहना चाहिए।

अकबरनामा बताता है कि शहंशाह अकबर को जंगली गधों का शिकार करने में मजा आता था। अबू फजल बताते हैं कि बाद में अकबर को अहसास हुआ कि वह गधों का शिकार करने के लिए नहीं, इंसानियत के लिए बड़े काम करने के लिए बादशाह बना है। यकीन मानिए गधे न होते तो न अकबर का दीने-इलाही होता न के। आसिफ मुगल-ए-आजम बना पाते।

अशोक पांडे
हल्द्वानी

कुछ साल पहले आई लंदन की ब्रूक हॉस्पिटल ऑफ एनीमल्स नाम की अंतर्राष्ट्रीय संस्था ने अपनी एक रपट में चिंता जाहिर करते हुए बताया था कि 2014 से 2021 के दरम्यान भारत में गधों की तादाद में 61 प्रतिशत कमी आई। चीन में गधों की खाल की मांग का बढ़ना इसका मुख्य कारण बताया गया। मैंने जीवन भर गधों से मोहब्बत की है। गधों के बारे में सारा दुष्प्रचार इसलिए किया गया कि दुनिया उनसे जलती है। उनके सीधेपन को कमजोरी और उनकी कर्मठता तो अज्ञान बताने वाले समाज को सबसे कीमती सबक देने वाले मुल्ला नसरुद्दीन यूं ही नहीं अपने गधे के शैदाई थे। बताते हैं मुल्ला के गधे के पुरखे यूपी के बाराबंकी से ताल्लुक रखते थे।

वही बाराबंकी जहां के बैरिस्टर सैयद करामत अली शाह की कोठी पर ईंटें ढोते-ढोते कृष्ण चंदर का तारीखी गधा पढ़ा-लिखा पीर-संन्यासी बन गया था। सैयद साहब और गधा मिलकर अखबार बांचते और दिलीप कुमार निम्मी की नई पिक्चर के बारे में घंटों बहस किया करते। बैरिस्टर साहब अक्सर कहते -'अफसोस तुम गधे हो। अगर आदमी के बच्चे होते तो मैं तुम्हें अपना बेटा बना लेता।'

-फेसबुक वॉल से

जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकार की ठोस योजना नहीं

आबादी बढ़ने की रफ्तार पर लगाम कसने के लिए देश में बरसों से गूंज रहे "हम दो, हमारे दो" के नारे को उत्तर प्रदेश के 27 जिलों ने ताक पर रख दिया है। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य की ओर से इन सभी जिलों की प्रजनन दर सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। यह अखबार की एक खबर है। उत्तर प्रदेश की औसत प्रजनन दर 2.4 है, यानी प्रति परिवार औसतन 2.4 बच्चों का जन्म हो रहा है। सबसे अधिक श्रावस्ती और बलरामपुर जिलों में यह औसत 3.7 का है। यहां परिवार का अर्थ सम्मिलित परिवार नहीं है।

समाचार से यह तो ज्ञात हुआ कि परिवार नियोजन के लिए सरकार चिंतित है,लेकिन मात्र चिंतित होने के परिणाम नहीं निकलेगा। नियोजित परिवार के लिए सरकार का कोई ठोस प्रयास जमीन पर दिख नहीं रहा है,अगर कुछ होगा भी तो मात्र सरकारी फाइलों में ही होगा। सही बात तो यह है कि आपातकाल में संजय गांधी द्वारा परिवार नियोजन पर जोर दिए जाने के कारण सरकारी सेवकों द्वारा की गई ज्यादतियों के कारण 1977 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हिंदी बेल्ट से साफ हो गई थी और इंदिरा गांधी की सरकार चली गई थी। तब से आज तक किसी भी सरकार में इतना साहस नहीं दिखा कि वह परिवार

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में पहले नंबर पर हैं। भारत से अधिक क्षेत्रफल वाले छह देश-रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील, आस्ट्रेलिया हैं।

नियोजन हेतु सख्ती कर सके। जब सरकार के पास नियोजित परिवार करने हेतु कोई ठोस योजना ही नहीं है तो प्रमुख सचिव स्वास्थ्य इन 27 जनपदों के अधिकारियों को प्रजनन दर सुधारने के सख्त निर्देश क्यों दे रहे हैं?

क्या अधिक बच्चे पैदा करने वालों को दंडित किया जाएगा जैसे उन्हें मुफ्त के अनाज, बिजली, इलाज आदि सुविधाएं बंद कर दी जाएंगी, सरकारी कर्मचारियों की वेतन-वृद्धि, प्रोन्नति,ग्रेच्युटी आदि रोक दिए जाएंगे या दंपति की बलात नसबंदी कर दी जाएगी? या जिस क्षेत्र की प्रजनन दर बढ़ेगी,वहां के स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस अधिकारी निलंबित या हटा दिए जाएंगे? स्वास्थ्य सचिव ने इसे स्पष्ट नहीं किया। ऐसे अस्पष्ट निर्देश मुख्यमंत्री, मंत्री आदि का दिया जाना तो समझ में आता है,लेकिन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिए जाने वाले आदेशों में स्पष्टता होनी चाहिए कि उन्हें परिवार को नियोजित करने के लिए क्या क्या करने हैं और न करने पर क्या दंड दिए जा सकते हैं। किसको कितने बच्चे पैदा करने चाहिए,यह तो वह दंपति ही निर्णय लेंगे,लेकिन बढ़ती जनसंख्या के कारण देश की अवरुद्ध हो रही प्रगति के लिए प्रत्येक देशवासी को इस पर विचार करना होगा और नियोजित परिवार ही जनसंख्या वृद्धि रोकने का एकमात्र उपाय है, इसलिए सरकार को इसका अनवरत प्रचार प्रसार करना होगा। कुछ लोग अज्ञानता वश या संतान को ईश्वर प्रदत्त मानते हुए परिवार नियोजन का विरोध करते हैं,ऐसे लोगों के लिए दंडात्मक व्यवस्था भी अनिवार्य है,क्योंकि "बिनु भय होय न प्रीति"।

जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में पहले नंबर पर हैं। भारत से अधिक क्षेत्रफल वाले छह देश-रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील, आस्ट्रेलिया हैं। चीन के अलावा उक्त सभी पांच देशों की आबादी हमसे बहुत कम है। हमें भी अपनी आबादी पर नियंत्रण कर गरीबी, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से निजात पानी होगा अन्यथा देश की प्रगति का कोई अर्थ नहीं होगा।

वह मर गया है, जीवित नहीं है

वह मर गया है,जीवित नहीं है मृतोऽसौ न स जीवति। महाभारत के अनुशासनपर्व को देख रहा हूं। आश्चर्य हो रहा है कि वह जमाना राजतंत्र का था, सामंती था, किंतु रचनाकार इतना निर्भय होकर इतने कठोर शब्द लिख रहा है-क्रोशन्त्यो यस्य वै राष्ट्राद्धियन्ते तरसा स्त्रियः। / क्रोशतां पतिपुत्राणां मृतोऽसौ न स जीवति। जिस राज्य में दुष्ट-जन उन रोती-बिलखती स्त्रियों का बलपूर्वक अपहरण कर लेते हैं, बलात्कार करते हैं, उन स्त्रियों के माता-पिता पति और पुत्र विवश होकर चिल्ला रहे हैं, रो रहे हैं, माथा पीट रहे हैं।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राजा उनका रुदन सुनकर के भी नहीं सुन पा रहा, महाभारतकार कहता है कि उस राज्य का राजा जीवित नहीं है,वह मर गया है। उसे जीवित होते हुए भी मरा हुआ मान लेना चाहिए। अहं वो रक्षितेत्युक्त्वा यो न रक्षति भूमिपः।/ स संहत्य निहन्तव्यः श्वेव सोन्माद आतुरः।।

मैं आप लोगों की रक्षा करूंगा-ऐसी शपथ लेने के बाद भी जो राजा प्रजा की रक्षा नहीं करता,वह उन्माद रोग से ग्रस्त है और कुत्ते की तरह हंतव्य है।

राजधर्म के पुराने विचारकों के संवाद महाभारत में कई जगह पर हैं, वहां प्रश्न उठते हैं कि सदसत् -प्रवृत्तियों को धारण करने वाला यह समय क्या है? यह समय कौन है? जिसे जमाना अथवा युग कहा जाता है, वह क्या है? यह युग क्या है? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए वे कहते हैं कि युग राजसत्ता का ही आभामंडल है। प्रजा राजा का शरीर है। यदि राजधर्म बिगड़ जाए तो धर्म, विद्या, आश्रम, तप, त्याग सभी नष्ट हो जाते हैं। इसीलिए राजसत्ता ही काल का कारण है।

एक नजर

जिला उद्योग बन्धु की बैठक 29 को

बहराइच। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उद्यमियों, व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक माह आयोजित होने वाली जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति एवं एमओयू से सम्बन्धित बैठक 29 जुलाई को अपरान्ह 04 :30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।

राजकीय आईटीआई में रोज़गार मेला आज

बहराइच। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच की नोडल प्रधानाचार्या ने बताया कि शासन के निर्देश के अनुपालन में राजकीय आईटीआई परिसर बहराइच में 23 जुलाई को पूर्वान्ह 10 :30 बजे से एक दिवसीय रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोज़गार मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से चयन की कार्यवाही की जायेगी।

पॉक्सो एक्ट के आरोपी को भेजा जेल

पयागपुर, बहराइच। पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त इबादत अली पुत्र मुन्नवर अली निवासी डेरवा हरिबंशपुर को पुलिस टीम के उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार, रमेश चन्द्र, आरक्षी रविशंकर यादव ने बरगदही शिवदहा से जनता के सहयोग से गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि अभियुक्त को पास्को एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

हेड मोहर्रिर लाइन हाजिर

बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि दरगाह थाने में तैनात हेड मोहर्रिर विनोद चौहान को लाइन हाजिर कर दिया गया है। जबकि फखरपुर थाने में हेड मोहर्रिर शेषमणी यादव दरगाह, अच्छेलाल सोनकर को रूपईडीहा को थाने में हेड मोहर्रिर बनाया गया है। मुख्य आरक्षी योगेंद्र कुमार मौर्य को पुलिस लाइन से निरस्तीकरण हेड मोहर्रिर नवाबगंज थाना में बनाया गया है।

पहले सोमवार पर शिव मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बहराइच/मटेरा/खैरीघाट

अमृत विचार। सावन माह की शुरुआत सोमवार से हो गई। पहले सोमवार पर जिले के शिव मंदिरों में लोगों ने पहुंच कर भगवान शिव को जल अर्पित किया। भगवान शिव के जयकारों से मंदिर गूंज उठे।

सावन का पवित्र माह का शुभारंभ सोमवार से शुरू हो गया। पहले सोमवार पर शहर के छोटी बाजार स्थित पांडव कालीन सिद्धनाथ शिव मंदिर में सुबह तीन बजे से ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु लाइन में लग गए। बैरिकेटिंग के बीच लोगों ने मंदिर पहुंच कर भगवान शिव को जलाभिषेक किया। मंदिर के पुजारी ने पूजा अर्चना कराई। मटेरा क्षेत्र के मसूदनगर में स्थित पांडव कालीन शिव मंदिर में भी जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सुबह से शाम तक सिलसिला चलता रहा। इसी तरह नानपारा में स्थित शिवालय बाग, पयागपुर के बागेश्वर नाथ मंदिर और नवाबगंज में स्थित पांडव कालीन मंगली नाथ मंदिर में लोगों ने सुबह से ही जलाभिषेक किया। खैरीघाट के बूढ़ेश्वर नाथ शिव मंदिर में लोगों कतार में लगकर जल चढ़ाया। श्रावण माह के प्रथम सोमवार पर जलाभिषेक हेतु थाना खैरीघाट के ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया के मजरा महादेवा में प्राचीनतम स्थित मनोकामना सिद्ध बूढ़ेश्वरनाथ शिव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज तथा सरयू नदी से जल लेकर जलाभिषेक हेतु आए श्रद्धालुओं की काफी लंबी कतार दिखाई पड़ी। सिद्ध स्थान की मान्यता है कि यहां पर सच्चे हृदय से जो भी मांगा जाए पूर्ण होता है और इसीलिए मंदिर परिसर में प्रतिदिन दर्जनों भजन भंडारे संस्कार वेद पाठ होते रहते हैं। श्रावण के पूरे महीने मंदिर परिसर में मेले का माहौल रहता है। खैरीघाट के चौकी वैवाही पुलिस ने मंदिर सहित मंदिर आने जाने वाले रास्तों मे कई जगह वैरीगेटिंग कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। थानाध्यक्ष खैरीघाट संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में मंदिर परिसर मे पंहुचे श्रद्धालुओं की सुरक्षा व जलाभिषेक में सहयोग हेतु कई उपनिरीक्षकों सहित काफी संख्या में महिला व पुरुष पुलिस बल की व्यवस्था की गई है।

शहर के सिद्ध नाथ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

खैरीघाट क्षेत्र में जल चढ़ाने के लिए लगी लाइन। अमृत विचार

युवक की हत्या कर फेंका शव

भाई की तहरीर पर दर्ज हुआ केस, गोंडा का रहने वाला है मृतक

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार। जिले के पहलवारा प्राथमिक विद्यालय के पास बाग के झाड़ियों में एक युवक का शव मिला। युवक की हत्या की गई है। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की है।

गोंडा जिले के कोतवाली नगर के जयनगरा गांव निवासी श्याम जी सोनी (35) पुत्र अयोध्या प्रसाद जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पटीहाट में सात वर्ष से रहते थे। गांव में इकौना मार्ग पर उनका निवास था। सोमवार सुबह प्राथमिक विद्यालय पहलवारा के शिक्षक स्कूल पहुंचे तो कुछ दूरी पर उन्हें सड़ांध आने की जानकारी हुई। ग्रामीणों के साथ सभी ने बाग की झाड़ियों में युवक का शव पड़ा देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय, सीओ हीरा लाल फोरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे। शव की पहचान ग्रामीणों ने की। मृतक के सिर में गंभीर चोट के निशान हैं। खून भी निकल रहा है। इसके अलावा पास में शराब की बोतलें भी पड़ी मिली है। हत्या की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा भी पहुंचे। एसपी ने पुलिस को जल्द घटना के खुलासे का निर्देश दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने बताया कि भाई संदीप सोनी की तहरीर पर हत्या का केस अज्ञात के विरुद्ध दर्ज किया गया है।

युवक की हत्या के बाद जांच करने पहुंची एसपी वृंदा शुक्ला। अमृत विचार

अकेले रहता था मृतक

पुलिस को जांच में पता चला है कि मृतक की शादी हो चुकी है। लेकिन उसकी पत्नी किसी कारणवश बच्चे के साथ मुंबई चली गई। जबकि मृतक अकेले ही रहता था। कई लोगों से उसकी दोस्ती भी थी।

72 घंटे में नहीं सुधरी विद्युत व्यवस्था तो होगा प्रदर्शन

संवाददाता, कैसरगंज, बहराइच

अमृत विचार। कैसरगंज तहसील क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था चरमरा सी गई है। लोग इस भीषण गर्मी में रात भर जाकर वह सड़कों पर टहलकर अपना समय व्यतीत कर रहे हैं । हालात यह हैं कि भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा के पदाधिकारी का भी अब विद्युत कर्मी फोन नहीं उठाते। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां के विद्युत अधिकारी व कर्मचारी अपने कर्तव्य के प्रति कितने संवेदनहीन हैं।

कैसरगंज क्षेत्र में विगत एक माह से लगातार विद्युत कटौती की जा रही है। जिसकी वजह से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पंखे कूलर एसी फ्रिज आदि महज शोपीस बनकर रह गए हैं। कैसरगंज क्षेत्रवासी जब भी विद्युत विभाग को फोन मिलाते तो वहां कोई फोन उठाने वाला ही नहीं रहता। जबकि जिला अधिकारी ने विद्युत अधिकारियों को फोन उठाने के सख्त निर्देश दे रखे हैं। इसके बावजूद भी यहां के अधिकारी कर्मचारी उसे पर अमल नहीं करते। भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह व महामंत्री शिवानंद सिंह ने बताया कि लगातार फोन करने के बावजूद भी विद्युत सब स्टेशन पर किसी ने फोन नहीं उठाया तो उन्होंने एसडीओ व जेई को भी फोन मिलाया लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। जब वह बिजली दफ्तर पहुंचे तो वहां पर मौजूद कर्मचारियों ने साफ मना कर दिया कि वह विद्युत कटौती के बारे में कुछ भी नहीं जानते। यह हालत देखकर भाजपा मंडल पदाधिकारियो ने शीघ्र ही विद्युत विभाग के विरुद्ध धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है उन्होंने 72 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि तीन दिनों में विद्युत व्यवस्था नहीं सुधरी तो कैसरगंजवासी क्षेत्रवासी सड़कों पर उतरेंगे और धरना प्रदर्शन करेंगे। इसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

शोभा यात्रा के साथ दीप यज्ञ का आयोजन

नगर पंचायत में दीप यज्ञ में दीप जलाते लोग। अमृत विचार

रुपईडीहा, बहराइच

अमृत विचार। नगर पंचायत रुपईडीहा वार्ड नंबर 10 राहुल पार्टी पैलेस में गायत्री पूजा का आयोजन किया गया गायत्री परिवार की शोभायात्रा नगर भ्रमण महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा बैंड बाजे के साथ किया। इसके बाद हवन दीप यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें नगर वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नगर पंचायत रूपईडीहा में गुरू पूर्णिमा पर गायत्री परिवार द्वारा देवनगर स्थित निर्माणाधीन गायत्री मंदिर रूपईडिहा द्वारा कलश यात्रा निकाली गई।कार्यक्रम के अन्तर्गत हवन-पूजन और दीप - यज्ञ का दो दिवसीय आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन वीरेंद्र कुमार शुक्ल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजक माया देवी रही। गायत्री परिवार की ओर से नगर पंचायत में शोभा यात्रा निकाली गई। इसके बाद दीप यज्ञ और हवन का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुति दी। कार्यक्रम में बृजनरेश श्रीवास्तव, वंदना शुक्ला, वसुधा शुक्ला, निर्मला देवी कसौधन, प्रियंका गुप्ता, मीना गुप्ता, गणेश प्रसाद गुप्ता, अनमोल गुप्ता, माही गुप्ता, रुद्र कसौधन, विष्णु गुप्ता, पंखुड़ी गुप्ता, आराध्या गुप्ता, कमल कुमार गुप्ता, पूनम वैय, संतोष शुक्ला, पार्वती देवी, बिना श्रीवास्तव, मीना देवी शर्मा, वेद प्रकाश बरनवाल शामिल रहे।कथा वाचक राम प्रसाद कुमार द्वारा बताया गया कि दो दिवसीय में दो दिवसीय हुए कार्यक्रम में कलश यात्रा हवन यज्ञ दीप यज्ञ प्रसाद वितरण भंडारा आदि विधि विधान से किया गया अपने गुरुओं को याद कर उसे आशीर्वाद भी प्राप्त किया गया।कार्यक्रम के आयोजन देवमाता गायत्री परिवार श्री रामजानकी नगर वार्ड नंबर दस रूपईडिहा में कराया गया। कार्यक्रम में संयोजक देवशंकर शुक्ल ,मुख्य व्यवस्थापक विरेन्द्र शुक्ल राहुल पार्टी पैलेस ,राम त्रिवेदी , माया उपाध्याय, सहित गायत्री परिवार के भाई- बहनो की विशेष सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन रामप्रसाद कुम्हाल द्वारा किया जा रहा।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर भजन और संकीर्तन

गुरु से आशीर्वाद लेते ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि।

रिसिया, बहराइच, अमृत विचार। रिसिया नगर के पंचवटी श्री सीता राम आश्रम पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भव्य तरीके से श्री सुंदर काण्ड का पाठ,गुरु पूजन एवम संकीर्तन का आयोजन किया गया है। गुरु पूर्णिमा उत्सव के महत्व को बताते हुए पंडित रवि शंकर महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा हमारी प्राचीन पद्धति है। गुरु शब्द किसी व्यक्ति नाम नही अपितु गुरु एक तत्व है। जो परमात्मा से आत्मा के जुड़ने का मार्ग बतलाता है। विधिवत पूजन के बाद हवन और अन्न पूर्णा भंडारे का भी आयोजन हुआ।इस कार्यक्रम के दौरान संजय जायसवाल प्रमुख प्रतिनिधि ने गुरु के रूप में प रवि शंकर जी महाराज के साथ कस्बे के सभी मंदिरों के पुजारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सुधीश अग्रवाल, महेश अग्रवाल,राजेश गोयल, हेमंत वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

व्यापारियों की एकजुटता से झुकती है सरकार

संवाददाता, बाबागंज, बहराइच

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के बैनर तले, रुपईडीहा इकाई का शपथ ग्रहण समारोह व व्यापारी एकता महासम्मेलन धर्मशाला में रविवार की रात हुआ।

संबोधन में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कहा कि जाति, धर्म का भेदभाव भूलकर सारे व्यापारियों को एक जुट होना है। आपकी एकजुटता के आगे सरकारें भी झुकती हैं। उन्होंने भामाशाह का उदाहरण देते हुए कहा कि आज भी व्यापारी जीएसटी सहित तमाम टैक्स सरकार को देता है। हमारे आपके टैक्स से ही सरकारें चलती हैं। व्यापारी देता है रहता है लेता कुछ नही। किसी व्यापारी को कोई समस्या होगी मैं आधी रात को आपके फोन पर 3 घंटों में लखनऊ से पहुंच जाऊंगा। सम्मेलन को प्रदेश महामंत्री सचिन कंछल, नानपारा के विधायक राम निवास वर्मा, बहराइच जिलाध्यक्ष कालिका प्रसाद गुप्ता आदि लोगो ने संबोधित करते हुए संगठन को जुझारू व एकताबद्ध बनाने की अपील की। रुपईडीहा शाखा के अध्यक्ष शैलेश जायसवाल, महामंत्री योगेंद्र शर्मा व कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल सहित सदस्यगण मनीष अग्रवाल, महेंद्र जायसवाल, श्याम अग्रवाल, राजकुमार वैश्य, संतोष कसौंधन, अनुराग कौशल, शिवम गुप्ता, आशीष अग्रवाल, मोहम्मद आलम, आशीष यज्ञसैनी व बसंत चक्रवर्ती आदि को प्रदेश अध्यक्ष कंछल ने संगठन के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ हरीश चंद, जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल, पूर्व व्यापार संघ महामंत्री संजय बंसल, पूर्व प्रधान मो.जुबेर फारूकी सहित भारी संख्या में रुपईडीहा के व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर रुपईडीहा के पदाधिकारियों ने स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुशील बंसल ने किया।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते प्रदेश अध्यक्ष। अमृत विचार

उप चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार। विकास क्षेत्र में दो ग्राम प्रधानों व एक क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा 7 ग्राम पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों पर चुनाव 6 अगस्त को चुनाव प्रक्रिया के तहत सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम दिन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। आरओ अनिल कुमार व एआरओ चंद्रशेखर ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के तहत ग्राम पंचायत रनियापुर गोबरही में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है, यहां प्रधान पद के लिए कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं ग्राम पंचायत राजापुर गिरंट में दो नामांकन पत्र दाखिल हुआ है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 83 अनारक्षित रिक्त क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए एक नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं 7 ग्राम पंचायतों के रिक्त पदों में 4 ग्राम पंचायतों में एक-एक नामांकन पत्र दाखिल हुआ है। शेष दो ग्राम पंचायत खाली रह गये हैं। नायब तहसीलदार सचिन श्रीवास्तव व पुलिस सुरक्षा के बीच नामांकन पत्र दाखिल किए गया। आरओ अनिल कुमार ने बताया कि मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा बुधवार को नाम वापसी के बाद 3 बजे से चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा तथा चुनाव 6 अगस्त को होगा।

आयोजन | सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत मिलने पर डीएम ने की कार्रवाई

किसान के खेत की पैमाइश न करने पर राजस्व निरीक्षक निलंबित

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई की।

तहसील में जनसुनवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक संतोष कुमार श्रीवास्तव के स्तर पर पैमाईश से संबंधित कई प्रकरण लंबित मिला। एक किसान के खेत की पैमाइश न करने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए राजस्व निरीक्षक को निलंबित करते हुए मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसमस्याओं का निस्तारण समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ करें। जनसमस्याओं के निस्तारण अनावश्यक हीला-हवाली को अत्यन्त गम्भीरता के साथ लिया जाएगा। डीएम ने निर्देश दिया कि न्यायालय द्वारा निर्णित प्रकरणो में समय से पैमाइश सुनिश्चित की जाए। डीएम ने सचेत किया कि ऐसे प्रकरणों में यदि किसी प्रकार के विलम्ब की शिकायत मिलती है तो संबंधित को निलंबित करने की कार्यवाई की जाएगी। डीएम ने निर्देश दिया कि अतिक्रमण से मुक्त कराये गये मार्गों, सार्वजनिक स्थानों इत्यादि पर दोबारा कब्ज़े की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए नियमानुसार कठोर कार्यवाई की जाए। डीएम ने कहा कि रास्ते के विवाद से संबंधित मामलों का थाना दिवस के माध्यम पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावी निस्तारण किया जाए।

इस अवसर पर डीएफओ बहराइच अजीत प्रताप सिंह, एसीएमओ डॉ. राजेश कुमार, पीडी डीआरडीए अरूण कुमार सिंह, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, उप निदेशक कृषि टीपी शाही, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बीपी सत्यार्थी, अधीक्षण अभियंता जल निगम कमला शंकर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ महसी हेमन्त यादव, तेजवापुर की अनुष्का, फखरपुर के अजय कुमार सिंह व शिवपुर के राजेन्द्र कुमार सहित बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

तहसील महसी में जनसुनवाई करतीं जिलाधिकारी मोनिका रानी। अमृत विचार

ट्रैक्टर-ट्रॉली की ठोकर से पिता-पुत्र की मौत

बहराइच, अमृत विचार। गोंडा-बहराइच मार्ग पर धरसंवा गांव के पास ट्रैक्टर- ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पिता पुत्र की मौत हो गई। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। श्रावस्ती जिले के सोनवा थाना क्षेत्र के बरावा हरगुन गांव निवासी राम अभिलाख (40) पुत्र छंगालाल अपने पिता छंगालाल (65) पुत्र नान्हू के साथ बाइक से सोमवार को अपने मामा के यहां ग्राम भिंगुरी कोतवाली देहात में जा रहे थे। जहां बाइक सवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पिता पुत्र को जिला अस्पताल लाया गया। यहां पर डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। कोतवाल देहात बीके मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

सार-संक्षेप

शिव महापुराण का आयोजन, कथा सुन श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

कथा सुनाते कथावाचक।

बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार। विकास खंड नवाबगंज के ग्राम बसभरिया (कलवारी) में कथावाचक पंडित कौशल कुमार के द्वारा शिव महापुराण कथा का आयोजन श्रवणमास के प्रथम सोमवार से हुआ। कथा वाचक कौशल कुमार एवं तबलावादक उपेंद्र द्विवेदी, पंकज मिश्रा, श्रीमन नारायण के द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है। शिव महापुराण के भव्य आयोजन से कथा श्रवण कर शिव भक्ति से भाव विभोर से भर उठे। पंडित कौशल कुमार ने कहा कि निर्धनों को कष्ट सहकर शिव की आराधना करनी चाहिए, शिव ज्ञान, शिव तप, शिव मंत्र, शिव ध्यान का अभ्यास करते रहना चाहिए। यजमान अवधेश कुमार गिरि ने बताया है कि पारिवारिकजनो की शिवभक्ति से प्रेरित होकर कथा का आयोजन किया जा रहा है। 26 जुलाई कों प्राण प्रतिष्ठा एवं भव्य भंडारा और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर अयोध्या प्रसाद गिरि, बनारस गिरि, बलराम गिरि, रामराज गिरि, राजेश गिरि, फ़ौजदार गिरि, नकछेद गिरि, देशराजगिरि, श्रवण गिरि, बेचन गिरि, अमेरिका तिवारी, भरोसे यादव, दलसिंह, रामहृदय पाण्डेय, शंकर गिरि मौजूद रहे।

मंडलायुक्त के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले डिप्टी सीएमओ

तहसील में मंडलायुक्त से शिकायत करता ग्रामीण। अमृत विचार

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार। पयागपुर तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस का मंडलायुक्त ने निरीक्षण किया। आवास के नाम पर वसूली की शिकायत ग्रामीण ने की। जिसकी जांच बीडीओ को दी गई। पयागपुर में सोमवार को उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 76 मामलों के प्रार्थना पत्र आये, जिसमे 5 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील दिवस का औचक निरीक्षण करने पहुंचे मंडलाआयुक्त शशि भूषण लाल सुशील के समक्ष बभनियावा तिलखावा निवासी गया प्रसाद ने आवास दिए जाने के नाम पर ग्राम पंचायत सचिव जसवंत द्वारा 11000 रुपये लिये जाने के वावजूद आवास न मिलने का मामला आया।पीड़ित ने रोते हुये मंडलायुक्त से रुपये वापस दिलाये जाने की गुहार लगाई। मंडलाआयुक्त ने खंड विकास अधिकारी दीपेंद्र पांडे को मामले की जांच के निर्देश दिए। वहीं अनुपस्थित डिप्टी सीएमओ एसके गौतम से जवाब तलब किया है। इस दौरान एसडीएम दिनेश कुमार, तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी दीपेंद्र पांडे, पूर्ति निरीक्षक संतोष श्रीवास्तव सहित अन्य विभागों के कर्मी मौजूद रहे।

पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण आवश्यकः ब्लॉक प्रमुख

कैसरगंज में पौध लगाते ब्लॉक प्रमुख। अमृत विचार

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार। माता भगवती कुंज आश्रम में सोमवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। पौधरोपण कर लोगों को जागरूक किया। पौधरोपण अभियान से जहां पर्यावरण संरक्षित हो रहा है वही लोगों के चेहरे पर खुशहाली आ रही है।इस लिए हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। यह बाते ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विषय ने माता भगवती कुंज आश्रम झिंगरी पुल पर पौध रोपण करते हुए कही।उन्होने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण ही बेहतर विकल्प है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन मे पौधरोपण अमृत के समान है। पीपल, बरगद, नीम, बेल आदि ऐसे पौधे है जो सबसे ज्यादा आक्सीजन देते है व लोगों को प्रदूषण से बचाव करते है हरियाली बढ़ाते है वही लोगों को गर्मी में छाया भी प्रदान करते है।उन्होने उपस्थित सभी लोगो से कम से कम पांच पौधे लगाने का संकल्प भी दिलाया। इस मौके पर पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी, लाडली प्रसाद वर्मा, बेचन लाल, पेशकार यादव आदि मौजूद रहे।

रोजगार सेवकों ने ब्लॉक कार्यालय में जड़ा ताला

कैसरगंज में ब्लॉक कार्यालय का घेराव करते रोजगार सेवक। अमृत विचार

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार। कैसरगंज ब्लॉक के रोजगार सेवकों ने मानदेय न मिलने से नाराज होकर ब्लॉक कार्यालय में ताला जड़ दिया। सभी का कहना है कि कई बार पत्र देने के बाद उन्हें मानदेय नहीं दिलाया जा रहा है। कैसरगंज ब्लाक क्षेत्र में सैकड़ों ग्राम रोजगार सेवकों की तैनाती है। इन सभी को कई माह से वेतन नहीं मिल रहा है। सोमवार को ब्लाक कार्यालय के सामने एकत्र हुए सेवकों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कई महीनों से मानदेय नहीं मिलने के कारण उनके परिवारों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। ब्लाक अधिकारियों से बातचीत में भी कोई समाधान नहीं निकलने पर सेवकों ने यह कदम उठाया। प्रदर्शन कर रहे ग्राम सेवकों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तो और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा उन्होंने शासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है ताकि उनके बकाया मानदेय का भुगतान हो सके। प्रदर्शन में ब्लाक अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रताप सिंह रवि शेखर , नीतेश सिंह, राजित राम , अखिलेश कुमार, पवन कुमार, सुखदेव प्रसाद, मनीष कुमार, वीरेंद्र प्रताप, प्रेम प्रकाश ,बृजलाल, सुमन पटेल ,प्रज्ञा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

छात्रों ने जागरूकता रैली निकाल पढ़ने का दिया संदेश

नवाबगंज में जागरूकता रैली निकालते छात्र। अमृत विचार

नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार। नवाबगंज में स्थित स्कूल के बच्चों ने सर्वशिक्षा अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। लोगों को बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल में नामांकन कराने पर बल दिया। नवाबगंज के न्यू पायनियर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्कूल चलो रैली निकाली। इस दौरान बच्चों ने हाथों में लिए तख्ती पर स्लोगन लिखे घर में खुशियली लाना है तो बच्चों को पढ़ना है, हर बच्चों का यही नारा शिक्षा का अधिकार हमारा,आओ ज्ञान का दीप जलाएं सब बच्चों को शिक्षित बनाए, पढ़ें पढ़ाए देश को आगे बनाएं, देश बनेगा तभी महान जब पढ़े लिखेंगे इंसान, सर्व शिक्षा अभियान रैली कस्बे के बक्सी गांव रोड ,थाना रोड ,हज्जिन मस्जिद चौराहा, चौक घंटाघर, छावनी चौराहा, मिर्जापुर रोड, आदि स्थानों पर निकाली गई नारों के साथ बच्चों को जागरूक किया । रैली को हरी झंडी दिखाकर स्कूल के प्रधानाचार्य ताहा आब्दी ने रैली का शुभारंभ किया। रैली का नेतृत्व गुलाम फरीद ने किया। इस दौरान अदनान , कुणाल, अदनान उमर आदि शिक्षक मौजूद रहे।

बिछिया मैलानी व नानपारा की ट्रेन 20 अगस्त तक निरस्त

बहराइच, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे ने पलिया कला रेल पटरी के बाढ़ में टूटने के चलते बिछिया से मैलानी और मैलानी से नानपारा आने वाली ट्रेन को 20 अगस्त तक के लिए निरस्त कर दिया है। नानपारा मैलानी रेल प्रखंड पर पैसेंजर ट्रेनों का संचालन होता है। लखीमपुर खीरी जिले के वीर पलिया कला रेलवे स्टेशन के मध्य बाढ़ के चलते ट्रेनों की पटरिया उजड़ गई है। जिसके चलते ट्रेनों के निरस्तीकरण का समय बढ़ा दिया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 05320 मैलानी बिछिया अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05356 मैलानी नानपारा, 05362 मैलानी नानपारा, 053 19 बिछिया मैलानी, 05361 नानपारा मैलानी और 05355 नानपारा मैलानी को 20 अगस्त के लिए निरस्त कर दिया गया है।

एक नजर

मुकुट और अन्य जेवरात चोरी, लोगों में आक्रोश

मगहर, संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत स्थानीय कस्बे के संतकबीरनगर मोहल्ले में स्थित काली मंदिर में स्थापित मूर्ति से अज्ञात चोरों ने कीमती जेवरात चुरा लिया। जिसमें काली मूर्ति का कपड़ा, चांदी की मुकुट, सोने की नथुनी समेत तीन धार्मिक पुस्तकों की चोरी हुई है। इस घटना के सम्बंध में पुजारी ने पुलिस को तहरीर सौंप दिया है।

पोखरे से अज्ञात युवक का शव बरामद

संतकबीरनगर। खलीलाबाद स्थित समय माता मंदिर के पोखरे से कोतवाली पुलिस ने शाम चार बजे एक अज्ञात युवक की लाश बरामद किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि शव की पहचान कराने का प्रयास किया गया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में की शिकायत

मेंहदावल, संतकबीरनगर। मेंहदावल तहसील में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया था। समाधान दिवस में एक पीड़िता पहुंची, उसने रुपए न देने के कारण जाति प्रमाण पत्र का आवेदन निरस्त कर देने की शिकायत किया। इस पर एसडीएम ने संज्ञान लेकर नायब तहसीलदार को पूरे मामले की जांच सौंपी है। हालांकि इसके पहले संबंधित लेखपाल को ही मामले की जांच सौंप दी गई थी। बाद में मामले की जांच नायब तहसीलदार को सौंपी गई है।

कारगिल दिवस की पूर्व संध्या पर निकलेगा मशाल जुलूस

बस्ती। भाजपा कार्यालय पर रविवार को भाजपा युवा मोर्चा की बैठक हुई।क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज मौर्य ने कहा कि कारगिल विजय दिवस सर्व समाज को साथ लेकर देश की एकता के प्रतीक के रूप में शहीदों के याद मशाल जुलूस निकाला जायेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने कहा कि सेना हमारा मनोबल बढ़ाती है । युवा मोर्चा के जिलाध्यक्षअमित गुप्ता ने बताया यह मशाल जुलूस यात्रा कंपनीबाग चौक से तिरंगा चौक तक निकाली जाएगी ।

एसडीएम ने जलनिकासी की समस्या को कराया दूर

कुशीनगर। खड्डा नगर पंचायत से सटे ग्राम पंचायत बंजारीपट्टी एवं सिसवा मनिराज के बीच जलभराव की समस्या को एसडीएम ने स्थलीय निरीक्षण कर आम सहमति से निस्तारण करा दिया। खड्डा विकास खण्ड के सिसवा मनिराज और बंजारीपट्टी गांव के बीच बने पुलिया में मिट्टी भर जाने से जलभराव की स्थिति बन गई थी। सोमवार को शिकायत पर एसडीएम ऋषभ पुण्डीर मौके पर पहुंचे और दोनों गांवों के लोगों से आम सहमति के लिए समझा बुझाकर उक्त जाम हुए पुलिया को जेसीबी मशीन से साफ- सफाई कराकर जलभराव की समस्या का निस्तारण करा दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान विजय गुप्ता, कुद्दुस अंसारी सहित राजस्व एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कल

संतकबीरनगर, अमृत विचार। उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा ने बताया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के स्थानीय दस्तकारों व पारम्परिक कारीगरों के विकास के लिए एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण और टूलकिट योजनान्तर्गत के अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिलाने के लिए पात्र अभ्यार्थियों का चयन किया जाना है। प्रशिक्षार्थियों के चयन के लिए कल 24 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र राजकीय औद्योगिक आस्थान मुखलिसपुर रोड निकट मधुकुंज सिनेमा हॉल संतकबीरनगर कार्यालय में साक्षात्कार होना सुनिश्चित किया गया है।

हर-हर महादेव के नारों से गूंज उठे शिवालय

तामेश्वरनाथ मंदिर पर पचास हजार से अधिक भक्तों ने किया जलाभिषेक

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। श्रावण मास के प्रथम सोमवार को हर कोई भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखा। शिवालयों पर आधी रात से ही हर-हर महादेव और बोल बम् के नारे गूंजने लगे। जिले के सबसे प्राचीन और पौराणिक स्वयंभू शिवलिंग तामेश्वरनाथ धाम में भक्तों की लम्बी कतारें दिखीं। इस मंदिर पर भोर के तीन बजे से जलार्चन शुरू हो गया और दिन में 11 बजे तक भक्तों की कतारें लगी रहीं। मेला प्रबंधन के मुताबिक यहां पचास हजार से ज्यादा लोगों ने जलार्चन किया है। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारें लगी थीं। लगभग एक किलोमीटर लम्बी लाइनों में खड़े भक्तों के मुंह से सिर्फ हर-हर महादेव और बोल बम् के नारे ही गूंज रहे थे। जानकारों की मानें तो सरयू नदी के बिड़हरघाट से लेकर तामेश्वरनाथ धाम तक पूरी रात भक्तों का तांता लगा रहा। शिवभक्त रात में ही सरयू नदी के बिड़हर घाट पहुंच गए थे और रात के 12 बजे स्नान करने के बाद सरयू नदी का जल लेकर तामेश्वरनाथ मंदिर पर पहुंचे और भोर के तीन बजे जैसे ही मंदिर के कपाट खुले भक्तों ने जलार्चन शुरू कर दिया। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह और एसडीएम शैलेश दूबे भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा का प्रबंध करने में जुटे रहे। इसके अलावा जिले में स्थित लगभग एक दर्जन स्वयंभू शिवालयों पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। जिनमें मेंहदावल स्थित कुबेरनाथ, हैंसर बाजार स्थित हैहयेश्वरनाथ, बंसवारी गांव स्थित बैजूनाथ, पौली स्थित कंकड़ेश्वरनाथ, बखिरा स्थित भंगेश्वरनाथ, कोपिया स्थित कोपेश्वरनाथ, धनघटा स्थित दानीनाथ, पौली स्थित कंकड़ेश्वरनाथ और बाहिलपार स्थित कुबेरनाथ शिव मंदिर प्रमुख रहे। इन मंदिरों पर सुरक्षा का तगड़ा इंतजाम किया गया था।

तामेश्वरनाथ मंदिर पर सुरक्षा का जायजा लेते डीएम और एसपी।

ऐतिहासिक शिव मंदिर तामेश्वरनाथ में जलार्चन के लिए जाते श्रद्धालु।

दरिंदगी की शिकार हुई किशोरी के मुख्य आरोपी की हाईकोर्ट से जमानत खारिज

संवाददाता, बस्ती

अमृत विचार। गौर थाना क्षेत्र के बिरऊपुर चौराहे पर पांच जून 2023 को दिल दहला देने वाली दरिंदगी की शिकार हुई 14 वर्षीय किशोरी की मौत का एक वर्ष से अधिक हो गया।तोनों आरोपी जेल में है।मामले की सुनवाई पास्को एक्ट विशेष न्यायालय में चल रहा है।घटना के मुख्य आरोपी कुंदन सिंह ने बेल मंजूर के लिए हाईकोर्ट का में अर्जी दाखिल की थी।जिसे हाईकोर्ट ने मुख्य आरोपी का जमानत खारिज कर दिया है और आदेश दिया है कि पूरे मामले की सुनवाई एक वर्ष में पूर्ण कर निस्तारण किया जाए।

केस की पैरवी कर रहे अधिवक्ता शिवकुमार यादव ने बताया कि पुलिस की ओर से न्यायालय में दाखिल चार्जशीट के अनुसार गवाहों के बयान और जिरह चल रही है।पास्को एक्ट विशेष न्यायालय में 25 जुलाई को चौथे गवाह का जिरह शुरू होगा।अभी तक तीन लोगों का बयान और जिरह पूरा हो गया है।घटना में कुल 54 गवाह बनाए गए हैं।जिसमें किशोरी के भाई और मां के साथ एक अन्य का जिरह और बयान पूरा हो चुका है। अधिवक्ता ने बताया कि हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विनय सरन व अनूप कुमार पटेल ने दरिंदगी की शिकार हुई किशोरी की ओर से अपना पक्ष रखा। जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने घटना के मुख्य आरोपी कुंदन सिंह का जमानत खारिज कर दिया है।

एक वर्ष बीत जाने के बाद भी परिजनों को नहीं मिली सहायता

पांच जून 2023 को हलुआ बाजार के पास बिरऊपुर चौराहे पर आरोपी कुंदन सिंह के मकान में किशोरी के साथ दरिंदगी की घटना सामने आई थी।किशोरी की मां ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है,की मुख्य आरोपी ने ही किशोरी की गांव के एक व्यक्ति को फोन कर बताया था,कि आपके गांव की एक लड़की बिरऊपुर चौराहे पर स्थित एक मकान के पीछे मृत पड़ी है।घटना को हुए एक वर्ष पूरा हो गया।मगर दरिंदगी की शिकार हुई किशोरी के परिजनों को अभी तक सरकार की ओर से कोई सहायता राशि नहीं मिली है।

एक सप्ताह के भीतर होगा बकाया मूल्यांकन का भुगतान

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। सोमवार को शिक्षक समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रतिनिधि मंडल ने जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ राम से वार्ता किया।

संगठन के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने मूल्यांकन पारिश्रमिक, एरियर, पेंशन, प्रोजेक्ट अलंकरण, सामूहिक जीवन बीमा का मुद्दा उठाया। वार्ता के दौरान डीआईओएस ने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं के बकाया मूल्यांकन पारिश्रमिक का भुगतान एक सप्ताह में कर दिया जाएगा। शिक्षक पठन पाठन पर ध्यान दें। उनकी हर समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाएगा।

संगठन के आग्रह पर 1 अप्रैल 2005 के पहले विज्ञापन से 1 अप्रैल 2005 के बाद नियुक्ति पाए शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने का विकल्प भरने का आदेश वार्ता के दौरान ही जारी कर दिया गया है। संबंधित शिक्षक विकल्प पत्र भर कर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्यालय में जमा करा दें। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि राजकीय बालिका विद्यालय के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन के बकाया पारिश्रमिक के भुगतान का बिल प्राप्त हो गया है, जो भुगतान की प्रक्रिया में है। हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज का बिल प्राप्त नहीं हो पाया है। उप नियंत्रक प्रधानाचार्य को बिल अविलंब प्रस्तुत करने को कहा गया है। इसी सप्ताह में भुगतान की कार्रवाई पूरी करा दी जाएगी।

कबीर दास की गरिमा के अनुरूप होगा मगहर का विकास

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

अमृत विचार। नगर पंचायत मगहर को कबीर के अनुरूप विकसित करने के लिए संकल्पित हूं।गंगा जमुनी तहजीब को समेटे कस्बा मगहर को सुन्दर, सुसज्जित और विकसित कर माडल कस्बा बनाने का प्रयास करूंगा। जिससे बाहर से आने वाले तीर्थ यात्रियों को दूर से पता चल सके कि कबीर की निर्वाण स्थली पर आए हैं।

विश्व मानचित्र पर कबीर भूमि की आभा दिखाई देगी इसका हर सम्भव प्रयास करुंगा। उक्त बातें सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने नगर पंचायत कमेटी मगहर की चेयरमैन और सभासदों के साथ नगर पंचायत सभागार में सोमवार को बैठक के दौरान कही। इस मौके पर चेयरमैन अनवरी बेगम, प्रतिनिधि नुरूज्जमा अंसारी, अमीरुद्दीन कादरी, मोहम्मद असअद, सुहेल अख्तर, मेंहदी हसन पप्पू, भोलू पासवान, अतुल श्रीवास्तव, कृष्ण चन्द्र सैनी, अहमद अली, अब्दुल कलाम, सजंय दूबे, भोला अग्रहरि, सुजीत गुप्ता, प्रदीप पासवान, विशाल वर्मा, शैलेन्द्र कन्नौजिया समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

हरा चारा उत्पादन मॉडल का किया निरीक्षण

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने सोमवार को खलीलाबाद के मड़या मोहल्ले में स्थित कान्हा गौशाले में स्थापित हाइड्रोपोनिक विधि से (मक्का) हरा चारा उत्पादन मॉडल का निरीक्षण किया।

हाइड्रोपोनिक विधि से 1 किलो मक्का बीज से सिर्फ 7 से 8 दिनों में 7 किलो हरा चारा हर ट्रे में उत्पादित होता है। जो पशुओं के लिए हरे चारे की आपूर्ति करता है। दुधारू गोवंश के लिए प्रति दिन सुबह- शाम एक ट्रे हरा चारा और 2 से 3 किलो भूसा पर्याप्त होता है। जबकि जीवन निर्वाह के लिए इसकी आधी मात्रा ही पर्याप्त होती है।

गोशाले में हाइड्रोपोनिक विधि से तैयार हरे चारे का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी के निर्देश पर उप कृषि निदेशक और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की देख रेख मे स्थानीय स्तर पर 32 ट्रे युक्त यह हाइड्रोपोनिक उपकरण माडल लगभग 20 हजार रुपए लागत में तैयार कराया गया है। इसमे अंकुरित मक्का बीज स्वचालित वाटर मिस्टिंग मशीन से निर्धारित समय पर सिंचाई कर सिर्फ 8 दिनों में 7 किलो ग्राम हरा चारा प्रत्येक ट्रे में तैयार किया गया है। जिसे बड़े स्तर पर तैयार करने में लागत और घट जाती है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों के अन्य गोशालाओं मे भी इस हाइड्रोपोनिक उपकरण को स्थापित किए जाने का प्रोजेक्ट और रणनीति तैयार किए जाने का निर्देश दिया है।

नगर पालिका ने शुरू कराया स्टेशन रोड का निर्माण

संवाददाता, बस्ती

अमृत विचार। शहरवासियों को बड़ी राहत मिली है। रेलवे स्टेशन रोड अब बहुत जल्द चमक उठेगा। नगर पालिका की ओर से निर्माण की कवायद शुरू कर दी गई है। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा, प्रतिनिधि अंकुर वर्मा पूरी टीम के साथ पूजन- अर्चन कर निर्माण का शुभारंभ किया। लंबे समय तक इंतजार के बाद सड़क का निर्माण शुरू होने सोशल मीडिया पर भी यह खूब प्रसारित हुई। 86 लाख के बजट से 825 मीटर लंबाई में 14 मीटर चौड़ी सड़क बनकर तैयार होगी। दक्षिण दरवाजा से रेलवे स्टेशन मार्ग पिछले पांच साल से खस्ताहाल है। नगर पालिका में धनाभाव के चलते इस सड़क की मरम्मत नहीं हो पा रही थी। पिछले वर्ष इस मार्ग पर स्थित एक होटल में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम लगने के कारण रातोरात आधे हिस्से की सड़क चमका दी गई थी। इसके बाद आधे हिस्से में यह सड़क जस की तस हालत में छोड़ दी गई। साल भर लोगों ने इंतजार किया लेकिन, आधे हिस्से की सड़क नहीं बन पाई। इधर बारिश की वजह से इस सड़क की हालत और बिगड़ गई। कई जगहों पर सड़क का अस्तित्व ही खत्म हो गया था। बारिश के दौरान पूरी सड़क पानी में डूबी हुई थी। नगर पालिका में इस सड़क के निर्माण के लिए 86 लाख का बजट स्वीकृति हुआ है। नवीन मंडी से स्टेशन गेट तक 825 मीटर लंबाई में सड़क बननी है। जहां डिवाइडर है वहां सड़क की चौड़ाई 12 मीटर और जहां डिवाइडर नहीं है वहां 14 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी। सड़क का निर्माण हो जाने से स्टेशन से दक्षिण दरवाजा तक वाहन अब फर्राटा भरेंगे।

बिना अनुमति लगाया 5 केवीए का ट्रांसफार्मर, फोटो वायरल होने पर हटाया

रुधौली, अमृत विचार। तहसील क्षेत्र के टिकरी गांव में बिना विद्युत निगम की अनुमति के 5 केवीए ट्रांसफार्मर लगाने का मामला सामने आया है। स्थानीय नागरिकों ने जब इसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करना शुरु किया तो आनन- फानन में इसे खंभे से हटवा दिया गया। इसे कब, किसने लगवाया इस बारे में अफसर कुछ भी बता पाने में असमर्थता जता रहे हैं। विद्युत निगम के अभियंताओं पर आए दिन उपभोक्ताओं से अवैध वसूली के आरोप लगते रहते हैं। ग्रामीणों ने जानकारी की तो पता चला कि यह विभाग की ओर से नहीं लगाया गया है। किसी ने इसकी फोटो सोशल मीडिया पर डाल दी जो देखते ही देखते वायरल होने लगी। उपखंड अधिकारी अनंत यादव ने कहा कि सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद मुझे भी जानकारी हुई है। ट्रांसफार्मर किसने और कब लगवाया इसकी जांच की जा रही है। मामले में जो भी दोषी मिलेगा उस पर सख्त कार्रवाई होगी।

तहसील समाधान दिवस | 185 मामलों में महज 12 का हुआ निस्तारण

डीएम और एसपी ने तहसील परिसर में किया पौधरोपण

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर

अमृत विचार। हर बार की तरह इस बार भी तीनों तहसीलों पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस फरियादियों के लिए छलावा साबित हुआ। अधिकारियों की भारी भरकम फौज की गरिमामई उपस्थिति में सोमवार को आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस मे कुल 185 मामले प्रस्तुत हुए जिनमें से महज 12 मामलों का ही मौके पर निस्तारण कराया जा सका। शेष मामलों को निस्तारित कराने के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। बताते चलें कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 20 जुलाई दिन शनिवार को ही होना था, लेकिन पूरे प्रदेश में बृहद वृक्षारोपण अभियान के चलते यह आयोजन इस बार सोमवार को कराया गया। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने धनघटा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है।

तहसील परिसर में पौधरोपण करते डीएम और एसपी।

धनघटा तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 58 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से महज 2 प्रार्थना पत्रों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के अन्दर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर डीएम और एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों को एक-एक पौधा भेंट करते हुए सभी से पर्यावरण संरक्षण को लेकर वृक्षारोपण करने और वृक्षों को संरक्षित करने को लेकर शपथ भी दिलाई। इस दौरान डीएम और एसपी ने तहसील परिसर में वृक्षारोपड़ भी किया। मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश और अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने किया। अपर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित विभिन्न मामलों को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। तहसील मेंहदावल में कुल 57 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से मौके पर महज 6 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्थातंरित करते हुए ससमय गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं

संतकबीरनगर। खलीलाबाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न मामलों से सम्बंधित एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। तहसील खलीलाबाद में कुल 70 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, जिसमें से मौके महज 5 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया जा सका।

सार-संक्षेप

जिंदगी की जंग हार गई दरिंदगी की शिकार किशोरी

कुशीनगर, अमृत विचार। जिले के हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन सप्ताह पूर्व एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद जहरीली पदार्थ पिलाने के बाद हालत बिगड़ने पर नाबालिग किशोरी को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान सोमवार को उसने दम तोड़ दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम आदि की कार्रवाई में जुटी हुई है।बताते चले की हनुमानगंज थाना क्षेत्र के बेलवनिया गांव में बीते 30 जून को गांव के दो युवकों द्वारा एक किशोरी के साथ अमानवीय कृत्य करते हुए सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद जहरीला पदार्थ पिलाकर आरोपित मौके से फरार हो गए थे। किशोरी की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया, यहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया था जहां दरीदंगी की शिकार जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही थी। इधर पीड़ित पक्ष की तहरीर पर हनुमानगंज पुलिस ने स्टीफन व अंगद निवासी बेलवनिया मिशन (दरगौली) के विरुद्ध आईपीसी की धारा 376डी, 328, 323, 506 एवं पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर एक हफ्ते पूर्व दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सोमवार को मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान नाबालिग ने दम तोड़ दिया तो परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी गई है। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी उमेश चन्द्र भट्ट का कहना है कि वह विभागीय कार्य से हाईकोर्ट आया हूं। मामले को लेकर हनुमानगंज पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

डीएम को ज्ञापन देकर मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

कुशीनगर। बिशनपुर थाना क्षेत्र के ओझवलिया निवासी राजेश मद्धेशिया को बीते दिनों प्राण घातक हमले में घायल के आरोपी को गिरफ्तारी की मांग को लेकर वैश्य समाज द्वारा जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया गया और शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई। बिते 14 दिनों से घायल गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में जिंदगी व मौत से जूझ रहा है। समाज सेवी ओम प्रकाश गुप्ता व अजय गुप्ता के नेतृत्व में भारी संख्या में लोगों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि पुलिस ने उसके सहयोगीयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।परन्तु अभी तक मुख्य आरोपी धनंजय सिंह व संजय सिंह पुलिस गिरफ्त से बाहर है जब कि यह संगीन मामला है।यहां तक मुख्यमंत्री को भी आईजीआरयस के माध्यम से वैश्य समाज ने जानकारी दे दिया है। वैश्य समाज ने कहा है कि अगर 24 घंटे से 48 घंटे के अन्दर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो उस परिस्थिति में पीड़ित परिवार धरने पर बैठने के लिए बाध्य होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन कि होगी।

संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

कुशीनगर। हाटा कोतवाली क्षेत्र के बंचरा देवी मंदिर के सामने बरगद के पेड़ में एक व्यक्ति का शव फंदे से लटका मिला।लोगों द्वारा मृतक की पहचान इसी गांव के रहने वाले सागर निषाद पुत्र जयकरण निषाद उम्र 45 वर्ष के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बताते चलें सावन माह के प्रथम दिवस पर जब श्रद्धालु सुबह 4 बजे बंचरा मंदिर पर पूजा अर्चना के लिए पहुंचे तो उन्होंने मंदिर के सामने एक व्यक्ति को बरगद के पेड़ पर फंदे से लटकता हुआ देखा।शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।धीरे-धीरे लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई जिससे मृतक की पहचान बंचरा निवासी सागर निषाद के रूप में हुई।आम लोगों के बीच में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर व्यक्ति ने फांसी लगाई कि किसी के द्वारा उसकी हत्या करके उसका शव लाकर पेड़ पर लटका दिया। इस संबंध में हाटा कोतवाल राज प्रकाश सिंह ने बताया की पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी।

उपजिलाधिकारी को समाजवादी युवजन सभा ने दिया ज्ञापन

कुशीनगर। जनपद के रामकोला विधान सभा में उपजिलाधिकारी कप्तानगंज को देवेंद्र यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा ने ज्ञापन सौंपा और कप्तानगंज क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में कहां गया है कि विद्युत कटौती से जनमानस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कप्तानगंज चीनी मिल पर बकाए गन्ना मूल्य तत्काल प्रभाव से भुगतान कराया जाए यदि 20 दिन के अन्दर भुगतान नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन किया जायेगा। अगले पेराई सत्र 2024-2025 को कप्तानगंज चीनी मिल को पुन: चालू कराया जाए। कप्तानगंज मौन नाले के पानी से किसानो का जो नुकसान हुआ है, उसकी छतिपूर्ति जल्द से जल्द दिया जाए।कप्तानगंज ओवर ब्रिज निर्माण के बगल के सर्विसे लेन व नाला का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए। जिलाध्यक्ष देवेंद्र यादव कहा की उपकेंद्रों से अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। यातायात नियमों के नाम पर मनमाना जुर्माना कर लोगों की कमर तोड़ दी है।इस अवसर पर समाजवादी युवजन सभा शैलेश यादव जिला महासचिव, विजय यादव जिला सचिव, रमेश यादव, निटूरी राजभर, रमेश जायसवाल, इजहार, रितेश, सूरज आदि लोग उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आए 80 मामले, आठ निस्तारित

कुशीनगर। हाटा तहसील सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 80 फरियादुनी फरियाद सुनाई जिसमें आठ मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। दोपहर 12 :30 बजे समाधान दिवस मे पहुंचे जिलाधिकारी उमेश मिश्र व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने फरियाद सुनना शुरू किया तो राजस्व के 51, पुलिस 15, विकास 2,समाज कल्याण एक व अन्य 11 मामले आए। वार एसोसिएशन तहसील हाटा के अध्यक्ष चंद्रभूषण पांडेय के नेतृत्व में वकीलों ने जिलाधिकारी को बताया कि लगभग 5 साल से उप निबंधक कार्यालय तहसील से 2 किलोमीटर दूर किराए के भवन में चल रहा है। बैनामे के लिए रुपए लेकर दूर जाने पर अनहोनी की आशंका रहती है। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में ही रजिस्ट्री कार्यालय को शिफ्ट करने की मांग की। जिलाधिकारी ने गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। हाटा कोतवाली के छपरा भगत निवासी नवल किशोर मिश्र ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि 2 जुलाई को घर पर चोरी हो गई। उस रात पूरा परिवार रिश्तेदारी में गया था, लेकिन अब तक चोरी का मामला पंजीकृत नहीं हुआ है। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने प्रभारी निरीक्षक हाटा को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। बढ़या बुजुर्ग के टोला जोगीवीर निवासी सुनीता ने कहा कि पति की मृत्यु विदेश में होने के बाद 6 लाख रुपए का चेक आया था। एक परिचित के साथ चेक जमा करने बैंक गई ,तो उसने धोखे से चेक की धनराशि को अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया है। पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी प्रभाकर सिंह,मुख्य चिकित्साधिकारी कुशीनगर डा. सुरेश पटौरिया, तहसीलदार नरेन्द्र राम, नायब तहसीलदार सुनील कुमार सिंह, कोतवाल हाटा राजप्रकाश सिंह सहित जिलास्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

सड़क पर जल जमाव से ग्रामीणों में नाराजगी

सांथा, संतकबीरनगर, अमृत विचार। सांथा विकास खंड के ग्राम धोबहां में सफाई कर्मी की मनमानी के कारण मदरसे को जाने वाली आरसीसी सड़क पर जल जमाव हो गया है। जिससे लोगों को आने जाने में काफी समस्याएं हो रही हैं। ग्रामीणों की शिकायतों के बाद भी नाली की साफ सफाई नहीं हुई। जिसके चलते सड़क पर गंदा पानी जमा हो रहा है। जिससे बच्चे और बुजुर्ग गिर कर चोटिल हो रहे हैं। इस बात को लेकर धोबहां के ग्रामीणों भारी आक्रोश है। सभी का आरोप है कि मुख्य मार्ग से मदरसे पर जाने वाली सड़क हल्की बरसात में ही तालाब के रुप में तब्दील हो जाती है। सड़क के किनारे नाली जाम होने के कारण हल्की बरसात में भी जलजमाव हो जाता है जिससे आवागमन करने वाले लोग हलकान हो रहे हैं। मुख्य सड़क से मदरसा जाने वाले बच्चे इसी सड़क से प्रतिदिन आवागमन करते हैं। ग्रामीण अबरार अहमद, मेराजूल, जाबिर अली, आलमगीर, मोहम्मद यूनुस, अब्दुल जलील, इलियास अहमद, मोहम्मद अय्यूब, ताजुद्दीन, क्यामुद्दीन, इब्राहिम, बदरुद्दीन, वसीउल्लाह समेत दर्जनों लोगों ने जिलाधिकारी से सड़क के किनारे बनी जाम नाली व सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग किया है।

सांथा ब्लाक के धोबहां गांव की बदहाल सड़क।

हर अन्याय को पता है, एक दिन न्याय उसे परास्त करेगा पं.

संतकबीरनगर, अमृत विचार। जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन में सोमवार को पंडित सूर्यनारायण चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय खलीलाबाद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ कराया। महाविद्यालय प्राचार्य और शिक्षकों ने अतिथियों को माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हर अन्याय को पता है कि एक दिन न्याय उसे परास्त जरुर करेगा। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में सामुदायिक दंड का प्रावधान किया गया है। पीड़ितों को त्वरित न्याय मिले, इसका पूरा प्रबंध हुआ है। उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न पर बने कानून के बारे में विस्तार से बताया।

विधिक साक्षरता शिविर का शुरूआत कराते अपर जिला जज। अमृत विचार

एक नजर

रमाशंकर बने हिंदू विकास मंच के वरिष्ठ उपाध्यक्ष

सुलतानपुर, अमृत विचार : विकासखंड मोतिगरपुर के ग्राम पंचायत बेलवारी के प्रधान रमा शंकर सिंह को हिंदू विकास मंच समग्र भारत का वरिष्ठ उपाध्यक्ष (उत्तर प्रदेश) पद पर नियुक्त किया गया है। संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार पाठक ने उन्हें नियुक्ति पत्र जारी किया है। उनके समर्थकों ने खुशी जताई है।

पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोरी

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोरसरा में रविवार की रात चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर सीसीटीवी, कैमरा, राउटर व डीवीआर आदि उड़ा दिए। सोमवार की सुबह 10 बजे पंचायत सहायक शालू वर्मा जब कार्यालय खोलने पहुंची तो वहां का नजारा देख दंग रह गई। ग्राम प्रधान राधिका देवी व डायल 112 पर पुलिस को मामले की सूचना दी। थाना अध्यक्ष ज्ञानचंद शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

नये शिवगढ़ थाने में बनेगा शिव मंदिर, हुआ शिलान्यास

भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार : बाबूगंज के पास भदैंया में शिवगढ थाने के नाम से संचालित स्थल पर थाना परिसर में शिव जी का मंदिर बनाया जाएगा। सावन मास के प्रथम सोमवार को मार्डन थाना शिवगढ़ में मंदिर निर्माण हेतु थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह ने शिवगढ़ के चिकित्सक के साथ थाना परिसर मे शिव मंदिर का शिलान्यास किया है। यह मंदिर पुलिस कर्मियो व आमजन के सहयोग में तीन चार महीने में बनाए जाने की योजना है।

जानलेवा हमले के दोषी को आजीवन कारावास

दोषी पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया, दोस्तपुर क्षेत्र के विरईपुर में 17 साल पूर्व हुई थी घटना

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः दोस्तपुर थाना क्षेत्र के विरईपुर में 17 साल पूर्व मारपीट धमकी और जानलेवा हमला करने के मामले में न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने आरोपी रमेश यादव को उम्र कैद की सजा सुनाकर जेल भेज दिया है।

दीवानी न्यायालय परिसर में वादकारी व अधिवक्तागण।

सरकारी वकील विजय शंकर शुक्ल ने बताया कि वादी निर्मला यादव के ससुर पूर्व प्रधान उदय राज यादव पर तमंचे से आरोपी रमेश यादव ने 18 अक्टूबर 2007 को हमला कर दिया था। इसमें पूर्व प्रधान को गंभीर चोटें आई थीं। अभियोजन पक्ष की ओर से पेश गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी रमेश यादव को दोषी मानते हुए सोमवार को सजा सुना कर जेल भेज दिया। उस पर 10,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

जेल में निरुद्ध दो आरोपियों को कोर्ट से राहत

थाना क्षेत्र के जामों के अमरबोझा बरौलिया में बीते माह घर में घुसकर मारपीट, बलवा व जानलेवा हमले के आरोपी आलोक सिंह और आशुतोष सिंह की जमानत न्यायाधीश संतोष कुमार ने मंजूर कर रिहाई के आदेश दिए हैं। आरोपियों के वकील अरविंद सिंह राजा ने अर्जी पेश कर कहा कि मुकदमा रंजिशन व पेशबंदी में दर्ज कराया गया। बीती 23 जून की घटना में बलवा समेत अन्य आरोप में आरोपियों पर केस दर्ज किया गया था। हमले में अरुण प्रताप ,अनिल,ज्ञानेंद्र समेत अन्य को चोटें आने की बात कही गई है। कोर्ट ने अभियोजन व बचाव पक्ष को सुनने के बाद जेल में निरुद्ध दोनों आरोपियों की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिये हैं।

संजय सिंह के केस का फैसला टला

संवाददाता, सुलतानपुर : आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह और पूर्व विधायक अनूप संडा समेत छह की ओर से एमपी-एमएलए कोर्ट में दायर अपील में न्यायाधीश एकता वर्मा ने फैसला 26 जुलाई के लिए टाल दिया है। बसपा सरकार के समय सुलतानपुर शहर में बिजली कटौती और पानी की समस्या के विरोध में सब्जी मंडी के निकट ओवरब्रिज पर 19 जून 2001 को सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया था। 23 साल पुराने मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह समेत छह को लोअर कोर्ट ने बीते साल तीन माह जेल की सजा सुनाई थी, जिसे सेशन कोर्ट में चुनौती दी गई है। अधिवक्ता अरविन्द सिंह राजा ने बताया कि कोर्ट ने सोमवार को अभियोजन पक्ष द्वारा मौका लिए जाने के कारण फैसले के लिए शुक्रवार की तारीख नियत की है। मुकदमे में अनूप संडा, राज्यसभा सांसद संजय सिंह, साथी संतोष, विजय कुमार, सुभाष चौधरी और कमल श्रीवास्तव को लोअर कोर्ट ने बीते साल दोषी मानकर सजा सुनाई थी।

चिकित्सक हत्याकांड में सुनवाई 16 अगस्त को

शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले के संविदा चिकित्सक के हत्याकांड में कोर्ट में आरोपी विजय नारायण सिंह की मृत्यु आख्या न आने के कारण गवाही शुरू नहीं हो सकी। वादिनी निशा तिवारी के वकील संतोष पांडेय ने बताया न्यायाधीश संतोष कुमार ने सुनवाई के लिए 16 अगस्त की तारीख नियत की है। हत्याकांड में आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह और ड्राइवर दीपक सिंह पर कोर्ट ने सामान्य आशय से हत्या, आपराधिक षड़यंत्र और दहशत फैलाने के आरोपों में मुकदमा चलाने के लिए आरोप तय हुए थे। बीते साल 23 सितंबर को हुए हत्याकांड के चौथे आरोपी विजय नारायण सिंह की बीते सात अप्रैल को प्रापर्टी के विवाद में हत्या कर दी गई थी। मामला अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

किशोरी के अपहरण व दुराचार के दोषी को 10 साल की कैद

संवाददाता, सुलतानपुर : गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में छह साल पूर्व मामा के घर के लिए निकली किशोरी के अपहरण व दुराचार करने के दोषी अफसर को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को 10 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 16 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने पीड़िता के क्षतिपूर्ति के लिए अर्थदंड की आधी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है। एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक 2 अगस्त 2018 को मामा के घर के लिए 17 वर्षीय किशोरी निकली थी। रास्ते में आरोपी अफसर ने किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर दुराचार जैसी वारदात को अंजाम

▸▸ न्यायालय ने दोषी पर 16 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

दिया। किशोरी के परिवार वालों की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये छह गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर दोषी अफसर को कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव की अदालत से दोषियों को उनके अपराध के अनुसार उनकी करनी की सजा व निर्दोषों को बरी करने का सिलसिला लगातार चल रहा है, जिसके कारण यौन अपराध करने वाले अपराधियों को कानून के प्रति खौफ बना है।

जिला पूर्ति अधिकारी को कानूनी नोटिस

सुलतानपुर : पदीय दायित्वों का निर्वहन नहीं करने और उत्पीड़न करने के आरोप में जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य को अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्र ने कानूनी नोटिस भेज कर जवाब तलब किया है। कार्रवाई में लापरवाही पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। कूरेभार ब्लॉक के डीहढग्गूपुर मौजा के पात्र गृहस्थी राशन कार्ड की आवेदिका वंदना श्रीवास्तव ने अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्र के जरिए नोटिस भेज कर जवाब मांगा है। समय से कार्रवाई नहीं होने पर लोकपाल से शिकायत और न्यायालय में मुकदमा दायर करने की चेतावनी भी दी गई है। उपभोक्ता ने सदर तहसील कार्यालय के पूर्ति कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज दुबे तथा अन्य कर्मचारियों पर लापरवाही और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उपभोक्ता का राशन कार्ड बीती एक फरवरी से डीएसओ के डिजिटल हस्ताक्षर के लिए प्रतीक्षारत है। जिसके लिए कई बार जिला पूर्ति अधिकारी और कर्मचारियों से मिलकर प्रक्रिया पूरी करने की मांग की गई, लेकिन उन्होंने सुनवाई नहीं की। इसके पूर्व बीते 21 मार्च को भी लीगल नोटिस भेजी गई थी, लेकिन जिला पूर्ति अधिकारी और कार्यालय के कर्मचारी कार्यों के प्रति लापरवाह बने हुए हैं और अभी तक डिजिटल हस्ताक्षर नहीं हो सके और उपभोक्ता का राशन कार्ड भी नहीं बनाया गया।

शिक्षामित्रों व अनुदेशकों ने बीआरसी पर किया प्रदर्शन

मोतिगरपुर में प्रदर्शन कर ज्ञापन देते शिक्षामित्र व अनुदेशक। अमृत विचार

संवाददाता, सुलतानपुर

▸▸ मुख्यमंत्री को भेजा मांग पत्र, 15 दिन में निस्तारण की मांग

अमृत विचारः आदर्श शिक्षामित्र एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह कुशवाहा व महामंत्री उमेश पाण्डेय के आह्वान पर जिले के समस्त ब्लाक संसाधन केंद्र पर शिक्षक संघ, शिक्षामित्र संगठन व अनुदेशक संगठन ने संयुक्त रूप से धरना-प्रदर्शन व ज्ञापन दिया। अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सोमवार को प्रत्येक बीईओ कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया।

शिक्षामित्रों ने चेतावनी दी है कि 15 दिन के अन्दर उनकी मांगे नहीं मानी गई तो संगठन 09 अगस्त को जिला मुख्यालयो पर धरना-प्रदर्शन/आंदोलन किया जाएगा। संगठन की प्रमुख मांगों में अध्यादेश लाकर सहायक अध्यापक बनाया जाय, अध्यादेश प्रक्रिया पूर्ण होने तक समान कार्य समान वेतन, महिलाओं को उनके ससुराल/निकटतम विद्यालयों में स्थानांतरण, मूल विद्यालय/निकटतम विद्यालयों में समायोजन, मृतक शिक्षामित्रों के परिवार को यथोचित नौकरी व आर्थिक सहायता प्रदान किया जाने समेत अन्य मांगें शामिल है। आदर्श शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्रा, अमरपाल व रवीन्द्र प्रताप सिंह, उमाशंकर तिवारी, मो. हलीम के नेतृत्व मे धनपतगंज में प्रदर्शन ,महामंत्री प्रदीप यादव, मृदुल तिवारी,राजेश तिवारी कुड़वार मे,संरक्षक के.सी.मिश्रा, अभिषेक उपाध्याय करौदी, कमैचा से अध्यक्ष रमाकांत तिवारी मंत्री भजन लाल गौतम, अशोक तिवारी, ज्ञानशंकर पाठक, सन्तोष कुमार, विनोद सरोज आदि, जयसिंहपुर से अशोक कनौजिया, रवीन्द्रदूबे, अमिताभ गौतम, अंकित श्रीवास्तव, किरन वर्मा, अखण्ड नगर से अध्यक्ष सत्यनारायण यादव मंत्री प्रदीप कुमार, राजेश यादव, सन्तोष कुमार, सुजीत कुमार, बल्दीराय से जगध्यान यादव, विजय पाठक, नन्दलाल वर्मा, अरविंद मिश्र, भदैया से भारत यादव, हरिओम भट्ट, रीना उपाध्याय, रीतावर्मा, पूनम मिश्रा, कादीपुर से लक्ष्मण सिंह, पंकज सिंह,चिन्ता मणि, ऋषिदेव मिश्र, मोतिगरपुर से राम शिरोमणि वर्मा, दीप कुमार मिश्र, ऋषिदेव सिंह, संजय वर्मा, लम्भुआ से विवेक सिंह, जय प्रकाश यादव, दोस्तपुर से अध्यक्ष जगदीश प्रसाद, श्रीकांत तिवारी, छोटेलाल सहित अन्य विकास खंडों मे धरना-प्रदर्शन सफल रहा।

21 फिट का तिरंगा कांवर ले बाबा जनवारी नाथ धाम पहुंचे कांवरिये

भदैंया, सुलतानपुर

अमृत विचारः सोमवार को सावन के पहले दिन भदैंया विकास खंड के हनुमानगंज बाजार व आसपास के गांवों से काफी संख्या में 21 फिट लंबी तिरंगा कांवड़ लेकर शिवभक्त बाबा जनवारी नाथ धाम के लिए रवाना हुए।

सुबह नौ बजे कावड़ यात्रा हनुमानगंज बाजार के प्राचीन शिव मंदिर से आदि गंगा गोमती से जल लेकर डीजे की धुन पर निकली। कांवड़िये वाराणसी हाइवे रोड पर दोमुंहा, कामतागंज, भदैया, मदनपुर, लंभुआ होते हुए बाबा जनवारीनाथ धाम पहुंची। कांवड़ यात्रा कोतवाली देहात पुलिस की सुरक्षा जत्थे के साथ रवाना हुई तथा पुलिस टीम जनवारीनाथ धाम तक कांवर यात्रियों के साथ रही। डीजे के साथ कांवड़िए तिरंगा झंडा लहराते हुए भारत माता के जयकारे के साथ आगे बढते रहे। अबीर -गुलाल उड़ाते कांवड़िये बाबा जनवारी नाथ धाम के लिए बाजारों से पहुंचे तो उनका जगह जगह स्वागत भी हुआ। करीब छह घण्टे तक यात्रा के जनवारी नाथ पहुच बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग पर गाजे बाजे के साथ जलाभिषेक किया गया। कांवड़ यात्रा में हनुमानगंज के प्रधान सूरज सिंह, सत्यम, रवि पांडेय, पखरौली, मनिकापुर, परासिन विकवाजितपुर, के रवि कसौधन, सत्यम सिह, गोलू कसौधन, दीपक मोदनवाल, संतलाल जायसवाल, रवि पांडेय, महेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

कांवर यात्रा लेकर हनुमानगंज से जनवारी नाथ धाम के लिए रवाना हुई कांवरियों की टोली। अमृत विचार

● आदि गंगा गोमती से जल लेकर डीजे की धुन पर निकली टोली का जगह-जगह हुआ स्वागत

शिवालयों में उमड़ी भीड़, भक्तों ने चढ़ाया जल

विंदेश्वरीगंज/सुल्तानपुर : सावन के पहले सोमवार को चारों तरफ शिवालयों, शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। हर हर महादेव के जयकारों से क्षेत्र का कोना-कोना गुंजायमान रहा। बल्दीराय तहसील क्षेत्र में स्थित शिवालयों में सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी,मिझूटी स्थित मौलेश्वर नाथ मंदिर पर सुबह से हजारों भक्तों ने जल चढ़ाकर मन्नते मांगी। सुल्तानपुर समेत पड़ोसी जिलों से भी हजारों श्रद्धालु पहुंचते रहे। वहीं इब्राहिमपुर स्थित बाबा जांगलीनाथन में भी भक्तों ने जल चढ़ाया मंदिर में दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं का सुबह से ही तांता लगा रहा। वहीं बल्दीराय तहसील क्षेत्र के समरथपुर स्थित शिवालय पर सुबह से ही क्षेत्र के भक्तों ने जल चढ़ाया मंदिर के सेवक आचार्य महाराज इंद्रदेव शुक्ल ने बताया कि वल्लीपुर, बघौना,देहली, ऐजर सहित तमाम गांवों से श्रद्धालु पहुंचे। सुरक्षा के इंतजाम रहे । चारों तरफ जयकारे के साथ भक्तों ने जल चढ़ाया।

जमीन के विवाद में चले लाठी-डंडे पांच लोग घायल

भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः शिवगढ़ थाने के केशापट्टी गांव में जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई तथा लाठी डंडे चले। ग्राम सभा केसा पट्टी निवासी ताहिर व हजरत अली के बीच जमकर मारपीट हुई है। जिसमे ताहिर के पक्ष से ताहिर व अमीर तथा साहब पुत्रगण नाजिम तथा दूसरे पक्ष के हजरत अली पुत्र हकीक अली वा शबनम पत्नी हजरत अली को चोटें आईं हैं। शिवगढ़ कोतवाल धर्मवीर सिह ने बताया कि दोनों पक्षो को इलाज के लिए भेज दिया गया है । तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

सार-संक्षेप

खेत में काम कर रहे किसान पर गिरी एचटी लाइन, मौत

अखंडनगर, सुलतानपुर अमृत विचार : अखंड नगर थाना क्षेत्र के मीरपुर प्रतापपुर गांव निवासी जगदीश राजभर (38) पुत्र सुबरन राजभर सोमवार की सुबह दस बजे के लगभग अपने खेत में धान की रोपाई करने के लिए बेहन उखाड़ रहा था। इस बीच उसके खेत के ऊपर 11000 वोल्ट का विद्युततार गिर गया। वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिवार के लोगों ने जगदीश को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंड नगर पहुंचे। जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। गांव के प्रधान राजकुमार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गांव वालों ने बताया कि वह बहुत ही गरीब व्यक्ति था। मजदूरी करके घर वालों का पेट पालता था। घर में तीन पुत्रियां और एक पुत्र है।

रात को घर से निकले युवक का सुबह मिला शव

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : गोसाईगंज थाना क्षेत्र के धूधू गांव निवासी राम जग यादव का 22 वर्षीय पुत्र सोनू यादव रविवार की शाम करीब आठ बजे बाइक लेकर घर से निकला था। देर रात तक जब वह नहीं लौटा तो परिजनों ने आस पास खोजबीन किया। लेकिन पता नहीं चला। सोमवर की सुबह संदिग्ध अवस्था में उसका शव पीढ़ी कूरेभार संपर्क मार्ग पर गांव के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में नाले में पड़ा मिला। पास में ही उसकी मोटर साइकिल भी गिरी पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। गोसाईगंज थाना प्रभारी अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रथम दृष्टया दुर्घटना लग रही है।

जानलेवा हमले के आरोपी की जमानत खारिज

सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र गोसाईगंज के शेषपुरा गांव में बीते माह सचिन पर जानलेवा हमले के मामले में न्यायाधीश संतोष कुमार ने आरोपों को गंभीर पाते हुए आरोपी रकीब की जमानत खारिज कर दी है। वादी के वकील शेख नजर अहमद ने बताया बीती 7 जून को वादी सचिन ने हुसैनगंज गांव निवासी रकीब पर जानलेवा हमले समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज कराया था जिसमें थाने की पुलिस द्वारा रकीब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। वादी मुकदमा सचिन द्वारा रकीब के ऊपर लोहे की सरिया के टुकड़े से जान से मारने की नीयत से तेज प्रहार करना बताया था लोहे की सरिया से तेज प्रहार होने के कारण उसके सर में गंभीर चोटे आयी थी। कोर्ट ने आरोपों को गंभीर पाते हुए रकीब की जमानत खारिज कर दी है ।

बिगड़ी चौरासी बाबा की तबियत, पहुंची मेडिकल टीम

सुलतानपुर, अमृत विचार : लखनऊ बलिया राजमार्ग से बरौसा बेलहरी रोड पर सात किलोमीटर दूर गोमती नदी के तट पर बना चौरासी बाबा आश्रम पर आस्था का केंद्र है। सोमवर की सुबह करीब नौ बजे चौरासी बाबा की तबियत बिगड़ गई। सेवादारों ने इसकी सूचना सीएचसी जयसिंहपुर को दी। सूचना पर डा दिग्विजय सिंह ने उनका प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक ने बताया कि बाबा की हालत अब ठीक है। जांच के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

कब्जा न हटाने पर दो पर केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव अलापुर के लेखपाल ने गांव के विनोद कुमार और कृष्णकुमार के विरुद्ध दी गई तहरीर में कहा है कि दोनों अवैध कब्जेदारों को तहसीलदार ने बेदखल करके जुर्माना वसूल करने का आदेश पारित किया था। इसके बाद भी अवैध कब्जा न हटाने पर दोनों के विरुद्ध लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज कराया गया है।

पीड़ित परिवार से मिला सपा प्रतिनिधि मंडल

कादीपुर, सुलतानपुर

● परिवार को सरकारी आर्थिक सहायता दिलाए जाने की कही बात

अमृत विचारः समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर कोतवाली के एक गांव में पहुंचकर पीड़ित परिवार की समस्याएं सुनी एवं अधिकारियों से वार्ता कर परिवार को सरकारी आर्थिक सहायता दिलाए जाने की बात कही।

11 जुलाई को गांव की एक युवती को घर से बुलाकर उसके साथ दुराचार करने की कोशिश की गई थी। उसके विरोध करने पर उसे तालाब में डुबोकर मार डाला गया था। मामले में पुलिस ने गांव के ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। सोमवार को समाजवादी पार्टी के डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती के नेतृत्व में गए प्रतिनिध मंडल ने पीड़ित परिवार से बात की। प्रतिनिध मंडल ने सीओ विनय गौतम से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाया जाने एवं आरोपियों पर पास्को एक्ट लगाए जाने की बात कही। सीओ ने प्रतिनिधि मंडल को पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए जाने का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल पदारथपुर उपाध्याय गांव में स्थित संस्कार ढाबे पर पहुंचकर पीड़ित परिवार के लोगों से मुलाकात की और उन्हें पूरा सहयोग देने का विश्वास दिलाया। बताते चलें कि 11 जुलाई की रात ढाबे पर कुछ लोग आए और खाना खाए पैसा मांगने पर गोली चला दी। गोली ढाबा संचालक के बेटे के सिर को छूते हुये निकल गई थी। प्रतिनिध मंडल ने दोनों पीड़ित परिवारों को सांत्वना देते हुए कहां की सपा उनके साथ पूरी तरह से खड़ी है।

प्रतिनिधि मंडल में सपा अंबेडकर वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार जाटव, सपा जिला अध्यक्ष रघुवीर यादव, इसौली विधायक ताहिर खा, पूर्व विधायक भगेलू राम, पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, पूर्व विधायक अरुण वर्मा, अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राम मूर्ति चौधरी एवं पूर्व राष्ट्रीय सचिव सपा युवजन सभा के सुशील सिंह यादव रहे।

भूमि विवाद की रहीं सर्वाधिक शिकायतें

● बल्दीराय में डीएम की अध्यक्षता में हुआ तहसील समाधान दिवस

बल्दीराय, सुलतानपुर

अमृत विचारः सोमवार को बल्दीराय तहसील सभागार में डीएम की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां सर्वाधिक शिकायतें भूमि विवाद से संबंधित रहीं।

रामराज निवासी नंदौली का भूमि सीमांकन वाद उपजिलाधिकारी के यहां चल रहा है। मगर, अभी तक क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक द्वारा मौके का सीमांकन नहीं किया गया। जिसकी शिकायत पीड़ित ने कई बार की है। पर, उसे समाधान नहीं मिल सका। अनीता सिंह पत्नी रामकुमार डेहरियांवा ने शिकायत किया है कि उसके घर के पीछे पुरानी आबादी की भूमि पर उसके पूर्वजों के समय से नाली बह रही है लेकिन पटीदारों ने नाली में ईंट आदि से बन्द कर दिया है, इससे बारिश में उसके घर के अंदर जल भराव हो जाता है जिसमें मकान की दीवाल गिरने की संभावना बनी रहती है जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने इससे संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि समस्या का समाधान जल्द कराएं। इस मौके पर एक सौ चार शिकायतें आई, जिनमें राजस्व विभाग 38, पुलिस विभाग 33, पूर्ति विभाग 10, वन विभाग 01, विकास विभाग 20, पीडब्ल्यूडी विभाग 01, नलकूप विभाग 01 जिनमें से एक का भी निस्तारण नहीं हो सका।

बल्दीराय में समाधान दिवस में डीएम ने सुनी समस्याएं। अमृत विचार

उपचुनाव प्रक्रिया विकासखंड धनपतगंज में पंचायत उपचुनाव को लेकर पुलिस की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था, पर्चा वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन बुधवार को होगा

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दाखिल किए गए नामांकन पत्र

धनपतगंज, सुलतानपुर

अमृत विचारः विकासखंड धनपतगंज में पंचायत उपचुनाव को लेकर पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा के बीच प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। दाखिल पर्चा की जांच मंगलवार और नामांकन पर्चा वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन बुधवार को होगा।

ग्राम पंचायत मायंग में खाली प्रधान पद, क्षेत्र पंचायत मायंग से खाली पद एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों से सदस्य ग्राम पंचायत के कुल 07 खाली पदों के लिए नामांकन पर्चा का दाखिला पुलिस सुरक्षा के बीच सोमवार को हुआ। प्रधान पद के लिये मायंग से अजय कुमार, सुरेश, रामानंद, जयकरन, और निशा सहित कुल 5 लोगों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। वहीं, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिये मायंग से ही ऋषि भद्र सिंह और रामदेव निषाद ने पर्चा दाखिल किया। जबकि ग्राम पंचायत सदस्य के कुल 07 खाली पदों के लिये सेमरौना से दो खाली पदों के लिए दो ,टीकर से खाली दो पदों के लिए दो, लोहंगी से एक खाली पद के लिये एक, धर्मदासपुर के खाली एक पद के लिये एक नामांकन पर्चा जमा हुआ। आरओ शरद कुमार ने बताया कि ऐंजर से पंचायत सदस्य के खाली एक पद के लिये नामांकन पर्चा नहीं जमा हुआ है। दाखिल नामांकन पर्चों की जांच मंगलवार को होगी। नामांकन दाखिला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर धनपतगंज थाना प्रभारी पंडित त्रिपाठी के साथ बड़ी संख्या पुलिस बल मौजूद रहा।

धनपतगंज में नामांकन पत्र दाखिल करते प्रत्याशी। अमृत विचार

भंडरा में ग्राम प्रधान का निर्विरोध निर्वाचन तय

कुड़वार विकास खंड मुख्यालय पर उपचुनाव प्रक्रिया के नामांकन के दिन भंडरा ग्राम पंचायत से कुछ दिन पूर्व मृतक हुए प्रधान सतईराम निषाद की पत्नी गुड्डा देवी ने नामांकन दाखिल किया। उनके अलावा किसी भी व्यक्ति द्वारा नामांकन नहीं दाखिल किया गया।वही बुकूनपुर में नूर मोहम्मद, शहजाद व मो सिद्दीक ने नामांकन दाखिल किया है। जिससे बुकुनपुर में चुनाव होने की पूरी संभावना दिखाई दे रही है। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी। गुरुवार को नाम वापसी और निशान आवंटन होगा। 08 अगस्त को चुनाव होगा।ग्राम पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों के लिए सरकौड़ा में वार्ड संख्या 11, रनकेडीह में वार्ड संख्या 04, मुड़ुई नेवादा में वार्ड संख्या 07 और 09, अगई में वार्ड संख्या 11, रवनिया पूरब में वार्ड संख्या 03,बुकुनपुर में वार्ड संख्या 07, परसीपुर में वार्ड संख्या 03, नरही में वार्ड संख्या 06 व पूरे पवार में वार्ड संख्या 07 के लिए एक एक नामांकन पत्र खरीदे गए है जिनका निर्विरोध निर्वाचन तय है। सडाव में वार्ड संख्या 10 के लिए किसी भी व्यक्ति द्वारा नामांकन पत्र नहीं खरीदा गया। आरओ रत्नाकर सिंह ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

मोतिगरपुर में राधा ने कराया निर्विरोध नामांकन

मोतिगरपुर : जनवरी में मोतिगरपुर क्षेत्र पंचायत के वार्ड संख्या- 47 (गोपालपुर बड़ागांव-विरतिहा) के बीडीसी सदस्य देवनारायण की सड़क हादसे में घायल होने के बाद मौत हो गई थी। उपचुनाव के लिए अंतिम दिन ग्रामीणों ने सहानुभूति व्यक्त करते हुए मृतक बीडीसी की पत्नी राधा का निर्विरोध नामांकन कराया। वहीं ब्लॉक की ग्राम पंचायत मैरी रंजीत, मैरी संग्राम, लामा बनकठा, हमजाबाद, खरगपुर व बेलवारी में ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त 7 पदों पर निर्विरोध नामांकन होने से चुनाव नहीं कराया जाएगा।

रामगढ़ व रामपुर में पंचायत सदस्य निर्विरोध होना तय

भदैंया : विकास खंड के चार ग्राम पंचायत में एक एक ग्राम पंचायत के सदस्य पद रिक्त थे। जिनके लिए शासन में उपचुनाव की प्रक्रिया के अंतिम दिन सोमवार को ग्राम पंचायत रामगढ़ से वार्ड नंबर 2 में ओम प्रकाश तथा रामपुर में वार्ड नंबर 2 के विनोद कुमार सिंह ने एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसके चलते जहां उक्त दोनों ग्राम पंचायतों में निर्विरोध होना तय है। वहीं, अभियाखुर्द के वार्ड नंबर 10 एवं महेसुआ ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 2 में सदस्य पद का पद रिक्त होने के साथ किसी प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया। जिससे दोनों ग्राम पंचायतों में सदस्य पद रिक्त माने जायेंगे। सहायक निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई है।

एक नजर

छपरा कचहरी से चलेगी छपरा-सोनपुर मेमू

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा वाराणसी मण्डल के छपरा जं. के प्लेटफार्म संख्या-5 के उन्नयन कार्य हेतु दिये गये ब्लाक के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन 23 जुलाई से 6 अगस्त तक बढ़ाया जा रहा है। 05247 सोनपुर-छपरा मेमू गाड़ी छपरा जं. के स्थान पर छपरा कचहरी में यात्रा समाप्त करेगी। 05245 सोनपुर-छपरा मेमू छपरा जं. के स्थान पर छपरा कचहरी में यात्रा समाप्त करेगी। 05248 छपरा-सोनपुर मेमू छपरा जं. के स्थान पर छपरा कचहरी से चलाई जायेगी। 05246 छपरा-सोनपुर मेमू छपरा जं. के स्थान पर छपरा कचहरी से चलाई जायेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

बिना मान्यता संचालित किये जा रहे स्कूल

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। कई क्षेत्रों में बिना मान्यता के विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं। वहीं दुकान के लिए बने कमरों में स्कूल का संचालन होते देख बीईओ ने बन्द करने का नोटिस पिछले वर्ष जुलाई में दिया था। भनवापुर ब्लाक में 100 के करीब गैर मान्यता प्राप्त स्कूल चल रहे हैं। यह मामला है मन्नीजोत स्थित एक स्कूल का है। इस संबंध में जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात करनी चाही गयी पर उनसे बात नहीं हो सकी।

राप्ती नदी में डूबने से किशोर की मौत

सिद्धार्थ नगर, अमृत विचार। उसका थाना अंतर्गत अजगरा निवासी संजय यादव (16) की मौत राप्ती नदी में गिरने से हो गई। खबर के अनुसार बताया जाता है कि संजय पुत्र सर्वेश यादव अपनी भैंस को लेकर उसका नदी के पास चराने हेतु गया हुआ था। अचानक वह नदी में गिर गया जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई।

प्राथमिकता से निस्तारित की जाएं व्यापारियों की समस्याएं : डीएम

जिलास्तरीय उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु एवं एमओयू की समीक्षा बैठक में दिया निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। जिला स्तरीय उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु एवं एमओयू की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होंने निर्देश दिया कि व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करायें।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीमए ने पिछली बैठक की कार्यवृत्ति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि जिन लोगों द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये हैं, उनसे सम्पर्क करके उनकी समस्याओं का समाधान करायें तथा ज्यादा से ज्यादा निवेश करने के लिए प्रेरित करे। जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को उसके निस्तारण के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को रोजगार सृजन योजना हेतु शासन से प्राप्त लक्ष्य को पूर्ण करने तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों के आवेदन को अधिक से अधिक कराने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिया कि उद्योग स्थापित करने हेतु जो पत्रावलियां बैंको में ऋण उपलब्ध कराने के लिए जाती हैं उसको समय से स्वीकृत करायें। अधिशाी अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि जहां पर जर्जर तार बदलने हैं, कार्य में तेजी लायें। जिन व्यापारियों के नये कनेक्शन की आवश्यकता है, उनको जल्द से जल्द कनेक्शन उपलब्ध करायें। डीएम ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि व्यापारियों की समस्याओं का सम्बंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर निस्तारण करायें।

जिलाधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को श्रमिकों का पंजीयन एवं नवीनीकरण कराने का निर्देश दिया। समस्त कार्यदायी संस्थाओं में पंजीकृत श्रमिकों का सेस कटौती का भुगतान कराये जाने का निर्देश दिया।

डीएम ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं पर्यटन विभाग को निर्देश दिया कि जिन उद्यमियों पशुपालन व पर्यटन के क्षेत्र में एमओयू किया है उनसे सम्पर्क कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करायें। निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को संबधित विभाग को निस्तारित कराने का निर्देश भी उन्होंने दिया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जो भी प्रोजेक्ट लेता है उसकी सब्सिडी समय से उसके बैंक खाते में प्रेषित करायें। दुग्ध विभाग पशुपालन विभाग, एमएसएमई, उद्यान विभाग, पर्यटन विभाग, प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद आदि के संबध में व्यापारियों की समस्याओ को सुनकर उसके शीघ्र निस्तारण हेतु संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने बढ़नी तिराहे पर जाम की समस्या के संबध में क्षेत्राधिकारी यातायात को चौराहे पर पुलिस की ड्यूटी शिफ्टवार लगाने का निर्देश दिया। बढ़नी बार्डर पर प्रायः जाम की समस्या बनी रहती है कोई भी व्यक्ति अचानक बीमार पड़ गया तो उसे अस्पताल ले जाने के लिए कोई दूसरा रास्ता नही है, इसका भी निस्तारण कराये जाने की मांग की गयी। रेलवे फाटक के ऊपर ओवरब्रिज रेल विभाग द्वारा बनाया जाना है। इस संबंध में रेलवे के उच्च अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा एनओसी मिलने के पश्चात ही ब्रिज निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

इस बैठक में डीएफओ पुष्प कुमार के., मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया, उपायुक्त उद्योग, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि, लीड बैंक अधिकारी रवि कुमार सिन्हा, व अन्य सम्बंधित अधिकारी तथा व्यापारी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.। अमृत विचार

मार्ग निर्माण में खामियों पर डीएम ने जतायी नाराजगी

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने नगर पंचायत इटवा के मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत डुमरियागंज रोड पर सीसी रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डुमरियागंज रोड पर पेट्रोल पम्प के बगल से मनोज सोनी के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सड़क की लंबाई, चौड़ाई नपवाकर देखा एवं सड़क को खोदवाकर उसकी गुणवत्ता की भी जांच करायी। निर्माण कार्य स्टीमेट एवं एमबी का मिलान किया गया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप न मिलने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जतायी।

पीड़ित पक्ष को मिले न्याय : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

गोरखपुर, अमृत विचार। सदर तहसील सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस आयोजित किया गया। ज्वाइंट ने जमीनी विवाद मामले में लेखपाल और पुलिस की संयुक्त टीम को निर्देश दिया कि पीड़ित पक्ष को न्याय मिलना चाहिए। तहसील दिवस में अधिकतर मामले जमीनी एवं पारिवारिक विवाद के आये हुए थे। समाधान दिवस में अंडर ट्रेनिग उप जिलाधिकारी दीपक सिंह सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह नायब तहसीलदार अरविंद नाथ पांडे नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान नायब तहसीलदार हिमांशु सिंह आदि मौजूद रहे।

सांसद ने की बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास की मांग

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने सोमवार को संसद में प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का मामला उठाया। कहा कि बाढ़ के कारण उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात आदि में किसानों की फसलों, खेतों के साथ जनहानि हो रही हैं। विशेष तौर पर उत्तर प्रदेश के 240.93 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में से 73.06 लाख हेक्टेयर आज बाढ़ से प्रभावित हैं, जिसमें प्रदेश के लगभग 40 गांव शामिल हैं, जो राज्य कि महत्वपूर्ण नदियों जैसे गंगा, यमुना, राप्ती, बूढ़ी राप्ती, रामगंगा, शारदा आदि नदियों में जल स्तर अधिक होने से बाढ़ की स्थिति गम्भीर हो गयी है। इसके बाद सांसद ने बाढ़ के कारणों में नेपाल के बैराज के पानी को छोड़ना आदि बताया। जिससे नेपाल के तराई क्षेत्र के जिले जैसे सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच, खीरी, पीलीभीत, महराजगंज आदि में स्थिति गम्भीर है। खास तौर पर सांसद ने सिद्धार्थनगर के 347 गांवों के बाढ़ से प्रभावित होने तथा 135 गांव पूर्ण रूप से मैरुण्ड होने की बात कही। बाढ़ क्षेत्रों में 248 बोट तथा 63 वाटर बोट लगायी गयी हैं। इसके तहत उन्होंने गांवों की गम्भीर स्थिति के लिये केन्द्र सरकार से केन्द्र अध्ययन दल तथा लोगों के पुनर्वास कराने की मांग की।

छात्राओं को मिलेगा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

संवाददाता, सिद्धार्थनगगर

योजना

▸▸ जिले के 26 विद्यालय किये गये चयनित

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत राजकीय विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रही छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण की अवधि तीन माह की होगी। राज्य परियोजना निदेशक ने इसके लिए जिले के 26 विद्यालयों का चयन किया है।

बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों से सामना करने एवं मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित 26 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को तीन माह तक आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया है। प्रत्येक राजकीय माध्यमिक विद्यालय में प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के बाद संबंधित प्रधानाचार्य की ओर से प्रतिमाह पांच हजार मानदेय प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षक को तीन माह के लिए अधितकम 15 हजार दिया जाएगा।

प्रशिक्षण की अवधि प्रतिदिन 40 मिनट निर्धारित की गई है। प्रशिक्षकों की योग्यता मार्शल आर्ट, जूडो, ताइक्वांडो, कराटे, मान्यताप्राप्त खेल संघ से ब्लैक बेल्ट, प्रदेशस्तरीय प्रतियोगिता में जूनियर या सीनियर वर्ग में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी आवेदन करने के लिए पात्र होंगे। प्रशिक्षक के रूप में यथासंभव महिला प्रशिक्षक का ही चयन किया जाएगा। महिला प्रशिक्षक न मिलने की स्थिति में पुरुष प्रशिक्षक का चयन किया जाएगा। जिविनि ने बताया कि प्रशिक्षकों का चयन करने के लिए जिला स्टेडियम में 27 जुलाई को अपराह्न चार बजे मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए उन खिलाड़ियों का चयन होगा, जिनके पास मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट योग्यता प्रमाण-पत्र हो। प्रशिक्षक के रूप में यथासंभव महिला प्रशिक्षक का ही चयन किया जाएगा।

शिक्षामित्रों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। आदर्श शिक्षामित्र शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर जिले के सभी ब्लाक संसाधन केंद्रों पर शिक्षामित्रों ने स्थायीकरण करने अथवा तब तक समान कार्य, समान वेतन लागू करने समेत सात बिंदुओं को लेकर धरना और प्रदर्शन दिया। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

आदर्श शिक्षा मित्र शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को सभी ब्लाक संसाधनों पर दिए धरने में शिक्षामित्रों ने हुंकार भरी। सदर ब्लाक में एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, मंत्री अनिल मिश्र, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश की अगुवाई में बीईओ धर्मेन्द्र पाल को सौंपा। बर्डपुर बीआरसी पर शिवसरन चौधरी की अगुवाई में अनिल श्रीवास्तव, चंद्रमोहन चौधरी ने मांगपत्र सौंपा। जोगिया बीआरसी पर संगठन के जिला महामंत्री श्याम बिहारी चौधरी, महामंत्री ब्रजेश नंदन मिश्र, रमेश कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा गया। मिठवल और बांसी बीआरसी पर शिक्षा मित्रों के ज्ञापन देने की अगुवाई जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार शुक्ला ने की। इस मौके पर हरिश्चंद्र चौरसिया, रामसुख चौधरी, सुशील मिश्रा, हरीश आर्या, प्रदीप शर्मा, रामजीत मौर्या, पवन शुक्ला, धन्नजय मिश्रा, आकाश द्विवेदी आदि उपस्थित थे। भनवापुर में शिक्षा मित्रों ने बिंदेश्वरी प्रसाद मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। इटवा बीआरसी पर बीईओ महेन्द्र प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। बीआरसी उस्का बाजार में संजय त्रिपाठी ने, डुमरियागंज में अजीमुद्दीन खां ने बीईओ को ज्ञापन सौंपा।

शोहरतगढ़ : आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन बढ़नी ब्लाक इकाई अध्यक्ष सुग्रीम यादव की अगुवाई में सोमवार को शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री को संबोधित बीईओ रामू प्रसाद को सौंपा। इस दौरान महामंत्री आशुतोष कुमार मिश्र, अशोक कुमार चौधरी, सुग्रीम यादव, महामंत्री आशुतोष कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार चौधरी, राम गोपाल आदि मौजूद थे।

मानव जीवन के लिए वृक्ष जरूरी

ककरहवा, अमृत विचार, सिद्धार्थनगर। एसएसबी 43वीं वाहिनी की सीमा चौकी ककरहवा के जवानों ने सोमवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पौधरोपण कर पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। ग्राम पंचायत दुल्हा शुमाली के प्रधान प्रतिनिधि दिलीप पांडेय ने कहा कि छात्रों को भी जागरूक किया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय ककरहवा में एसएसबी 43 वाहिनी ककरहवा चौकी के सहायक कमांडेंट अखिलेश कुमार व प्रधानाध्यापक रामसेवक के सहयोग से पौधरोपण किया गया। सहायक कमांडेंट अखिलेश कुमार ने कहा कि पौधों से हमें आक्सीजन मिलती है,जो जीवन के लिए सबसे अहम है।

व्यापारी से लूट के मामले में पुलिस के हाथ खाली

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। ढेबरुआ नगर पंचायत बढ़नी के लोहियानगर वार्ड में व्यापारी से हुए लूट मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं। वहीं पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए तीन टीमें गठित कर पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में भी जाल बिछाया है।

बीते शुक्रवार रात लगभग साढ़े 11 बजे के बाद दुकान बंद कर व्यापारी राजहंस घर आ रहा था। जैसे ही रेलवे फाटक पार कर लोहिया नगर के लिए अपने घर जाने वाली गली में गया, तभी घात लगाए हुए कुछ बदमाशों ने उसे घेर लिया। पहले आंख में मिर्ची का पाउडर डालकर उसके पास बैग छीनने लगे। बदमाश जब बैग छीनने कामयाब नहीं हुए। तो लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। व्यापारी राजहंस जख्मी होकर सड़क पर गिर गया। इस दौरान बदमाशों ने व्यापारी के बैग में रखे ढाई लाख रुपये लूट लिए और फरार हो गए थे। पुलिस की तीन स्पेशल टीम धरपकड़ के लिए लगी है। लेकिन सफलता नहीं मिली है। इस संबंध में ढेबरुआ थानाध्यक्ष शशांक कुमार सिंह ने बताया कि लूट की घटना के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं।

सार-संक्षेप

सब जूनियर बैडमिंटन में आदित्या का बेहतर प्रदर्शन

गोरखपुर, अमृत विचार। योनेक्स सनराईज कन्हैया लाल महादेवी अग्रवाल मेमोरियल के तत्त्वावधान में नोयडा में 18 से 21 जुलाई तक आयोजित सब जूनियर यूपी स्टेट बैडमिंटन टूर्नामेंट अण्डर-17 में गोरखपुर की आदित्या यादव ने शानदार प्रदर्शन किया। नोयडा में आयोजित सब जूनियर यूपी स्टेट बैडमिंटन टूर्नामेंट अण्डर-17 का गर्ल्स डबल्स फाइनल मैच रेलवे स्टेडियम,गोरखपुर में खेलने वाली पूर्वोत्तर रेलवे के कर्मचारी की पुत्री खिलाड़ी आदित्या यादव एवं आगरा की दिव्यांशी गौतम तथा नोयडा की श्रुति चैहान एवं दिया धवन के बीच हुए कड़े मुकाबले में आदित्या यादव एवं दिव्यांशी गौतम ने श्रुति चौहान एवं दिया धवन को 21-17 एवं 21-11 से पराजित किया। अण्डर-17 मिक्स डबल्स के रोचक फाइनल मुकाबले में आदित्या यादव,गोरखपुर एवं कपिल सलोनिया,झांसी ने सनरेख चैरसिया, झांसी तथा श्रुति चैहान, नोयडा को 21-15 तथा 23-21 से पराजित कर जीत हासिल किया। आदित्या यादव की इस सफलता पर मुख्य सामग्री प्रबन्धक/एफ.एम. अनिल कुमार एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह, नरसा/महासचिव, सहायक क्रीड़ाधिकारी चन्द्र विजय सिंह एवं बैडमिन्टन के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किये गये लावारिस मिले बच्चे

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। 21 जुलाई को रेलवे सुरक्षा बल, वाराणसी सिटी को बचपन बचाओ अभियान के अंतर्गत प्लेटफार्म संख्या-01 पर 15 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन, वाराणसी सिटी को सुपुर्द किया गया। 21 जुलाई को रेलवे सुरक्षा बल एवं मानव तस्करी निरोधक इकाई, छपरा द्वारा 'नन्हे फरिश्ते' पहल के अंतर्गत छपरा स्थित मालगोदाम के पास 8 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन, छपरा को सुपुर्द किया गया। 21 जुलाई, को रेलवे सुरक्षा बल एवं मानव तस्करी निरोधक इकाई, छपरा तथा रेलवे सुरक्षा बल, देवरिया सदर को निगरानी के दौरान प्लेटफार्म संख्या-01 पर 11 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन, देवरिया को सुपुर्द किया गया। 21 जुलाई को रेलवे सुरक्षा बल औंड़िहार एवं अपराध आसूचना शाखा वाराणसी को संयुक्त रूप से निगरानी के दौरान रेलवे स्टेशन औंड़िहार पर क्रमशः 07, 08 एवं 11 वर्ष के तीन लड़के लावारिस हालत में मिले। पूछताछ के उपरान्त तीनों लड़कों को चाइल्ड लाइन, गाजीपुर सिटी को सुपुर्द किया गया। 21 जुलाई को रेलवे सुरक्षा बल एवं अपराध आसूचना शाखा गोरखपुर तथा चाइल्ड लाइन स्टाफ को प्लेटफार्म संख्या-01 पर 13 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 21 जुलाई को रेलवे सुरक्षा बल एवं अपराध आसूचना शाखा गोरखपुर को प्लेटफार्म संख्या-07 पर क्रमशः 9, 12 एवं 13 वर्ष के तीन लड़के लावारिस हालत में मिले। पूछताछ के उपरान्त तीनों लड़कों को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया।

नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस में गूंजी किलकारी

गोरखपुर, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे यात्रियों को आरामदायक यात्रा अनुभव कराने के लिये निरन्तर प्रयासरत है। इसी क्रम में, 21 जुलाई को 12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस में एक महिला यात्री ज्योति आनन्द कोच ए-2 में बर्थ संख्या 25 पर यात्रा कर रही थी। बुढ़वल एवं जरवल रोड स्टेशनों के बीच में ज्योति आनन्द को प्रसव पीड़ा महसूस हुई। उन्होंने इसकी जानकारी ऑन ड्यूटी टीटीआई को दी। टीटीआई ने तत्काल कार्यवाही करते हुये नियंत्रण कक्ष को सूचना दी तथा उसी कोच में यात्रा कर रहे बर्थ सं. 42 से एक मेडिकल विद्यार्थी एवं बर्थ सं. 45 पर यात्रा कर रही महिला यात्री दिव्या सरकार को बुलाकर महिला यात्री के प्रसव में मदद ली। टी.टी.आई. ने वाणिज्य नियंत्रण कक्ष से गोंडा में मेडिकल रिलीफ की मांग की। मैजापुर एवं कठोला स्टेशनों के मध्य एक बच्चे को जन्म हुआ। गोंडा में डॉक्टर ने आकर जच्चा-बच्चा की देखभाल की, जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं और उन्होंने रेल कर्मचारियों एवं रेलवे प्रणाली के लिये आभार प्रकट किया।

प्रशिक्षित युवाओं को मिल रहा हर वर्ष रोजगार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिले के ब्लॉक व तहसील मुख्यालय पर संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर हर वर्ष सैकड़ों युवा रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। इनमें गोरखपुर में सबसे अधिक हेल्थकेयर के क्षेत्र में युवा कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2021-22 में कौशल विकास के तहत जिले में 2580 युवाओं ने रोजगारपरक कोर्स के लिए पंजीकरण करवाया था। इनमें से 1270 को बाहर रोजगार मिला। अन्य जिले में ही स्वरोजगार से जुड़ गए। वर्ष 2022-23 में 1090 युवा पंजीकृत थे, जिसमें से 707 को रोजगार मिला। अन्य ने स्वरोजगार अपनाया। 2023-24 में 2692 युवाओं ने पंजीकरण करवाया। अब तक 365 ने रोजगार प्राप्त कर लिया है। कौशल विकास के जिला प्रबंधक सत्यम मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष युवाओं को रोजगार परक कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाता है।

उधना-छपरा विशेष ट्रेन का संचालन 28 से

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा 09041/09042 उधना-छपरा-उधना अनारक्षित साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन उधना से 28 जुलाई तथा 4, 11, 18 एवं 25 अगस्त प्रत्येक रविवार, एवं छपरा से 22, 29 जुलाई तथा 5, 12, 19 एवं 26 अगस्त,2024 दिन प्रत्येक सोमवार को किया जायेगा।

09041 उधना-छपरा अनारक्षित साप्ताहिक विशेष गाड़ी उधना से 11.15 बजे प्रस्थान कर चलथान से 11.34 बजे, बारडोली से 11.55 बजे, नंदुरबार से 13.50 बजे, अमलनेर से 15.12 बजे, भुसावल से 16.45 बजे, खंडवा से 18.50 बजे, इटारसी से 21.30 बजे, दूसरे दिन जबलपुर से 01.20 बजे, कटनी से 02.50 बजे, सतना से 04.30 बजे, मानिकपुर से 05.50 बजे, प्रयागराज छिवकी से 07.40 बजे, वाराणसी जं. से 12.40 बजे, बलिया से 17.32 बजे छूटकर छपरा 19.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 09042 छपरा-उधना विशेष गाड़ी हर सोमवार को छपरा से 23.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बलिया से 00.32 बजे, तीसरे दिन भुसावल से 01.45 बजे, उधना 06.45 बजे पहुंचेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

सावन के सोमवार को शिवालयों में उमड़े भक्त

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। सावन के प्रथम सोमवार को जनपद मुख्यालय से लेकर नगरों तथा उप नगरों में शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं द्वारा ब्रह्म मुहूर्त से ही बोल बम के नारे से शिवालयों में श्रद्धालु पहुंचकर जलाभिषेक किया।

मुख्यालय के सिंहेश्वरी मंदिर स्थित शिव मंदिर पर कटेश्वर नाथ मंदिर पर डुमरियागंज के भारत भारी मंदिर पर उसका बाजार के महादेव मंदिर पर भारत नेपाल स्थित पलटा देवी मंदिर में स्थित शिव के मंदिर पर सोमवार के दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर पुलिस पूरी तरह से जगह-जगह मुस्तैद रही महिला पुलिस आरक्षित भी सादे वर्दी में मंदिरों के अगल-बगल लगी रही। प्रथम सोमवार होने के कारण छोटे से लेकर बड़े मंदिरों पर हर-हर महादेव की गूंज से पूरा वातावरण गूंज गया।

निकाली गयी शोभायात्रा: सिद्धार्थनगर। जिला मुख्यालय पर बोल बम जलाभिषेक आयोजन समिति के तत्वावधान में जलाभिषेक का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों द्वारा हनुमानगढ़ी मंदिर से शोभायात्रा व झांकी निकाली गयी जो सिद्धार्थ तिराहा स्टेशन रोड होते हुए सिंहेश्वरी मंदिर पर समाप्त हुई। अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, कपिलवस्तु विधायक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। श्रद्धालु शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा भी विभिन्न स्थानों पर स्टाल लगाकर स्वल्पाहार मिष्ठान वितरित किया गया।

सिंहेश्वरी मंदिर पर प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पिंगल जख्मी, कैलाश, बबलू श्रीवास्तव, राणा प्रताप सिंह, अनिल कुमार सिंह, अजय कुमार, शिवकुमार गुप्ता, सिद्धार्थ गौतम, श्रीधर पांडे, बलविंदर सिंह, शिवसेवक चौरसिया, देवेंद्र प्रताप सिंह, अरुण प्रजापति, रामकरण गुप्ता, दिव्यांश आदि मौजूद रहे।

शोभायात्रा में निकाली गयी झांकी। अमृत विचार

सुविधा दोनों ओर से चार फेरों के लिए किया जाएगा ग्रीष्मकालीन ट्रेन का संचालन

कटिहार-अमृतसर विशेष ट्रेन 25 से

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा 05734/05733 कटिहार-अमृतसर-कटिहार ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन कटिहार से 25 जुलाई से 15 अगस्त दिन प्रत्येक गुरुवार को तथा अमृतसर से 27 जुलाई से 17 अगस्तदिन प्रत्येक शनिवार को 4 फेरों के लिये किया जायेगा।

05734 कटिहार-अमृतसर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी कटिहार से 25 जुलाई से 15 अगस्त तक हर गुरुवार को 11.40 बजे प्रस्थान कर नौगछिया से 12.27 बजे, थाना बीहपुर से 12.47 बजे, मानसी से 13.32 बजे, खगड़िया से 13.44 बजे, बेगसूराय से 14.57 बजे, बरौनी से 15.40 बजे, हाजीपुर से 17.45 बजे, सोनपुर से 17.57 बजे, छपरा से 19.55 बजे, सीवान से 20.55 बजे, देवरिया सदर से 21.47 बजे, गोरखपुर से 23.25 बजे, दूसरे दिन बस्ती से 00.25 बजे, गोण्डा से 01.30 बजे, बाराबंकी से 03.25 बजे, लखनऊ से 04.25 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 06.40 बजे, इटावा से 08.17 बजे, अलीगढ़ से 10.35 बजे, खुर्जा से 11.45 बजे, हापुड़ से 13.17 बजे, मेरठ सिटी से 14.15 बजे, मुजफ्फरनगर से 15.07 बजे, सहारनपुर से 17.25 बजे, अम्बाला कैण्ट से 19.00 बजे, लुधियाना से 21.25 बजे, जालंधर सिटी से 22.55 बजे तथा व्यास से 23.35 बजे छूटकर तीसरे दिन अमृतसर 00.10 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05733 अमृतसर-कटिहार 27 जुलाई से 17 अगस्त प्रत्येक शनिवार को अमृतसर से 04.25 बजे प्रस्थान कर व्यास से 04.57 बजे, जलंधर सिटी से 05.35 बजे, लुधियाना से 06.40 बजे, अम्बाला कैण्ट से 08.50 बजे, सहारनपुर से 10.35 बजे, मुजफ्फरनगर से 11.25 बजे, मेरठ सिटी से 12.35 बजे, हापुड से 13.32 बजे, खुर्जा से 15.05 बजे, अलीगढ़ से 15.42 बजे, इटावा से 17.35 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 20.10 बजे, लखनऊ से 22.20 बजे, बाराबंकी से 23.20 बजे, दूसरे दिन गोण्डा से 00.35 बजे, बस्ती से 01.50 बजे, गोरखपुर से 04.05 बजे, देवरिया सदर से 05.10 बजे, सीवान से 06.05 बजे, छपरा से 07.20 बजे, सोनपुर से 08.17 बजे, हाजीपुर से 08.30 बजे, बरौनी से 10.15 बजे, बेगूसराय से 10.35 बजे, खगड़िया से 11.07 बजे, मानसी से 11.19 बजे, थाना बीहपुर से 11.52 बजे तथा नौगछिया से 12.10 बजे छूटकर कटिहार 15.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर-दहानू रोड विशेष ट्रेन आज से चलेगी

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा 09043/09044 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर-दहानू रोड ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन बान्द्रा टर्मिनस से 23, 28, 30 जुलाई, 4, 6, 11, 13, 18, 20, 25 एवं 27 अगस्त प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को तथा गोरखपुर से 24, 29, 31 जुलाई, 5, 7, 12, 14, 19, 21, 26 एवं 28 अगस्त प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को 11 फेरों के लिये किया जायेगा।

09043 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को बान्द्रा टर्मिनस से 00.05 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 00.41 बजे, दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल से 01.15 बजे, लखनऊ से 03.25 बजे छूटकर गोरखपुर 09.30 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 09044 गोरखपुर-दहानू रोड ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को गोरखपुर से 13.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से 02.10 बजे, 19.12 बजे, सूरत से 20.00 बजे, उधना से 20.09 बजे, वलसाड से 20.57 बजे तथा वापी से 21.19 बजे छूटकर दहानू रोड 22.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

एक नजर

चौराबाग़ चौराहा पर खड़ी बाइक चोरी, दी तहरीर

तिलोई, अमेठी। तहसील तिलोई थाना मोहनगंज के चौराबाग़ चौराहा तिलोई से चोरों ने बाइक चोरी कर ली। पीड़ित रामलोचन मिश्र निवासी पूरे विंध्या दिवान मजरे चिंगाही ने स्थानीय थाने में तहरीर दी है। बताया कि वह अपने घर तिलोई बाजार गया था। चौराबाग़ चौराहे पर गाड़ी खड़ी होटल पर चाय पीने चला गया। जहां गाड़ी खड़ी की थी वहां पहुंचा तो बाइक नहीं मिली। पीड़ित ने बाइक की आसपास काफी तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मोहनगंज ने बताया कि मामला संज्ञान में है, जांच करवाई जा रही है।

चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

जगदीशपुर, अमेठी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की बाइक के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना नाम विशाल सिंह (26) निवासी ग्राम सुनवा थाना बाबा बाजार जनपद अयोध्या बताया है। पुलिस ने उसे बाजारशुक्ल मोड़ कस्बा जगदीशपुर से रविवार रात में गिरफ्तार किया। पूछताछ में बताया कि 20 जुलाई को उसने सीएचसी जगदीशपुर से मोटरसाइकिल चुराई थी। थाना जगदीशपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

ग्राम प्रधान के साथ मारपीट करने में मुकदमा दर्ज

खीरों, रायबरेली। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवगांव के दलित ग्राम प्रधान अशोक कुमार कुरील को 16 जुलाई की रात दबंगों द्वारा मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित का आरोप है कि दबंग उसे सुलह समझौता न करने पर ऐलानिया धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ग्राम प्रधान ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। लेकिन दूसरे पक्ष ने भी सोमवार को ग्राम प्रधान पर गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

अमेठी सीएचसी में प्रसूताओं को नहीं मिल रहा नाश्ता-भोजन

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। सरकार के आदेशों की अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। प्रसूताओं को मिलने वाला पौष्टिक आहार नहीं मिल रहा है। भर्ती होने वाली प्रसूताओं को भूखे पेट दर्द से कराहना करना पड़ रहा है। जननी सुरक्षा योजना के तहत सीएचसी पर प्रसव के बाद प्रसूताओं को मिलने वाला नाश्ता, दोपहर का भोजन व रात के खाने की व्यवस्था ठप पड़ी है। प्रसव के लिए भर्ती प्रसूताओं को घर से खाना आने का इंतजार करना पड़ रहा है।

सोमवार को अमेठी सीएचसी में भर्ती प्रसूताओं के परिजन व महिलाओं ने बताया कि अस्पताल में उन्हें भोजन या नास्ता नहीं मिलता। नातिन के डिलीवरी के आये राम शंकर तिवारी इटौरी निवासी ने बताया कि वह कल शाम से अपनी नातिन जागृति को डिलीवरी के लिए भर्ती किये हैं। यहां पर अस्पताल प्रशासन की ओर से प्रसूताओं को नास्ता या भोजन नहीं मिलता।

प्रसव बाद वार्ड में भर्ती महिला प्रीति रायदेपुर निवासी ने बताया कि वह प्रसव के लिए बीते 18 जुलाई को भर्ती हुई है। ऑपरेशन से बच्चा हुआ है। उन्हें अस्पताल की तरफ से अभी तक एक दिन भी नाश्ता या भोजन नहीं मिला है, घर से भोजन आता है। वहीं अमेठी सीएचसी अधीक्षक आलोक तिवारी ने बताया कि सीएचसी में भर्ती प्रसूताओं को भोजन दिया जा रहा है। ऐसी कोई सूचना है तो जांच की जायेगी।

अमेठी सीएचसी में भर्ती प्रसूता। अमृत विचार

एमएनसीयू की टीम ने किया निरीक्षण

संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी के एमएनसीयू वार्ड का लखनऊ से आई एमएनसीयू टीम ने निरीक्षण किया। जिसमे स्टाफ नर्स की लापरवाही को लेकर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को यहां पहुंची टीम ने सीएचसी में बेड व उपकरण के रख-रखाव, एमएनसीयू चेयर, ओटो थेरेपी आदि व्यवस्था का निरीक्षण कर किया। प्रसव रजिस्टर चेक किया। एमएनसीयू टीम में शामिल सत्य प्रकाश शुक्ला, सुशील तिवारी के निरीक्षण में वार्ड सुसज्जित पाया गया। प्रसव रजिस्टर चेक करने पर स्टाफ नर्स की लापरवाही सामने आई। जिस पर टीम ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। स्टाफ नर्स को निर्देश देते हुए बताया कि गर्भवती महिलाओं को प्रसव के बाद डिस्चार्ज करने में जल्दबाजी न करके सभी मानक को पूर्ण किया जाय। निरीक्षण में सीएचसी अधीक्षक आलोक तिवारी, मनोज कुमार स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, आदि लोग मौजूद थे।

अमेठी सीएचसी में निरीक्षण करती टीम। अमृत विचार

सीएचसी में नहीं हो रहा मरीजों का अल्ट्रासाउंड

अमेठी, अमृत विचार। स्वास्थ्य विभाग की मनमानी के चलते अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं या अन्य किसी भी मरीज का अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहा है। सीएचसी पहुंचने वाली गर्भवती महिलाओं और मरीजों को प्राइवेट सेंटर से अल्ट्रासाउंड जांच करानी पड़ रही है। इन अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर न ही रेडियोलॉजिस्ट है और नहीं कोई डॉक्टर। फिर भी धडल्ले से स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से इन सेंटरों पर मरीजों से मनमानी वसूली हो रही है। वहीं पास में स्थित एक निजी हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड सेंटर के कैश काउंटर पर बैठी महिला कर्मी से रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि अस्पताल में डॉ. विनोद सिंह रेडियोलॉजिस्ट हैं जो कि अल्ट्रासाउंड करते हैं जबकि डॉ. विनोद सिंह के स्थान पर एक युवक अल्ट्रासाउंड करता मिला।

सीडीओ व एसपी ने सुनीं जनता की समस्याएं

चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस, शिकायतों का हुआ निस्तारण

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। जनपद की चारों तहसीलों में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

तहसील गौरीगंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने जनसामान्य की शिकायतों को सुना एवं मौके पर ही उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। तहसील गौरीगंज में कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 4 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील अमेठी में 33 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन का निस्तारण किया गया। तहसील तिलोई में 26 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें एक का निस्तारण किया गया। तहसील मुसाफिरखाना में 37 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से चार शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जन समस्याओं को सुनें तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, तहसीलदार गौरीगंज सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

जनसुनवाई करते सीडीओ व एसपी। अमृत विचार

37 में से चार शिकायतों का हुआ निस्तारण

मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार। तहसील स्थानीय सभागार में सोमवार को अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। जिसमे कुल 37 शिकायती आए। आये शिकायती पत्रों में 4 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण हो गया। सोमवार को स्थानीय तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता के अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ जिसमें सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कुल प्राप्त 37 शिकायतों में से चार का मौके निस्तारण कर दिया गया शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उक्त मौके पर एसडीएम प्रीति तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह, तहसीलदार राहुल सिंह, खंड विकास अधिकारी बृजेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

महीनों से लगा रहे समाधान में चक्कर, नहीं मिल रहा न्याय

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के चंडेरिया निवासी बुजुर्ग दंपति ने सोमवार को अमेठी तहसील में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम से न्याय की गुहार लगाई। बताया कि पड़ोसी ने उनका रास्ता अवरुद्ध दिया है। महिला ने बताया कि वह 8 महीने से रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर समाधान दिवस व अधिकारियों का चक्कर लगा रही है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।

चंडेरिया निवासी समीम मोहम्मद हुसैन खान व उनके पति मोहम्मद हुसैन खान ने सोमवार को समाधान दिवस में अमेठी एसडीएम को शिकायत की पत्र दिया। महिला ने बताया कि वह दिव्यांग है और उसका पति काफी वृद्ध है। विपक्षी फातिमा बीबी पत्नी अनब खान व अनवर खान आदि लोगों ने उसका रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। वह पुलिस से लेकर मुख्यमंत्री तक से शिकायत कर चुकी हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। पीड़ित दंपति की शिकायत पर अमेठी उपजिलाधिकारी ने संग्रामपुर पुलिस को मौके पर जाकर जांच करते हुए अवरुद्ध रास्ते को खुलवाने का निर्देश दिया है।

शिकायती पत्र देते पीड़ित परिवार।

280 स्कूली वाहनों को नोटिस

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। जनपद में बिना फिटनेस सड़को पर दौड़ रही स्कूली वाहनों पर परिवहन विभाग ने सख्ती करनी शुरू कर दी।विभाग द्वारा वाहन संचालकों को स्कूली वाहनों का फिटनेस कराने का नोटिस जारी किया है। विभाग का आदेश न मानने वाले 30 स्कूली वाहनों का विभाग ने अभियान चलाकर चालान कर दिया है। पिछले दो सप्ताह से चलाये गए अभियान में अब तक सिर्फ 61 वाहनों का ही फिटनेस कराया गया है। बाकी बचे वाहनों को फिटनेस कराने के लिए विभाग दूसरी नोटिस जारी करने की तैयारी में है।

सख्ती

61 स्कूली वाहनों का हुआ फिटनेस, अब सख्ती से निपटने की तैयारी में परिवहन विभाग

दरअसल अमेठी में बिना फिटनेस के बड़े पैमाने पर स्कूल बसों का संचालन किया जा रहा है।बिना फिटनेस सड़को पर दौड़ रही स्कूली वाहनों को लेकर एआरटीओ विभाग ने भी सख्ती करना शुरू कर दिया है। जिले के 280 स्कूल वाहन मालिकों को विभाग ने नोटिस जारी कर दिया है जिसके बाद अब तक 61 वाहन मालिको ने अपने वाहन का फिटनेस कराया है।स्कूलों वाहनों का फिटनेस करवाने के लिए विभाग द्वारा कैम्प भी चलाया जा रहा है। पीटीओ ने बिना फिटनेस के सड़क पर चलने वाले 30 स्कूल वाहनों का चालान कर दिया है। वहीं एआरटीओ सर्वेश सिंह द्वारा लगातार स्कूल संचालकों को वाहनों के फिटनेस करवाने के लिए फोन भी किया जा रहा है।

> अब तक 61 वाहनों का फिटनेस किया जा चुका है। जिले में 280 स्कूल वाहन है जिन्हें नोटिस जारी किया है। जिन वाहनों ने अभी तक फिटनेस नही कराया है उन्हें दूसरी नोटिस जारी की जा रही है।अगर तय समय के अंदर स्कूल वाहनों ने अपना फिटनेस नहीं करवाया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।
> **-सर्वेश सिंह**, एआरटीओ

सेक्टर व बूथ कमेटियों के पुनर्गठन की बनाई योजना

संवाददाता, जायस, अमेठी

अमृत विचार। मोहन गंज-में बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसमाज का संगठन मजबूत करने के लिए सेक्टर और बूथ कमेटियों के पुनर्गठन की कार्ययोजना तैयार की गई।

कमेटियों के काम की समीक्षा को 25 जुलाई को जिला मुख्यालय पर कान्हा मैरिज लान में जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक बुलाई गई है। इस बैठक को कई मंडलों के सेक्टर प्रभारी और पूर्व मंत्री धर्मवीर सिंह अशोक सम्बोधित करेंगे।बैठक में विधानसभा प्रभारी और पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने अतिथि सेक्टर प्रभारियों और कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी राजनीतिक दल के साथ एक विचार धारा है जो समता मूलक समाज की स्थापना और देश में भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं को ठीक ढंग से लागू करने के लिए समर्पित है। मुख्य अतिथि और सेक्टर प्रभारी जिया लाल त्यागी ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के सामाजिक परिवर्तन के मूवमेंट, मान्यवर कांशीराम के जीवन संघर्ष और बसपा के सफर पर विस्तार से प्रकाश डाला।

फंदे से लटका मिला युवक का शव

सतांव, रायबरेली, अमृत विचार। गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में 33 वर्षीय युवक घर के बाहर रखे टीनशेड की पाइप से रस्सी का फंदा लगाकर फांसी पर झूल गया। परिवारजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के ठकुराइन खेड़ा मजरे हाजीपुर गांव निवासी सोविंद (33) पुत्र अन्नू ने रविवार की रात अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के बाहर रखे टीनशेड की लोहे की पाइप से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

सार-संक्षेप

समस्याओं लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

अमेठी, अमृत विचार। एससी, एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में अपनी समस्याओं से सम्बंधित प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित 20 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। ज्ञापन में पदोन्नति में आरक्षण का शासनादेश लागू करने, डिजिटाइजेशन व्यवस्था लागू करने के पहले शिक्षकों की समस्यायों का समाधान करने और पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने के कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ और सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। एससी/एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पवन कुमार गौतम ने ज्ञापन देने के लिए आए सभी शिक्षकों के प्रति आभार जताया और शिक्षकों की समस्यायों की अनदेखी करने के लिए सरकार की तीखी आलोचना की। संघर्ष बैठक और ज्ञापन देने के कार्यक्रम में एससी एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष दयाशंकर, सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राज किशोर सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव भारती, साधू राम, राम अभिलाष, फूल चंद, राम कुमार, राम बरन, गुरुचरण गौतम, बृजेश कुमार सिंह, शोभा शरन, संतोष कुमार, राम हर्ष, तुलसी राम शास्त्री, सोम प्रकाश, राकेश कुमार बौद्ध, राजेंद्र गौतम, प्रेम चंद, संतराम, अतुल कुमार, सुरेन्द्र अम्बेडकर, महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

चोरी के चार पहिया वाहन के साथ दो गिरफ्तार

अमेठी, अमृत विचार। थाना रामगंज पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग के दौरान चोरी के चार पहिया वाहन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अपने नाम विकाश उपाध्याय (28) निवासी भावापुर गुड़ुरी थाना पीपरपुर और लाल मोहम्मद (29) निवासी घोरहा थाना पीपरपुर बताया। पुलिस ने दोनों को मुखबिर की सूचना पर सोमवार सुबह रेलवे क्रासिंग रामचन्द्रपुर के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि 13 जुलाई को दोनों लखनऊ के हुसैनगंज मोहल्ले में मंगलम होटल में रुके हुए थे, वहीं से कार चोरी की थी। कई दिनो तक कार छुपाकर रखे थे। बेचने की नीयत से खरीदने वाले की तलाश कर रहे थे। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना रामगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

जमीनी विवाद में विरोधियों ने झोपड़ी में लगाई आग

अमेठी, अमृत विचार। जमीन के विवाद में पड़ोसियों ने विरोधी की झोपड़ी में आग लगा दी। आग से पूरी झोपड़ी और उसमे रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना को अंजाम देकर सभी दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जामो थाना क्षेत्र के रानीपुर ग्रामसभा परसुरामपुर गांव निवासी जयराम का पड़ोसी रामदास और सुनील से भूमि का विवाद है। सोमवार को विपक्षी पहुंचे और जयराम व उसकी पत्नी पर हमला कर दिया। बचने के लिए दंपति अपनी झोपड़ीनुमा घर में घुस गये। इस पर विपक्षियों ने जयराम की झोपड़ी में आग लगा दी। पीड़ित ने घटना की तहरीर थाने में दी। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसओ विनोद सिंह ने कहा कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

पदयात्रा में शामिल गायत्री परिवार के लोग। अमृत विचार

गायत्री मिशन के कार्यकर्ताओं ने निकाली पद यात्रा

अमेठी, अमृत विचार। रविवार को गायत्री मिशन के कार्यकर्ताओं ने नगर में जागरण यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान लोगों को सामाजिक बुराईयां त्याग कर स्वस्थ, सुखी और संस्कार युक्त समाज के निर्माण के संदेश दिए गए। जागरण यात्रा गायत्री शक्तिपीठ से शुरू हुई और नगर भ्रमण के बाद शाम को समाप्त हुईं।

स्कूल में मनाया गया नेशनल मैंगो डे

अमेठी, अमृत विचार। जनपद के राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल ,आरआरएसजीएस , में सोमवार को नेशनल मैंगो डे मनाया गया। इस अवसर पर प्री-प्राइमरी के विद्यार्थी पीले और नारंगी रंग के कपड़ों में सुसज्जित होकर विद्यालय में आए। विद्यार्थियों ने कागज और चार्ट की मदद से आम का प्रारूप बनाकर खुद के कपड़ों की सजावट भी की। सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने आम के ऊपर हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में कविताएँ सुनाई। इसके पश्चात प्री-प्राइमरी के बच्चों ने आम दिवस से संबंधित एक नाटक भी प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों को इस अवसर पर आम की विभिन्न प्रजातियों, उनके लाभ और उत्पादन के विषय में भी बताया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित नारायण शर्मा ने कहा कि आम को फलों का राजा कहा जाता है।

धारदार हथियार से हमला, छह घायल

राही, रायबरेल, अमृत विचार। भदोखर थाना क्षेत्र के हरिवंश खेड़ा मजरे विनोहरा गांव में मेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार से प्रहार कर दिया जिसमें छह लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज कर घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एम्स चौकी इंचार्ज कपिल चौहान ने बताया कि दोनों पक्षों का मुकदमा कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। घायलों का इलाज चल रहा है। जांच में दोषी पाये जाने वालों पर कार्रवाई होगी।

अन्तर्जनपदीय चार गो तस्कर दबोचे

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। थाना मुंशीगंज पुलिस और सर्विलांस टीम ने मिलकर अन्तर्जनपदीय चार गौ तस्करों को पकड़ा है। बताया गया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम टण्डवा की बाग से गोवंशीय पशुओं को वध के लिये ग्राम लठहापुर की ओर ले जाया जा रहा है। पुलिस ने लठहापुर तिराहे पर घेराबंदी कर एक पिकअप वाहन को रोका। उसमें चार गोवंश तस्करी के लिए ले जाये जा रहे थे। वाहन पर सवार लोग सवार थे। जिन्होंने अपने नाम दिलशाद खान (35) निवासी चटिया हसनपुर थाना बंधुआकला जनपद सुल्तानपुर, राम भवन यादव (30) निवासी अहलाद का पुरवा मजरे कौहार थाना गौरीगंज, उस्मान अली उर्फ लल्लन (28) निवासी भीटी कला पोस्ट बारीकला थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ एवं ड्राइविंग सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रवीश (32) निवासी ढेबरा थाना जमालपुर जनपद मिर्जापुर बताया। दिलशाद खान के कब्जे से तरल द्रव्य से भरी हुई एक शीशी व दो सिरिंज बरामद हुई। पूछताछ में दिलशाद ने बताया कि यह बेहोशी की दवा है जिसे गौवंशों को लगाकर बेहोश कर देते हैं। पिकअप पर लदी गायों के संबंध में पूछताछ में बताया कि हमलोग गोवंशीय पशुओं को बिना नंबर प्लेट टाटा पिकअप पर लाद कर दूसरे जिलों में गोकसी के लिए ले जाते हैं। आज भी दिलशाद खान व राम भवन यादव ने मिलकर टण्डवा गांव की बाग में गोवंशीय पशुओं को इकट्ठा कर ले जा रहे थे। पिकअप वाहन की तलाशी से गोवध करने के उपकरण दो अदद चापड़, लकड़ी का एक ठीहा, लोहे का एक तराजू, एक किलो का बाट, नायलान की रस्सी, काली पन्नी का एक पैकेट, नेवार के दो बण्डल बरामद हुए। बिना नंबर प्लेट पिकअप वाहन के संबंध में चारों ने बताया कि यह पिकअप तरुण पटेल निवासी बड़ेगांव बावतपुर थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी का है। पिकअप के कागज मांगने पर दिखा न सके। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एनटीपीसी का हाल | विजिलेंस की जांच में हुआ खुलासा, दो अधिकारियों पर हुई कार्रवाई

अधिकारियों ने बेंच दी नौ करोड़ की राख

ऊंचाहार, रायबरेली।

अमृत विचार। एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में बड़ा घपला सामने आया है। जिसमें एनटीपीसी के उपमहाप्रबंधक स्तर के दो अधिकारियों पर नौ करोड़ रुपए की राख निजी एजेंसियों को चोरी छिपे बेंचे जाने की बात विजिलेंस टीम ने पकड़ी है। उसके बाद दोनों अधिकारियों के विरुद्ध एनटीपीसी प्रबंधन ने कार्रवाई शुरू की है। हालांकि दोनों अधिकारी हाल ही में सेवामुक्त हुए थे।

एनटीपीसी की राख निस्तारण में यह खेल करीब तीन साल पहले हुआ था। राख के इस गोरखधंधे में अभी फिलहाल दो बड़े अधिकारियों की संलिप्तता सामने आई है, किंतु इसमें अन्य कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की तलवार लटक रही है। एनटीपीसी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार परियोजना के राख निस्तारण विभाग में करीब दो साल पहले तैनात रहे डीजीएम अरविंद कुमार राय और त्वरित बंगाल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू की है। दोनों अधिकारियों में अरविंद कुमार राय पिछले महीने रिटायर हुए हैं।

एनटीपीसी में छाई खामोशी

एनटीपीसी के राख निस्तारण में करोड़ों का घपला और दो अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के बाद एनटीपीसी में सनसनी फैल गई है। कोई भी अधिकारी इस मुद्दे पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। एनटीपीसी की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बताया कि इस बारे में उन्हे कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि त्वरित बंगाल काफी पहले ऊंचाहार से स्थानांतरण पर जा चुके है और अरविंद कुमार राय सेवामुक्त हो चुके है।

पहले संविदाकर्मी ने उठाई थी आवाज

एनटीपीसी के शैलो में संविदा पर काम करने वाले प्रतापगढ़ जनपद के केराव डीह मजरे झोकवारा निवासी मो इमरान ने राख की इस लूट का सबसे पहले खुलासा किया था। उसने फरवरी 2023 में यह शिकायत की थी कि वह 15 साल राख निस्तारण का काम देख रहा है। इधर राख में गोरखधंधा किया जा रहा है। उसने यह खुलासा तब किया था, जब उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। यही नहीं उसने कोतवाली में एनटीपीसी अधिकारी अरविंद कुमार राय के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी।

दोस्तों ने लाखों रुपये लूटकर युवक को सड़क पर फेंका

संवाददाता, जगदीशपुर, अमेठी

अमृत विचार। भारतीय स्टेट बैंक से कार पर सवार होकर घर जाते समय रास्ते में कार में साथ बैठे दोस्तों ने युवक के से न केवल लाखों रुपये लूट लिए बल्कि युवक को मरणासन्न कर सड़क पर फेंक कर फरार हो गये। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना व कोतवाल जगदीशपुर ने घटना स्थल का निरीक्षण कर नामजद अभियुक्तों की तलाश जारी की है।

जानकारी के अनुसार सर्वेश कुमार निवासी पूरे पराग पांडेय अचलपुर कोतवाली क्षेत्र के आनन्द नगर चौराहे पर भारतीय स्टेट बैंक की ग्राहक सेवा केंद्र खोल रखा है जो सोमवार की शाम लगभग चार बजे सेवा केंद्र बन्द कर अपनी बाइक से बैंक पैसा निकालने आ रहे थे कि रास्ते मे अनिल कुमार मिश्र व एक अन्य साथी के साथ चार पहिया वाहन से आते समय सर्वेश कुमार को बैक चलने की बात कह अपने कार में बैठा लिया वापस जाते समय जायस रोड स्थित महमदपुर गांव के निकट साथियो ने सर्वेश कुमार को चाकू की नोक पर गमछे से गला दबाकर तीन लाख अस्सी हजार रुपए लूट कर सड़क के किनारे घायलावस्था में फेंक दिया। राहगीरो ने सर्वेश को देख परिवारीजनों को सूचना दी।

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200

सर्राफा

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	73,750
सोना रवा	73,500
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	90,900
चांदी (999)	90,800
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

अधिक रिटर्न की उम्मीद में पैसा लगाना चिंताजनक

संसद में पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा: खुदरा निवेशकों की भागीदारी बाजार को प्रदान करती है स्थिरता

नई दिल्ली, एजेंसी

आर्थिक समीक्षा में शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की बढ़ती संख्या को लेकर आगाह करते हुए कहा गया है कि बाजार की वास्तविक स्थितियों को समझे बिना अधिक रिटर्न की उम्मीद कर पैसा लगाना चिंता का विषय है।

संसद में सोमवार को पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि खुदरा निवेशकों की बढ़ी हुई भागीदारी पूंजी बाजार को स्थिरता प्रदान करती है। पिछले कुछ साल में भारतीय पूंजी बाजार में गतिविधियां बढ़ी हैं। लोग डिमैट खातों के माध्यम से शेयरों की प्रत्यक्ष खरीद-बिक्री कर रहे हैं या फिर परोक्ष रूप से म्यूचुअल फंड से बाजार में निवेश कर रहे हैं। इक्विटी नकदी खंड कारोबार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 2023-24 में 35.9 प्रतिशत थी। दोनों डिपॉजिटरी के पास डीमैट खातों की संख्या वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 15.14 करोड़ हो गई, जो 2022-23 में 11.45 करोड़ थी। बाजार में निवेशकों की इस भागीदारी का असर शेयर बाजारों में नए निवेशक पंजीकरण, कुल कारोबार

● इक्विटी कारोबार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 2023-24 में 35.9 प्रतिशत

मूल्य में उनकी हिस्सेदारी, शुद्ध निवेश और सूचीबद्ध कंपनियों में स्वामित्व में भी दिखता है। उदाहरण के लिए, एनएसई में पंजीकृत निवेशकों की संख्या मार्च, 2020 के मुकाबले लगभग तीन गुना बढ़कर 31 मार्च, 2024 तक 9.2 करोड़ हो गई है। इसका अर्थ यह है कि अब 20 प्रतिशत भारतीय परिवार अपनी घरेलू बचत को वित्तीय बाजारों में लगा रहे हैं। शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की संख्या तेजी से बढ़ने पर गौर करने की आवश्यकता है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि अति आत्मविश्वास सट्टेबाजी को बढ़ावा देती है और अधिक रिटर्न की उम्मीद भी। जो वास्तविक बाजार स्थितियों के अनुरूप नहीं हो सकती है। यह एक गंभीर चिंता का विषय है।

दो साल में जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतें बढ़ीं

दो साल में खराब मौसम, जलाशयों के निचले स्तर और फसल क्षति ने कृषि उत्पादन को प्रभावित किया है, जिससे खाद्य कीमतों में वृद्धि हुई है। प्रतिकूल मौसम की स्थिति ने विशेष रूप से सब्जियों और दालों के उत्पादन की संभावनाओं को प्रभावित किया है। पिछले वर्ष की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर एकीकृत रिपोर्ट में कहा गया है, 2022-23 और 2023-24 में कृषि क्षेत्र खराब मौसम की घटनाओं, जलाशयों के निचले स्तर और क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हुआ है जिसने कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक पर आधारित खाद्य मुद्रास्फीति 2021-22 के 3.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 6.6 प्रतिशत और 2023-24 में 7.5 प्रतिशत हो गई। जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि हो रही है - जिनमें लू, असमान मानसून, बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, और ऐतिहासिक शुष्क परिस्थितियां शामिल हैं।

फसल बीमा में 2024 से वृद्धि देखने को मिलेगी

कृषि बीमा क्षेत्र में वर्ष 2024 से वृद्धि दर्ज होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी। साधारण बीमा बाजार में लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले कृषि बीमा में खरीफ फसल मौसम के दौरान प्रीमियम दरों में भारी गिरावट से 2022-23 में स्थिर वृद्धि देखी गई। इस गिरावट की भरपाई सत्र के दौरान बीमित भूमि क्षेत्र और किसानों के नामांकन में वृद्धि से हुई। वर्ष 2024 से कृषि प्रीमियम में वृद्धि होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी, जिसे मोबाइल एप्लिकेशन और फसल नुकसान की निगरानी के लिए रिमोट सेंसिंग जैसे बीमा बुनियादी ढांचे में सुधार का समर्थन प्राप्त होगा। फसल बीमा से जुड़ी मौजूदा चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार ने कई तकनीकी पहल शुरू की हैं। इनमें यस-टेक मैनुअल, विंड्स पोर्टल और सैटेलाइट आधारित उन्नत तकनीकों के माध्यम से फसल क्षति का आकलन करने के लिए नामांकन ऐप एआईडीई/सहायक शामिल हैं।

आर्थिक समीक्षा की मुख्य बातें

- 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 से 7% रहने का अनुमान, 2023-24 में यह 8.2% रहने का अनुमान।
- अनिश्चित वैश्विक आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद घरेलू स्तर पर वृद्धि को बढ़ावा देने वाले तत्वों ने आर्थिक वृद्धि को सहारा दिया।
- अल्पकालिक मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान अनुकूल है, लेकिन दलहनों में कमी और परिणामस्वरूप मूल्य दबाव का सामना करना पड़ रहा है।
- मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद और आयात कीमतों में नरमी से मुद्रास्फीति को बल मिलता है।
- यह पता लगाने के तरीके सुझाए गए हैं कि क्या भारत के मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढांचे को खाद्य वस्तुओं को छोड़कर मुद्रास्फीति दर को लक्षित करना चाहिए।
- भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि तथा इसका प्रभाव आरबीआई की मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकता है।
- भारत के वित्तीय क्षेत्र का परिदृश्य उज्ज्वल है।
- चूंकि वित्तीय क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रहा है, इसलिए इसे वैश्विक या स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली संभावित कमजोरियों के लिए तैयार रहना चाहिए।
- बेहतर कॉरपोरेट और बैंकों के बही-खाते से निजी निवेश को और मजबूती मिलेगी।
- भारत की नीतियां चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपट पाई, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मूल्य स्थिरता सुनिश्चित की गई।
- कर अनुपालन लाभ, व्यय संयम और डिजिटलीकरण ने भारत को सरकार के राजकोषीय प्रबंधन में बेहतर संतुलन हासिल करने में मदद की।
- भारत की वृद्धि गाथा में पूंजी बाजार प्रमुख बन रहा है; बाजार वैश्विक भू-राजनीतिक, आर्थिक झटकों से निपटने में समक्ष बना हुआ है।
- कृत्रिम मेधा (एआई) के सभी कौशल स्तर के श्रमिकों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर काफी अनिश्चितता।
- चीन से एफडीआई प्रवाह में वृद्धि से वैश्विक आपूर्ति शृंखला में भागीदारी बढ़ाने और निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।
- देश में 54 प्रतिशत रोग अस्वास्थ्यकर आहार के कारण होते हैं, संतुलित, विविध आहार की ओर बदलाव की जरूरत।
- देश में विदेश में बसे भारतीयों द्वारा भेजा गया धन 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़कर 124 अरब डॉलर हुआ। 2025 में इसके 129 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान।
- खिलौना उद्योग को निर्यात बढ़ाने, चीन से आयात कम करने में सरकार से मिली मदद।
- आय असमानता की चुनौतियों से निपटने में कर नीतियों की प्रमुख भूमिका होगी।
- भारत में बुजुर्गों की देखभाल के लिए एक समग्र नीति की आवश्यकता है।
- रेल यात्री सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत की वृद्धि।
- आर्थिक समीक्षा में आयुष्मान भारत के विभिन्न लाभों को रेखांकित किया गया।

आरबीआई बंद करे खाद्य मुद्रास्फीति पर गौर करना

● खाने के सामान की ऊंची कीमतों को कम करने के लिए देना चाहिए कूपन

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई को नीतिगत दर तय करने में खाद्य वस्तुओं की महंगाई पर गौर करना बंद करना चाहिए और सरकार को गरीबों पर खाने के सामान की ऊंची कीमतों का असर कम करने को उन्हें कूपन देने या सीधे नकदी हस्तांतरण पर विचार करना चाहिए।

आरबीआई ने बढ़ी हुई खाद्य मुद्रास्फीति का हवाला देते हुए नीतिगत दर में कटौती से परहेज किया है। आरबीआई की नीतिगत दर के आधार पर ही बैंक आवास, व्यक्तिगत और कंपनी ऋण की ब्याज तय करते हैं। भारत ने 2016 में मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण को लेकर रूपरेखा पेश की थी। इसके तहत रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। केंद्रीय बैंक हर दो महीने पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आधार पर नीतिगत दर रेपो तय करता है। इसमें भोजन, ईंधन, विनिर्मित सामान और चुनिंदा सेवाएं शामिल हैं। खाद्य पदार्थों को छोड़कर, महंगाई का लक्ष्य तय करने पर विचार करना चाहिए। प्रायः खाद्य वस्तुओं की ऊंची कीमतें मांग के बजाय आपूर्ति की समस्या के कारण होती हैं।

मौद्रिक नीति मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार

खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.36 प्रतिशत थी। आरबीआई ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने जून में कहा था कि मौजूदा समय में, खाद्य मूल्य परिदृश्य से जुड़ी अनिश्चितताओं पर कड़ाई से नजर रखने की जरूरत है। मौद्रिक नीति केवल मांग आधारित मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार है। आपूर्ति बाधाओं के कारण होने वाली महंगाई से निपटने के लिए उसके उपयोग का प्रतिकूल असर हो सकता है।

मातृत्व दंड की चुनौती पर देखभाल अर्थव्यवस्था पर निवेश की जरूरत

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत को बच्चों की परवरिश के समय महिला श्रम बल भागीदारी दर में गिरावट के रूप में मातृत्व दंड की चुनौती का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए देश में देखभाल से संबंधित ठोस अर्थव्यवस्था बनाने के लिए रणनीतिक सुधारों की जरूरत है।

सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश से बच्चों की देखभाल से संबंधित 1.1 करोड़ नौकरियां पैदा हो सकती हैं, जिनमें से 70% महिलाओं के हिस्से में आएंगी। देखभाल सेवाओं को सब्सिडी देने पर विचार किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, ब्राजील और अमेरिका के सफल अंतर्राष्ट्रीय मॉडल भारत के लिए मददगार हो सकते हैं। इन देशों में देखभाल कर्मियों को आय, बच्चे की आयु व संख्या पर खरीद और कर में छूट दी जाती है।

महिला बजट 3.1 लाख करोड़

महिलाओं का बजट 2013-14 के 97,134 करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 3.1 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। लैंगिंग बजट में इस साल 2023-24 की तुलना में 38.7 प्रतिशत और 2013-14 की तुलना में 218.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह राशि कुल केंद्रीय बजट का 6.5 प्रतिशत है।

राष्ट्रीय

एक नजर

बस मेट्रो खंभे से टकराई, महिला की मौत, 23 घायल

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली में डीटीसी (दिल्ली परिवहन निगम) की एक इलेक्ट्रिक बस के सोमवार सुबह मेट्रो खंभे से टकरा जाने से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 23 अन्य यात्री घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि पंजाबी बाग थाने को सुबह सात बजकर 42 मिनट पर रोहतक रोड पर शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के निकट बस दुर्घटना की सूचना मिली। मंगोलपुरी और आनंद विहार में चलने वाली डीटीसी बस मेट्रो खंभे से टकरा गई।

ऑडी ने दो ऑटोरिक्शा को मारी टक्कर, चार घायल

मुंबई। मुलुंड इलाके में सोमवार को तेज रफ्तार ऑडी ने दो खड़े ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी जिससे चार लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार सुबह करीब आठ बजे डम्पिंग रोड पर हुई और हादसे के बाद चालक ऑडी कार वहीं पर छोड़कर फरार हो गया। वाहन को जब्त कर लिया गया है। घायलों में दो ऑटोरिक्शा चालक और उनमें सवार दो यात्री हैं जिनमें से एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है।

3 करोड़ रुपये, 3100 डॉलर के साथ एक गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब में जालंधर आयुक्त पुलिस ने हवाला कारोबार में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से करीब तीन करोड़ रुपये और 3100 अमेरिकी डॉलर बरामद किये हैं। पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने बताया कि पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस स्टेशन न्यू बारादरी जालंधर की एक टीम टी-पॉइंट बशीरपुरा जालंधर के पास जांच कर रही थी।

मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, एक जवान घायल

जम्मू-कश्मीर : राजौरी में सेना की चौकी, वीडीजी के घर पर आतंकी हमले की कोशिश नाकाम

● एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल

राजौरी/जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना के जवानों ने सैन्य चौकी और ग्राम रक्षा दल सदस्य (वीडीजी) के आवास पर आतंकी हमले की कोशिश सोमवार तड़के नाकाम की। सेना के अधिकारियों ने बताया कि घटना में संलिप्त आतंकियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया और इस दौरान उनकी आतंकियों से मुठभेड़ हो गई। वीडीजी आवास पर हमले में शामिल आतंकी को मार गिराया गया। इसमें एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल हुआ है।

राजौरी जिले के गुंधा इलाके में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुए मुठभेड़ के दौरान आगे बढ़े सेना के वाहन। एजेंसी

व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर बताया कि राजौरी के गुंधा इलाके में आतंकियों ने वीडीसी (सदस्य) के घर पर तड़के तीन बजकर 10 मिनट पर हमला किया। नजदीक मौजूद सैन्य टुकड़ी ने जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई। अभियान अब भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने वीडीजी और पूर्व सैनिक परषोत्तम कुमार के ख्वास तहसील के गुंधा इलाके स्थित आवास पर गोलीबारी की। कुमार शौर्य चक्र से भी सम्मानित हैं। आतंकियों के ग्रेनेड फेंकने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद उन्होंने सुबह चार बजे क्षेत्र में नव स्थापित सेना चौकी पर हमला किया, जिसको सेना ने नाकाम कर दिया है। एक स्थानीय महिला ने कहा कि हम इस हमले से भयभीत हैं, क्योंकि सालों बाद इलाके में आतंकी वारदात हुई है। यह इलाका शांतिपूर्ण था। तड़के तीन बजे गोलीबारी शुरू हुई और यह जारी है। ग्रामीण ने कहा कि वीडीजी को आधुनिक हथियारों और संचार प्रौद्योगिकी से लैस करने की जरूरत है, ताकि वे जम्मू के पहाड़ी इलाकों में आतंकवादियों का मुकाबला कर सकें।

बजट में एमएसपी की कानूनी गारंटी की घोषणा होनी चाहिए : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने केंद्रीय बजट पेश किए जाने से एक दिन पहले सोमवार को कहा कि इस बजट में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की घोषणा करने की जरूरत है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सरकार से आग्रह किया कि किसान कर्ज माफी की आवश्यकता, परिमाण का आकलन करने और कृषि ऋण माफी के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक स्थायी आयोग की स्थापना की जानी चहिए।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, केंद्र सरकार की तमाम विफलताओं में से कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की क्षमताहीनता और दुर्भावना से भरा

● कर्ज माफी, परिमाण का आकलन और कृषि ऋण माफी की निगरानी को आयोग की जरूरत: रमेश

व्यवहार सबसे अधिक हानिकारक है। उन्होंने दावा किया कि जहां संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) ने गेहूं की एमएसपी 119 प्रतिशत और धान की एमएसपी 134 प्रतिशत बढ़ाई थी, वहीं मोदी सरकार ने इसे क्रमशः 47 प्रतिशत और 50 प्रतिशत बढ़ाया है। यह महंगाई और कृषि इनपुट की बढ़ती कीमतों के हिसाब से बिल्कुल भी पर्याप्त नहीं है।

रमेश ने कहा कि किसानों का कर्ज बहुत बढ़ गया है। एनएसएसओ के अनुसार, 2013 के बाद से बकाया ऋण में 58 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2014 के बाद से हमने एक लाख से अधिक किसानों को आत्महत्या करते देखा है। कांग्रेस नेता ने इस बात पर जोर दिया कि कृषि कल्याण के लिए केंद्र सरकार की तरफ से आगामी बजट में तीन मुख्य घोषणाएं किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने मांग की कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप सी2+50 प्रतिशत के फॉर्मूले के अनुरूप एमएसपी के अंतर्गत आने वाली 22 फसलों के लिए एमएसपी बढ़ाएं, एमएसपी को कानूनी दर्जा दें और इसे मजबूती से लागू करने के लिए एक प्रणाली स्थापित करें।

सेंट्रल विस्टा: कोर्ट ने वक्फ बोर्ड से कहा केंद्र कार्रवाई करे तो याचिका दायर करें

नई दिल्ली, एजेंसी

● हाईकोर्ट ने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा

उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड से कहा कि जब भी केंद्र 'सेंट्रल विस्टा' पुनर्विकास परियोजना के संबंध में उसकी संपत्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करे तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि परियोजना को उच्चतम न्यायालय की मंजूरी मिली हुई है और उन्होंने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा।

बोर्ड ने इस याचिका में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों की सुरक्षा के लिए निर्देश देने का आग्रह किया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील ने कहा कि वक्फ बोर्ड यह नहीं कह रहा है कि सेंट्रल विस्टा परियोजना को खत्म करना होगा, बल्कि वह केवल यह आश्वासन चाह रहा है कि उसे उसकी संपत्तियों से बेदखल नहीं किया जाएगा। न्यायाधीश ने कहा कि इस याचिका को वापस ले लीजिए। हम मामले को उलझाना नहीं चाहते। जब भी वे कोई कार्रवाई करेंगे, आप आ सकते हैं। अदालत ने कहा कि यदि आवश्यक हो तो वह नई याचिका दायर कर सकता है। बोर्ड ने 2021 में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए कोर्ट का रुख किया था।

खालिद की याचिका पर सुनवाई से अलग हुए हाईकोर्ट के न्यायाधीश

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश अमित शर्मा ने फरवरी 2020 में हुए दंगों के पीछे कथित साजिश से संबंधित यूएपीए मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई से सोमवार को खुद को अलग कर लिया। इस मामले को न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति शर्मा की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। सिंह ने कहा कि इसे किसी अन्य पीठ के समक्ष भेजा जाना है। इस मामले पर 24 जुलाई को सुनवाई होगी।

नकली सोने के व्यापारी के घर के नीचे सुरंग मिलने से राज्यपाल चिंतित

कोलकाता, एजेंसी

● यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय : आनंद बोस

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने दक्षिण 24 परगना जिले में नकली सोने की मूर्ति का कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार व्यापारी के घर के नीचे सुरंग मिलने पर रविवार को चिंता जताई और कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है।

पुलिस को 15 जुलाई को कुलतली में आरोपी व्यापारी के घर के नीचे एक सुरंग मिली थी। यह सुरंग पास की उस नहर तक जाती है, जो मतला नदी में मिलती है। राजभवन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सुनियोजित ढंग से निर्मित सुरंग, जो कथित तौर पर सुंदरबन में मतला नदी में बहने वाली एक नहर तक जाती है, जिसके आगे भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा है, स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा करती है। पुलिस की छापेमारी के दौरान घर के मालिक और नकली सोने के व्यापारी सद्दाम सरदार के इस सुरंग के रास्ते भागने का संदेह था। हालांकि, बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

कांवड़ यात्रा : उप्र सरकार के निर्देश पर चर्चा के लिए विपक्ष का नोटिस खारिज

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को विपक्षी सदस्यों के वे नोटिस नियमों का हवाला देते हुए खारिज कर दिए जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में दिए गए निर्देश को लेकर नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा की मांग की गई थी।

विपक्षी सांसदों ने नियम 267 के तहत नोटिस दिये थे जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में दिए गए निर्देश को लेकर आज का नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा की मांग की गई थी। धनखड़ ने कहा कि ये नोटिस न तो नियम 267 की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और न ही आसन की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुरूप हैं... इसलिए इन्हें अस्वीकार स्वीकार किया जाता है।

संघ में सहभागिता पर रोक हटाना सराहनीय : आरएसएस

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने सरकारी कर्मचारियों के संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का सोमवार को स्वागत किया। आरएसएस ने कहा कि फैसले से देश की लोकतांत्रिक प्रणाली मजबूत होगी। उसने पूर्ववर्ती सरकारों पर अपने राजनीतिक हितों के कारण सरकारी कर्मचारियों को संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित करने का आरोप भी लगाया।

प्रतिबंध हटाने संबंधी सरकारी आदेश के सार्वजनिक होने के एक दिन बाद आरएसएस

● आरएसएस ने कहा- देश की लोकतांत्रिक प्रणाली होगी मजबूत

प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने कहा कि सरकार का ताजा फैसला उचित है और यह भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करेगा। विपक्ष के कई नेताओं ने सरकारी कर्मचारियों पर संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने पर लगा प्रतिबंध हटाने के केंद्र के फैसले की आलोचना की है। आंबेकर ने कहा कि संघ 99 वर्षों से लगातार राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में सक्रिय है।

प्रतिबंध हटाना मोदी की खीज का नतीजा : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्मचारियों के आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटाने का विरोध करते हुए कहा है कि यह प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा में अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाने की खीज का नतीजा है और ऐसा कर वह कर्मचारियों को विचारधारा विभाजित करना चाहते है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आरएसएस ने तिरंगे का विरोध किया था और गांधी जी की हत्या के बाद इस पर प्रतिबंध लगा था। मोदी ने इसको हटाकर न केवल विचारधारा बांटने का काम किया है, बल्कि उनकी निष्पक्षता तथा संविधान के सर्वोच्च होने के भाव को संदेहास्पद बना दिया है।

कंगना मानहानि मामले में 9 सितंबर को अदालत के सामने होगी पेश

मुबंई। फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत गीतकार जावेद अख्तर द्वारा दायर मानहानि मामले में नौ सितंबर को मुबंई की एक अदालत में पेश होगी। रनौत के शनिवार को अदालत में पेश नहीं होने पर अख्तर ने एक आवेदन दायर की और इस मामले में अभिनेत्री के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आग्रह किया। अख्तर के अधिवक्ता जय भारद्वाज ने बताया कि रनौत अदालत में उपस्थित होने के लिए स्थायी रुप से छूट चाहती थी।

ममता बंगाल में घुसपैठ को न्यायोचित ठहराने का कर रहीं प्रयास : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

● पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के बयान की जमकर की आलोचना

भाजपा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि वह बांग्लादेश में संकट में फंसे लोगों को आश्रय देने को तैयार हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि बनर्जी का यह बयान राज्य में घुसपैठ को न्यायोचित्त ठहराने वाला है।

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बनर्जी की उस कथित टिप्पणी के लिए उन पर निशाना साधा जिसमें उन्होंने कहा था कि वह चाहती हैं कि बंगाल भारत के साथ अच्छे संबंध रखे। उन्होंने सवाल किया कि उनके (ममता के) इस बयान का क्या मतलब है? उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है। कोलकाता में एक रैली में बनर्जी ने कहा था कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर वह पड़ोसी देश से परेशान लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण देंगी। प्रसाद ने कहा कि ऐसे मुद्दे पूरी तरह से भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि यह केंद्र सरकार ही थी जिसने 1971 के युद्ध के बाद बांग्लादेशियों को शरण देने का फैसला किया था।

ओलंपिक के बाद हॉकी को अलविदा कहेंगे श्रीजेश

पेरिस, एजेंसी

- हॉकी इंडिया ने दी लंबे सफर और देश की सेवाओं के लिए बधाई
- 328 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश

अनुभवी गोलकीपर और भारत के पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश ने कहा कि पेरिस ओलंपिक उनका आखिरी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए 328 मैच खेलने वाले श्रीजेश का यह चौथा ओलंपिक होगा। कई राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और विश्व कप में खेल चुके 36 साल के श्रीजेश ने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में शानदार गोलकीपिंग से भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने तब इस खेल में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था।

हॉकी इंडिया ने सोमवार को श्रीजेश को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय टीम के लिए विन इट फॉर श्रीजेश का अभियान शुरू किया है जो खिलाड़ियों को फिर से पदक जीतने लिए प्रेरित करेगा। श्रीजेश ने हॉकी इंडिया से जारी विज्ञप्ति में कहा मैं पेरिस में अपने आखिरी टूर्नामेंट की तैयारी कर रहा हूं, मुझे अपने करियर पर बहुत गर्व है और उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहा हूं। मेरी अब तक की यात्रा असाधारण रही है और और मैं अपने परिवार, टीम के साथियों, सभी कोच, प्रशंसकों और हॉकी इंडिया के प्यार और समर्थन के लिए हमेशा आभारी हूं। हम सभी यहां पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। निश्चित रूप से अपने पदक का रंग बदलना चाहते है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने उनके शानदार करियर के लिए उन्हें बधाई दी।

ओलंपिक ऑर्डर से होंगे सम्मानित अभिनव बिंद्रा

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित करेगी। पुरस्कार समारोह ओलंपिक के समापन से एक दिन पहले 10 अगस्त को पेरिस में 142वें आईओसी सत्र के दौरान आयोजित होगा। आईओसी अध्यक्ष ने 20 जुलाई को बिंद्रा को भेजे पत्र में लिखा मुझे आपको सूचित करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने ओलंपिक आंदोलन में आपकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आपको 'ओलंपिक ऑर्डर' से सम्मानित करने का फैसला किया है। ओलंपिक ऑर्डर आईओसी का सर्वोच्च पुरस्कार है, जो ओलंपिक आंदोलन में विशिष्ट योगदान के लिए मिलते हैं। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने 'ओलंपिक ऑर्डर' से सम्मानित होने पर बिंद्रा को बधाई दी। 41 साल के हो चुके बिंद्रा ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था।

पेरिस ओलंपिक में तोक्यो जैसी गलती नहीं दोहराऊंगी : मनिका

नई दिल्ली, एजेंसी

तोक्यो ओलंपिक में भाग लेकर महत्वपूर्ण अनुभव हासिल करने वाली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने सोमवार को कहा कि वह पेरिस ओलंपिक खेलों में एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करेंगे और शुरुआती दौर में पदक जीतना उनके दिमाग में नहीं होगा।

बत्रा ने अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) से कहा पिछले ओलंपिक खेलों से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला और मैंने जो गलतियां वहां की थी उनको इस बार नहीं दोहराऊंगी। मैं उस मुकाम पर पहुंचने की कोशिश कर रही हूं जहां मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकूं। मैं मैच दर मैच आगे बढ़ूंगी और शुरू में ही पदक के बारे में नहीं सोचूंगी।

तीरंदाजी, टेटे और हॉकी टीम सहित 49 एथलीट पहुंचें खेल गांव

पेरिस। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने के लिए तीरंदाजी, टेबल टेनिस (टेटे) और हॉकी टीमों सहित कुल 49 खिलाड़ी खेल गांव में पहुंच चुके हैं। आठ सदस्यीय टेबल टेनिस टीम और 19 सदस्यीय हॉकी टीम सहित 39 खिलाड़ी पहुंचे तो वहीं ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले 21 में से 10 निशानेबाज चेटेउरौक्स पहुंच चुके हैं। तीरंदाजी टीम के सभी छह सदस्य, दो टेनिस खिलाड़ी, एक बैडमिंटन, एक नौकायन खिलाड़ी और दो तैराक भी पेरिस पहुंच चुके हैं।

व्हीलचेयर क्रिकेट खिलाड़ियों ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह से सोमवार को उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। राज्यपाल ने टीम को दिल्ली में आयोजित 'इंडियन व्हीलचेयर क्रिकेट प्रीमियर लीग-5' प्रतियोगिता जीतने पर बधाई देते हुए खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। टीम जून में हुई प्रतियोगिता के फाइनल में महाराष्ट्र को हराकर चैंपियन बनी है। गुरमीत ने कहा कि उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने इंडियन व्हीलचेयर प्रीमियर लीग जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है, जिस पर हम सभी प्रदेशवासियों को गर्व है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग क्रिकेट टीम की सफलता से राज्य का ही मान नहीं बढ़ा, बल्कि इससे अन्य दिव्यांगजनों को प्रेरणा भी मिलेगी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा की अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से जो लक्ष्य हासिल किया है वह लोगों के लिए उदाहरण है। दिव्यांगजनों को खेलों की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनका सहयोग आवश्यक है। उनके सहयोग के लिए औद्योगिक संस्थानों सहित स्वयं सेवी संस्थाओं को आगे आना होगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट करने पहुंचीं इंडियन ओलंपिक्स संघ की प्रेसीडेंट की लीगल समिति की नव नियुक्त चेयरपर्सन सुनयना व पति अमित प्रकाश के साथ पीटी उषा।

सुनयना बनीं ओलंपिक्स लीगल समिति की चेयरपर्सन

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के पुराने जिलों में शुमार बरेली की बेटियों ने हमेश ही अपने शहर का मान बढ़ाया है। खेल के क्षेत्र में भी बरेली की बेटियां पीछे नहीं हैं। मैदान से लेकर खेल समिति के बड़े पदों पर उन्होंने जगह बनाई है। भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल की बेटी सुनयना प्रकाश को इंडियन ओलंपिक्स संघ की प्रेसीडेंट की लीगल समिति की चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। मुजफ्फरनगर में रहने वाली सुनयना के पति अमित प्रकाश एक उद्योगपति हैं जो बॉयो वेस्ट व एग्रीकल्चरल वेस्ट से सीएनजी बनाने का उद्यम करते हैं। सुनयना ने सोमवार को ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ पहुंचकर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की। राष्ट्रपति ने सुनयना को नई नियुक्ति के लिए बधाई दी। राष्ट्रपति अपने स्वर्गीय पति को याद करते हुए कहा वो ओलंपिक्स और अन्य खेलों के प्रसारण को बहुत शौक से देखते थे। बता दें कि ओलंपिक्स 2024 का आगज 26 जुलाई से पेरिस में होने जा रहा है। राष्ट्रपति ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक पदक लाने की उम्मीद जताई।

टी-20 विश्व कप की समीक्षा के लिए समिति गठित

कोलंबो। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईसीसी) ने पिछले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में हुए टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा के लिए सोमवार को तीन सदस्यीय समिति गठित की। समिति में न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर ट्वोज और आईसीसी के अन्य दो निदेशक लॉसन नायडू तथा इमरान ख्वाजा को जगह मिली है। आईसीसी के अनुसार आईसीसी बोर्ड पुष्टि करता है कि आईसीसी टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा होगी। तीन निदेशक रोजर ट्वोज, लॉसन नायडू और इमरान ख्वाजा के मार्गदर्शन में यह होगा और ये इसी साल बोर्ड को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। समझा जाता है कि आईसीसी को न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डलास में मैचों के आयोजन पर दो करोड़ डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है।

कार्यभार के बहाने मनमर्जी नहीं कर पाएंगे खिलाड़ी

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गंभीर और चयन समिति के अध्यक्ष अगरकर बोले- अगर खिलाड़ी फॉर्म में है तो खेलना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्य कोच गौतम गंभीर की बेबाकी और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की स्पष्टवादिता से बने तालमेल से भारत में ऐसे दौर की शुरुआत होने वाली है जहां खिलाड़ी कार्यभार प्रबंधन के बहाने श्रृंखला चुनने में मनमर्जी नहीं कर पाएंगे।

श्रीलंका दौरे से पहले गंभीर और अगरकर ने संवाददाता सम्मेलन में कुछ कड़े फैसलों के बारे में बताया तो कुछ चीजों को इशारों में समझाया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भारतीय क्रिकेट में काफी कुछ नया होने वाला है। गंभीर और अगरकर की उपस्थिति शारीरिक रूप से भले ही प्रभावशाली न लगे लेकिन भारतीय क्रिकेट की जानकारी रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि यह दोनों पूर्व क्रिकेटर स्पष्ट और कड़े फैसले करने वालों में शामिल हैं जो आसानी से नहीं बदलते। इन दोनों का लक्ष्य अब 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए खाका तैयार करना है। उनके लिए कार्यभार प्रबंधन बड़ी चुनौती होगी लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि इस मामले में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए अलग नियम होंगे।

श्रीलंका दौरे से पहले पत्रकारों से बात करते गौतम गंभीर व अजीत अगरकर।

गंभीर से जब कार्यभार प्रबंधन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा मैंने पहले भी कहा है कि बुमराह जैसे खिलाड़ी के लिए कार्यभार प्रबंधन महत्वपूर्ण है। अगर आप बल्लेबाज हैं और अच्छी फॉर्म में हैं तो आपको सभी मैच खेलने चाहिए। माना जा रहा था कि वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा तथा टीम के प्रमुख बल्लेबाज विराट कोहली श्रीलंका दौरे पर नहीं जाएंगे लेकिन उनकी उपस्थिति से स्पष्ट संकेत मिलता है की टीम प्रबंधन इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मैच खेलते हुए देखना चाहता है। गंभीर ने कहा रोहित शर्मा और विराट कोहली अब केवल दो प्रारूप में खेलेंगे, मुझे उम्मीद है कि वह अधिक से अधिक मैच खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसी तरह से चयन समिति के अध्यक्ष अगरकर ने हार्दिक पंड्या को टी-20 टीम का कप्तान नहीं नियुक्त किए जाने का कारण स्पष्ट किया। आप ऐसा कप्तान चाहते हैं जो सभी मैच खेलने की अधिक संभावना रखता हो। किसी सवाल का आपको इससे अधिक स्पष्ट जवाब नहीं मिल सकता। यही नहीं अब कप्तान के चयन में नेतृत्वकौशल ही नहीं साथी खिलाड़ियों की राय भी मायने रखेगी। अगरकर ने कहा सूर्य को कप्तान क्यों बनाया गया। क्योंकि वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो पिछले एक साल से अधिक समय से भारतीय ड्रेसिंग रूम का हिस्सा है। आपको ड्रेसिंग रूम से काफी फीडबैक मिलता है।

लंबी चर्चा और फिटनेस को देखते हुए सूर्या को बनाया टी-20 का कप्तान : अगरकर

नई दिल्ली। भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि सूर्यकुमार यादव को फिटनेस मापदंड और लंबे समय तक चली चर्चा के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीम का कप्तान बनाने का फैसला किया। श्रीलंका में सीमित ओवर श्रृंखला के लिए रवाना होने से पहले हुए संवाददाता सम्मेलन के दौरान अगरकर ने कहा किसी को कप्तान बनाने का फैसला आप रातों-रात नहीं ले सकते। हमने इस पर काफी विचार विमर्श किया और ड्रेसिंग रूम से भी फीडबैक लिया कि एक कप्तान के रूप में हम क्या-क्या गुण ढूंढ रहे हैं। हमारे लिए सबसे बड़ी बात यह थी कि हमारा कप्तान ऐसा होना चाहिए जो कि कभी भी मैदान में उतरने के लिए तैयार रहता हो। यह हमारी पहली शर्त थी। सूर्यकुमार के साथ आप पहले से ही जानते हैं कि फिटनेस कभी भी उतना बड़ा मसला नहीं रहा है। अगरकर ने सवालिया लहजे में कहा अगर हार्दिक अचानक से चोटिल हो जाते हैं तो हमारे पास कप्तानी के लिए कोई विकल्प नहीं बचता। रोहित के रहने से चीजें आसान थीं और हमारे पास विकल्प थे। ऐसा पहले भी हुआ है, जब हार्दिक अचानक से चोटिल हो गए हों और हमारे पास कप्तानी का कोई विकल्प ना बचा हो। इसलिए हम ऐसी स्थिति नहीं चाहते थे।

कोहली से रिश्ता टीआरपी के लिए नहीं

मुंबई। भारत के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को घोषणा की कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के साथ उनका बहुचर्चित रिश्ता उन दोनों के बीच है और यह टीआरपी के लिए नहीं है। गंभीर और कोहली अच्छे दोस्त नहीं रहे और यह आईपीएल में दोनों के बीच कई बार टकराव से स्पष्ट है। अब यह जोड़ी 27 जुलाई से श्रीलंका के टी-20 और एकदिवसीय दौरे से एक साथ काम करेगी। गंभीर ने कहा विराट कोहली के साथ मेरा रिश्ता हम दोनों के बीच है और यह टीआरपी के लिए नहीं है। हमने बहुत चर्चा की है और हर किसी के पास अपनी जर्सी के लिए लड़ने का अधिकार है।

फिट रहे तो 2027 का विश्वकप खेल सकते हैं रोहित-कोहली: गौतम गंभीर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के नए कोच गौतम गंभीर ने कहा कि फिटनेस बरकरार रहने पर रोहित शर्मा और विराट कोहली वर्ष 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेल सकते हैं। गंभीर ने मैं यह निश्चित रूप से कह सकता हूं कि दोनों में बहुत क्रिकेट शेष है। अभी चैंपियंस ट्रॉफी और ऑस्ट्रेलिया का बड़ा दौरा होना है और ये दोनों निश्चित रूप से वहां प्रदर्शन करने को उत्साहित होंगे। अगर उनकी फिटनेस बरकरार रहती है तो वह 2027 एकदिवसीय विश्वकप का भी हिस्सा हो सकते हैं।

ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती चैंपियन उत्तर प्रदेश की टीम।

उप्र सब जूनियर हॉकी टीम दूसरी बार बनी चैंपियन

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सब जूनियर पुरुष टीम ने झांसी में आयोजित द्वितीय हॉकी इंडिया उत्तर क्षेत्र सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में हरियाणा को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 5 गोल किए।केतन कुशवाहा ने एक,शाहरुख अली ने 2 और प्रह्लाद राजभर ने 2 गोल कर टीम को जीत दिलाई। उत्तर प्रदेश की टीम को दूसरी बार उत्तर क्षेत्र की चैंपियन बनी। केतन कुशवाहा प्रतियोगिता के बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड मिला। नॉर्थ जोन सब जूनियर महिला वर्ग का फाइनल उत्तर प्रदेश का मुकाबला हरियाणा से था जिसमें हरियाणा ने 5-2 से जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश सब जूनियर महिला हॉकी टीम को रजत से संतोष करना पड़ा।

ओलंपिक से चोट के चलते हटीं वोंड्रोसोवा

पेरिस। तोक्यो ओलंपिक की टेनिस रजत पदक विजेता मार्केटा वोंड्रोसोवा हाथ की चोट के कारण सोमवार को पेरिस खेलों से हट गईं।

चेक गणराज्य की 25 साल की यह खिलाड़ी पिछले साल गैरवरीय रहते हुए विंबलडन चैंपियन बनीं थीं। वह 2019 में फ्रेंच ओपन की उपविजेता रही थी। वोंड्रोसोवा को इस साल विंबलडन के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। वोंड्रोसोवा ने ओलंपिक से हटने के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि उनका ध्यान अब यूएस ओपन के लिए तैयार होने पर है, जो अगस्त के अंत में शुरू होगा।

इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज को हराया

नॉटिंघम, एजेंसी

- रूट, ब्रूक और बशीर ने दिलाई इंग्लैंड को वेस्टइंडीज पर बड़ी जीत खेल इंग्लैंड विंडीज

जो रूट (122) और हैरी ब्रूक (109) के शतकों के बाद स्पिनर शोएब बशीर के 5 विकेट की मदद से इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 241 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

रूट ने अपने करियर का 32वां जबकि ब्रूक ने पांचवा शतक लगाया, जिससे इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में 425 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 385 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। वेस्टइंडीज की टीम इसके जवाब में 148 रन बनाकर आउट हो गई। बशीर ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 457 रन बनाकर 41 रन की बढ़त हासिल की थी। बशीर ने तीन ओवर के अंदर किर्क मैकेंजी, कावेम हॉज और एलिक अथानाज को आउट करके वेस्टइंडीज को करारे झटके दिए। इंग्लैंड की तरफ से बशीर के अलावा क्रिस वोक्स और गस एटकिंसन ने दो दो जबकि मार्क वुड ने एक विकेट लिया। इंग्लैंड पहला टेस्ट मैच पारी और 114 रन से जीता था। इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाई।

श्रीलंका ने मलेशिया को रिकार्ड 144 रनों से हराया, अट्टापटू ने जड़ा शतक

दांबुला, एजेंसी

कप्तान चमारी अट्टापटू नाबाद (119) रनों की शतकीय पारी और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने सोमवार को महिला एशिया कप के सातवें मुकाबले में मलेशिया को रिकार्ड 144 रनों से हरा दिया है।

185 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशिया की टीम का कोई भी बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सकी। मलेशियाई की ओर एलसा हंटर ने सर्वाधिक (10) रन बनाए। हालांकि इस दौरान आइना नजवा ने जाझारूपन दिखाया, लेकिन अन्य किसी बल्लेबाज ने उनका साथ नहीं दिया। आइना नजवा (9) रन बनाकर नाबाद रही। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंचा सका। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने मलेशिया की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 40 रन पर समेट कर मुकाबला 144 रनों से जीत लिया।

महिला एशिया कप

बांग्लादेशने थाईलैंड को सात विकेट से हराया

दांबुला। राबेया खान 14 रन देकर चार विकेट की शानदार गेंदाबजी और उसके बाद मुर्शीदा खातून (50) रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत बांग्लादेश ने सोमवार को महिला एशिया कप के आठवें मुकाबले में थाईलैंड को सात विकेट से हरा दिया। 97 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही, लेकिन बांग्लादेश ने 17.3 ओवर में 100 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। इससे पहले थाईलैंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 96 रन का स्कोर खड़ा किया था।

नेपाल को बड़े अंतर से हराकर भारत को मिलेगी सेमीफाइनल की टिकट

दाम्बुला। पहले दो मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के मंगलवार को यहां होने वाले अंतिम मैच में नेपाल के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से और दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से हराया था। नेपाल अपने पहले मैच में अमीरात को हराने में सफल रहा था लेकिन दूसरे मैच में उसे पाकिस्तान से 9 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। भारत का सेमीफाइनल में जगह बनाना तय लग रहा है जबकि पाकिस्तान ने पिछले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने रन रेट में काफी सुधार किया है।

विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप में हारीं भारतीय टीमें

नई दिल्ली। भारत के लड़कों और लड़कियों की टीम को ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय लड़कों की टीम दक्षिण कोरिया से 1-2 से जबकि लड़कियों की टीम त मलेशिया से समान अंतर से हार गईं। लड़कों के वर्ग में युवराज वाधवानी ने सेओजिन ओह को 3-2 से हराकर भारत को जीत के साथ शुरुआत दिलाई लेकिन पिछले सप्ताह व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले शौर्य बावा को चार करीबी गेम में रजत पदक विजेता जू यंग ना से हार का सामना करना पड़ा। निर्णायक मुकाबले में कुन किम ने अरिहंत केएस को पराजित किया। लड़कियों के वर्ग में शमीना रियाज के व्हिटनी विल्सन से हारने के बाद अनाहत सिंह ने थानुसा उथ्रियन के खिलाफ कड़े मुकाबले में 3-2 से जीत दर्ज की, लेकिन आगे के मुकाबले में हार गईं।

बॉलीवुड हलचल

सिंघम के प्रदर्शन के 13 साल सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार रोहित शेट्टी ने अपनी सुपरहिट फिल्म सिंघम की 13वीं सालगिरह के खास मौके पर खास पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी हो गई है। अजय देवगन और रोहित शेट्टी बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय अभिनेता-निर्देशक जोड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने साथ में कई सफल फिल्में दी हैं। दोनों इन दिनों बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन के लिए तैयारी कर रहे हैं। रोहित ने अपनी फिल्म सिंघम की 13वीं वर्षगांठ पर अपने और अजय देवगन के रिश्ते का जश्न मनाने के लिए एक खास वीडियो जारी किया है। रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो पोस्ट किया।वीडियो में लिखा गया है, आज हमने सिंघम के 13 साल पूरे कर लिए हैं और किस्मत का जादू देखते हैं। आज हम अजय सर के साथ सिंघम अगेन की शूटिंग भी पूरी कर रहे हैं। बतौर डायरेक्टर यह उनकी 13वीं फिल्म है, लेकिन यह सफर 90 के दशक में शुरू हुआ था, जब मैं उनके अंडर में काम कर रहा था। 33 साल बाद भी हम मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। इस दीवाली सिनेमाघरों में मिलते हैं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है सिंघम के 13 साल, भाईचारे के 33 साल ‹bha›@‹/bha›अजयदेवगन #सिंघमअगेन।

जाह्नवी की फिल्म उलझ का गाना शौकन रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का गाना शौकन रिलीज हो गया है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधांशु सरिया की फिल्म उलझ के ट्रेलर पर शानदार प्रतिक्रिया मिलने के बाद, निर्माताओं ने जान्हवी कपूर, गुलशन देवैया पर फिल्माया गाना शौकन रिलीज कर दिया है। शौकन शाश्वत सचदेव द्वारा रचित और निर्मित है और इसमें जुबिन नौटियाल, नेहा कक्कड़ और शाश्वत सचदेव की आवाज हैं। कुमार ने इस गाने के बोले लिखे हैं। शौकन सोनी म्यूजिक इंडिया के यूट्यूब पेज और सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। जान्हवी कपूर ने कहा, मैं हमेशा से नेहा के गानों की फैंस रही हूं, और शौकन में पहली बार उनके साथ काम करना मेरी विश लिस्ट से हटकर है। यह गाना अविश्वसनीय रूप से उत्साहवर्धक है और आपको डांस फ्लोर पर जाने के लिए मजबूर कर देगा। यह हॉट, ग्लैमरस और ग्रूवी है। मुझे लगता है कि शाश्वत, जुबिन और नेहा ने एक और बेहतरीन कृति बनाई है। नेहा कक्कड़ ने कहा, जुबिन के साथ शौकन गाना एक शानदार अनुभव था। इस धमाकेदार गाने के लिए शाश्वत को बधाई। शौकन सिर्फ एक पार्टी नंबर नहीं है, यह एक वाइब है। मैं अपने फैंस द्वारा इस गाने को सुनने और बीट्स पर थिरकने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

एक नजर

यूएई में प्रदर्शन पर तीन बांग्लादेशियों को उम्रकैद

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात की एक अदालत ने दर्जनों बांग्लादेशियों को अपने देश की सरकार के खिलाफ यहां प्रदर्शन करने पर कारावास की सजा सुनाई है। इनमें से तीन को उम्रकैद की सजा दी गई है। सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम की खबर के मुताबिक अबू धाबी की संघीय अपीलीय अदालत ने रविवार को 53 बांग्लादेशियों को 10-10 साल कारावास, एक बांग्लादेशी को 11 साल कारावास और तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इन बांग्लादेशियों को सजा पूरी होने के बाद देश से निष्कासित करने का भी आदेश दिया है।

अमेरिका में सामूहिक गोलीबारी में 3 की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के प्रांत मिसिसिपी में सामूहिक गोलीबारी में तीन लोग मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए। डब्ल्यूटीवीए टीवी चैनल ने स्थानीय पुलिस के हवाले से बताया है कि वारदात इंडियनोला शहर में हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। मृतकों की उम्र 19 साल थी। फिलहाल, कोई संदिग्ध नहीं होने के कारण चश्मदीद गवाहों से पूछताछ की प्रक्रिया जारी है।

यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद प्रोफेसर बर्खास्त

हांगकांग। चीन के एक शीर्ष विश्वविद्यालय ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगने के बाद सोमवार को एक प्रोफेसर को बर्खास्त कर दिया। एक दिन पहले ही एक स्नातक छात्रा ने प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और अपने आरोपों के समर्थन में कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग साझा की थी। इसे लेकर व्यापक स्तर पर लोगों ने रोष व्यक्त किया था। वांग डी नाम की छात्रा ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'वीबो' पर 59 मिनट लंबा एक वीडियो जारी कर कहा कि वह चीन के रेनमिन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स में डॉक्टरेट कार्यक्रम में अध्ययन कर रही हैं। वांग ने आरोप लगाया कि उनके पर्यवेक्षक ने उनका यौन शोषण किया है।

रूसी पत्रकार को सेना के दुष्प्रचार के आरोप में सजा

वाशिंगटन। अमेरिकी सरकार द्वारा वित्तपोषित 'रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी' की रूसी मूल की अमेरिकी पत्रकार अलसु कुरमाशेवा को रूस की अदालत ने गोपनीय सुनवाई करके रूसी सेना के खिलाफ दुष्प्रचार करने का दोषी करार दिया और साढ़े छह साल कारावास की सजा सुनाई। कुरमाशेवा को काजान शहर की अदालत ने दोषी करार दिया। इसी दिन रूसी शहर येकातेरिनबर्ग की अदालत ने वॉल स्ट्रीट जनरल के संवाददाता इवान गेरश्कोविच को जासूसी करने का दोषी करार देते हुए 16 वर्ष कारावास की सजा सुनाई थी। अमेरिका ने इस फैसले को राजनीति से प्रेरित करार दिया था।

झेलम के स्लीपर कोच के ब्रेक जाम, चिंगारी निकली

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर और झांसी के बीच आज दोपहर झेलम एक्सप्रेस की एक बोगी के ब्रेक जाम होने से उसमें चिंगारी निकलने लगी। यह चिंगारी आग पकड़ती उससे पहले ही ट्रेन स्टाफ ने ट्रेन को रुकवाकर अग्निशमन यंत्र से उस पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक ग्वालियर से झांसी की ओर जा रही झेलम एक्सप्रेस 11078 अप जैसे ही सिथौली संदलपुर के बीच पहुंची तो उसकी स्लीपर एस टू बोगी के पहिये के ब्रेक ब्लाक जाम होने से उसमें चिंगारी और धुआं निकलन लगा। इसकी जानकारी कुछ यात्रियों ने ट्रेन स्टाफ को दी, जिसके बाद तत्काल झेलम एक्सप्रेस को रोका गया।

पिछले साल भारत में 1.92 करोड़ विदेशी पर्यटक आए

नई दिल्ली, एजेंसी

- संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दी जानकारी

पर्यटन मंत्रालय के अनुसार पिछले साल कुल 1.92 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए, जो 2021 में कोरोना वायरस महामारी के समय आए 10.54 लाख विदेशी नागरिकों से काफी अधिक हैं।

संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में 2021 से 2023 तक भारत आए विदेशी यात्रियों का आंकड़ा दिया। आंकड़ों के अनुसार, 2023 में 1,92,45,817 विदेशी पर्यटक आए थे। यह संख्या 2022 में 85,87,562 और 2021 में 10,54,642 थी।

दिल्ली में भी विदेशी पर्यटकों की संख्या में इजाफा देखा गया। 2021 में 1,00,178 विदेशी नागरिकों ने राष्ट्रीय राजधानी की यात्रा की थी और 2023 में यह संख्या बढ़कर 18,28,116 हो गई। इसी तरह, गोवा में विदेशी पर्यटकों का आगमन 2021 के 22,128 से बढ़कर 2023 में 4,52,692 बार हुआ।

हिंसक प्रदर्शनों के बाद स्थिति शांत, इंटरनेट सेवाएं अब भी ठप

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में हिंसा

- सैन्यकर्मी राजधानी ढाका और अन्य क्षेत्रों में गश्त करते देखे गए

बांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद सरकारी नौकरियों में आरक्षण घटाने के उच्चतम न्यायालय के फैसले से स्थिति शांत होने के बावजूद लगातार पांचवें दिन इंटरनेट सेवाएं ठप रहीं और सरकार ने सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया। देश में कुछ ही दिन पहले देखते ही गोली मारने के आदेश के साथ कर्फ्यू लगा दिया गया था और सैन्यकर्मी राजधानी ढाका और अन्य क्षेत्रों में गश्त करते देखे गए।

देश में पुलिस और मुख्य रूप से छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारी 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम लड़ने वाले (पूर्व) सैनिकों के रिश्तेदारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। कम से कम चार स्थानीय समाचार पत्रों में बताया गया है कि हिंसा में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार के अपने फैसले में कहा कि 93 प्रतिशत सरकारी नौकरियां योग्यता आधारित प्रणाली के आधार पर आवंटित की जाएं। पांच प्रतिशत 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भाग लेने वालों के परिजनों तथा अन्य श्रेणियों के लिए दो प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी जाएं।

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सड़कों पर बाड़ लगाते सुरक्षा बल।

रविवार रात को कुछ छात्र प्रदर्शनकारियों ने सरकार से इंटरनेट सेवाएं बहाल करने का आग्रह किया। भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयक हसनत अब्दुल्ला ने बताया कि जिस पूर्ण बंद के आह्वान को उन्होंने पिछले सप्ताह लागू करने का प्रयास किया था, उसे अब वापस ले रहे हैं। उन्होंने कहा, "लेकिन हम 'डिजिटल कार्रवाई' को रोकने और इंटरनेट सेवाएं बहाल करने के लिए 48 घंटे का समय दे रहे हैं।" अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि वे चाहते हैं कि सरकार कर्फ्यू खत्म करे और सुनिश्चित करे कि देश दो दिनों के भीतर सामान्य स्थिति में वापस आ जाए।

कोलकाता-ढाका मैत्री एक्सप्रेस सेवा स्थगित

कोलकाता। कोलकाता को बांग्लादेश की राजधानी ढाका से जोड़ने वाली 'मैत्री एक्सप्रेस' की सेवाओं को परिचालन संबंधी कारणों से मंगलवार तक स्थगित किया गया है। यह निर्णय बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर हो रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच आया है। इन हिंसक प्रदर्शन में अब तक 100 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन की सेवाएं शनिवार से ही बंद कर दी गई हैं। इसके अतिरिक्त कोलकाता-खुलना-कोलकाता बंधन एक्सप्रेस भी रविवार को रद कर दी गई।

अब बाइडन की जगह हैरिस का चुनाव अभियान चलाएगी रैपिड रिस्पॉन्स टीम

'एक्स' पर बाइडन के प्रचार अभियान दल के खाते का नाम कमला एचक्यू किया

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनाव मैदान से हटने और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का अनुमोदन करने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बाइडन के प्रचार अभियान दल के खाते का नाम बदलकर 'कमला एचक्यू' कर दिया गया है। इसे कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार के तौर पर समर्थन करने के लिए बड़ा कदम माना जा रहा है।

प्रचार अभियान दल अपने संदेशों को प्रसारित करने और प्रतिद्वंद्वियों के हमलों का जवाब देने के लिए इस खाते का इस्तेमाल करता है। 'सीएनएन' ने बताया कि बाइडन-हैरिस अभियान के लिए 'एक्स' पर सोशल मीडिया त्वरित प्रतिक्रिया खाते 'बाइडन एचक्यू' का नाम बदलकर आधिकारिक रूप से 'कमला एचक्यू' कर दिया गया है। बाइडन के फैसले के बाद डेमोक्रेटिक कन्वेंशन नियम समिति बुधवार को नामांकन की रूपरेखा पर चर्चा करेगी।

बाइडन द्वारा अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के बाद एक महिला व्हाइट हाउस के बाहर उनका आभार जताते हुए।

59 वर्षीय कमला हैरिस बड़े अमेरिकी राजनीतिक दल की पहली अश्वेत महिला और उपराष्ट्रपति हैं। वहीं बाइडन का समर्थन मिलने के बाद कमला हैरिस ने कहा कि वह सम्मानित महसूस कर रही हैं। अब वह डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन मिलने के बाद जीतने के लिए काम करेंगीं।

बाइडन के 5 नवंबर को व्हाइट से हाउस बाहर होने के फैसले के बाद डेमोक्रेटिक कन्वेंशन रूल्स कमेटी बुधवार को नामांकन को लेकर चर्चा करेगी। कमेटी के सह उपाध्यक्ष और गर्वनर टिम वॉल्ज और डेमोक्रेटिक पार्टी के लिआ ड्रौटी ने कहा कि नए उम्मीदवार के चयन की जिम्मेदारी कमेटी है। यह पारदर्शी, साफ और व्यवस्थित होगा। इस विचार को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया व्यापक और निष्पक्ष होगी।

ट्रंप को लेकर मस्क से भिड़े भारतवंशी अरबपति

खोसला ने पूर्व राष्ट्रपति को बताया- झूठा और धोखेबाज

न्यूयॉर्क। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी को लेकर अरबपति टेक कारोबारी एलन मस्क और भारतीय-अमेरिकी उद्यम पूंजीपति विनोद खोसला के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में खोसला ने ट्रंप को एक ऐसा रिपब्लिकन नेता करार दिया, जिसमें कोई कोई नैतिकता नहीं है, जो झूठ बोलता है, धोखा देता है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म, अपमान करता है और उनके जैसे प्रवासियों से नफरत करता है। खोसला ने कहा कि उनके लिए ट्रंप जैसे व्यक्ति का समर्थन करना बहुत मुश्किल है। खोसला की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने कहा कि ट्रंप आपसे नफरत नहीं करते हैं। अलबत्ता, वह आपको पसंद करते हैं। उनसे मिलिए और अपने बारे में उनके विचार जानिए।

ओबामा ने बाइडेन की तारीफ की, हैरिस पर चुप्पी साधी

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से पीछे हटने के राष्ट्रपति जो बाइडन के फैसले की रविवार को प्रशंसा की। हालांकि राष्ट्रपति चुनावों के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार के रूप में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का तत्काल समर्थन करने से परहेज किया। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने एक बयान में कहा कि आने वाले दिनों में हम अज्ञात रास्तों से गुजरेंगे, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी पार्टी के नेता एक ऐसी प्रक्रिया बनाने में सक्षम होंगे, जिससे एक उत्कृष्ट उम्मीदवार उभरकर सामने आएगा।

नेपालः भूस्खलन के कारण नदी में डूबी बसें, 25 शव बरामद

काठमांडू। नेपाल में गत 12 जुलाई को भूस्खलन के कारण कुछ बसें नदी में बह गई थी और उसके बाद से अब तक 25 यात्रियों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि 37 अन्य लापता हैं। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि बसों में यात्रा करने वाले लोगों की संख्या पहले 65 बताई गई थी, लेकिन सत्यापन के बाद इसे संशोधित कर 62 कर दिया गया। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्रदेव यादव ने कहा, "तीन यात्री तैरकर नदी से बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि 25 के शव बरामद किए गए हैं।" उन्होंने बताया कि अन्य लोगों और दो बसों का अभी भी पता नहीं चल पाया है।

इमरान की पार्टी के सूचना सचिव रऊफ गिरफ्तार

इस्लामाबाद, एजेंसी

- हसन रऊफ के खिलाफ अभी आरोप स्पष्ट नहीं

पाकिस्तान पुलिस ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सूचना सचिव रऊफ हसन को पार्टी के केंद्रीय सचिवालय पर सोमवार को छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया।

शुरुआत में यह चर्चा थी कि पीटीआई के चेयरमैन गौहर अली खान को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, पार्टी प्रवक्ता जुल्फी बुखारी ने खान की गिरफ्तारी की खबर को खारिज कर दिया, जबकि हसन की गिरफ्तारी की पुष्टि की। यह स्पष्ट नहीं है कि हसन के खिलाफ क्या आरोप हैं। हसन पर कुछ सप्ताह पहले अज्ञात लोगों ने हमला किया था, जिससे उनके चेहरे पर चोटें आई थीं।

पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट में हसन की गिरफ्तारी की निंदा की और इस्लामाबाद पुलिस की आलोचना की। पार्टी ने कहा कि यह शर्मनाक है कि इस्लामाबाद पुलिस इस देश के हर कानून का पूरी तरह से मजाक बना रही है और उसकी अवहेलना कर रही है। पीटीआई नेता खुर्रम शेर जमां ने दावा किया कि पुलिसकर्मी पार्टी के कार्यालय से दस्तावेज और उपकरण जब्त कर रहे हैं।

कुछ लोग नहीं चाहते कश्मीर में शांतिः अब्दुल्ला

श्रीनगर, एजेंसी

- नेकां अध्यक्ष ने भारत-पाक के 'कुछ' लोगों पर लगाए आरोप

जम्मू-कश्मीर के जम्मू संभाग में आतंकवादी हमलों में वृद्धि के बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारत और पाकिस्तान में कुछ लोग हैं, जो जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं चाहते हैं। फारूक ने सोमवार को श्रीनगर में मीडिया से कहा, "मैं समझता हूं कि जम्मू-कश्मीर में हिंसा जारी रहने से उनकी खिचड़ी पकती है।"

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा "यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि दोनों देशों में ऐसे लोग हैं जो जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "लोग शांति से रहना चाहते हैं और इसे कायम रखने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। स्थिति बिगड़ने पर जम्मू संभाग की पर्वतीय श्रृंखला में स्थिति से निपटने के लिए 7000 से अधिक सैनिकों को बुलाया गया है।" उन्होंने कहा कि हम कितना भी चिल्लाएं, कुछ नहीं होगा।

ट्रंप पर हमले को खुफिया सेवा प्रमुख ने सबसे बड़ी चूक माना

वाशिंगटन, एजेंसी

- कई सांसदों ने खुफिया प्रमुख चीटल से इस्तीफा देने या राष्ट्रपति द्वारा उन्हें बर्खास्त करने की मांग की

अमेरिका की खुफिया सेवा की निदेशक किंबरली चीटल ने कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का प्रयास किया जाना दशकों में एजेंसी की सबसे बड़ी चूक है।

चीटल ने सोमवार को संसद में अपनी पेशी के दौरान सांसदों को बताया, "13 जुलाई को हमसे चूक हुई।" उन्होंने कहा कि वह इस महीने की शुरुआत में पेनसिल्वेनिया में ट्रंप पर हुए हमले में एजेंसी से हुई चूक की पूरी जिम्मेदारी लेती हैं। रैली के दौरान 20 वर्षीय युवक ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप की हत्या का प्रयास करते हुए उनपर गोली चलाई थी। इस मामले में सुरक्षा चूक को लेकर चीटल के इस्तीफे की मांग की जा रही है।

थॉमस मैथ्यू क्रुक्स नामक युवक ने पास की इमारत की छत पर चढ़कर गोली चलाई, जो ट्रंप के कान में लगी, जबकि और दो अन्य उपस्थित लोग गोलीबारी में घायल हो गए थे। सांसद इस बात से हैरान हैं कि बंदूकधारी ट्रंप के इतने करीब कैसे पहुंच गया। गृह मंत्री एलेजांद्रो मेयरकास ने घटना को चूक बताया है, जबकि कई सांसदों ने चीटल से इस्तीफा देने या राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है। खुफिया सेवा ने कहा है कि चीटल इस्तीफा नहीं देना चाहतीं। अब तक उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं बाइडन और मेयरकास का समर्थन हासिल है।

बोलीविया में सड़क हादसे में 22 लोगों की मौत

ला पॉज। बोलीविया के पटाकामाया शहर और उत्तरी चिली के टैम्बो क्वेमाडो शहर के बीच एक राजमार्ग पर बस और ट्रक की टक्कर में 22 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। यह राजमार्ग बोलीविया और चिली को जोड़ता है। अल जजीरा ने पुलिस के हवाले से बताया कि 14 मृतकों की पहचान कर ली गई है।

दुर्घटना में मारे गए लोगों में चिली का एक नागरिक भी शामिल है। बस चिली की ओर जा रही थी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि एक कार को ओवरटेक करने की कोशिश में ट्रक गलत लेन में प्रवेश कर गया था। इसके बाद ट्रक एक बस से टकरा गया। बोलीविया में हर साल सड़क दुर्घटना में लगभग 1,400 मौतें होती हैं। इसकी वजह वहां की लचर ट्रांसपोर्ट व्यवस्था भी है।

हरियाणाः कड़ी सुरक्षा के बीच नूंह में ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा संपन्न

नूंह (हरियाणा), एजेंसी

पिछले साल हिंसा से प्रभावित हुई ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा सोमवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां शुरू हुई। यात्रा नल्हड़ महादेव मंदिर से शुरू हुई, जहां से श्रद्धालु फिरोजपुर झिरका स्थित झिर मंदिर पहुंचे। यात्रा का मार्ग करीब 80 किलोमीटर लंबा है।

यात्रा शुरू होने से पहले बड़ी संख्या में महिलाएं पूर्वाह्न करीब 11 बजे यहां भूतेश्वर मंदिर से नल्हड़ महादेव मंदिर पहुंचीं। तिरंगा चौक पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इससे पहले सुबह, यात्रा में भाग लेने वाले कई भक्त नल्हड़ मंदिर के लिए रवाना होने से पहले गुरुग्राम के सेक्टर 10 में राधा कृष्ण मंदिर में एकत्र हुए। हरियाणा सरकार ने यात्रा के मद्देनजर नूंह जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गई और उसने मोबाइल इंटरनेट एवं एक साथ कई लोगों को एसएमएस भेजने की सेवाओं को 24 घंटे के लिए निलंबित करने का रविवार को आदेश दिया।

ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा की शुरुआत से पहले नूंह के नल्हड़ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़। ● एजेंसी

पिछले साल 31 जुलाई को नूंह में विश्व हिंदू परिषद की शोभा यात्रा पर भीड़ द्वारा हमला किए जाने के बाद हुई झड़पों में दो होमगार्ड और गुरुग्राम की एक मस्जिद के एक मौलवी समेत छह लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारियों के अनुसार, इस बार यात्रा के दौरान पुख्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले में पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 2,000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया गया है।

अमरनाथ यात्राः जम्मू से 3,281 तीर्थयात्रियों का 25वां जत्था रवाना

जम्मू। जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से 3,281 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार तड़के रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 111 वाहनों में सवार 3,281 तीर्थयात्रियों के 25वें जत्थे ने तड़के 2 बज कर 55 मिनट पर भगवती नगर आधार शिविर से आगे की यात्रा शुरू की। सीआरपीएफ के जवानों ने जत्थे को सुरक्षा मुहैया कराई।

अधिकारियों के मुताबिक, जत्थे में शामिल 1,979 तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे मार्ग से अमरनाथ गुफा मंदिर जाने के लिए पहलगाम पहुंचेंगे, जबकि बाकी 1,302 तीर्थयात्रियों ने गांदेरबल जिले में 14 किलोमीटर के अपेक्षाकृत छोटे, लेकिन कठिन बालटाल मार्ग को यात्रा के लिए चुना है।

इजराइल ने गाजा के एक हिस्से को खाली करने का दिया आदेश

गाजा पट्टी, एजेंसी

- हमास के खिलाफ एक घातक अभियान शुरू करने की योजना बना रही सेना

इजराइली सेना ने सोमवार को गाजा पट्टी में उस हिस्से को खाली करने का आदेश दिया, जिसे उसने मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। सेना ने कहा कि वह हमास के आतंकवादियों के खिलाफ एक अभियान शुरू करने की योजना बना रही है, जो इस क्षेत्र में छिपे हुए हैं और इसका इस्तेमाल इजराइल की ओर रॉकेट छोड़ने के लिए किया है। इस इलाके में मुवासी मानवीय क्षेत्र का पूर्वी हिस्सा शामिल है, जो दक्षिणी गाजा पट्टी पर स्थित है।

इस महीने की शुरुआत में, इजराइल ने कहा था कि उसका अनुमान है कि कम से कम 18 लाख फलस्तीनी अब मानवीय क्षेत्र में हैं। उसने भूमध्य सागर के साथ लगते लगभग 14 किलोमीटर (8.6 मील) की दूरी के हिस्से को मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। संयुक्त राष्ट्र तथा मानवीय समूहों का कहना है कि इस क्षेत्र का ज्यादातर इलाका अब अस्थायी शिविरों से घिरा हुआ है, जहां साफ-सफाई तथा चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है।

यह घोषणा गाजा में संघर्ष विराम की मांग को लेकर हो रही नाजुक वार्ता के दौरान की गई है। अमेरिका और इजराइली अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि संघर्ष विराम को लेकर एक समझौता होने के करीब है।

आईएएस पूजा खेडकर की मां को न्यायिक हिरासत में भेजा

पुणे। पुणे जिले की एक अदालत ने भूमि विवाद को लेकर कथित तौर पर कुछ लोगों को बंदूक दिखाकर धमकाने के आरोप में गिरफ्तार परिवीक्षाधीन आईएएस पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

सोमवार को पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद मनोरमा को प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पिछले साल पुणे की मुलशी तहसील के धडवाली गांव में एक भूमि विवाद को लेकर मनोरमा द्वारा कुछ लोगों को कथित तौर पर बंदूक का भय दिखाकर धमकाने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उनकी और उनके पति दिलीप खेडकर की तलाश शुरू कर दी थी।

पहली बार ... रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने तस्वीरों को किया जारी

न्यूट्रॉन तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद, अंग्रेजी के 'एस' जैसी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचारः वैज्ञानिकों को पहली बार न्यूट्रॉन तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद करने में सफलता मिली है। यह जेट बगीचे में स्प्रे करने वाले फुहारे (स्प्रिंकलर) की तरह है। रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने तस्वीरों को जारी किया है।



तारों की महिमा अपरंपार है। हमारा मध्यम आकार का तारा यानी सूर्य हमारे पूरे सौर मंडल का संचालन करता है, तो समझ सकते हैं कि बड़े विशाल तारों की दुनिया कैसी होती होगी और ब्रह्मांड में किस तरह से अपना वर्चस्व रखते होंगे, जिनके बारे में हम एक तिनका जितनी ही जानकारी हासिल कर सके हैं। इन्हें पूर्णरूप से समझने के लिए न जाने अभी और कितना समय लगेगा। खगोलीय दुनिया से जुड़े लोगों का कहना है कि हम जितनी भी जानकारी ग्रह नक्षत्रों की जुटाते हैं, उससे कई गुना अधिक जिज्ञासा बढ़ जाती है।

बता दें कि आधुनिक खगोल विज्ञान का अतीत चार सौ साल पुराना है। इस अंतराल में हमारी जानकारी क्षणिकमात्र है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ब्रह्मांड को जानने के लिए अभी कितना लंबा समय और लगेगा।

बहरहाल, चार सदी के बाद न्यूट्रॉन तारे के जेट की पहली तस्वीर देखने को मिली है। बेहद अजीब, किसी गार्डन में पानी का छिड़काव करने वाले फुहारे की तरह है। इस न्यूट्रॉन तारे का आकार अंग्रेजी शब्द 'एस' के समान है। यह जेट सर्किनस एक्स-1 बाइनरी स्टार सिस्टम का हिस्सा है। फुहारे की तरह स्प्रे करने के पीछे कारण तारे के चारों ओर गर्म गैस के कंपन करना है। जिस कारण वह दिशा बदलता है।

रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने विगत 16 जुलाई को यह मूल लेख प्रकाशित किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के खगोलविदों की टीम ने दक्षिण अफ्रीका स्थित रेडियो दूरबीन से यह कामयाबी हासिल की। खोजकर्ता खगोलविदों का कहना है कि उन्होंने पहले ब्लैक होल के चारों ओर जेट के साथ पूर्वता तो देखी थी, लेकिन न्यूट्रॉन सितारों के साथ नहीं देखा था।

यह न्यूट्रॉन तारा बाइनरी सिस्टम सर्सिनस एक्स-1 में स्थित है, जो पृथ्वी से 30,000 प्रकाश वर्ष से अधिक दूर है। इसका निर्माण एक विशाल महादानव तारे के मूल से हुआ था, जो स्टोनहेंज के निर्माण के समय ही नष्ट हो गया था। यह इतना घना है कि इसके एक चम्मच पदार्थ का वजन माउंट एवरेस्ट के बराबर है।

न्यूट्रॉन तारा व ब्लैक होल में अंतर

नैनीताल : न्यूट्रॉन तारे व ब्लैक होल ब्रह्माण्ड के राक्षस के समान हैं। ये तब बनते हैं, जब ब्रह्मांड के सबसे बड़े तारे अपने ही गुरुत्वाकर्षण के कारण खत्म हो जाते हैं। ब्लैक होल काफी अधिक विशाल होते हैं। केवल उनके गुरुत्वाकर्षण प्रभावों के माध्यम से ही उनका पता लगा सकते हैं। न्यूट्रॉन तारों को उनकी सघनता के बावजूद सीधे देख सकते हैं। न्यूट्रॉन तारे ब्रह्मांड में सबसे चरम वस्तुओं में से कुछ हैं और इनका आंतरिक भाग लगभग पूरी तरह से न्यूट्रॉन से बना होता है।